दैनिक लोकमित्र सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :297
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 29 अगस्त-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# आगरा व प्रयागराज समेत 10 राज्यों के 12 शहरों में बनेंगे औद्योगिक स्मार्ट सिटी

▶▶ केंद्र सरकार की इस योजना पर 28500 करोड़ रुपए का होगा निवेश



अशोक अग्निहोत्री

**आगरा/दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने आज प्रदेश के आगरा और प्रयागराज समेत 10 राज्यों के 12 शहरों के लिए औद्योगिक स्मार्ट सिटी योजना को मंजूरी दे दी। इस परियोजना पर कुल 28500 करोड़ का निवेश होगा। यह नेशनल इंडस्ट्रियल कारीडोर डेवलपमेट प्रोग्राम के तहत किया जाएगा। इससे लगभग 12 लाख नए रोजगार के अवसर खुलेंगे।प्लग-एन-प्ले और वाक-टू-वर्क विचार पर आधारित विश्वस्तरीय ये स्मार्ट सिटी बनाए जाएंगे। 10 राज्यों के 12 शहरों में इस स्मार्ट सिटी के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

इनमें उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब में पटियाला के निकट राजपुरा, उत्तर प्रदेश में आगरा, प्रयागराज, बिहार में गया, महाराष्ट्र में एल्गी, राजस्थान के पाली और जोधपुर, आंध्र प्रदेश के कोपार्थी, ओर्वाकल, तेलंगाना जहीराबाद, केरल के पलक्कड़ तथा जमशेदपुर, पुरुलिया और आसनसोल शामिल हैं।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि आगरा में क्लीन और इनवायरमेंट फ्रेंडली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट किया जाएगा। केंद्र का यह तोहफा आगरा के लिए इसलिए बहुत बड़ा है क्योंकि आगरा में फाउंड्री उद्योग बंद होने के बाद से ही उद्यमियों द्वारा लगातार यह मांग की जा रही थी कि यहां गैर प्रदूषणकारी उद्योग विकसित किए जाएं। आगरा का फाउंड्री उद्योग बहुत बड़ा था। ताजमहल को प्रदूषण से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर फाउंड्री उद्योग में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था इसके बाद से ही कई फाउंड्री उद्यमी अपनी इकाइयां धौलपुर और अलीगढ़ ले गए थे। वहीं भट्ठा व्यवसाय भी यहां बंद हो गया था।

# दुष्कर्मियों को फांसी के लिए बनाएंगे विशेष कानून-ममता बनर्जी



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के एक कार्यक्रम में आरजी कर अस्पताल कांड पर राज्य सरकार की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कई अहम घोषणाएं कीं। ममता ने कहा कि वे राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर बलात्कार के मामलों में फांसी की सज़ा का कानून पारित करवाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, ÷जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इसके बाद की कार्रवाई में कोई देरी नहीं होनी चाहिए। हम चाहते थे कि सात दिनों के भीतर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से फैसला हो।टीएमसीपी के स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को धर्मतला के मेयो रोड में आयोजित रैली में ममता बनर्जी ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा, भाजपा की राजनीति और अन्य कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई भी महिला असुरक्षित महसूस नहीं करेगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे सख्त सज़ा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, ÷आज का दिन मैं पीड़ितों को समर्पित करती हूं। देशभर में जितनी भी महिलाएं उत्पीड़न का शिकार हुई हैं और उनके परिवारों को समर्पित करती हूं।÷ उन्होंने छात्र-युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया।उन्होंने कहा, ÷मैं वकीलों से कहूंगी कि अदालत में भाजपा को मत छोड़ो। यह सुनिश्चित करें कि लोगों को अदालत में न्याय मिले।÷ मुख्यमंत्री ने नवान्न मार्च के दौरान पुलिस की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा, ÷मैं कल के लिए पुलिस को सलाम करती हूं। वे संयमित रहे, अपना खून बहाया लेकिन भाजपा की साजिश में नहीं फंसे।÷ ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ÷बंद क्यों? अगर बंद करना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ करो, जो केवल एजेंसियों का इस्तेमाल कर लोगों पर अत्याचार करने के अलावा कुछ नहीं करते।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर टीएमसीपी की रैली को विफल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ÷आज हमारे बच्चे जो रैली में आ रहे थे, उन्हें रोकने की कोशिश की गई। बंद बुलाकर ट्रेनों को रोका गया।÷ आरजी कर अस्पताल कांड को लेकर ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ÷भाजपा असल आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। हम न्याय चाहते हैं, दोषियों को सज़ा चाहते हैं लेकिन उन्होंने असल आंदोलन पर पानी फेर दिया है। वे बंगाल को बदनाम करने का खेल खेल रहे हैं।

## बंगाल बंद और न्यायमूर्ति सिन्हा के खिलाफ जनहित याचिकाओं पर हाई कोर्ट की फटकार, वकील पर 50 हजार रुपये का जुर्माना

**कोलकाता,(हि.स.)।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने भाजपा द्वारा बुलाए गए बंगाल बंद के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता वकील संजय दास को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें आजीवन जनहित याचिका दायर करने से प्रतिबंधित कर दिया। साथ ही, न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा के खिलाफ एक अन्य जनहित याचिका दायर करने के लिए उन्हें 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। यह आदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने बुधवार को दिया।घटना की शुरुआत मंगलवार रात से हुई। भाजपा ने मंगलवार को बंगाल में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया था, जिसे राज्य सचिवालय नवान्न ने अवैध करार दिया। इसके बाद, वकील संजय दास ने भाजपा के बंद के विरोध में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की। याचिका में मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय को संदर्भित करते हुए उन्होंने इस मामले की जल्द सुनवाई की मांग की।

# प. बंगाल बंद के दौरान कई जगहों पर हिंसा

▶▶ पुलिस ने किया लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागे

▶▶ हावड़ा, बंडेल, और अन्य जगहों पर भी ट्रेन सेवा बाधित



**कोलकाता,(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा द्वारा बुधवार को आहूत %बंगाल बंद% के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंसा और तनाव की खबरें सामने आई। कई स्थानों पर पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़पें हुई, जिसके चलते पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए।हुगली जिले के मानकुंडू स्टेशन पर बंद समर्थकों द्वारा रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन किया गया, जिससे अप और डाउन दोनों लाइनों की ट्रेनें रोक दी गई। जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया तो स्थिति बेकाबू हो गई। पुलिस ने भीड़ को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया।कूचबिहार में बंद के दौरान कई स्थानों पर हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने बताया कि सुबह 10 बजे तक कुल 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें तुफानगंज की विधायक मालती राभा राय और कूचबिहार दक्षिण के विधायक निखिलरंजन डे भी हैं।

इन दोनों विधायकों को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।दक्षिण दिनाजपुर के बुनियादपुर नगरपालिका क्षेत्र में भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच विवाद छिड़ गया। दोनों दलों के समर्थकों के बीच हाथापाई हुई, जिसमें तृणमूल के हमले में एक भाजपा कार्यकर्ता के सिर में गंभीर चोट आई।हावड़ा-बंडेल लोकल ट्रेन को भी हावड़ा स्टेशन पर रोक दिया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेल ट्रैक पर लेटकर प्रदर्शन किया। इसी तरह, मुर्शिदाबाद के कई स्टेशनों पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेलवे ट्रैक पर कब्जा कर लिया, जिससे ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं।पश्चिम मिदनापुर के घाटाल और भाटपाड़ा में भी बंद के दौरान भाजपा और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं। भाजपा ने यहां पुलिस पर अकारण बल प्रयोग करने का आरोप लगाया। इस दौरान भाटपाड़ा में गोलीबारी की सूचना भी आई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया।

## नवान्न, लालबाजार और कालीघाट में एक साथ अभियान का ऐलान, ममता के इस्तीफे की मांग पर अड़े शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता,(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में सियासी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को नंदीग्राम में आयोजित एक रैली के दौरान विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक साथ तीन बड़े अभियानों को करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नवान्न, लालबाजार और कालीघाट में एक ही दिन में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन अभियानों का एक ही मकसद होगा- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस्तीफा।शुभेंदु अधिकारी ने यह बयान तब दिया जब वह अपने विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम में बंगाल बंद के समर्थन में एक रैली कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल छात्र समाज के सदस्य सायन लाहिड़ी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि इस वक्त सायन का परिवार हाई कोर्ट में है। हम कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के खिलाफ हाई कोर्ट गए हैं। हम उन्हें कोर्ट में सबक सिखाएंगे। हम सायन के परिवार के साथ हैं।

## सीजेआई चंद्रचूड़ के नाम पर पैसे मांगने के मामले में शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।**सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ का नाम लेकर पैसे मांगने संबंधी एक पोस्ट के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद दिल्ली पुलिस की साइबर प्रकोष्ठ में एक सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है।सार्वजनिक हुए पोस्ट के एक स्क्रीनशॉट के अनुसार सीजेआई कनॉट प्लेस (सीपी) में फंस गए हैं। किसी जालसाज ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ बन कर यह पोस्ट किया था। जालसाज ने कहा कि उसे उच्चतम न्यायालय में कॉलेजियम की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए परिवहन के लिए तत्काल 500 रुपये की आवश्यकता है।फर्जी व्यक्ति ने लिखा, हैलो मैं सीजेआई हूं और कॉलेजियम की जरूरी बैठक है व मैं कनॉट प्लेस में फंस गया हूं। क्या आप मुझे वाहन बुक करने के लिए 500 रुपये भेज सकते हैं? मैं न्यायालय पहुंचते ही पैसे लौटा दूंगा।

## कोलकाता रेप एंड मर्डर पर बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

# बस अब बहुत हो गया., कोई भी सभ्य समाज बेटियों को अत्याचारों का शिकार नहीं होने दे सकता



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना पर पूरे देश में रोष है। हर कोई पीड़िता के लिए न्याय की मांग कर रहा है। इस मामले को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की भी टिप्पणी सामने आई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह स्तब्ध और व्यथित हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों से व्यथित राष्ट्रपति मुर्मू ने साफ तौर पर कहा कि बहुत हो गया।

उन्होंने कहा कि जब छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उस समय भी अपराधी अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचारों की अनुमति नहीं दे सकता। महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर उन्होंने कहा कि समाज को 'ईमानदार, पूर्वाग्रहरहित आत्मावलोकन' की जरूरत है और खुद से कुछ कड़े सवाल पूछने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि अक्सर 'विकृत मानसिकता' महिला को कमतर इंसान, कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है।

उन्होंने कहा कि निर्भया मामले के बाद 12 वर्षों में बलात्कार की अनगिनत घटनाओं को समाज भूल चुका है; यह 'सामूहिक रूप से भूलने की बीमारी' ठीक नहीं है।

# पीडीपी ने जारी की 17 उम्मीदवारों की सूची

## ● खुद चुनाव नहीं लड़ेंगी महबूबा मुफ्ती

**जम्मू-कश्मीर,एजेंसियॉ।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने बुधवार को आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए 17 उम्मीदवारों की एक नई सूची जारी की। पार्टी की अधिसूचना के मुताबिक, इन उम्मीदवारों को मध्य और उत्तरी कश्मीर के लिए नामांकित किया गया है। इस सूची में ईदगाह से मोहम्मद खुर्शीद आलम, बडगाम से आगा सैयद मुनत्ज़िर मेहदी, जदीबल से शेख गौहर अली, चनापोरा से मोहम्मद इकबाल ट्रंबू और नौशेरा से एडवोकेट हक नवाज शामिल हैं। मुहम्मद खुर्शीद आलम पहले पीडीपी छोड़कर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हो गए थे। वह हाल ही में पीडीपी में फिर से शामिल हो गए। इसी तरह, बशारत बुखारी, जो पहले पीडीपी में थे, ने पार्टी छोड़ दी और नेशनल कॉन्फ्रेंस में शामिल हो गए। वह हाल ही में फिर से पीडीपी में शामिल हो गए। सूची के अनुसार, मोहम्मद खुर्शीद आलम ईदगाह से, शेख गौहर अली जदीबल से, मोहम्मद इकबाल ट्रंबू चनापोरा से, बशीर अहमद मीर गांदरबल से, आगा सैयद मुंतजिर मेहदी बडगाम से, एडवोकेट जाविद चौधरी सुरेंकोट से, एडवोकेट महरूफ खान मेंढर से चुनाव लड़ेंगे। , इसके



अलावा गुलाबगढ़ से फारूक इंकलाबी, कालाकोट-सुंदरबनी से एडवोकेट सैयद माजिद शाह, नौशेरा से एडवोकेट हक नवाज, राजौरी से मास्टर तसादुक हुसैन, थन्नामंडी से एडवोकेट गुफ्तार अहमद चौधर, बांदीपोरा से सैयद तजामुल इस्लाम, लोलाब से एडवोकेट अब्दुल हक खान, बशारत बुखारी वागुरा क्रेरी, और पट्टन से जावेद इकबाल गनी मैदान में होंगे।पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि अगर वह मुख्यमंत्री बन भी गईं तो भी वह केंद्र शासित प्रदेश में अपनी पार्टी का एजेंडा पूरा नहीं कर पाएंगी। उन्होंने कहा, ÷मैं भाजपा के साथ एक सरकार की मुख्यमंत्री रही हूं जिसने (2016 में) 12,000 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी वापस ले ली थी। क्या हम अब ऐसा कर सकते हैं? मैंने (प्रधानमंत्री) मोदी के साथ सरकार की मुख्यमंत्री के रूप में अलगाववादियों को बातचीत के लिए आमंत्रित करने के लिए एक पत्र लिखा था। क्या आप आज ऐसा कर सकते हैं? मैंने जमीनी स्तर पर संघर्ष विराम (लागू) करवाया। क्या आप आज ऐसा कर सकते हैं? अगर आप मुख्यमंत्री के तौर पर प्राथमिकी वापस नहीं ले सकते, तो ऐसे पद का क्या मतलब है?

## महिलाओं और युवाओं को सम्मान देने में सर्वोपरि रही प्रधानमंत्री जनधन योजना : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री जनधन योजना के शुभारंभ के 10 साल पूरे हो गए हैं। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री जनधन योजना की 10वीं वर्षगांठ पूरे होने पर खुशी जाहिर की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर किया और लाभार्थियों को बधाई दी।पीएम मोदी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आज हम एक महत्वपूर्ण अवसर मना रहे हैं। जनधन योजना के 10 साल पूरे हुए। सभी लाभार्थियों को बधाई और इस योजना को सफल बनाने के लिए काम करने वाले सभी लोगों को बधाई। जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों को सम्मान देने में सर्वोपरि रही है।इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को प्रधानमंत्री जनधन योजना के बारे में जानकारी दी थी।

# यौन उत्पीड़न के आरोपों से हिली मलयालम फिल्म इंडस्ट्री

## ● जस्टिस हिमा समिति की रिपोर्ट से आया भूचाल

▶▶ फिल्म अभिनेत्री के आरोपों की जांच करेगी एसआईटी

▶▶ अब तक 17 मामले दर्ज हुए

▶▶ फिल्म अभिनेता सिद्दीकी के खिलाफ मामला दर्ज



**तिरुवनंतपुरम,एजेंसियॉ।** यौन उत्पीड़न के आरोपों की बाढ़ से मलयालम फिल्म इंडस्ट्री मॉलीवुड में भूचाल आ गया है। यौन उत्पीड़न के मामलों में अब तक 17 मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपों के बीच मलयालम मूवी आर्टिस्ट की एसोसिएशन्‌ स्रूको भी भंग कर दिया गया है। पुलिस आरोपों को लेकर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के कई फिल्मी सितारों और फिल्म निर्माताओं से पूछताछ कर सकती है। यौन उत्पीड़न के आरोपों की कड़ी में नया आरोप फिल्म अभिनेत्री सोनिया मल्हार का है। मल्हार का आरोप है कि साल 2013 में एक फिल्म के सेट पर अभिनेता उनके साथ छेड़छाड़ की थी। अभिनेत्री ने केरल सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। मॉलीवुड में यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए केरल सरकार ने इस विशेष जांच दल का गठन किया है। सोनिया मल्हार से पहले फिल्म अभिनेत्री मीनू मुनीर ने भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। मीनू मुनीर का दावा है कि अब उन्हें धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं। मीनू ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है।

विशेष जांच दल जल्द ही मीनू मुनीर के बयान दर्ज कर सकती है। मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी पर भी यौन शोषण का आरोप लगा है। एक फिल्म अभिनेत्री ने सिद्दीकी पर साल 2016 में यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 376 और 506 के तहत केस दर्ज किया है। किसी हाई प्रोफाइल फिल्मी सितारे के खिलाफ यह दूसरी एफआईआर है। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के कई अभिनेताओं, निर्देशकों और फिल्म निर्माताओं के खिलाफ भी यौन शोषण के आरोप लगे हैं।मलयालम फिल्म उद्योग के कुछ शीर्ष लोगों के खिलाफ आरोपों की बाढ़ पिछले सप्ताह न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद शुरू हुई है। 235 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि मलयालम फिल्म उद्योग पर 10-15 पुरुष निर्माता, निर्देशक और अभिनेताओं का नियंत्रण है। तीन सदस्यीय न्यायमूर्ति हेमा समिति का गठन राज्य सरकार ने साल 2017 में किया था और इसने 2019 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया था क्योंकि इसे जारी करने पर कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

# यूपी में नई सोशल मीडिया पॉलिसी को मिली मंजूरी

● अभद्र, अश्लील और राष्ट्र विरोधी कंटेंट पर होगी रोक

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नई सोशल मीडिया पॉलिसी को मंजूरी दी है। इस संबंध में नीति लाने के लिए विभाग लंबे समय से प्रयासरत था।

सरकार ने कहा है कि सोशल मीडिया पोस्ट किया गया कंटेंट अभद्र, अश्लील और राष्ट्र विरोधी नहीं होना चाहिए।सरकार द्वारा जारी की गई नीति के अनुसार, सूचीबद्ध होने के लिए एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब में से प्रत्येक को सब्सक्राइबर व फॉलोअर्स के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है। एक्स, फेसबुक व इंस्टाग्राम के अकाउंट होल्डर, संचालक, इन्फ्लूएंसर (प्रभाव रखने वाले) को भुगतान के लिए श्रेणीवार अधिकतम सीमा क्रमशः 5 लाख, 4 लाख, 3 लाख और 3 लाख रुपये प्रतिमाह निर्धारित की गई है।यूट्यूब पर



वीडियो, शॉर्ट्स, पॉडकास्ट भुगतान के लिए श्रेणीवार अधिकतम सीमा क्रमशः 8 लाख, 7 लाख, 6 लाख और 4 लाख प्रतिमाह निर्धारित की गई है।योगी सरकार अपनी जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए यह नीति लेकर आई है। इसके तहत अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब पर प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित कंटेंट, वीडियो, ट्वीट, पोस्ट और रील को शेयर करने पर उन्हें विज्ञापन देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।सरकार का मानना है कि इस नीति के जारी होने के बाद देश विदेश और विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे यूपी के लोगों को रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है। सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट करने पर एजेंसी और फर्म के ऊपर विधिक कार्यवाही भी की जायेगी।यूपी सरकार की नई सोशल मीडिया पॉलिसी में राष्ट्र विरोधी कंटेंट डालने पर तीन साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। अभी तक आईटी एक्ट की धारा 66ई, और 66एफ के तहत कार्रवाई की जाती थी। इसके अलावा अभद्र एवं अश्लील सामग्री पोस्ट करने पर आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी चलाया जा सकता है।

# ईडी ने फेमा के तहत डीएमके सांसद पर 908 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) सांसद एस. जगतरक्षकन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन से संबंधित एक मामले में 908 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) नियम के उल्लंघन मामले में डीएमके सांसद पर 908 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि



सितंबर 2020 में जब्त की गई 89.19 करोड़ रुपये की संपत्ति को 26 अगस्त, 2024 को फेमा के तहत जारी एक आदेश के बाद जब्त कर लिया गया है।केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि तमिलनाडु के व्यवसायी और डीएमके सांसद जगतरक्षकन, उनके परिवार के सदस्यों और संबंधित भारतीय इकाई के खिलाफ फेमा के तहत जांच की गई थी। ईडी ने बताया कि फेमा की धारा 37ए के तहत जब्त की गई 89.19 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया गया है, जबकि 26 अगस्त, 2024 के न्यायिक निर्णय आदेश के तहत 908 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।उल्लेखनीय है कि 76 वर्षीय डीएमके के सांसद जगतरक्षकन तमिलनाडु के अरक्कोणम लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# मदरसे में छापे जा रहे नकली नोट, 4 गिरफ्तार

## मौलवी छपवाता था फेक करेंसी, एक लाख के जाली नोट मिले, ओडीसा का शातिर पकड़ा गया





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस पुलिस ने अतर सुईया थाना क्षेत्र स्थित एक मदरसे से जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। उक्त मदरसे में 100-100 के जाली नोट छापे जा रहे थे। पुलिस ने एक लाख की फेक करेंसी बरामद की 4 लोगों के गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार आरोपियों में मदरसे का मौलवी मोहम्मद तफसीरूल भी शामिल है।

डीसीपी सिविल लाइंस दीपक भूकर ने प्रेसवार्ता में बताया कि पकड़े गए आरोपियों में एक उड़ीसा का है। पूरी गैंग का मास्टर माइंड मदरसे का मौलवी है। हमारे मुखबिर ने हमें सटीक सूचना दी थी कि मदरसे में संदिग्ध एक्टिविटी है। यहां बाहरी लोगों का आना-जाना है। इसके बाद हमने जांच तेज की। क्योंकि मदरसे से जुड़ा मामला था, इसलिए हमने पूरी एहतियात बरती। जब हमें कन्फर्म हो गया कि वाकई में मदरसे में कुछ गलत हो रहा है, तब यहां रेड की गई। इस दौरान हमें वहां प्रिंटिंग मशीन में नोट छापते हुए तीन लोग मिले। पूछताछ में इन्होंने प्रिसिंपल की संलिप्तता कबूल की। इसके बाद मदरसे के प्रिसिंपल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों में प्रयागराज के कौली थाना क्षेत्र के अंधीपुर रोड गौसनगर का रहने वाला मो. अफजल (18) पुत्र मोईद अहमद और मोहम्मद साहिद (18) पुत्र अब्दुल गफ्फार शामिल हैं। इसके अलावा उड़ीसा का जाहिर खान उर्फ अब्दुल जाहिर पुत्र साजिद खान (23) और अतरसुईया थाना का रहने वाला अतरसुईया मोहम्मद तफसीरूल (25) आरीफीन पुत्र स्व आशिकुल रहमान भी पकड़े गये है।

डीसीपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान मोहम्मद अफजल के कुर्ते की बाई जेब से 100-100 के नोट की दो गड्डियां बरामद की गई हैं। इसी तरह मोहम्मद साहिद के पैंट की जेब से नोट बरामद हुए। बकौल पुलिस आरोपी आम आदमी की तरह जाली नोटों की सप्लाई करते थे।

पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि उड़ीसा का जाहिर खान नकली नोट बनाने में माहिर है। मदरसे में उसे अलग से एक कमरा दिया गया था। बच्चों की छुट्टी के बाद वह प्रिंटिंग मशीन से नोट छापता था। इसके बाद नोटों की सफाई और कटिंग की जाती थी। इस काम में अफजल उसका पूरा साथ देता था। मदरसे में करीब 3 महीने से नकली नोट छापे जा रहे थे। इस काम में जाहिर ने उड़ीसा के भद्रक में रहने वाले अपने भाई से मदद ली थी। उसका भाई पहले प्रयागराज में आधार कार्ड बनाने का काम करता था। उसने ही स्कैनर और प्रिंटिंग मशीन लाकर दी थी।

### शहर में ही खपाते थे नोट,मदरसे का मौलवी ही है मास्टरमाइंड

**प्रयागराज।** पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि ये लोग नोट छापने के बाद प्रयागराज की मार्केट में इसका ट्रायल करते थे। इन्होंने अतरमुईया, कीडगंज, खुल्दाबाद क्षेत्रों में ये नोट चलाए हैं। आरोपियों ने बताया कि 100 का नोट आसानी से चल जाता है। इसलिए यह लोग इसे छापते थे।

आरोपियों ने बताया कि मदरसे का मौलवी तफसीरूल पूरे गेम का मास्टर माइंड है। 100 रुपए का नोट बाजार में आसानी से चल जाता था। इसे नए लड़कों में बेचा जा रहा था। एक 100 के असली नोट के एवज में 3 नकली नोट दिए जाते थे। इस तरह पूरा सिंडिकेट काम कर रहा था।

### पूरे मामले की जांच पड़ताल अभी भी जारी- डीसीपी भूकर

प्रयागराज। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने कहा कि पूरे मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। सिंडिकेट में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। इन्होंने अब तक कहां-कहां नोटों की सप्लाई की है? यह पता लगाया जा रहा है। उड़ीसा से आए युवक के बैकग्राउंड को खंगाला जाएगा।

# प्रबंध निदेशक डीएफसी ने परिचालन नियंत्रण केंद्र का किया निरीक्षण

## महाप्रबंधक के साथ समन्वय बैठक में अनेक बिंदुओं पर की चर्चा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रवीण कुमार, प्रबंध निदेशक, डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, ने प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के साथ समन्वय बैठक की। कार्यभार संभालने के बाद यह डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक की महाप्रबंधक, एनसीआर के साथ पहली बैठक रही। बैठक के दौरान डीएफसीसीआईएल के साथ विभिन्न भारतीय रेलवे स्टेशनों के कनेक्शन, मौजूदा सिंगल लाइन कनेक्शन को दोहरीकरण करने तथा यातायात में वृद्धि की प्रत्याशी में वाई कनेक्शन पर चर्चा की गई।

प्रबंध निदेशक ने परिचालन नियंत्रण केंद्र, प्रयागराज पूर्व और प्रयागराज पश्चिम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की और ट्रेन संचालन और दिन-प्रतिदिन के संचालन में तकनीकी अद्यतन अनुप्रयोगों के उपयोग में उनके अनुभव को सुना। प्रयागराज में डीएफसीसीआईएल के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक ने सुरक्षित रेल परिचालन के लिए कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की सलाह दी।

उन्होंने भारतीय रेलवे में हाल ही में हुई दुर्घटनाओं के मद्देनजर सभी कर्मचारियों को फील्ड यूनिट में काम करते समय सतर्क और सावधान रहने की सलाह दी। कहा कि ब्लॉक सेक्शन और स्टेशनों पर कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से आरपीएफ को रिपोर्ट करना चाहिए ताकि तुरंत एक्शन लिया जा सके। किसी भी स्तर पर ट्रैन परिचालन में कोई भी शरारती गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान जी.डी भगवानी कार्यकारी निदेशक (परिसंपत्ति प्रबंधन), ए.के सेंगर जीजीएम, इलेक्ट्रिकल, कॉर्पोरेट कार्यालय, ए.एस तोमर, महाप्रबंधक (सिग्नलिंग और दूरसंचार), अमित सौराष्ट्री महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार), विनोद गौतम महाप्रबंधक (यांत्रिक एवं सुरक्षा), ए.बी सरन मुख्य महाप्रबंधक प्रयागराज पूर्व, देवेंद्र सिंह मुख्य महाप्रबंधक प्रयागराज (पश्चिम), ए.के पांडे, सलाहकार संरक्षा, आशीष मिश्रा, महाप्रबंधक सुरक्षा, शशिकांत द्विवेदी महाप्रबंधक विद्युत आदि मौजूद रहे।

# लैटरल एंट्री के ज़रिये 2019 से अबतक नियुक्त 63 लोगों को पद से हटाया जाए- अरशद अली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अल्पसंख्यक कांग्रेस शहर एंव जिला यमुना पर जिला गंगा पार ने शहर अध्यक्ष अरशद अली की अध्यक्षता में लैटरल एंट्री मामले पर प्रधानमंत्री भारत सरकार को वाया एसीएम प्रथम अविनाश सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर शहर अरशद अली ने कहा कि पिछले दिनों 17अगस्त को भाजपा सरकार द्वारा जॉइट सेक्रेटरी, डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर पोस्ट के लिए 45 नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किया गया। जिसके बाद राहुल गांधी ने 19 अगस्त को इन नियुक्तियां को पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को मिले आरक्षण के संवैधानिक अधिकारों पर हमला बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की थी। अरशद ने कहा राहुल गांधी की मांग के बाद दूसरे दिन 20 अगस्त को मोदी की सरकार द्वारा लैटरल एंट्री के लिए जारी विज्ञापन को आरक्षण का प्रावधान न होने का हवाला देते हुए वापस लेने का स्वागत योग्य काम किया गया, लेकिन सवाल यह है कि 2019 से अब तक जिन 63 लोगो की लैटरल एंट्री के जरिए जो नियुक्तियां की गई है उन्हें भी क्यों नहीं पद से हटाया गया? इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहजादुल हक और एतिशाम अहमद ने कहा जब यह योजना गैर संवैधानिक पाए जाने के कारण ही रद्द की गई है तो तार्किक तौर पर तौर पर पूर्व में इस असंवैधानिक योजना से नौकरी पाए लोगों की नियुक्ति भी स्वत॰ अवैध हो जाती हैं। अता अल्पसंख्यक कांग्रेस इन लोगों को तत्काल पद से हटाया जाए और उनको दिए वेतन और अन्य भत्तों की की वसूली की जाए।

इस मौके पर शहर अध्यक्ष अरशद अली, जिला गंगा पार एतिशाम अहमद, जिला यमुना पार शहजादुल हक़, महफूज अहमद, तालिब अहमद, मुख्तार अहमद, जाहिद नेता, लईक अहमद, गुलाम वारिस,एडवोकेट शहजदुल हक जिलाध्यक्ष कॉग्रेस अल्पसंख्यक विभाग यमुनापार ,एडवोकेट नरेंद्र आदिवासी, एडवोकेट अनिल कुशवाहा, सुल्तान शेख, जैद शेख, वसी अब्बास , गुलाम अंसारी, असद सिद्दीकी, गुलाम वारिस, मोहम्मद शाहिद आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को मिलेगा घर, शिक्षा और विवाह में सहायता



**प्रयागराज।** श्रेया ग्रुप ऑफ फाउंडेशन ने समाज में अपनी जिम्मेदारी को और भी गंभीरता से निभाते हुए, आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए चार नए सामाजिक प्रोग्राम की घोषणा की है। यह पहल श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस में की गई।

उन्होंने बताया कि इस पहल में चार प्रमुख कार्यक्रमों में बिल्डिंग मटेरियल इनिशिएटिव प्रोग्राम के तहत श्रेया फाउंडेशन के श्रेया आशियाना प्रोग्राम के माध्यम से उन जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। चाइल्ड एजुकेशन प्रोग्राम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए श्रेया फाउंडेशन उनकी फीस का भार उठाएगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। यह प्रोग्राम एलकेजी से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए होगा।उन्होंने कहा कि हायर एजुकेशन प्रोग्राम उन बच्चों के लिए है जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन आर्थिक तंगी के कारण सक्षम नहीं हैं। श्रेया फाउंडेशन इन बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगा।इसके साथ ही गर्ल्स मैरिज इनिशिएटिव प्रोग्राम के तहत श्रेया फाउंडेशन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करेगा। फाउंडेशन द्वारा ज्वेलरी या इलेक्ट्रॉनिक सामान देकर गरीब कन्याओं की शादी के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।हेमंत कुमार राय ने इस अवसर पर कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के वास्तविक जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाना है, ताकि सही व्यक्ति को मदद मिले और इसका दुरुपयोग न हो। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रेया ग्रुप ऑफ़ कंपनी के चेयरमैन व श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय, श्रेया ग्रुप की सीएमडी व श्रेया फाउंडेशन की उपाध्यक्ष संगीता राय, वायस चेयरपर्सन फ्यूचर श्रेया राय के अलावा श्रेया ग्रुप से जुड़े हुए सरिता यादव, संजना मिश्रा, शालिनी त्रिपाठी, कोमल तिवारी और मुमताज़ अहमद थे।

# महोत्सवों की सूची के अनुमोदन पर चर्चा

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को कैम्प कार्यालय में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के अन्तर्गत होने वाले वर्ष पर्यन्त कार्यक्रमों से परिषद को अवगत कराये जाने के साथ ही वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत आयोजित होने वाले मेले महोत्सवों की सूची के अनुमोदन पर चर्चा की गयी। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत लोगो एवं टैग लाइन के लिए प्रतियोगिता आयोजित किए जाने के लिए जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और नागरिकों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गयी है।



प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने और विजेताओं की घोषणा करने और विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति के गठन किए जाने के लिए कहा गया है। इसके अतिरिक्त प्रचार-प्रसार के लिए वेबसाइट बनाने, इन्फ्लूएंसर द्वारा तैयार किये गये रील्स का प्रस्तुतीकरण व भुगतान, लाक्षागृह हण्डिया का हस्तान्तरण, श्रृंगवेरपुर धाम में रूरल टूरिज्म हेतु प्रचार-प्रसार, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की लम्बित पत्रावलियों के भुगतान, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना, पर्यटन सांख्यिकी की गणना हेतु नमूना सर्वेक्षण कार्य के द्वितीय चरण, हेरीटेज के लिए प्लान बनाने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर ए0डी0एम वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, सदस्य एस0पी0 सिंह बघेल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह, पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर, पर्यटन अधिकारी राजेश कुमार भारतीय आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब इलाहाबाद अरूणिमा के द्वारा आंगनबाड़ी सेवा कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संस्था लायंस क्लब द्वारा पूरे देश में चलाई जाने वाले आंगनबाड़ी सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत लायंस क्लब इलाहाबाद अरूणिमा के तत्वावधान मे आज झलवा प्रयागराज में स्थित आंगनबाड़ी में बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को फल, मिठाई चॉकलेट तथा नमकीन के पैकेट वितरित किए गए। ये वस्तुएं पाकर बच्चो के चहरे पर मुस्कुराहट आ गई। तत्पश्चात होम्योपैथिक चेयरपर्सन लायन डॉ एस.के. शुक्ला ने बच्चों एवं स्टाफ मेम्बर्स का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी चेयरपर्सन लायन डॉ ए.डी. दुबे, होमियोपैथी चेयरपर्सन लायन डॉ एस.के. शुक्ला, लायन श्रीश श्रीवास्तव, संतोष कुमार तिवारी, रणजीत सिंह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऊषा और स्टाफ उपस्थित था।

# सपा अधिवक्ता सभा ने उठाई केंद्र सरकार से न्यायिक बिल की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक में न्यायिक बिल लाकर जजों की नियुक्ति को न्यायिक समिति के जरिये कराने पर प्रमुखता से चर्चा की गई।

सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर ने कहा था कि ÷इस संविधान की सफलता इसके लागू करने वालों की नियति पर निर्भर होगी। आज जिस तरह से सत्ता धारी पार्टी द्वारा संविधान की मंशा के विपरीत आये दिन संवैधानिक संस्थाओं पर मनमाफीक लोंगो को लेटरल इंट्री दी जा रही है, नियमों में ढील देकर बैंकों में पूँजीपतियों के कर्ज माफ कर देश की अर्थ व्यवस्था को चंद लोंगो के हाथ में गिरवी रखा जा रहा है, मुख्यमंत्री को जेल भेजा जा रहा है, सत्ता के खिलाफ आवाज उठाने वालों का घर बुलडोजर से गिराया जा रहा है ऐसी घटनाये स्वस्थ लोकतंत्र के लिये शुभ नहीं है।

अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



रिपु सूदन यादव एडवोकेट, अधिवक्ता सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील यादव एडवोकेट, महासचिव सैयद मिन्हाजुद्दीन एडवोकेट आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव शौर्य दीप सचिन श्रीवास्तव ने प्रदेश अध्यक्ष को संविधान की प्रस्तावना एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सपा जिलाअध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, रिपु सूदन यादव, श्रीमती आशा सरोज, मिन्हाजुद्दीन, सुशील यादव, अदम सईद, आर एन यादव, सुषमा यादव एडवोकेट, गोपाल श्रीवास्तव, योगेश पाल, निरेन्द्र यादव, वकार अहमद, कपिल देव, आशीष पाल, संतलाल वर्मा, अजीत यादव, आदिल हमजा, रविन्द्र यादव, सैयदा आबिद, सुनील ठेकमा, संदीप यादव, शिव भूषण यादव, अमित यादव, लल्लन पटेल, वजीर खान आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक प्रशिक्षण के जरिए बच्चों को बनाएंगे निपुण

## एफ.एल.एन के चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** विकास खण्ड उरुवा के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एफ.एल.एन.प्रशिक्षण के द्वितीय बैच के चार दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को विधिवत समापन हुआ। प्रथम व द्वितीय बैच में 100-100 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। एबीएसए कैलाश सिंह ने कहा, इस प्रशिक्षण से बुनियादी साक्षरता को बल मिलेगा।प्रशिक्षण में शिक्षक संदर्शिका के आधार पर नवाचार और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान में दक्ष बनाने पर जोर दिया गया। उन्हें क्रियाविधि को अपनाते हुए कक्षा शिक्षण कराकर बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष करने को प्रशिक्षित किया गया।सभी प्रतिभागियों ने पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर यह संकल्प लिया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गयी बातों को अपनी कक्षाओं



में ले जाने का पूर्ण प्रयास करेंगे ताकि कक्षाओं और उनके परिणाम में अपेक्षित बदलावों के साथ वे अपने विद्यालय और विकास खण्ड को निपुण बनाने में अपना योगदान दे सकें। प्रशिक्षण सन्दर्भदाता सुनील शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों को निपुण शपथ दिलाते हुए इन चार दिवसों में सक्रिय सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया और इस संकल्प के साथ समापन करवाया कि अब कक्षाओं में अपेक्षित बदलाव अनिवार्य रूप से दिखे तभी इस प्रशिक्षण के उद्देश्य की सार्थकता सिद्ध होगी।

उक्त अवसर पर गिरीश श्रीवास्तव, विकास पांडेय, स्वाति तिवारी, पूनम दुबे, अजय ओझा, रुक्मिणी पांडेय, अजीत सिंह, ज्योति बाजपेयी, निशा सोनी, स्नेहा साहू, सविता यादव, रामसेवक, मंजू खरे, पूजा पांडेय, अखिलेश कुमार, गिरीश कुमार सिंह व उमाशिव पांडेय आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# मुनव्वर राना को अकबर इलाहाबादी अवार्ड

**प्रयागराज।** 08 सितंबर को साहित्यिक संस्था 'गुफ़्तगू' की तरफ से आयोजित होने वोल सम्मान समारोह के दौरान मुनव्वर राना को मरणोपरांत अकबर इलाहाबादी अवार्ड से नवाजा जाएगा। संस्था अध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने बताया कि 08 सितंबर को नगर के बिशप जानसन स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मशहूर गीतकार और शायर जावेद अख़्तर मुंबई से आ रहे हैं। उन्हीं के हाथ से सभी को अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

# फिल्म इमरजेंसी पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग

**प्रयागराज।** सिख सेवा संगम प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने फिल्म इमरजेंसी पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है जो सिखों के चरित्र को गलत तरीके से चिरित्र करती है। यह फिल्म सिख विरोधी व जानबूझकर सिखों का चरित्र हनान करने के इरादे से बनाई लगती है।

सरदार परविंदर सिंह ने कहा कि फिल्म में सिखों के किरदार को गलत तरीके से पेश किया गया है। जिससे सिखों की भावनाए आहत हो सकती हैं। फिल्म जानबूझकर सिखों का गलत चित्रण करने के इरादे से बनाई गई है।सिख सेवा संगम प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने



फिल्म को सेंसर बोर्ड की ओर से जारी सर्टिफिकेट को भी रद्द करने की मांग की हैं। सिखों को गलत तरीके से चित्रण कर समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की गई है फिल्म में सिख समुदाय को निशाना बनाते हुए गलत चित्रण किया गया है।

# साहित्यदर्पण और मेघदूतम पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में स्नातक तृतीय वर्ष में साहित्यदर्पण और स्नातक द्वितीय वर्ष में मेघदूतम् (पूर्व ) पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शोध अध्येताओं रुचि मिश्रा, चन्द्रधर मिश्र, रत्नेश यादव ,और वंदना यादव के कुशल संयोजन में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं में आद्यन्त उत्साह बना रहा। प्रत्येक कक्षा की छात्राओं को दो दलों में विभाजित



किया गया था जिनमें विजेताओं और उप विजेताओं के अंकों के बीच बहुत कम ही अन्तर रहा। नीलम सिंह, अपराजिता सिंह, साक्षी दुबे, नित्या सिंह, नयन और निहारिका ने व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और संस्कृत विभाग को संस्कृत संभाषण, अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं और व्याख्यानों के आयोजन की प्रेरणा दी। विभाग की संयोजिका प्रो. रतनकुमारी वर्मा ने संस्कृत भाषा को सभी भाषाओं की जननी मानते हुए संस्कृत पढ़ने वाली छात्राओं को अत्यंत भाग्यशाली और गौरवान्वित बताया और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक और मानसिक विकास में बहुत सहायक होते हैं। संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ. प्रमा द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापन किया और गत वर्ष से भी उत्कृष्ट आयोजनों हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रो. अंशुमाला मिश्रा, डा. विजयलक्ष्मी, डा. शालिनी सिंह, डा. ऐश्वर्या सिंह, डा. अजिता ओझा ने अपने सहयोग और उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा में वृद्धि की।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का सर्वे होने जा रहा है शुरू, ये होंगी पात्रताएं- सीडीओ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी श्री सुखराज बन्धु ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री योजना (ग्रामीण) का सर्वे शुरू होने जा रहा है, के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस 2018 की सूची में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़े जाने के सम्बन्ध में शासन के पत्र के द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गए हैं। योजनान्तर्गत पात्र एवं अपात्र लाभार्थियों का चयन करने विषयक मानक निर्धारित किये गये है जो निम्नवत् है- पात्रता का मानक- पात्र लाभार्थी-ग्रामीण परिवारों के सभी आवास विहीन परिवार एवं शून्य, एक या दो कमरों के कच्ची दीवार और कच्ची छतयुक्त मकानों में रहने वाले परिवार को शामिल किया जायेंगा। 'पात्र लाभार्थियों के स्वतः अन्तर्वेशन के लिए मानक-आश्रम विहीन परिवार, बेसहाराध्भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले, हाथ से मैला ढ़ोने वाले, आदि जनजातीय समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गये बंधुआ मजदूर। अपात्रता का मानक- मोटरयुक्त तिपहिया, चौपहिया वाहन हो, मशीनी तिपहिया, चौपहिया कृषि उपकरण हो, रू0 50000 अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड हो, आवेदनकर्ता, परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो। आवेदनकर्ता, परिवार का कोई सदस्य गैर कृषि उद्यम में सरकार के साथ पंजीकृत हां। आवेदनकर्ता परिवार का कोई सदस्य रू0 15000 प्रतिमाह से अधिक कमा रहा हो। आयकर देने वाला परिवार, व्यवसाय कर देने वाला परिवार, वो परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो। वो परिवार जिनके पास 5 एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि हो। पूर्व में दो पहिया वाहन के लाभार्थी, 7.5 एकड़ असिंचित जमीन वाले लाभार्थी, मछली पकड़ने के लिये नाव रखने वाले लाभार्थी तथा जिस परिवार का सदस्य 10000 प्रतिमाह से अधिक कमाने वाले है, उन लाभार्थी को अपात्र किया जाना निर्धारित किया गया था, जिसका मानक वर्तमान में उपरोक्तानुसार परिवर्तित हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही के लिए महत्वपूर्ण बिन्दु जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा बैठक आयोजित कर ग्रामवासियों को संशोधित मानक एवं सर्वेक्षण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जाय। इस बैठक को पीएमएवाई-जी सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी का नाम दिया जाय। प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन दिन पूर्व बैठक में गांव के अधिकाधिक लोग प्रतिभाग करें। बैठक की फोटोग्राफी कराकर इसे एलबम के रूप में जनपद स्तर पर संरक्षित किया जाय। खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचातय की बैठक की प्रतिभागिता के लिए स्वयं को या अपने अधीनस्थ सहायक विकास अधिकारियों को नामित करेंगे। बैठक का कार्यक्रम इस तरह से बनाया जाय कि पूरे विकास खण्ड की बैठक अधिकतम एक सप्ताह में समाप्त हो जाय। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा इस विशेष प्रयोजन के लिए प्रत्येक गांव में एक रजिस्टर रखा जायेगा, इस रजिस्टर को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी चयन-2024 रजिस्टर कहा जायेगा। इस चयन से जुड़ी प्रत्येक पहलू की जानकारी इस रजिस्टर में दर्ज की जायेंगी। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा इस रजिस्टर का अवलोकन किया जायेंगा। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड मुख्यालय पर सभी ग्राम प्रधानगण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यगण तथा ग्राम पंचायत सचिव के साथ बैठक कर आवास के सर्वेक्षण एवं नये मानक के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेंगी तथा इसका फोटोग्राफ भी जनपद स्तर पर संरिक्षत किया जायेंगा। पात्रता एवं अपात्रता के मानको की ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थान पर वालराइटिंग करायी जाय, जिससे जनसामान्य को इसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सकें। सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण होने तक इस बीच आयोजित होने वाले सभी तहसील एवं थाना दिवसों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के नये मानको एवं चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी देने की व्यवस्था खण्ड विकास अधिकारी द्वारा करायी जाय तथा इसका भी फोटोग्राफ जनपद स्तर पर संरक्षित किया जायेंगा। ग्राम पंचायत सचिव एवं खण्ड विकास अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र प्राप्त होंगे जिसकी पत्रावली अलग बनाकर रखी जायेंगी तथा जो भी निस्तारण होगा उसको भी उस पत्रावली में रक्षित किया जायेंगा। इसी तरह अपीलीय कमेटी के स्तर पर भी विकास खण्डवार पत्रावली बनायी जायेंगी। योजना के प्रचार-प्रसार एवं लाभार्थियों की जागरूकता के लिए निर्मित कराये जा रहे मॉडल आवास तत्काल पूर्ण करायें जाय तथा जहां मॉडल आवास का निर्माण शुरू नहीं हुआ है, वहां निर्माण प्रारम्भ कराया जाय।

## मरदानपुर गांव में मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**पूरामुफ्ती, (कौशाम्बी)।** विकास खंड भगवतपुर के ग्राम पंचायत मरदानपुर में ईश्वर दीन साहू के आवास पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। हर वर्ष के भांति इस बार भी श्री कृष्ण के बाल लीलाओं व शिवजी का भव्य पर्वत बनाकर बहुत सुंदर झांकी सजाई गई। मोहल्ले व गांव वालों ने भगवान की झांकी देखकर खूब तारीफ की और कहा कि बहुत अच्छा एवं सुंदर झांकी आपके यहाँ सजाई गई है। रात के 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। लोगों ने शंख बजाकर व पटाखा छुड़ाकर खुशी मनाया।इस अवसर पर रामचन्द्र साहू, शीला देवी, देवचन्द्र साहू, माधव साहू, रिंकू कुशवाहा, शनि सेन, रामू कुशवाहा, नन्हू सेन, आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## खेल सप्ताह के तीसरे दिन जिला स्तरीय वालीबॉल बालक वर्ग की प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार शर्मा ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि खेल निदेशालय एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में वृहत खेल फिटनेस क्रियाकलापों एवं खेल सप्ताह के तीसरे दिन जिला स्तरीय वालीबॉल बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कुल सात टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में मानसिंह इंटर कॉलेज ने मंझनपुर की टीम को 14 -4से हराकर फाइनल जीता इस अवसर पर कैलाश प्रधान हॉकी प्रशिक्षक हिमांशु पाल खेलो इंडिया प्रशिक्षक संदीप कुमार रमन बहादुर सिंह कोमल मौर्य पूजा राजपूत व खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे दिनांक 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस पर कल अंडर 14 बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 9 बजे किया जाएगा।

## तालाबी नम्बर बने मकान की हुई जिलाधिकारी से हुई शिकायत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरसवां, (कौशाम्बी)।** मंझनपुर तहसील के उमराव गांव निवासी रामानुज ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि गांव के मनोज पांडेय,, रामकितन शिवनारायण, अवध नारायण, मनोहर , आदि आधा दर्जन लोगों ने गांव की तलबी नंबर आराजी संख्या 318 पर पक्का मकान बनवा लिए है। जिससे बारिश का पानी तालाब में ना जाकर गांव के अंदर जल भराव की स्थिति हो जाती है पानी निकासी के लिए एक पुलिया भी बनाई गई थी वह भी पाटकर मकान बना लिए ग्रामीणों के मना करने के बाद भी तालाबी नंबर में कब्जा करने वाले लोग गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो जाते हैं।

शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी का ध्यान उत्कृष्ट करते हुए तालाबी नंबर पर हुए अवैध कब्जे को मुक्त करने की मांग की है।

## लापरवाही - विद्युत पोल में उगी झाड़ियां, हादसे की आशंका



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के घटमापुर उपकेंद्र के उदहिन खुर्द गांव में चन्द्र प्रकाश यादव के घर के सामने लगे विद्युत पोल पर बगल के खंडहरनुमा घर की झाड़ियां विद्युत पोल और केबल में लपट गई हैं। जो लोगों के लिए हादसे का सबब बन गई है। मोहल्ले के रहने वाले लालसिंह, मिथुन सिंह, गोवर्धन सिंह और छेद्दू ने बताया की विद्युत पोल उगी झाड़ियां जो किसी के साथ भी हादसे की वजह बन रहा है। जिसको लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है। इसके साथ ही आये दिन गांव के लोगों को लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। गांव आने वाले विद्युत कर्मियों से शिकायत दर्ज कराते हुए समाधान की बात कही गई। लेकिन अभी भी समस्या जब की तस बनी हुई है। इस संबंध में अवर अभियंता कृष्ण कुमार ने बताया की समस्या को लेकर अभी तक शिकायत नहीं मिली है। अगर ऐसा है तो जल्द ही कर्मचारियों को भेजकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान कर दिया जायेगा।

## जिला न्यायाधीश आज मदर इण्डिया इण्टर कॉलेज के राष्ट्रीय खेल दिवस में होंगे शामिल

**लोकेमित्र ब्यूरो**

**करारी, (कौशाम्बी)।** करारी कस्बे के नेता नगर मोहल्ले में स्थित मदर इण्डिया इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्पोर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमे राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद के न्यायाधीश अनुपम कुमार राष्ट्रीय खेल कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान जिला न्यायधीश अनुपम कुमार राष्ट्रीय खेल कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे बच्चों का उत्साह वर्धन करेंगे। और विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगे। जिला न्यायाधीश के आगमन को लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य सरफराज हुसैन ने पूरी तैयारी कर ली है। उक्त जानकारी कॉलेज के उप प्रधानाचार्य अजादार हुसैन ने दी है।

## हत्या के वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस थानाध्यक्ष बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा शेरगढ़ में हुए हत्या से सम्बन्धित बीएनएस के वांछित चन्द्रभान निवासी शेरगढ़ थाना पिपरी को ग्राम शेरगढ़ से गिरफ्तार किया गया।

### दो वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कड़ाधाम पुलिस उ0नि0 विनोद कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी अदालती निवासी देवीगंज थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी इमरान निवासी मधवामई थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया।

### लूट के ई-रिक्शा के साथ दो वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान

के क्रम में थाना कोखराजपुलिस उ0नि0 हरीश तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकेश कुमार निवासी ग्राम नरसिंहपुर कछुआ थाना सैनी, शीलू पटेल निवासी रामपुर बढ़नावां थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को बसेरा ढाबा से गिरफ्तार किया गया।

## राष्ट्रीय कोर कमेटी व प्रमुख पदाधिकारियों की हुई बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रयागराज।** मुख्य अतिथि गोविंद सेन (बाबूजी) राष्ट्रीय संरक्षक, मातादीन श्रीवास राष्ट्रीय संरक्षक, सुधा सेन राष्ट्रीय महिला प्रभारी, कन्हैयालाल सेन (मुखिया) राष्ट्रीय संरक्षक, जयकरन सेन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मध्यप्रदेश, दिनेश सेन रिटायर बैंक मेनेजर दतिया प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेन्द्र धनेलिया पंजाब नेशनल बैंक रिटायर मेंनेजर ग्वालियर, महामंत्री ग्वालियर संभाग ओमप्रकाश सविता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ग्वालियर रामकृष्ण सेन, जिला अध्यक्ष शिवपुरी अजय सेन, जिला अध्यक्ष अशोकनगर विशेष आमंत्रित सदस्य भगवान दास सेन शिक्षक (पृथ्वीपुर) वरिष्ठ उपाध्यक्ष सागर संभाग धनीराम सेन, जिला अध्यक्ष टीकमगढ़ सिद्ध गोपाल सेन, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य किशोरी लाल सेन, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य धनीराम सेन, सांची रामसेवक श्रीवास, जिला अध्यक्ष मुरैना योगेन्द्र श्रीवास, प्रमोद सविता मुरैना, कल्लू सेन जिला अध्यक्ष दतिया, संतोष सेन ग्रामीण जिला अध्यक्ष दतिया, रामनारायण सराठे जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा, एवं प्रदेश संगठन मंत्री राजेन्द्र सेन (हटा), भगवान दास सेन प्रदेश कार्य समिति सदस्य, कल्याण सिंह सेन (रायसेन) प्रदेश मिडिया प्रभारी, नर्मदा प्रसाद सेन खुरई प्रदेश उपाध्यक्ष, रामरतन सेन (टीकमगढ़) प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मध्य प्रदेश, राधेश्याम सेन (रायसेन ) अध्यक्ष भोपाल संभाग, डब्बू सेन, नारायण नानक ( शिवपुरी) प्रदेश सहसचिव, चंद्रभान सेन जिला प्रचार मंत्री टीकमगढ़, केशव सेन, हरिओम सेन शिवपुरी, मोहन सेन महामंत्री सागर संभाग, मुकेश सेन अध्यक्ष खुरई, रामकुमार सेन (कल्लू माते) वरिष्ठ समाजसेवी खुरई, संजना चौहान (छिंदवाड़ा) महिला प्रदेश प्रभारी, मधु श्रीवास महिला अध्यक्ष ग्वालियर-चंबल संभाग पूर्णिमा सेन महिला अध्यक्ष (सांची रायसेन), एवं समस्त पदाधिकारीगण कार्यसमिति सदस्य एवं कोर कमेटी के समस्त सदस्य एवं प्रमुख पदाधिकारी सादर आमंत्रित है।

## दहेज हत्या के आरोपी को दिलाई गई 08 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी बुआ की लड़की के पति व परिजनो द्वारा अतरिक्त दहेज की मांग की गयी नही मिलने पर मार-पीट कर हत्या कर दी गयी, जिससे पेट में पल रहे अज्ञात शिशू की मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित विनोद कुमार निवासी मुबारकपुर थाना महेवाघाट को न्यायालय एडीजे एफटीसी-01 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए आरोपियों को 08 वर्षसश्रम कारावास तथा 18000रू0 के अर्थ दण्डसे दण्डित किया गया।

## विद्यालयों को मिशन मोड में बनाएं निपुण- डॉ0 प्रज्ञा सिंह

- बीआरसी मूरतगंज को संपन्न हुई मासिक समीक्षा बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों की मूरतगंज ब्लॉक के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार बीआरसी मूरतगंज को संपन्न हुई ।बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षाधिकारी प्रज्ञा सिंह ने प्रधानाध्यापकों से निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत निपुण आकलन, क्रियान्वयन में बेहतर संबंध, नवीन नामांकन, विभिन्न आनलाइन प्लेटफार्म, सतत अनुसरण, इंस्पायर अवार्ड आवेदन, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा आवेदन, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आवेदन आदि विषयों की समीक्षा की।

उन्होंने बच्चों को निपुण बनाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करने हेतु प्रधानाध्यापकों को प्रेरित किया।

एआरपी अवनीश मिश्रा ने कहा कि विद्यालयों में रेमेडियल कक्षाओं का संचालन फार्मेटिव एसेसमेंट, समयसारिणी, शिक्षण योजना, अभ्यास एवं गृह कार्य के साथ कक्ष में लगी निपुण तालिका को समय भरने। शिक्षक डायरी, प्रिंट रिच सामग्री आदि को बेहतर करने के लिए कहा।मोवाइल पर रीड एलांग एप, वाट्सएप ग्रुप में प्रेरणा साथी के माध्यम से ई पाठशाला एवं क्विज कराए जाने का सुझाव भी दिया। बैठक में आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर की सभी सुविधाओं को पूरा किए जाने, दिव्यांग बच्चों का विवरण समर्थ एप पर फीड करने और प्रेरणा पोर्टल पर सभी आनलाइन रजिस्टरों को नियमित भरे जाने के लिए निर्देशित किया।

इस मौके पर एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) अवनीश मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाठक,कौशलेश तिवारी, रामरतन सिंह, ब्रजेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने फरार आरोपी के घर में कुर्की की नोटिस किया चस्पा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरसवां, कौशाम्बी।** महेवा घाट कोतवाली क्षेत्र के सरसवां गांव में मारपीट के मामले में फरार चल रही महिला आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस ने बुधवार को गांव में मुनादी कराकर आरोपी के घर नोटिस चस्पा कर दिया है। सरसवां गांव की आशा देवी पत्नी रामसिंह ने घर पर चढ़ कर एक दलित की जमकर पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। चीख पुकार सुन पड़ोसियों के ललकारने पर वह साथियों संग फरार हो गयी थी। मामले में घायल ने उसके खिलाफ एससी-एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से वह फरार चल रही है। पुलिस ने बुधवार को न्यायालय के आदेश पर फरार महिला आरोपी के घर पर धारा 88 की नोटिस चस्पा कर मुनादी करा दी है। आरोपियों के न्यायालय में हाजिर न होने पर पुलिस कुर्की की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर विनोद कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ 88 की कार्रवाई हो चुकी है। तय समय के अंदर आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होती है तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन से कटकर युवक ने दे दी जान

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सईगंज के पास बुधवार की सुबह एक युवक ट्रेन को देखते ही पटरी पर लेट गया। गति तेज होने के कारण ट्रेन रुकी नहीं और युवक दो धड़ों में बंट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शिनाख्त का प्रयास किया लेकीन शिनाख्त नहीं हो पाई।कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर प्रयागराज की तरफ सईगंज गांव के समीप बुधवार की सुबह लगभग छह बजे कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन को देखते ही 45 वर्षीय युवक पटरी पर लेट गया। उसके दो धड़ों में बंटते ही लोको पायलट ने जानकारी भरवारी रेलवे स्टेशन के मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने घटना की जानकारी आरपीएफ को दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने भरवारी चौकी पुलिस को सूचना दी।

## उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक सयुक्त संस्था ईसीएचएस हॉस्पिटल की किया मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी जनपद में उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह आज अपने पदाधिकारियों के साथ पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस अस्पताल न होने का मुद्दा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अमित सिंह के समक्ष लिखित रूप से उठाते हुए कहा जनपद में लगभग 5000 पूर्व सैनिक और उनके आश्रित परिवार रहते है उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज जाना पड़ता है जो सैनिक सिराथू की तरफ के रहने वाले है उन्हे लगभग 80 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है बीमार वृद्ध सैनिक इतनी दूर कैसे यात्रा करता है वही जानता है

यह पर एक ईसीएचएस अस्पताल की जरूरत है संबंधित अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को इलाज के लिए दर दर न भटकना न पड़े कर्नल अमित सिंह ने संस्था के इस प्रयास का स्वागत किया और अश्वासन दिया कि मैं पूरा प्रयास करूंगा

ईसीएचएस का एक काउंटर मंझनपुर में खुलवाने के लिए जिससे सीनियर सिटीजन की श्रेणी में आने वाले पूर्व सैनिकों को इतनी लम्बी दूरी तय करने की जरूरत न पड़े यही पर पूर्व सैनिक एवम उनके आश्रित रहने वाले लोगो का सभी समय से इलाज करके उनकी बीमारी को ठीक करके पूर्व सैनिकों की समस्या को हल किया जा सके

इस दौरान उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक सैयुक्त संस्था के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह तोमर प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव कुमार चौरसिया सदस्य मनोज कुमार चौरसिया सदस्य उद्धव श्याम केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सजाया गया हनुमान मंदिर



**टेवां, (कौशाम्बी)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवां के हनुमान मंदिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर फूलों और गुब्बारों से सजाया गया चौकी प्रभारी अजीत सिंह ने मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ यज्ञ हवन एवं भजन कीर्तन करवाएं कृष्णा तेरी मुरलिया बड़ी प्यारी रे सबसे न्यारा है बांके बिहारी रे जैसे गीतों ने लोगों के मन मोह लिए।

## ननिहाल से वापस आ रहे युवक की नहर में गिरने से हुई मौत

**टेवां, (कौशाम्बी)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवां अंतर्गत टेनशाह आलमाबाद निवासी दशरथ लाल लोधी का पुत्र रोहित कुमार 18 वर्ष अपने दोस्त मुकेश कुमार पुत्र नत्थू लाल के साथ बीती शाम ननिहाल मंगरोहनी गांव गया था वापस आते समय रोहित कुमार तन्ना पर नहर के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होने के कारण नहर में गिर गया जिससे गंभीर चोट आ गई इलाज के दौरान रोहित कुमार 18 वर्ष की मौत हो गई वहीं साथ में साथी मुकेश कुमार गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

लोकमित्र
• प्रतापगढ़, गुरूवार , 29 अगस्त 2024



संक्षिप्त खबरें

## होटल आराध्या रिसॉर्ट एवम मैरिज लॉन का हुआ शुभारंभ

**सगरा सुंदरपुर,प्रतापगढ़।** लीलापुर के मिसिरपुर मे मंगलवार को होटल आराध्या रिसॉर्ट एवम मैरिज लॉन का शुभारंभ पूर्व सांसद एवम एम एल सी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया।उन्होने मैरिज लॉन को आज की आवश्यकता बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित सांसद प्रमोद तिवारी ने वर्तमान विवाह शैली के अनुरूप लॉन की भव्यता का बखान किया। इसके पूर्व राम चरित मानस का अखंड पाठ, हवन पूजन के साथ भानु म्युजिकल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मे सिंगरो ने देवी गीत, भजन, ओल्ड सांग, न्यू सांग के साथ भोजपुरी गीतो का ऐसा तड़का लगाया कि देर रात तक श्रोता मंत्रमुग्ध होते रहे और भंडारे मे लोग प्रसाद भी ग्रहण करते रहे। स्वागत दिलीप तिवारी , अनिल तिवारी ने किया आभार संयोयक ग्राम प्रधान अजय तिवारी ने जताया। इस अवसर पर विधायक जीत लाल पटेल, ब्लॉक प्रमुख डा.राकेश सिंह, प्रशांत सिंह, विहिप के जिलाध्यक्ष संजय उपाध्याय विश्वकर्मा राबिन पटेल अनूप त्रिपाठी ,उमेश तिवारी सहित गणमान्य लोगो की मौजूदगी रही ।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता मे रिंकू की टीम बनी विजेता

**सगरासुंदरपुर ।** हंडौर दुबान में जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांव में जगह-जगह मंदिरों पर भक्तों ने भक्ति भाव के साथ भजन कीर्तन किया और राधा कृष्ण व सुदामा की झांकी निकाली । हंडौर के दुबान मे लक्ष्मीकांत दुबे व राजकुमार दुबे ( लालजी ) के द्वारा मंदिर को सजाया गया भजन कीर्तन के साथ भगवान का प्राकट्य होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया । कृष्ण जन्मोत्सव पर महिलाओं ने सोहर गीत गाकर भगवान के आगमन का स्वागत किया और दही हांडी के कार्यक्रम कई टीमो ने हिस्सा लिया परंतु में रिंकू दुबे की टीम ने मटकी फोड़कर कर विजेता बनी। इस मौके पर राजकुमार दुबे एडवोकेट, राजेश दुबे, सुनील दुबे ( सोनू ), सूरज, हरिशंकर दुबे, रामललन दुबे, कपिल, श्यामशंकर, लक्ष्मीशंकर दुबे, राज, अंतरिक्ष दुबे, भोलानाथ, गौरीशंकर दुबे, कृपाशंकर दुबे, रमाकांत दुबे, चन्द्रभान दुबे आदि रहे।

## चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**रखहा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने मंदाह बैरियर पर चेकिंग के दौरान चोरी की मोटर साईकिल (गलत नं0 प्लेट) के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी, आनन्द कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में दिनांक 28.08.2024 को उ0नि0 मिथिलेश चौरसिया मय हमराह हे0का0 राजेन्द्र प्रसाद, का0 कणाद मुनी द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान , मुखबिर की सूचना पर 01 चोरी की मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस के साथ 01 अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र भगेलू निवासी ग्राम गंगेहटी थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के मंदाह बैरियर के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 226ध्24 धारा 2(30)ध्317(2)ध्336(2)ध्318(4) ठछै का अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को ट्रेजरी चौराहा के पास से अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण वैस के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली नगर अर्जुन सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक मनोज कुमार यादव मय हमराह कां0 निखिल शुक्ला द्वारा अभियुक्त प्रमोद कुमार यादव उर्फसुभाष पुत्र रामदास यादव निवासी ग्राम बलीपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 27.08.2024 को थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के ट्रेजरी चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग उपरोक्त में धारा 333, 70(1), 309(6), 352 बी0एन0एस0 का लोप किया गया तथा धारा 64, 123, 351 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। अभियुक्त प्रमोद यादव को मु0अ0सं0 366ध्2024 धारा 64, 123, 351 बी0एन0एस0 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया जा रहा है।

## हाइवे पर गिरा पेड़, आवागमन बाधित



लालगंज, प्रतापगढ़। बारिश के दौरान बुधवार सुबह हाइवे किनारे स्थित विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गया। इससे घंटो आवागमन बाधित रहा। रायबरेली-प्रतापगढ़ हाइवे पर गहिरी गांव के पास हाइवे किनारे स्थित चिलबिल का विशालकाय पेड़ सुबह करीब पांच बजे जड़ से उखड़कर हाइवे के बीचोबीच गिर गया। इससे हाइवे पर आवागमन में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों की मदद से दोपहर बाद पेड़ हटवाकर आवागमन बहाल कराया जा सका।

## विवाहिता के उत्पीड़न को लेकर दी गई तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे छत्तू रामपुर बावली में विवाहिता के उत्पीडन को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ बुधवार को पुलिस को तहरीर दी गयी है। कुण्डा कोतवाली के बरई निवासी रामजीत की पुत्री पूजा पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका विवाह इसी साल बीस मई को लालगंज थाने के पूरे छत्तू रामपुर बावली में रामलखन के पुत्र जयेन्द्र प्रताप के साथ हुआ। दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन पीड़िता को शादी के बाद प्रताड़ित करने लगे। बीती उन्तीस जुलाई को पति जयेन्द्र तथा सास मालती देवी, ननद मंजू एवं ननदोई पवन ने दस लाख रूपये दहेज की मांग को लेकर उसे मारापीटा और घर से निकाल दिया। शिकायत करने पर पति के मौसेरे भाई भी पीड़िता को गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी गयी है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़।** दहेज हत्या के आरोप में वांछित फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार करके जेल भेजें गए। पुलिस अधीक्षक, डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर व प्रभारी निरीक्षक लालगंज नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 सुमित कुमार वर्मा ने मय हमराह का0 यतेन्द्र, का0 राहुल सोलांकी, का0 विवेक सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 348ध्2024 धारा 80, 85, 352, 351(3) बीएनएस व 3ध्4 क्क् ।ब्ज् से संबंधित दो अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद व जगदीश प्रसाद पुत्र कल्लू पटेल निवासीगण ग्राम चकोदर थाना लालगंज, को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत विकास नगर मार्केट के पास से गिरफ्तार किया गया।

# डूडा विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाये-जिलाधिकारी

**▶▶ जिलाधिकारी ने डूडा विभाग के कार्यो की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कल सायंकाल कैम्प कार्यालय सभागार में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें रेहड़ी पटरी विक्रेताओं को 10 हजार रूपये का लोन दिया जाता है, प्रथम लोन चुकाने के बाद बैंक से एनओसी मिलती है जिसके बाद 20 हजार रूपये की द्वितीय लोन के लिये आवेदन किया जा सकता है। उन्होने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि योजना के ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करायें जिससे लाभार्थियों को लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने समस्त ईओ को निर्देशित किया कि नगर पंचायतों में इण्टर लाकिंग, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाईट आदि के कार्य जो कराये जा रहे है उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करायें और कार्यो की गुणवत्ता की निगरानी करते रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा में पीओ डूडा देश दीपक सिंह ने बताया कि 87 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया जिन लाभार्थियों के आवास पूर्ण हो गये है उनके आवास पर नेम प्लेट लगाये जाये।

ईओ को निर्देशित किया कि बेघर और झोपड़ी वालों को प्राथमिकता के आधार पर आवास की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये, जो भी छोटे-मोटे विवाद हो वहां पर पहुॅचकर उसका निदान करायें और लाभार्थी को आवास का लाभ दिलायें। पीओ डूडा ने बताया कि आवास योजना की जांचे नगर पंचायतों में अधिकतर पेन्डिग है जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त ईओ को निर्देशित किया कि आवास योजना की जांचों को समय से करा लें, इसमें लापरवाही कदापि न बरती जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि नगर पंचायतों के जिन योजनाओं में जो भी धनराशि अभी बची हुई है, नगर पंचायतों में कार्य कराकर धनराशि को खत्म किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि डूडा विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। बैठक में पीडी डूडा देश दीपक सिंह, ईओ नगर पालिका परिषद राकेश कुमार, एलडीएम गोपाल शेखर झा, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से विद्युत आपूर्ति ठप, ग्रामीण बेहाल

**बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़।** सोनाही विद्युत उपकेंद्र से संबंधित यहियापुर गांव में शेखान बस्ती में लगा 25 केवीए का ट्रांसफा ओवर लोड के कारण अचानक जल जाने से एक सप्ताह से खराब है। जिससे बस्ती में रहने वाले सैकड़ों ग्रामीणों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई है। ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीण पेयजल,सिंचाई तथा इस उमस भरी गर्मी से लगभग एक सप्ताह से बेहाल हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी, लेकिन एक सप्ताह बाद भी ट्रांसफार्मर ठीक नहीं कराया गया।अब्दुल हकीम,नुरुल कमर, शाहंशाह आलम, मकसूद अली,मैनुद्दीन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ओवर लोड के कारण ट्रांसफार्मर अक्सर जल जाता है। ग्रामीणों ने 25 केवीए की जगह 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है।जेई मनीष तिवारी ने बताया कि ट्रांसफार्मर जल जाने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा दी गई है।

# जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

**● शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट्र कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता लाल बहादुर सिंह निवासी संग्रामपुर किला ने शिकायत किया कि प्रार्थी का मकान आबादी में लगभग 100 वर्ष पूर्वजों के जमाने से बना हुआ है जिसमें प्रार्थी परिवार सहित निवास करता है, मेरे चचेरे भाई अवनीश सिंह, सतीश सिंह, नरेन्द्र सिंह, अनिल सिंह व प्रियेश सिंह द्वारा मकान/भूमि को अवैध रूप से क्षतिग्रस्त किया जा रहा है

जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर व एसएचओ अन्तू को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर उचित कार्यवाही करें। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अन्य प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये।

## नगर पंचायत कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी,प्रतापगढ़।** पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल की माता जी के निधन पर बुधवार को पट्टी नगर पंचायत कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया । जिसमें मौजूद लोगों ने उनकी स्वर्गीय माता गीता देवी की चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

शोकसभा में मौजूद लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण करके नगर अध्यक्ष के माता जी के गोलोकवासी हो जाने पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। प्रतापगढ़ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल के आवास पर पहुंचकर उनकी स्वर्गीय माता जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि माता जी का सरल व्यक्तित्व और उनके व्यवहरकुशलता को भूला नही जा सकता है। उनका जाना बहुत ही दुखद है । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह जी मंडल अध्यक्ष राम आसरे शुक्ला जी सभासद रामचरित्र वर्मा, सजीवन सोनी, प्रमोद सोनी प्रधान सैफाबाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सतीश शुक्ल की पुण्यतिथि पर वृद्वावस्था आश्रम में कराया भोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व0 सतीश शुक्ल की पुण्यतिथि आज मनाई गई, इस अवसर पर जनपद में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस जनों ने अपने नेता को शृद्धाञ्जलि अर्पित की।इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर वृद्धा आश्रम में आवासरत 75 वृद्धजनों को जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में भोजन कराया व उनकी जरूरत की सामग्री भेंट की। इस अवसर पर डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्व0 सतीश शुक्ला जी संगठन के प्रति पूरी तरह समर्पित थे, उनके विचारों से हमसब को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 नीरज शुक्ला ने कहा कि स्व0 सतीश शुक्ल जी संगठन के प्रति बहुत ही समर्पित व्यक्तित्व थे, हम सभी उनको याद कर उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं। ज्ञात हो कि स्व0 सतीश शुक्ला की हत्या 28 अगस्त 2005 को उनके घर के समीप ही कर दी गयी थी।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0 सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, मोनू पांडेय, आशीष श्रीवास्तव, अंकुर शुक्ला, संतोष पांडेय, गोलू तिवारी, लवकुश शुक्ल, मुन्ना शुक्ल, फतेह बहादुर सिंह, सुधीर तिवारी, सुरेश दुबे सहित अनेक लोग शामिल रहे। उक्त जानकारी डा0वी0के0सिंह, उपाध्यक्ष (प्रभारी- प्रशासन, कार्यक्रम) ने दी है।

## गैंगस्टर एक्ट के 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कुण्डा,प्रतापगढ़।** एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में गैंगस्टर एक्ट के 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है,हत्या के अपराध में संलिप्त हैं। एएसपी पश्चिमी संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में गैगस्टर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दी जा रही थी दबिश,शेष 02 अभियुक्तों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में थाना संग्रामगढ़ पर दिनांक 27.08.2024 को मु0अ0सं0 205ध्24 धारा 2ध्3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 बनाम अखिलेश कुमार पटेल पुत्र स्व0 राजबहादुर पटेल 02.धर्मेन्द्र उर्फ धीरेन्द्र पटेल पुत्र रामप्रसाद पटेल 03. शिवराम पटेल उर्फ मोटू पुत्र रामफेर पटेल, 04. अर्जुन उर्फ बऊआ पुत्र बृजलाल पटेल 05. बाबूलाल पटेल पुत्र बृजलाल पटेल निवासीगण ग्राम बंधवा विजयीमऊ थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ का अभियोग पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में दिनांक 27.08.2024 को थाना संग्रामगढ़ के प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में उ0नि0 विनय वर्मा मय हमराह कां0 धनंजय श्रीवास्तव, का0 आनन्द यादव द्वारा पतारसी, सुरागरसी के क्रम में मुखबिर की सूचना पर उनके घर से गैंगस्टर 01. धर्मेन्द्र उर्फ धीरेन्द्र पटेल पुत्र रामप्रसाद पटेल 02. अर्जुन उर्फ बऊआ पुत्र बृजलाल पटेल 03. बाबूलाल पटेल पुत्र बृजलाल पटेल निवासीगण ग्राम बंधवा विजयीमऊ थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया ।

## बारिश से सार्वजनिक संस्थानों का बिगड़ा हुलिया, किसान मगन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार की देर रात से शुरू हुई तेज बारिश के चलते बुधवार को सार्वजनिक संस्थानों के परिसर में जलजमाव से लोग परेशान दिखे। तहसील परिसर तथा कोतवाली व सीएचसी परिसर में गांठ भर से ऊपर बरसात का पानी ठहर गया। वहीं बारिश के कारण आयी तकनीकी खराबी से लालगंज क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो उठी। इसके चलते तहसील परिसर में फरियादियों को परेशान होते देखा गया। तहसील के समीपवर्ती नेताजीपुरम वार्ड में भी बारिश के कारण आवागमन को लेकर लोगों को तकलीफ में देखा गया। वहीं सीएचसी परिसर में जलजमाव होने से मरीजों व तीमारदारों को हलाकान देखा गया। बारिश के कारण ग्रामीण इलाकों में भी चकमार्गो पर जलजमाव होने से लोग परेशान दिखे। खासकर लालगंज-कालाकांकर मार्ग पर बने गडढो में बारिश के जलजमाव से साइकिल सवार व दुपहिया वाहन सवार फिसलकर चुटहिल होते भी देखे गये। हालांकि बेहतरीन बारिश को लेकर किसानों के चेहरे जरूर खिले दिखे। धान की फसल को लेकर चिन्तित किसान मंगलवार की रात से बुधवार की दोपहर तक हुई बारिश से मगन दिखे। वहीं लालगंज क्षेत्र में बारिश के चलते विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो उठी। रात करीब एक बजे से अगले दिन दोपहर ग्यारह बजे तक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान दिखे।

# करोड़ों खर्च फिर भी पट्टी-रानीगंज मार्ग बदहाल

**● सड़कों पर बन गए हैं बड़े-बड़े गड्ढे, आए दिन हो रही हैं दुर्घटनायें, जिम्मेदारों ने साधा मौन**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेलखरनाथधाम (प्रतापगढ़)।** पट्टी रानीगंज मार्ग पर सफर कर रहे हैं तो सावधान होकर सफर करें अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। सड़क की पटरियो पर बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं। वाहनों के ओवरटेक करने के दौरान कई बार हादसे हो रहे हैं लेकिन विभाग के आला अफसर आंख मूदे बैठे हुए हैं।करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद इस सड़क पर लापरवाही व मनमानी की तस्वीर सामने आई है।

बता दें कि देल्हूपुर से कोहड़ौर लगभग 30 किलोमीटर की सड़क जो एनएच बायपास के रूप में स्वीकृत हुई। जिसे लखनऊ की सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बनाने का जिम्मा लिया। लेकिन सड़क बनने के साल भर के भीतर ही कई जगह खराब हो गई। जब इस मामले की शिकायत स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से की तो जगह-जगह सड़कों पर पैचिंग कर खानापूर्ति की गई। अभी एक माह पूर्व सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। कंपनी ने पैचिंग का कार्य शुरू किया मगर उड़ैयाडीह बाजार के पहले ही आधा अधूरा काम कर ठेकेदार फरार हो गए। अब आलम यह है कि जिस तरफ सड़क सही होती है वाहन चालक उसी तरफ से निकलने का प्रयास करते हैं। इसके चलते आमने-सामने कई वाहनों की टक्कर हो चुकी है और कई लोग दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जामताली पुल के पास तो सड़क के दोनों तरफ बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ऐसी दशा में जब वाहन चालक एक दूसरे से पास लेते हैं तो किसी बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। क्षेत्रीय लोगों ने कई बार विभागीय अफसरों से शिकायत की लेकिन कोई हल नहीं निकला।

यह सबसे व्यस्त मार्ग है। रानीगंज, बादशाहपुर, भुपियामऊ, प्रयागराज, बनारस, दिल्ली, अयोध्या के लिए यह रूट सबसे सुगम है। यहां से हमेशा वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। बावजूद इसके सड़क के मेंटेनेंस को लेकर विभागीय अधिकारी मौन हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से दुर्दशा की शिकार इस सड़क को ठीक करने की मांग की है।

## समस्याओं को लेकर कुपित हुए वकील, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चकबंदी कार्यालय सांगीपुर से तहसील मुख्यालय न संचालित होने तथा परिसर में लगे वॉटर कूलर की खराबी एवं वाहन पार्किंग समेत आदि मांगों को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं में आक्रोश देखा गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने चकबन्दी न्यायालय के सामने नारेबाजी कर विरोध जताया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को ज्ञापन सौंपकर अगले समाधान दिवस में विरोध प्रदर्शन की भी चेतावनी दी। अधिवक्ताओं ने मांगों को लेकर बुधवार को कार्य बहिष्कार भी किया। अधिवक्ताओं के कामकाज के बहिष्कार को लेकर राजस्व अदालतों में कामकाज ठप दिखा। वही वादकारी भी निराश लौटते दिखे। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, अनिल महेश, राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, प्रवीण यादव, राजेश तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, आशीष तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

संक्षिप्त खबरें

## हाईकोर्ट इलाहाबाद में पीडीए के अधिवक्ता होंगे एडवोकेट योगेन्द्र प्रताप सिंह



**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के सिराथू कस्बे के रहने वाले अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह हाईकोर्ट इलाहाबाद में पीडीए के अधिवक्ता होंगे। बताते चले की सिराथू तहसील में बार एसोशियेसन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट ठाकुर बसन्त सिंह के पुत्र एडवोकेट ठाकुर योगेंद्र प्रताप सिंह पूर्व गवर्निंग काउंसिल इलाहाबाद हाईकोर्ट में पिछले 15 वर्षो से प्रैक्टिस करते हैं। अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह की कार्यशैली व व्यक्तित्व को देखते हुए प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज के विधि अधिकारी ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में प्रयागराज विकास प्राधिकरण का पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया है , जैसे ही यह खबर कौशाम्बी जिला बार एसोसिएशन एवं सिराथू तहसील अधिवक्ता संघ के लोगो को मिली तो अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह को बधाई देने वालो का तांता लगे गया । इस दौरान साथी अधिवक्ताओ ने योगेंद्र प्रताप सिंह को माला पहनाकर मिष्ठान वितरण किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बेटी के साथ रिश्ता न करने पर युवक पर धमकी का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आया एक युवक अपनी मौसी के पड़ोस की एक युवती से जबरन शादी करने की जिद पर तुला हुआ है , युवती के मां के इनकार के बाद युवक युवती व उसके परिजनों को गाली गलौच कर धमकी देता है जिससे आजिज युवती की मां ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए युवक पर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के मीरापुर गांव की रहने वाली फुलझरिया देवी पत्नी सरजू ने बुधवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के एक गांव का एक युवक उसके पड़ोस में अपने मौसी के घर आता जाता है और उसकी पुत्री को देखा तो जबरन शादी करने का दबाव देने लगा , फुलझरिया देवी का आरोप है की युवक को शादी से मना करने पर आरोपी युवक फोन पर उसकी बेटी व परिवारीजनों को गाली गलौच करते हुए जबरन शादी करने की धमकी देने लगा। साथ ही मोबाइल व इंटरनेट पर मैसेज कर आएदिन परेशान करता है जिससे आजिज होकर पीड़िता ने पुलिस से युवक पर कार्यवाही की मांग की है।

## पत्नी को ससुराल बुलाने गए युवक पर ससुरालिजनो ने मारपीट कर भगाया

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुराल में पत्नी को बुलाने गए युवक के साथ ससुरालिजनों ने मिलकर मारपीट कर युवक को भगा दिया जिसके बाद युवक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।पईसा थाना क्षेत्र के अनेठा का मजरा फत्तू का पुरवा गांव के रहने वाले वीरेंद्र प्रजापति पुत्र श्यामलाल की तीन वर्ष पहले कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गौसपुर नवावा गांव की एक युवती के शादी हुई थी, जिससे वीरेंद्र के एक बच्चा भी है। वीरेंद्र ने बताया की वह दिव्यांग होने के बावजूद अपने परिवार से अलग रहकर ई रिक्शा चलाकर पत्नी व बच्चे का भरण पोषण करता है। वीरेंद्र का आरोप है की उसके ससुराल के लोग पत्नी के कहने पर आएदिन प्रताणित करते है जिसके चलते वाद विवाद होता रहता है। वीरेंद्र के मुताबिक 16 अगस्त को उसके ससुरालीजन उसकी पत्नी को मायके बुला ले गए इस दौरान उसकी पत्नी अपने कपड़े व जेवरात भी साथ में ले गई। 28 अगस्त को वीरेंद्र अपनी ससुराल गौसपुर नवावा अपनी पत्नी को बुलाने गया तो युवक की सास , साला , ससुर व पत्नी युवक को गाली गलौच करते हुए मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत कड़ा धाम पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## कुनबे ने जमीनी विवाद में महिला को पीटा

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलाक मोहीउद्दीन पुर गांव में मंगलवार की शाम कुनबे ने जमीनी विवाद को लेकर महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।संदीपन घाट क्षेत्र के मलाक मोहीउद्दीन पुर गांव की मोनादेवी पत्नी श्री के अनुसार उसका एक परिवार के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। मंगलवार की शाम इसी विवाद को लेकर कुनबा उसके दरवाजे पर आया और उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से महिला को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पति के घर लौटने पर महिला ने उसको मामले की जानकारी दी। घायल महिला ने पति के साथ थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दम्पति ने साथियों संग महिला को दी जान से मारने की धमकी

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव की सुमन देवी पत्नी रमेश कुमार रैदास के अनुसार उसका पड़ोसियों के साथ पुरानी रंजिश चल रही है। इसी बात को लेकर वह आये दिन उसके साथ गाली गलौज करते रहते हैं। आरोप है कि मंगलवार की शाम पड़ोसी दम्पति अपने दो साथियों के साथ उसके घर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। महिला के विरोध करने पर उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी। कहां कि तुम्हारे बेटे को मार कर लाश ठिकाने लगा दिया है। अब तुमको भी जान से मार कर लाश गायब कर देंगे।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## आठ घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी ठप

**करारी, (कौशाम्बी)।** कस्बे में जर्जर हो चुके हाईटेंशन तारों को बदलवाने के लिए वृहस्पतिवार की सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली विभाग के अवर अभियंता अमर सिंह ने दिया है। उन्होंने बताया की करारी कस्बे से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उच्चधिकारियों को लिखित शिकायत किया गया था। जिसके क्रम में गुरुवार को कस्बे में जर्जर हो चुके लोहे के पोलों ,सीमेंटेड खंभे हाई टेंशन तारों को बदला जाएगा। उन्होंने कहा की उपभोताओं को दिक्कत न हो इसके लिए वो बिजली संबंधित काम सुबह 10 बजे के पहले ही कर लें।

## पिपरी पुलिस ने दूसरे हत्यारोपी को भेजा जेल

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी थानाक्षेत्र पुलिस ने सप्ताह भर पहले शेरगढ़ गांव में चचेरे भाई के साथ मिलकर रामकैलाश को लोहे के सब्बर और डंडे से पीटकर मौत के घाट उतारने वाले दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी आकाश पुत्र मलखान को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही थी। बुधवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चंद्रभान पुत्र रमेश को गांव से ही दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद कर लिखा पढ़ी के बाद उसे न्यायालय चालान भेज दिया गया।

# धर्मा देवी इंटर कालेज में आयोजित जनपद स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के केन कनवार में स्थित धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में बुधवार को जनपदीय भारोत्तोलन (बालक बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज कुमार उमराव ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया । विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य राम सुंदर सिंह , खेल सचिव श्यामलाल मौजूद रहे । विशिष्ट अतिथि रहें। प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की अंडर-19 बालिका वर्ग के 45 किलो भार में इशिता केशरवानी को प्रथम स्थान , 49 भार वर्ग में रिचा देवी , 55 भार वर्ग में लवली पाल , 59 भार वर्ग में सुलेखा देवी , 64 भार वर्ग में शकुन , 71 भार वर्ग में अन्नू साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया । इसी तरह अंडर ऋ7 बालिका वर्ग में 40 भार वर्ग में शिवान्की पाल , 45 भार वर्ग में रिमझिम यादव , 49 भार वर्ग में रीना देवी , 55 भार वर्ग में माही गुप्ता , 59 भार वर्ग में लक्ष्मी देवी , 64 भार वर्ग में रिया , 71 भार वर्ग में प्रांजल गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल किया ।

इसी प्रकार बालक वर्ग अंडर -17 49 भार वर्ग में शिवम कुमार , 61 भार वर्ग में विवेक सिंह , 67 भार वर्ग में शाहिल चौधरी , 73 भार वर्ग में प्रियांशू सिंह , 81 भार वर्ग में सचिन कुमार , 89 भार वर्ग में गौरव सिंह , 96 भार वर्ग में गौरव सिंह पाल , 55 भार वर्ग में आकाश ने प्रथम स्थान किया । इसी क्रम में हुयी अंडर-19 बालक 55 भार वर्ग भारोत्तोलन प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन के अमन कुमार मौर्य को प्रथम स्थान, 81 भार वर्ग सक्षम मिश्रा , 89 भार वर्ग में मो.सदाब , 61 भार वर्ग में अतुल कुमार , 67 भार वर्ग में शनि कुमार , 73 भार वर्ग में राज कुशवाहा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । प्रतियोगिता में मौजूद अतिथियों ने समस्त विजेता छात्रध्छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया ।

सभी भार वर्ग में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 23 बालक एवं 20 बालिका मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा राम किरण त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर खेल सचिव श्यामलाल , पूर्व सचिव चंद्र भूषण पांडेय , वीरेंद्र पांडेय , रामहित त्रिपाठी , राम प्रकाश त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सिराथू ब्लाक कार्यालय में बीडीओ ने की साप्ताहिक बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए पात्र व्यक्तियों के चयन का ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य पार्दर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करें। उक्त बातें खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ला ने सिराथू ब्लाक कार्यालय में ग्राम सचिवों से साप्ताहिक बैठक में कही।

बुधवार को सिराथू ब्लाक कार्यालय में साप्ताहिक बैठक में ग्राम सचिवों को बीडीओ भवेश कुमार शुक्ला ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लाभार्थियों के चयन हेतु शासन द्वारा जारी गाइड लाइन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की ग्राम पंचायतों में पंजीकरण हेतु विधिवत प्रचार प्रसार करते हुए योजना से संबंधित सभी सूचनाएं ग्राम के पंचायत भवन में चस्पा करायें। लाभार्थियों के चयन में शासन के गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण सर्वे करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजना में शामिल करने हेतु प्राथमिकता पर चयनित कर सूचीबद्ध करें। यह जरुर सुनिश्चित कर लें की किसी अपात्र व्यक्ति का चयन पंजीकरण के लिए ना हों। ग्राम पंचायतों से शिकायत मिलने पर संबंधित ग्राम सचिवों की जबाब देही तय करते हुए प्रभावी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में एडीओ पंचायत विश्व बन्धु, एपीओ अशोक कुमार सहित राहुल सिंह , बृजेश सिंह , पुरन चंद्र , राजमणि भारतीय , प्रदीप सरोज सहित ग्राम पंचायतों के सचिव मौजूद रहे।

## जिला समाज कल्याण अधिकारी ने वृद्धाश्रम का किया आकस्मिक निरीक्षण

### ▶▶ प्रत्येक मंगलवार को लगता है स्वास्थ्य शिविर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बुधवार को मुख्यालय से सटे ओसा स्थित वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण कर वृद्धा आश्रम में मिलने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोई घर, निवास स्थल, भोजन करने के स्थल सहित भण्डार कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के प्रबन्धक आलोक राय को निर्देशित किया कि गुणवत्ता परक खाद्य सामग्री वृद्धजनो को उपलब्ध कराए। निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ सफाई व्यवस्था से अधिकारी संतुष्ट दिखें।

प्रबन्धक आलोक राय को उन्होंने निर्देशित किया कि समय-समय पर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए। साथ ही बुजुर्गो से आश्रम में मिल रहीं सुविधाओं के बारे में भी पूछा जिस पर बुजुर्गो ने अच्छे तरीके से देखभाल किए जाने की बात कहीं। प्रबन्धक ने बताया कि आश्रम में मौजूद बुजुर्गो का संयुक्त जिला चिकित्सालय के अधीक्षक द्वारा प्रत्येक मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बुजुर्गो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां भी वितरित की जाती है।

## गैस सिलेंडर से लदे ट्रक में पीछे से भिड़ी कंटेनर, आधा दर्जन जख्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू/ भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर गैस सिलेंडर लदे ट्रक में अनियंत्रित कंटेनर पीछे से भिड़ गया हादसे में चालक सहित कंटेनर में सवार आधा दर्जन के करीब लोग जख्मी हो गए। हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।



बताया जाता है की कानपुर जनपद के पनकी निवासी प्रवीण पुत्र बृजराज सिंह ट्रक चालक है, प्रवीण बुधवार की भोर ट्रक ने पनकी से गैस सिलेंडर लादकर प्रयागराज जा रहा था , ट्रक जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर पहुंचा तभी लगभग तीन बजे भोर में कानपुर की ओर से पीछे से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर गैस सिलेंडर लदी गाड़ी में भिड़ गया हादसे ने कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गया और कंटेनर में सवार चालक सहित लगभग आधा दर्जन के करीब लोग जख्मी हो गए।

घायलों में कंटेनर चालक धनंजय मौर्य , कानपुर देहात के सेमरा निवासी अरविंद कुमार पुत्र साहूकार 25 वर्ष , उन्नाव निवासी विवेक कुमार पुत्र राजेश 35 वर्ष , अजय कुमार 20 वर्ष , आनंद कुमार 24 वर्ष , कानपुर देहात के डेरा निवासी राहुल सिंह पुत्र गंभीर सिंह जख्मी हो गए।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां राहुल सिंह , कंटेनर चालक धनंजय मौर्य गंभीर बताए जा रहे है।

## सिराथू कस्बे में स्वास्थ विभाग की टीम ने खिलाया फाइलेरिया की दवा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिराथू के अधीक्षक डा औचित्य सिंह के निर्देश पर बुधवार को स्वास्थ विभाग की टीम ने सिराथू कस्बे में फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया।सीएचसी अधीक्षक डॉ0 औचित्य सिंह के निर्देश पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ति गीता देवी , आशा बहू व एएनएम के साथ सिराथू कस्बे के वार्ड नं एक व चार में लोगो को फाइलेरिया का दवा का सेवन कराया । बताते चले की (एमडीए) कार्यक्रम के तहत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया की दवा डीईसी व पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल का सेवन करा रही हैं। बुधवार को टीम ने दवा खिलाने के बाद बताया की साल में एक बार दवा का सेवन करने से फाइलेरिया रोग से बचाव होता है।

## दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हौसले की जरूरत





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, (कौशाम्बी)।** बीआरसी कड़ा में बुधवार को दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों की परामर्श कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव के संरक्षण में संचालित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्पेशल एजुकेटर पुष्पेंद्र द्विवेदी ने दिव्यांग बच्चों में होने वाले दिव्यांगत के कारण, प्रकार और बचाव के संबंध में उपस्थित अभिभावकों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया। उन्होंने कहा की दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह ही होते है उन्हे किसी भी प्रकार से कमतर न आंका जाय। ऐसे बच्चों के साथ मिलकर उन्हें आगे बढ़ाने का हौसला देना चाहिए और उनकी देखभाल कर उनकी आवश्यकतों की पूर्ति करते हुए उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे ऐसे बच्चे भी जीवन की मुख्य धारा में जुड़ सके। कार्यक्रम में एआरपी प्रभाकर मिश्र और नीता मिश्र भी उपस्थित रहते हुए बच्चों के संबंध में जानकारी प्रदान किया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 43 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## नाला निर्माण में मानक की अनदेखी की शिकायत पर जांच के लिए पहुंचे अपर मुख्य अधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव में जिला पंचायत निधि से नाला निर्माण के लिए प्रस्तावित था। लगभग बीस लाख की लागत से करीब 450 मीटर लंबा बन रहे नाला निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक की अनदेखी की जा रही थी , जिसको लेकर गांव के ही निर्भय राज सिंह , उदय प्रताप सिंह ने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह से शिकायत किया था।



शिकायत को संज्ञान में लेते हुए अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह बुधवार को अवर अभियंता अरुण कुमार भारती व सना खान के साथ गांव पहुंचे जहां उन्होंने नाला निर्माण की गहनता से जांच पड़ताल की । जिसके बाद अपर मुख्य अधिकारी ने गुणवत्ता की जॉच हेतु जेई सना असद को निर्देशित किया कि जिस जगह पर नाले खामियां हैं उसको तुड़वाकर दोबारा निर्माण कराया जाए और उसके फोटोग्राफ भी जिला पंचायत की अभियंता को उपलब्ध कराया जाए और एक सप्ताह के अंदर नाले की फिनिशिंग नहीं की गई तो संबंधित ठेकेदार व जेई खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी और ठेकेदार का भुगतान किसी हालत में न किए जाने का अल्टीमेटम दिया । इसी क्रम में घटमापुर चौराहे में लगे हाई मास्क पर उसके गुणवत्ता को लेकर कुछ समाचार पत्रों में खबर छापी गई थी जिला पंचायत से लगाया गया मार्क्स गुणवत्ता बिहीन है जिस पर अपर अधिकारी ने बताया कि धानापुर चौराहे पर लगाया गया हाई मार्क्स जिला पंचायत से नहीं है वह विधायक निधि लगाया गया जिससे जिला पंचायत को कोई लेना-देना नहीं है।

## सपा सांसद ने सर्किट हाउस में की जनसुनवाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सपा सांसद पुस्पेंद्र सरोज ने बुधवार को सिराथू विधानसभा क्षेत्र के सयारा में स्थित सर्किट हाउस परिसर में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। इस दौरान सांसद पुस्पेंद्र सरोज ने प्रशासनिक अधिकारियों को समाधान के लिए फोन पर निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान सांसद ने आश्वस्त किया कि कौशाम्बी की सभी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा और कार्य योजना बनाकर जनपद का समग्र विकास करेंगे। इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव आनंद मोहन सिंह पटेल , जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव , विधानसभा अध्यक्ष शहनवाज अहमद , अजय मौर्य , प्रदीप चौधरी , कमलेंद्र सिंह सेंगर , राजू पासी सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

### सपा सांसद का स्वागत भरवारी में आज

भरवारी, कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी में कौशाम्बी सांसद पुष्पेंद्र सरोज के प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह 29 अगस्त बृहस्पतिवार को दोपहर 02 बजे लखन लाल गेस्ट हाउस मेहता रोड भरवारी मे होगा।

स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज सदर विधायक मंझनपुर होंगे। कार्यक्रम की जानकारी कैलाश चंद केसरवानी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी ने दी। कैलाश चंद केसरवानी ने नगर व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि स्वागत समारोह में पहुंचकर सांसद जी के विचारों को सुने।

## सम्पादकीय

# पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा

बतौर प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल में यह धारणा टूट गई है कि नरेंद्र मोदी दृढ़ संकल्प वाले नेता हैं और वे किसी फैसले को वापस नहीं लेते हैं। इस कार्यकाल में सामने यह आया है कि सरकार चलती रहे, इस तकाजे के कारण वे किसी अन्य नेता की तरह ही व्यवहार करते हैं। इसका ताजा उदाहरण उच्च नौकरशाही में लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को वापस लेने का प्रकरण है। इसके पहले वक्फ़ बोर्ड विधेयक, पूंजीगत लाभ टैक्स में बढ़ोतरी, और कथित सेकुलर कानून लाने का इरादा जताने के बाद एनडीए समन्वय समिति की बैठक बुलाने की तत्परता से ये रुझान जाहिर हुआ है। पिछले चार जून को आए चुनाव नतीजों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपनी ताकत निरंतरता की धारणा बनाने में झोंकी। मगर सिर्फ ढाई महीनों में जाहिर हो गया है कि नए बने संसदीय समीकरण के बीच फैसलों को स्ट्रीमरोल करने का पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा है। लोकतांत्रिक नजरिए से इसे सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा। बहरहाल, यह लेटरल एंट्री के मुद्दे पर सरकार को सियासी झटका भले लगा हो, लेकिन इससे इस नीति में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है।दरअसल, इसके जरिए 45 पदों की भर्ती के लिए निकले विज्ञापन का विरोध करने वाले विपक्षी दलों को नीतिगत रूप से भर्ती के इस तरीके पर कोई एतराज रहा भी नहीं है। ÷कुशलता÷ और ÷प्रतिभा÷ से संबंधित तर्कों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में कोई मतभेद नहीं है। जबकि इन्हीं तर्कों से नीति निर्माण की सारी प्रक्रिया कॉरपोरेट सेक्टर के हाथ में दे दी गई है। गौरतलब है कि विपक्ष ने जारी विज्ञापन में आरक्षण ना होने का भावनात्मक मुद्दा उछाला। भारत में गुजरे तीन दशकों सारी सियासी बहस और गोलबंदी जातीय या सांप्रदायिक मुद्दों के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। इन दोनों तरह के मुद्दों पर राजनीतिक ध्रुवीकरण होने की संभावना लगातार बनी रहती है। इसे समझते हुए ही केंद्र ने अपने कदम में सुधार का फैसला किया है। यह साफ कहा गया है कि लेटरल एंट्री में जातीय आरक्षण का प्रावधान कर नए सिरे विज्ञापन जारी होगा। जाहिर है, विपक्ष को तब कोई आपत्ति नहीं होगी।

**अनमोल वचन**

**"सलाह हारे हुए की, तजुर्बा जीते हुए का और दिमाग खुद का इंसान को कभी हारने नही देता।"**

# भाजपा को राज्यसभा में बहुमत का था इंतजार , अब पास होंगे अटके बिल



**अशोक भाटिया**

राज्यसभा के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा के नौ और सहयोगी दलों के दो सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन होने के बाद सत्तारूढ़ एनडीए सदन में बहुमत के आंकड़े तक पहुंच गया। नौ और सदस्यों के जुड़ने के साथ राज्यसभा में भाजपा की ताकत 96 तक पहुंच गई है वहीं एनडीए 112 पर पहुंच गया है। निर्विरोध निर्वाचित होने वाले दो अन्य लोगों में एनडीए के सहयोगी एनसीपी अजित पवार गुट के नितिन पाटिल और राष्ट्रीय लोक मंच से उपेंद्र कुशवाहा शामिल हैं।सत्तारूढ़ गठबंधन को छह नामांकित और एक निर्दलीय सदस्य का भी समर्थन हासिल है।वहीं कांग्रेस का भी एक सदस्य निर्वाचित हुआ है, जिससे राज्यसभा में विपक्ष की संख्या 85 हो गई।राज्यसभा में 245 सीटें हैं, हालांकि वर्तमान में आठ सीटें खाली हैं। चार जम्मू-कश्मीर से और चार मनोनीत। सदन की मौजूदा सदस्य संख्या 237 के साथ बहुमत का आंकड़ा 119 है। निर्विरोध चुने गए भाजपा उम्मीदवारों में असम से मिशन रंजन दास और रामेश्वर तेली, बिहार से मनन कुमार मिश्रा, हरियाणा से किरण चौधरी, मध्य प्रदेश से जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र से धिर्य शील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता, त्रिपुरा से भट्टाचार्जी और राजस्थान से रवनीत सिंह बिट्टू और राजीव शामिल हैं।एनडीए पिछले एक दशक से राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा हासिल करने की कोशिश कर रहा था । जिससे उसके लिए विधेयकों को पारित कराना और आसान हो जाएगा।पिछले कुछ सालों में, विपक्ष की बड़ी संख्या अक्सर विवादास्पद सरकारी विधेयकों को उच्च सदन में रोके रखती थी। उनमें से कुछ को नवीन पटनायक की बीजू जनता दल और वाईएस जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस जैसे गुटनिरपेक्ष दलों की मदद से पारित किया जा सका है।लेकिन अब, दोनों पार्टियां अपने-अपने राज्यों में सत्ता खो चुकी हैं, एक भाजपा के हाथों और एक उसके सहयोगी चंद्रबाबू नायडू के हाथों। इसीलिए उनके समर्थन को लेकर अब भरोसा नहीं किया जा सकता है।

बहुमत का आंकड़ा छूने के बाद अब भाजपा को महत्वपूर्ण बिल पारित कराने के लिए बीजेडी, वायएसआर कांग्रेस, बीआरएस और एआईएडीएमके पर निर्भर नहीं रहना होगा।

राज्यसभा में बहुमत हासिल करने के लिए एनडीए एक दशक से लगातार प्रयास कर रहा है, ताकि महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने के लिए बीजू जनता दल (बीजेडी), वाईएसआर कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और एआईएडीएमके जैसी पार्टियों पर निर्भरता खत्म हो जाए। दरअसल, पिछले कुछ सालों से उच्च सदन में विपक्ष का बोलबाला देखने को मिल रहा था। विपक्ष की बड़ी संख्या अक्सर विवादास्पद सरकारी विधेयकों को पारित करवाने से रोके रखती थी। सरकार ने कई विधेयकों को नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी और वाईएस जगनमोहन रेड्डी की



वाईएसआर कांग्रेस की मदद से पारित करवाया है। हालांकि, अब राजनीतिक हालात बदल गए हैं। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी सत्ता से बाहर हो गई है। दोनों ही राज्यों में भाजपा और एनडीए की सरकार है।

ऐसे में दोनों ही दलों के सदन में समर्थन को लेकर संशय बना हुआ है।इसके साथ ही कांग्रेस के लिए अच्छी खबर यह है कि वो राज्यसभा में विपक्ष के नेता का पद बरकरार रखेगी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता के लिए 25 सदस्यों की जरूरत होती है। कांग्रेस के पास बहुमत से दो ज्यादा सदस्य हो गए हैं।भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को लोकसभा के बाद अब राज्यसभा में भी स्पष्ट बहुमत हासिल होने से पार्टी नेता गदगद हैं। राज्यसभा में स्पष्ट बहुमत मिलने से एनडीए सरकार को वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे प्रमुख कानूनों पर मुहर लगवाने में सफलता मिल जाएगी। हाल ही में बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 और बॉयलर्स विधेयक, 2024 पेश किया गया था। इन दोनों विधेयकों पर अभी उच्च सदन से मुहर लगना बाकी है। इस बजट सत्र में राज्यसभा ने जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2024, विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2024 और वित्त (सं।2) विधेयक, 2024 विधेयक पर मुहर लगाई है। जबकि वक्फ संपत्तियां (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली), विधेयक, 2014 को राज्य सभा से वापस लिया गया है। उच्च सदन में बहुमत हासिल होने के बाद एनडीए सरकार को विधेयक पारित करवाने में अड़चन का सामना नहीं करना पड़ेगा। बजट सत्र में सरकार ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक समेत 12 नए विधेयक पेश किए। इनमें चार बिल वित्त विधेयक, 2024, विनियोग विधेयक, 2024, जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2024 और भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 पारित हुए हैं। राज्यसभा में भाजपा के सहयोगियों में अन्नाद्रमुक, जद(यू), जद (एस), आरपीआई(ए), शिवसेना, राकांपा, रालोद, एनपीपी, पीएमके, तमिल मनीला कांग्रेस, यूपीपीएल शामिल हैं।असम में कामाख्या प्रसाद ताशा और सर्वानंद सोनोवाल, बिहार में मीसा भारती और विवेक ठाकुर, हरियाणा के दीपेंद्र हुड्डा, मध्य प्रदेश के ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया, महाराष्ट्र से छत्रपति उदयन राजे भोसले, पीयूष वेद प्रकाश गोयल, राजस्थान से केसी वेणुगोपाल और त्रिपुरा से बिप्लब देव के इस्तीफे के बाद 10 सीटें खाली हुई थीं। इन सभी सदस्यों ने लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है। वहीं, तेलंगाना के केशवराव और ओडिशा की ममता मोहंता ने इस्तीफे दिया, जिसके बाद इन खाली हुई सीटों पर चुनाव हुए हैं।राज्यसभा के उपचुनाव से पहले भाजपा का असम-महाराष्ट्र में दो-दो, मध्य प्रदेश, बिहार, त्रिपुरा में एक-एक सीट पर कब्जा था। उपचुनाव में भाजपा को चार सीटों का फायदा पहुंचा है।

हरियाणा-राजस्थान में कांग्रेस का एक-एक और बिहार में आरजेडी का एक सीट पर कब्जा था। कांग्रेस और आरजेडी को एक-एक सीट का नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने एक सीट तेलंगाना में जीत ली है। इसी तरह, तेलंगाना में बीआरएस का एक और ओडिशा में बीजेडी का एक सीट पर राज्यसभा सांसद था। तेलंगाना में के। केशवराज बीआरएस छोड़कर जुलाई में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जबकि ओडिशा की ममता मोहंता बीते माह ही बीजेडी छोड़कर भाजपा में शामिल हुई हैं।राज्यसभा में 250 सदस्य होते हैं। इनमें से 238 सदस्य चुने जाते हैं। बाकी 12 सदस्यों को राष्ट्रपति नॉमिनेट करते हैं। किस राज्य से कितने राज्यसभा सदस्य होंगे, ये वहां की आबादी के आधार पर तय होता है। वर्तमान में राज्यसभा में भाजपा के 96, जेडीयू के 4, एनसीपी के 3, जेडीएस का एक, आरएलडी का एक, आरपीआई का एक, शिवसेना का एक और राष्ट्रीय लोक मोर्चा का एक सदस्य है। विपक्ष में कांग्रेस के 27, टीएमसी के 13, आम आदमी पार्टी के 10, डीएमके 10, आरजेडी के 5, वाम मोर्चा के 6, समाजवादी पार्टी के 4, जेएमएम के 3, मुस्लिम लीग के 2, शरद पवार गुट के 2, उद्धव ठाकरे गुट के 2, केरल कांग्रेस(रू) का एक, स्ष्ठस्र्य का एक सदस्य हैं। वहीं, बीजेडी के 8, ,ठ्ठष्ठस्र्य के 4, बीआरएस के 4, ड्डस्त्रष्टक्क के 11, असम गण परिषद का एक, बसपा का एक, मिजो नेशनल फ्रंट का एक, एनपीपी का एक, पीएमके का एक, ञ्रस्ष्ट (रू) का एक, क्क्क(रु) का एक सदस्य है। नॉमिनेट की संख्या 6 है। निर्दलीय और अन्य की संख्या 3 है।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# बड़ी चुनौती साफ सुथरी सरकार

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन चरण में होने वाले मतदान के पहले चरण की अधिसूचना जारी हो गई है और नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही आतंकवादियों की ओर से चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के प्रयास भी चल रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से एक दिन पहले यानी 19 अगस्त को आतंकवादियों ने अपेक्षाकृत शांत और सुरक्षित माने जाने वाले उधमपुर इलाके में सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। असल में इस साल अप्रैल, मई में हुए लोकसभा चुनावों में जम्मू कश्मीर के लोगों के खुल कर शामिल होने और जम कर मतदान करने की परिघटना ने आतंकवादियों और सीमा पार बैठे उनके आकाओं को असहज कर दिया है। वे समझ नहीं पाए कि क्यों इतनी बड़ी संख्या में लोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। राज्य की सभी पांच लोकसभा सीटों पर औसतन 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ, जो एक रिकॉर्ड है।तभी लोकसभा चुनाव के बाद से ही सुरक्षा बलों पर हमले में तेजी आई, खासतौर से जम्मू के इलाके में, जिसे आमतौर पर शांत और सुरक्षित माना जाता है। अकेले जुलाई के महीने में सुरक्षा बलों पर 10 बड़े हमले हुए हैं, जिनमें कैप्टेन रैंक के अधिकारियों सहित कुल 15 जवान शहीद हुए। अगस्त में भी एक हफ्ते के अंतराल पर दो हमले हुए, जिसमें सेना के एक कैप्टेन और सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। ये हमले अनायास या अचानक नहीं हो रहे हैं। इनके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। तभी आशंका जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों और आम नागरिकों को भी निशाना बनाने वाले हमलों में बढ़ोतरी हो सकती है।इस लिहाज से चुनाव प्रक्रिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन और सुरक्षा बलों को हर स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा मुहैया करानी होगी और उनके मन में सुरक्षा की धारणा पुख्ता करनी होगी ताकि वे खुल कर चुनावी प्रक्रिया में शामिल हों। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का मतलब है कि बढ़ चढ़ कर चुनाव लडने वाले सामने आएं और मतदान करने के लिए भी लोग बेखौफ होकर निकलें। लोकसभा चुनाव से ज्यादा मतदान विधानसभा में हो तभी चुनाव आयोग की सफलता मानी जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की खबरों से लोगों का भरोसा टूटेगा और सारी कवायद विफल हो जाएगी।जम्मू कश्मीर में चुनाव की दूसरी चुनौती सनातन है। लम्बे समय से वहां स्थिर और पूर्ण बहुमत वाली सरकार नहीं बनी है। हर बार गठबंधन की सरकार बनती है क्योंकि चुनाव हमेशा बहुकोणीय होता है, जिसमें किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिलता है। इस बार भी चुनाव से पहले राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह से बंटा हुआ दिख रहा है। पांच साल पहले जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद पार्टियों में जो राजनीतिक एकता दिखी थी वह पांच साल में समाप्त हो गई है। गुपकर एलांयस नाम की कोई चीज अब मौजूद नहीं है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस तीनों अलग अलग ताल ठोंक रहे हैं, जिन्होंने नवंबर 2018 में साथ मिल कर सरकार बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इनके अलावा सज्जाद लोन की %पीपुल्स कॉन्फ्रेंस', गुलाम नबी आजाद की प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी और अल्ताफ बुखारी की %अपनी पार्टी' की भी तैयारी है। भाजपा जो पिछली बार दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी वह ज्यादा बड़ी तैयारी के साथ चुनाव में उतरेगी। इस बहुकोणीय मुकाबले में किसी पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल प्रतीत होता है। त्रिशंकु विधानसभा में कैसी सरकार बनेगी और वह कितनी स्थिर होगा और लोगों का कितना भला कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी।तीसरी चुनौती अलगाववादी ताकतों से है। लोकसभा चुनाव में बारामूला लोकसभा सीट के नतीजे से इस खतरे की आशंका स्पष्ट दिख रही है। निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर शेख राशिद ने इस सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक उमर अब्दुल्ला को हरा दिया। वह भी तब जबकि शेख राशिद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल से चुनाव लड़ा और उनके दो बेटों ने चुनाव की कमान संभाली।

शेख राशिद उग्र अलगाववादी विचारों के हैं और इसलिए जेल में बंद हैं। बारामूला लोकसभा सीट पर लोगों ने उदार और लोकतांत्रिक उमर अब्दुल्ला की बजाय उग्र और अलगाववादी विचार वाले शेख राशिद को चुना। राशिद को 45.70 फीसदी वोट मिले, जबकि उमर अब्दुल्ला सिर्फ 25 फीसदी वोट हासिल कर पाए।यानी राशिद ने उनको 20 फीसदी के बड़े अंतर से हराया। जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन भी इस सीट से चुनाव लड़े थे और उनको भी 17 फीसदी के करीब वोट मिला था।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए किसी मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। साथ ही आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपका सम्मान बढ़ने से आपको खुशी होगी। किसी करीबी पर भरोसा करने से आपको समस्या हो सकती है.. सोच समझकर आगे बढ़ेंगे तो सब ठीक होगा। आज व्यापार कर रहे लोगों को काम में एक अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। |
| वृष | आज आपका दिन शानदार रहने वाला है।आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनकेघर जायेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे और खूब मेहनत भी करेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। |
| मिथुन | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आज आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे और घर के बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक काम में मन लगने से आपको मानसिक शांति भी मिलेगी और स्ट्रेस फ्री होकर काम भी करेंगे। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे। |
| कर्क | आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्च पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्व कांक्षाएं बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। आज आप धार्मिक कार्यो में रूचि लेंगे। |
| सिंह | आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे और भविष्य की कुछ योजनाओं पर बात-चीत भी करेंगे। आपके लिए कोई फैसला करना थोडा मुश्किल होगा लेकिन आपको भाई का साथ मिलने से आसानी होगी। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। किसी काम में अनुमान से ज्यादा धन लाभ होगा। |
| कन्या | आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यो के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में आलस्य की बजह से कमजोर रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके संबंध बेहतर रहेंगे इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी भावनाओं की कद्र होगी, लव मेट आज आपको कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसकी आप अपनी क्षमता के अनुसार मदद करेंगे। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो भी वह उन पर खरा उतरेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखें और आपको एक से अधिक स्रोतों से लाभ होने के योग बन रहे हैं। आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया अनुभव करेंगे इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आप काम को पूरा करने के लिए नए आईडियाज शामिल कर सकते हैं। आपके धन प्राप्ति के मार्ग में यदि कुछ बाधाएं आ रही थी, तो वह आज दूर होगी। |
| मकर | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। लम्बें समय से रूके हुए सरकारी कामों का आज निपटारा हो जायेगा। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। साझेदारी में किसी डील को फाइनल करना आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके औद्योगिक मामले सुधरेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि बनी रहेगी। आज आपके पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ आप किसी बड़ी डील को फाइनल करेंगे। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने व्यवसाय के कामों में कुछ कठिनाई तो होगी, लेकिन फिर भी आप पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। आज आपका कोई सपना साकार हो सकता है जिसकी चाह आपको कई वर्षों से थी। आज परिवार का कोई संपत्ति संबंधित विवाद सुलझ सकता है |

## हेल्थ टिप्स

# डेंटल प्रॉब्लम से परेशान हैं? तो इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज... हो सकता है कैंसर



दांतों से जुड़ी समस्याएं कई लोगों के लिए एक आम परेशानी है. लेकिन कई बार यह गंभीर बीमारी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं. मुंह, होंठ, जीभ और गले को प्रभावित करने वाले ओरल कैंसर को अक्सर कम गंभीर दांतों की समस्या समझ लिया जाता है. शुरुआती पहचान बहुत ज़रूरी है, इसलिए चेतावनी के संकेतों के बारे में पता होना काफ़ी फ़ायदेमंद हो सकता है. यहाँ ओरल कैंसर के पांच चेतावनी संकेत दिए गए हैं जिन्हें आपको नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए.

**1. लगातार मुंह के छाले**

कभी-कभार मुंह में छाले होना सामान्य बात है, खासकर तब जब आप गलती से अपना गाल काट लें या कुछ ऐसा खा लें जिससे आपके मुंह में जलन हो. हालांकि, अगर घाव दो सप्ताह से ज़्यादा समय तक बना रहे और ठीक न हो, तो यह मुंह के कैंसर का संकेत हो सकता है. उन घावों पर ध्यान दें जिनसे आसानी से खून बहता हो या असामान्य रूप से दर्द होता हो.

**2. गांठ या मोटे पैच**

अगर आपको अपने मुंह, जीभ या गले में गांठ या ऊतक का मोटा पैच दिखाई देता है जो ठीक नहीं होता है, तो इसकी जांच करवाना ज़रूरी है. ये सौम्य हो सकते हैं, लेकिन ये घातक ट्यूमर की उपस्थिति का संकेत भी दे सकते हैं.

**3. बिना किसी कारण के ब्लीडिंग**

जबकि मसूड़ों से कभी-कभार होने वाला ब्लीडिंग बहुत ज़ोर से ब्रश करने या मसूड़े की सूजन के कारण हो सकता है, लेकिन मुंह से बिना किसी कारण के ब्लीडिंग को कभी भी नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए. यह मुंह के कैंसर जैसी किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है, खासकर अगर यह बार-बार और बिना किसी स्पष्ट कारण के होता है.

**4. निगलने में कठिनाई या गले में लगातार खराश**

अगर आपको निगलने में कठिनाई होती है, गले में लगातार खराश रहती है या ऐसा लगता है कि आपके गले में लंबे समय से कुछ फंसा हुआ है, तो यह सिर्फ़ सामान्य सर्दी-जुकाम से ज़्यादा हो सकता है. ये लक्षण गले या अन्नप्रणाली में कैंसर का संकेत दे सकते हैं और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर द्वारा इसकी जांच की जानी चाहिए.

**5. आवाज़ में बदलाव**

दो हफ़्ते से ज़्यादा समय तक आवाज़ में कर्कशता या आवाज़ में बदलाव का मूल्यांकन डॉक्टर द्वारा किया जाना चाहिए. ये लक्षण मुंह या गले के कैंसर से जुड़े हो सकते हैं, खासकर अगर इसके साथ लगातार खांसी या गले में गांठ जैसा महसूस हो.

**ऐसी दिक्कतों से जूझ रहे हैं तो इन बातों का जरूर रखें ख्याल**

अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण महसूस होता है, तो जल्द से जल्द किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या दंत चिकित्सक से परामर्श करना ज़रूरी है. मुंह के कैंसर का जल्दी पता लगाने और उसका इलाज करने से सफल परिणामों की संभावना काफी बढ़ जाती है। समग्र मौखिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और संभावित समस्याओं को जल्दी पकड़ने के लिए नियमित रूप से दांतों की जाँच भी ज़रूरी है. अपने स्वास्थ्य के बारे में सक्रिय रहना और इन चेतावनी संकेतों पर ध्यान देना आपकी जान बचा सकता है. यदि कुछ भी असामान्य लगे तो चिकित्सीय सलाह लेने में संकोच न करें, पछताने से बेहतर है कि पहले से ही सुरक्षित रहें.

# भारत तिब्बत सहयोग मंच ने निकाली कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा

**● कैलाश मानसरोवर भारत का था और भविष्य में भारत का ही होगा - डॉ. इंद्रेश कुमार**
**● कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा का संदेश वैश्विक स्तर पर जायेगा - पंकज गोयल**



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा बेहद धूम-धाम से राजधानी दिल्ली में राजघाट से कश्मीरी गेट तक निकाली गई। इस यात्रा में साधु-संतों, जैन-मुनियों, बौद्ध भिक्षुओं की गरिमामयी उपस्थिति में काफी संख्या में शिव भक्त, मंच के कार्यकर्ता एवं आम जनता की भागीदारी रही। यात्रा का शुभारंभ कैलाशपती की आरती करके हुआ। जिसमे प्रमुख रूप से श्रीमहंत विवेकानंद ब्रह्मचारी जी महाराज, शारचहे खेन्सुर रिन्पोछे जांगछुप छोदेन जी (महासचिव इन्टरनेशनल बुद्धिस्ट कनफेडरेशन दिल्ली), स्वामी शिवांग जी महाराज, स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, आचार्य याशी फुनचोक जी, जैन मुनि ज्योतिषचार्य प्रमोद जी, महंत मंगल पांडे जी, विनोद बंसल जी, पूर्व महापौर जत्थेदार सरदार अवतार सिंह जी, पंकज गोयल जी, श्री अनिल मोंगा जी आदि उपस्थित थे।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार जी ने उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कहा कि कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा के द्वारा कैलाश मानसरोवर की मुक्ति हेतु आंदोलन की शुरुआत हो चुकी है। मानसरोवर की मुक्ति के लिए जब आंदोलन की शुरुआत हो चुकी है तो अंजाम तक भी पहुंचेगी। कैलाश मानसरोवर भारत का था और भविष्य में भारत का ही होगा। डॉ. इंद्रेश कुमार जी ने कहा कि यदि हम सोये रहे तो बदकिस्मती दरवाजे तक आ ही जाएगी। इसलिये हम सभी लोगों को सतत जागते रहना होगा। हिंदी-चीनी भाई-भाई के बदले यदि ष्हिंदी - तिब्बती भाई-भाई का नारा लगाया गया होता तो स्थिति कुछ और ही होती। किंतु हमें पूरा विश्वास है कि मानसरोवर की मुक्ति हम सभी को जरूर देखने को मिलेगी। भारत-तिब्बत सहयोग मंच के कार्यकर्ता जन जागरण अभियान में जितना अधिक लगेंगे, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति का मार्ग उतना ही खुलता जाएगा। मंच के प्रयासों एवं जन जागरण अभियान से नापाक चीन के मंसूबे निश्चित ही ध्वस्त होंगे। इस अवसर पर इंद्रेश जी ने कई नारे लगवाए, जिसमें एक बहुत ही महत्वपूर्ण नारा था, हिंदी-तिब्बती भाई-भाई। मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी ने ठान लिया है कि कैलाश मानसरोवर को मुक्त कराना है। तिब्बत की आजादी का मुद्दा वैश्विक स्तर पर लगभग समाप्त हो चुका था किंतु इंद्रेश जी के मार्गदर्शन में पिछले 25 वर्षों से सतत कार्यरत मंच ने तिब्बत के मामले को पूरे प्रभावशाली तरीके से भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष उभारा है। तिब्बत की आजादी को लेकर अब पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। तिब्बत की आजादी के साथ-साथ कैलाश मानसरोवर की मुक्ति भी हमारा प्रमुख मुद्दा है। श्री गोयल ने कहा कि कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा का संदेश वैश्विक स्तर पर जाएगा। मुझे इस बात की बेहद प्रसन्नता है कि मंच के कार्यकर्ता जिस जोश-जुनून के साथ लगे हैं, उसके सुखद परिणाम हमें अति शीघ्र देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर जैन मुनि आचार्य प्रमोद ने कहा कि कैलाश मानसरोवर सनातनियों के साथ-साथ जैन एवं सिख धर्म के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जी का निर्वाण कैलाश मानसरोवर में ही हुआ था । इस दृष्टि से जैन धर्म के लिए कैलाश मानसरोवर बेहद ही पूजनीय स्थान है। कैलाश मानसरोवर की मुक्ति होनी ही चाहिए।। श्री शिवांश महाराज जी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि यदि एक कदम मंजिल की तरफ बढ़ाया जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। कैलाश मानसरोवर की मुक्ति को लेकर हमारे बीच अब जागृति आ चुकी है। सफलता तो मिलनी ही है। वैसे तो यह काम पहले ही हो जाना चाहिए था किंतु जब जागे, तभी सवेरा। इंटरनेशनल बौद्धिष्ट कनफेडरेशन के महामंत्री खैनसुर रिमपोछे जी ने कहा कि मेरी नानी का जन्म कैलाश मानसरोवर की बगल में हुआ था किंतु आज तक वहां जाकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने का मौका नहीं मिला। चूंकि, कैलाश मानसरोवर अब चीन के कब्जे में है। मेरा मंच के कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि अपने मिशन में लगे रहें , सफलता जरूर मिलेगी।भगवान ऋषभदेव जी की जन्मस्थली अयोध्या से चलकर आये रथ के दिल्ली संयोजक श्री विजेंद्र जैन जी ने कहा कैलाश मानसरोवर की मुक्ति का आगाज हो चुका है, बहुत जल्दी चीन से कैलाश की मुक्ति भी होगी कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा के पहले चंद्र उदासीन हरिहर आश्रम में प्रसाद (भोजन) की व्यवस्था रही। यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ से संबंधित कई झांकियां भी रहीं। पूरी यात्रा के दौरान कैलाश मानसरोवर मुक्ति के नारे लगते रहे। लोगों में अपार जोश जुनून देखने को मिला। यात्रा की समाप्ति के बाद कश्मीरी गेट स्थित अग्रसेन पार्क में आयोजित कार्यक्रम का संचालन मंच के दिल्ली प्रांत के महामंत्री श्री ललित जादौन ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार एवं धन्यवाद मंच के राष्ट्रीय मंत्री श्री अनिल मोगा जी ने किया। कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा में मनोनीत पार्षद मनोज जैन भाजपा नेता सुमन गुप्ता जी, श्रवण कुमार जैन जी, मंच के क्षेत्र संयोजक मनोज श्रीवास्तव जी,चौधरी मांगेराम जी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दीपक शर्मा जी, श्री के. डी. सुभाष जी, मनोज तेवतिया जी, प्रांत महामंत्री संजय शर्मा जी, श्रीमती आभा जैन जी, मनीष गर्ग जी, हीरा सिंह भंडारीजी, अमित गोयल जी, राजन कपूर जी, सुश्री रीता सिंह पासवान जी, श्रीमती मोहनजीत कौर जी, नितिन गोयल जी सचिन जैन जी, श्रीमती बबिता सैनी जी, श्रीमती कुसुम गोला जी, शिवशंकर शर्मा जी, मृदुल गर्ग जी, विकास गोयल जी, कपिल श्रीवास्तव, डा. पूनम गुप्ता एडवोकेट मोनिका मार्कन डा. विमला सिंह सहित काफी संख्या में मंच के कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों की गौरवमयी उपस्थिति रही।

# जी0जी0आई0सी0 में कला उत्सव 2024 का भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम हुआ संपन्न

**▶▶ जनपद स्तरीय कला उत्सव में छात्र एवं छात्राओं ने बिखेरा जलवा**
**▶▶ 23 छात्र-छात्राएं मण्डल के लिए हुए चयनित**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आज राष्ट्रीय कला उत्सव का जनपदीय कला उत्सव का कार्यक्रम जी0जी0आई0सी0 प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ । विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उक्त कला उत्सव में प्रतिभाग किया। अपने संबोधन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहाकि कला उत्सव मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली की एक पहल है। जिसका उद्देश्य देश में माध्यमिक स्तर पर कक्षा 9 से 12 तक के सभी बोर्ड के विद्यार्थियों में कलात्मक प्रतिभा को पोषित करना एवं प्रदर्शित करके शिक्षा में कला को बढ़ावा देना है ।

कला उत्सव के जनपदी नोडल अधिकारी एवं उप प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद अनीस में बताया कि स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ,शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 2015 से प्रारंभ की गई एक नई पहल है जिसका उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा विभाग की कक्षा 9 से 12 तक की समस्त बोर्ड के विद्यार्थियों की कलात्मक योग्यता एवं प्रतिभा को पहचानना, उन्हें पोषित करना एवं प्रस्तुत करना और उन्हें शिक्षा में तथा कला में बढ़ावा देना है। कला शिक्षा, संगीत, नाटक, दृश्य कला, एवं ललित कलाओं के संदर्भ में की जा रही यह नई पहल राष्ट्रीय पाठ्यचर्या



रूपरेखा की 2005 की अनुशंसा पर आधारित है। यह स्कूल में कलाओं की उत्सव की पहल है जो हर वर्ष की जा रही है। जनपद स्तरीय कला उत्सव के मुख्य संरक्षक आदरणीय श्री ओमकार राणा, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा माध्यमिक जनपद प्रतापगढ़ है। आपके नेतृत्व में जनपद स्तरीय कला उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ । जनपद के बाद मंडल, मंडल के बाद राज्य, और राज्य के बाद राष्ट्रीय स्तर पर कला उत्सव का आयोजन होगा। इसमें 12 विधाओ पर छात्र-छात्राओं को अपनी प्रस्तुति देनी है। प्रत्येक विद्यालय से एक छात्र और एक छात्रा इन सभी विधाओं में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रत्येक विधाओं में एक छात्र और एक छात्रा प्रथम स्थान पर चयनित किए जाएंगे। जो कि मंडल स्तर की कला उत्सव में सितंबर महीने में प्रतिभाग करेंगे। 12 विधाएं निम्न प्रकार से है - संगीत गायन, शास्त्री संगीत, संगीत गायन पारंपरिक लोक संगीत, संगीत वादन अवनद्ध वाद, संगीत वादन स्वर वाद्य, नृत्य शास्त्री, नृत्य चमवचसम नृत्य, दृश्य कला दो आयामी, दृश्य कला त्रिआयामी, स्थानीय खिलौने एवं खेल, नाटक एकल, स्टोरी टेलिंग, और नौटंकी। जनपद के विजेता प्रतिभागी मंडल स्तरीय कला उत्सव में सितंबर 2024 में अपने गाइड शिक्षक के साथ प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रहे आर0पी0 सरोज, सहजिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रामपुर कांपा, प्रतापगढ़ रहे । कार्यक्रम के आयोजक श्रीमती गीता प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ जो कि इस कला उत्सव कीआयोजक रहीं तथा रंजन प्रताप, समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक जनपद प्रतापगढ़ रहे। सम्मानित निर्णायक मंडल में रहे डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, नीरू श्रीवास्तव, विजय कुमार शर्मा, सबीहा अब्बास नकवी, एस0 बी0 सिंह, मिथिलेश सिंह,आदि रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रहे, डॉ0 कल्पना, सविता सिंह पूनम सिंह, प्रतिमा मिश्रा एवं आनन्द मोहन ओझा आदि उपस्थित रहे।

# ढिंगवश में जल भराव की समस्या से ग्रामीणों को मिली निजात

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** पंचायत चुनाव के दौरान प्रत्याशी विकास करने कि तमाम बड़े बड़े वादे करते हैं। विकास करने की बात करके चुनाव जीत जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद ज्यादा तर प्रधान गांव में विकास करने के वादों को भूलकर सिर्फ अपना विकास करने में लग जाते हैं। जनता से बड़े बड़े वादे कर के दूर्भाग्यपूर्ण प्रधान बनने वाले प्रधानों का सब से पहला शौक है लग्जरी कार,व लग्जरी घर होना। जनता से किए वादों को भूलकर सिर्फ अपना विकास करना लक्ष्य होता है । ऐसे प्रधानों को दुबारा जनता चुनाव में ऐसा जवाब देती है कि भविष्य में दुबारा प्रधान बनना मुश्किल होता है।ऐसा भी प्रधान है जो कि दिन रात मेहनत करके ग्राम पंचायत में भ्रमणशील रहकर जरूरत मंदों की मदद करने में हमेशा तत्पर रहते हैं। इसका जीता जागता उदहारण है बाबागंज विधानसभा के



ऐतिहासिक ग्राम पंचायत ढिगवश के वरिष्ठ समाजसेवी ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी दिन रात मेहनत करके ग्राम पंचायत में जनता के बीच जाकर हरसंभव जरूरत मंदों की मदद करने में हमेशा तत्पर रहते हैं। गांव में विकास कार्यो को तेजी से करा कर आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का प्रयास लगातार श्री तिवारी द्वारा किया जा रहा है।लोगों ने बताया कि पूरे ठाकुर राम गांव और डिहवा में हमेशा गंदगी व जल भराव बना रहता था। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों कि समस्याओं को देखते हुए वरिष्ठ समाजसेवी प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी ने दोनों गांव को सीसी रोड बना कर जोड़ने का कार्य किया । अब दोनों गांव में जल भराव जैसी कोई समस्या नहीं होगी।

# विन्देश्वरी पटेल बने जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष, खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अगई निवासी विन्देश्वरी पटेल को जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी देखी गयी। किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की संस्तुति पर पूर्व प्रधान विन्देश्वरी पटेल को जिला इकाई के किसान प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, पप्पू तिवारी, पूर्व जिपंस अवधेश पटेल, रामसिंह पटेल, दयाराम वर्मा, जीतलाल वर्मा, श्रीराम वर्मा, श्याम लाल वर्मा, शिवदुलारे यादव आदि ने विन्देश्वरी के चयन को लेकर विधायक मोना व सांसद प्रमोद तिवारी का आभार जताया।

# मण्डलीय विराट क्षत्रिय सम्मेलन पहली सितंबर को

**▶▶ पूर्व डीजीपी यशपाल सिंह होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आगामी पहली सितंबर को प्रताप गढ़ में अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद द्वारा मण्डलीय विराट सम्मेलन का आयोजन प्रीमियम मैरेज हॉल गाय घाट रोड जानकी पुरम में प्रस्तावित है। यह जानकारी आज यहां अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण के जानकी पुरम स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित एक बैठक में जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक तथा संगठन के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह ने दी।

जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह बताया कि कार्य क्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय



कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह विशिष्ट अतिथि कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक हरदोई गंगा सिंह चौहान तथा अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सूर्य बली सिंह पुलिस उपाधीक्षक होंगे। द्वीप प्रज्वलन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत सिंह पूर्व आईजी होमगार्ड करेंगे

बैठक में जिला अध्यक्ष रामलखन सिंह ने बताया कि विराट मण्डलीय क्षत्रिय सम्मेलन पहली सितंबर 24 को पूर्वाह्न 11बजे प्रीमियम मैरेज हॉल में प्रारंभ होगा। सम्मेलन में अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद में सक्रिय योगदान करने वाले दस पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित करने का कार्य क्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राणा सुबेदार सिंह चौहान राज भवन मेंढावा राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह अयोध्या होंगे। मण्डलीय कार्य क्रम में वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयाग राज, जौनपुर, कौशांबी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, अयोध्या तथा प्रताप गढ़ के जिला अध्यक्ष, महासचिव, नगर अध्यक्ष मीडिया प्रभारी तथा जिले के 500 क्षत्रिय बंधुओं को आमंत्रित किया गया है बैठक में प्रीमियम मैरेज हॉल के प्रोपराइटर व संगठन के जिला कोषाध्यक्ष विनय सिंह तथा डा विशाल सिंह जीएस हॉस्पिटल रानीगंज अजगरा को विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया बैठक में जिला तथा नगर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

अन्त में जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह संगठन के सभी पदाधिकारियों से मण्डलीय विराट क्षत्रिय सम्मेलन को सफल बनाने का आवाहन किया नगर अध्यक्ष आर बी सिंह पूर्व सहायक निदेशक सूचना तथा मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाइक के टक्कर से फल विक्रेता की मौत



**देल्हूपुर प्रतापगढ़** –क्षेत्र के राम नगर गांव के मो जमील 50 वर्ष पुत्र मो लतीफ फेरी लगाकर फल बेचने का काम करता था।आज सायं तीन बजे फल बेचकर वापस लोटते समय हैंसी बाजार के समीप बुकनापुर मोड़ पर एक बाइक सवार ने टक्कर मार दिया तथा भाग निकला। सूचना पर पहुंचे परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मान्धाता ले गए। जहां पर डाक्टरों ने प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। प्रतापगढ़ जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिजन उन्हें घर लेकर वापस चले आये। उनके एक लड़का इस्लाम नाम का है जो मुम्बई में रहता है। घर पर शव पहुंचने पर रोना पीटना शुरू हो गया।

# जुझारू व स्वाभिमानी देशभक्त थे चंद्र दत्त सेनानी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जनपद के प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्व. चंद्रदत्त सेनानी की 40वीं पुण्यतिथि बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय श्री चंद्र दत्त सेनानी स्मारक न्यास द्वारा दिल्ली, लखनऊ व प्रतापगढ़ में उनको याद किया गया। जिले में सर्वप्रथम पलटन बाजार स्थित कैंप कार्यालय पर सुबह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंद्र दत्त सेनानी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन करते हुए माल्यार्पण किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। चंद्र दत्त सेनानी के जीवन वृत्त पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। कहा कि चंद्र सेनानी



अत्यंत जुझारू स्वाभिमानी देशभक्त थे। उन्होंने बचपन से ही स्वतंत्रता आंदोलन में भागीदारी शुरू कर दी थी। राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ में छात्र के रूप में ही उन्होंने यूनियन जैक को उतारकर तिरंगा फहरा दिया था। न केवल वह, बल्कि उनके भाई भी उनके साथ इस आंदोलन में भागीदार थे।

उन्होंने जीवनभर देश भक्ति, त्याग, ईमानदारी और स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में समाज को दिशा दी। श्रद्धांजलि सभा के के बाद राजा प्रताप बहादुर महिला एवं पुरुष के सभी वार्डो में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। श्रद्धांजलि सभा एवं फल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्र दत्त के पौत्र व उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता प्रथमेश मिश्र सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत नंदन ओझा, हड्डी सर्जन डा. सचिन, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा सुशील गौतम राजेश तिवारी, अरविंद शुक्ल, सुरेश शुक्ल, संतोष पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर रीना प्रसाद व डा. शैलेंद्र कुशवाहा, सुरेश त्रिपाठी, न्यास के प्रवक्ता अवधेश मणि त्रिपाठी, मुनीर अली, सुभाष कुमार, राम लखन, बसंत लाल राव, हरद्वारी लाल गौतम, राकेश गौतम आदि शामिल रहे।

# शिकायत पर नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ कार्रवाई

**कुंडा प्रतापगढ़।**नवाबगंज के कुशुवापुर स्थित संकल्प नर्सिंग के खिलाफ लोगों की शिकायत पर सीएमओ ने एक टीम का गठन किया था। जिसमें डिप्टी सीएमओ डा. राजेश कुमार व एआरओ रामगोपाल चौधरी को रविवार की शाम अचानक निरीक्षण के लिए भेजा था। जैसे ही स्वास्थ्य विभाग की यह टीम ने संकल्प नर्सिंग होम के अंदर कदम रखा था कि वैसे ही लोकल के नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम में एक भी डॉक्टर नहीं पाए गए। ,जब कि वहां डॉक्टरों की नेम प्लेट की लाइनों की भरमार थी, लेकिन मौके पर एक भी डॉक्टर नहीं पाए गए। साथ ही वहां पर नर्सिंग होम संचालक बीसी पीएम प्रमोद मौर्य भी मौजूद नहीं थे। मौके पर प्रमोद मौर्या की पत्नी बीपीएम उर्मिला मौर्य मौजूद रहीं।वह नर्सिंग होम के रजिस्ट्रेशन के कागज नहीं दिखा पाई। जब कि इस नर्सिंग होम में चार मरीज भर्ती थे, जिन्हें सीएचसी अस्पताल कालाकांकर में भर्ती के लिए एंबुलेंस बुलाया गया था, लेकिन मरीज अपनी जिद पर अडे रहे कि हम कहीं नहीं जाएंगे। इसके बाद एक कमरे में मरीज को छोड़कर बाकी कमरों को डिप्टी सीएमओ द्वारा सीज कर दिया गया। डिप्टी सी एमओ ने बताया की देर रात संग्रामगढ थाने में नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ बिना रजिस्ट्रेशन व मरीजो के जान के साथ खिलवाड़ करने को लेकर संग्रामगढ़ थाने में तहरीर दे दी गई थी। मामले में पुलिस ने फर्जी तरीके से नर्सिंग होम संचालन करने वाले दंपत्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# रानीगंज में बिना मानक के बांटे गए बिजली कनेक्शन

**▶▶ घरेलू कनेक्शन लेकर चलाई जा रही मशीनें**
**▶▶ मुख्यमंत्री और पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन तक पहुंचा मामला**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** रानीगंज इलाके में बिना मानक के बिजली के कनेक्शन बांटे गए हैं। जिसमें विभाग के एसडीओ और जेई की संलिप्त का आरोप है। बिजनेस करने वाले उपभोक्ताओं को घरेलू कनेक्शन दिया गया है। जिसमें पोल की दूरी की अनदेखी की गई है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश विद्युत कॉरपोरेशन के चेयरमैन से की गई। इसके बाद अधिकारी अपना बचाव शुरु कर दिए हैं।लालगंज रामनगर भोजपुर के आलोक कुमार तिवारी ने सीएम और पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि रानीगंज इलाके में बिजली के पोल से तीन सौ, आठ सौ और पांच सौ मीटर की दूरी पर बिजली के कनेक्शन दिए गए हैं। जबकि मानक चालीस मीटर का है। इससे अधिक दूरी के कनेक्शन पर स्टीमेट बनता है। जो नहीं बनाया गया और नियम के विपरित जाकर कनेक्शन दे दिया गया है। जिससे लोग अपनी दुकानें चला रहे हैं। इनका ट्रेजरी चालान भी नहीं है। खास बात यह है कि भगेसर में एक व्यक्ति का अल्ट्रासाउंड केंद्र चल रहा है। इसमें बिना सुरक्षा मानक बिना एनओसी के बिजली कनेक्शन दिया गया है।

इसी तरह से और लोग भी घर के कनेक्शन पर अपना बिजनेस चला रहे हैं। आलोक ने करीब दर्जन भर कनेक्शन की शिकायत की है। इस बारे में एसडीओ अखिलेश गुप्ता का कहना है कि उन्हें जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी।

# जगनीपुर जामताली मार्ग पर पेड़ गिरने से मार्ग अवरूद्ध

**पट्टी प्रतापगढ** –विकासखंड शिवगढ़ के जगनीपुर जामताली मार्ग पर जरगोइया गांव के पास बारिश की वजह से सड़क पर शीशम का पेड़ बुधवार को सुबह गिर पड़ा। जिससे घंटे आवागमन बाधित रहा। वनकर्मियों को ग्रामीणों ने सूचना दी लेकिन मौके पर नहीं पहुंच पाए थे। ग्रामीणों ने काफी देर मशक्कत के बाद सड़क से पेड़ को हटाकर मार्ग चालू कराया। मार्ग अवरूद्ध होने से राहगीर काफी परेशान रहे।

# बारिश से ढहे मकान, विधायक मोना ने प्रभावितों को पहुंचवायी त्वरित मदद

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तेज बारिश को लेकर लालगंज क्षेत्र में दो मकान ढह गये। इससे पीडितो को गृहस्थी के सामान नष्ट होने के साथ काफी क्षति हुई है। बारिश से मकानों के ढहने की सूचना क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को ग्रामीणों ने फोनिक दी। विधायक मोना के द्वारा प्रभावित परिवारों की त्वरित सहायता के लिए सराहनीय पहल सामने आयी है। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां गांव में बारिश के चलते मंगलवार की रात सुरजीत का मकान ढह गया। वहीं बगल के शितलू पाल पुत्र हिरई का भी छप्परनुमा मकान गिर गया।



सुरजीत की पत्नी सीमा तथा शितलू ने बताया कि अचानक बारिश के कारण मकान ढह जाने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञानप्रकाश वर्मा ने इसकी जानकारी विधायक आराधना मिश्रा मोना को दी। विधायक मोना ने सूचना मिलते ही प्रभावित परिवारों को त्वरित मदद भी पहुंचवायी। आराधना मिश्रा के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र कार्यकर्ताओं के साथ प्रभावितों से मिले। उन्होनें राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना की ओर से सीमा वर्मा व शितलू पाल को त्वरित आर्थिक सहायता एवं गृहस्थी के जरूरी सामानों का किट सौंपा। इस मौके पर मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, सालिक तिवारी, संदीप शुक्ला आदि रहे। इधर जानकारी मिलने पर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिये। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का जायजा लिया। एसडीएम का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के तहत प्रभावित परिवारों को शीघ्र शासकीय सहायता दी जाएगी।

## छुट्टा जानवर से टकराकर बाइक सवार दो घायल, एक गंभीर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीरापुर प्रतापगढ़ ।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नंदईपुर गांव निवासी राजू शर्मा 45वर्ष रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली बाजार निवासी दोस्त शंकर लाल उमरवैश्य 50 वर्ष के साथ बुधवार को दवा लेने पट्टी डॉक्टर के पास जा रहा था। बाइक राजू शर्मा चला रहा था और शंकर लाल बाइक पर पीछे बैठा था। अभी यह लोग रानीगंज पट्टी रोड पूरेधना गांव के जंगल के पास पहुंचे थे कि अचानक छुट्टा जानवरो का झुंड आ गया और बाइक अनियंत्रित होकर छुट्टा जानवर से टकरा गई। सड़क दुर्घटना में राजू शर्मा के सिर और शरीर में गंभीर चोटे आई और वह बेहोश हो गया। उधर शंकर लाल भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों की दशा देखकर दंग रह गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले भागे। जहां पर राजू शर्मा की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर राजू शर्मा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## विद्यालय की बाउण्ड्री पर पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त दीवार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत चाहिन में बारिश के दौरान बुधवार सुबह एक पेड़ टूटकर विद्यालय की बाउण्ड्री पर गिर पड़ा। जिससे बाउण्ड्री क्षतिग्रस्त हो गयी। ब्लाक अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय चाहिन परिसर में स्थित पेड़ सुबह करीब छः बजे अचानक टूटकर विद्यालय की बाउण्ड्री पर गिर पड़ा। इससे बाउण्ड्री क्षतिग्रस्त हो गयी। प्रधानाध्यापक हरीराम यादव ने बताया कि कोई जनहानि नही हुई है। पेड़ गिरने की जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी को दी गई है।

## छत से गिरकर अधेड़ घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।**रैयापुर कुंडा निवासी रामधनी 45 पुत्र ननकू मगंलवार की रात छत पर सो रहा था कि रात करीब दो बजे अचानक तेज बारिश होने लगी। वह उठकर कमरे में जाने के लिए निकला कि उसका पैर फिसल गया। और वह छत से नीचे गिर पड़ा। शोर सुनकर स्वजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और उपचार के लिए उसे सीएचसी कुंडा ले जाकर भर्ती कराया।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 26 महोदय प्रतापगढ़
प्रर्कीण वाद सं0 1153/22
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम दुलारी बनाम राम कुमार आदि
बनाम
1. राम कुमार आयु लगभग 60 वर्ष 2. राम करन आयु लगभग 55 वर्ष 3. राम पियारे आयु लगभग 50 वर्ष सुतगण सतन 4. राम मिलन आयु लगभग 55 वर्ष 5. सजन लाल आयु लगभग 50 वर्ष 6. अवधेश कुमार आयु लगभग 45 वर्ष 7. भगवानदीन आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण रामदुलार समस्त निवासी ग्राम ठनेपुर गोपापुर पोस्ट पटखौली प0त0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 23.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 2014/2018
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सुचित कुमार आदि बनाम तिलकधारी आदि
बनाम
1त्र. रमाशंकर उर्फ बब्लू गौड 2. महेन्द्र उर्फ बब्लू गौड 3. धर्मेन्द्र उर्फ ननके गौड सुतगण सीताराम उर्फ शीतई गौड 4. नीलम पुत्री सीताराम उर्फ शीतई गौड 5. मालती देवी पत्नी सीताराम उर्फ शीतई गौड समस्त निवासीगण ग्राम घोटकामुफरिद पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 15.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) नं0 29 महोदय प्रतापगढ़
ओ0एस0 नं0 1688/2021
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मेहीलाल आदि बनाम विकास आदि
बनाम
1. विकास उम्र 40 वर्ष लगभग सुत स्व0 लाल बहादुर 2. कन्हैया लाल उम्र लगभग 50 वर्ष सुत स्व0 राम अवध नि0 ग्राम सकरा प0त0 पट्टी प्रतापगढ़
तारीख पेशी 10.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 164/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन ऊषा मौर्या बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम ग्राम नेवाजवां मजरे खाना पट्टी प0 रामपुर त0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 02.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 02.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# दिनदहाड़े सर्राफा व्यवसायी के यहां लाखों की लूट

## नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने पुलिस को दिया चुनौती,व्यापारी वर्ग में रोष

> घटना की गम्भीरता को देखते हुए आईजी अयोध्या मंडल पहुंचे सुलतानपुर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** पुलिस को बदमाशों ने खुली चुनौती दी है। दिनदहाड़े करीब आधा दर्जन नकाब पोश बदमाशों ने असलहे की नोंक पर सर्राफा व्यवसाई के यहां लाखों के जेवरात और नगदी तो लूट ही लिए, साथ ही खुलेआम पिस्टल लहराते फरार हो गए। बदमाशों की इस घटना से इलाके के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस के इस्तकबाल पर भी सवाल उठ रहा है।

दरअसल ये मामला है नगर कोतवाली के ठठेरी बाजार का। यही पर भरत जी सर्राफकी ओम आर्नामेंट के नाम से दुकान है। आज भी प्रतिदिन की तरह दुकान में लोग खरीदारी कर रहे थे कि इसी दरम्यान दोपहर करीब 12.40 पर करीब आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश उसकी दुकान में दाखिल हुए इससे पहले कि भरत कुछ समझ पाते एक बदमाश ने असलहे के जोर पर उन्हें रोक दिया। अन्य बदमाश बैग लेकर सीधे तिजोरी के पास पहुंचे। तिजोरी खोलकर उसमें रखा सोने, चांदी का सारा आभूषण बदमाशों ने बैग में भर लिया। बगल काउंटर में सजाए हुए सारे आभूषण भी बदमाशों ने एक-एक करके उठा लिए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। बदमाशों के जाते ही सराफा व्यापारी ने शोर मचाया तो बड़ी संख्या में आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित व्यापारी भरत सोनी से बातचीत की। एसपी ने बताया कि अभी सराफा व्यापारी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। घटना के खुलासे के लिए छह टीमों का गठन किया गया है। पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग भी लगे हैं।

चौक ठठेरीबाजार में हुई सनसनीखेज

### सीसीटीवी फुटेज भी वायरल

वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। फुटेज में एक के बाद एक करके पांच बदमाश दुकान में दाखिल होते हैं। असलहे के जोर पर सराफा व्यापारी व उनके पुत्र को एक ही स्थान पर बंधक बना लेते हैं। सभी बदमाश बहुत आसानी से तिजोरी व काउंटर में रखे जेवरात लेकर फरार हो जाते हैं।








### आईजी पहुँचे घटनास्थल पर, सर्राफ बाजार बंद

नगर कोतवाली में बैठकर आईजी ने मातहत अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली और वह चौक स्थित गोपाल सर्राफव्यवसाई के यहां मामले की पड़ताल के लिए निकल गए। पिछली बार शहर के विनोवपुरी में एक्सईएन संतोष कुमार की हत्या के मामले में भी आईजी का सुल्तानपुर आना हुआ था, लेकिन वह बिना मीडिया से मुखातिब हुए गुपचुप वापस लौट गए थे। देखना यह है कि इस बड़ी लूटकांड की घटना में वह सुल्तानपुर आए तो हैं। वक्तव्य जारी करेंगे कि नहीं इसका सवाल कोई देने को तैयार नहीं है। इधर नाराज सर्राफ व्यवसायियों ने विरोध में दुकानें बन्द कर दी हैं। बीते वर्ष सितंबर माह में शहर के नामचीन सेठ ÷बाबा भूषण÷ की एक सर्राफ की दुकान जिसे अभिनव सेठ चलते हैं। वहां भी दिन दहाड़े बाइक सवार लुटेरो ने लाखों का माल लूट करके निकल गए थे। घटना की सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। लेकिन उस घटना पर आज तक पर्दा पड़ा हुआ है। सुल्तानपुर की पुलिस उस परीक्षा की घड़ी में भी फेल हुई है। मामले में तब भी कोई एक्शन नहीं हुआ था। फिलहाल लुटेरे ने पुलिस के लिए चौक के हृदयस्थली में घुसकर लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस को सीधी चुनौती दे डाली है।

# योग माया ज्वाला देवी प्राकट्योत्सव पर निकली शोभा यात्रा

## नगर भ्रमण कर मां ज्वाला देवी धाम पर विधि विधान से हुआ, पूजन आरती व आतिशबाजी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में श्री कृष्णा जन्मोत्सव व योग माया मां ज्वाला मुखी देवी प्राकट्योत्सव का दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को योगमाया प्राकट्य महोत्सव मां ज्वाला देवी मंदिर ट्रस्ट व नगर वासियों की तरफ से भक्ति भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया। मंदिर ट्रस्ट सचिव/महोत्सव समिति संस्थापक अध्यक्ष डॉ विजय यादव व कमेटी प्रबंधक सुनील कुमार सोनकर शिक्षक के नेतृत्व में योग माया की झांकी का भव्य शोभायात्रा रायबरेली से आए भगवान श्री कृष्ण, राधा व भगवान शिव जी बने रथ पर सवार कलाकारों के साथ मानिकपुर नगर में रिमझिम फुहारों के बीच निकाली गई। जहां बड़ी संख्या में नगरवासियों व युवकों की टीम डीजे की धुन पर नाचते गाते थिरकतें व जयकारा लगाते व फिरोज आतिशबाज़ की रंग बिरंगी आतिशबाजी का आनंद लेते हुए नगर भ्रमण किया। जहां श्रद्धालु भक्तों ने योग माया का जयकारा लगाते हुए पुष्प अर्पण के साथ दर्शन किया। मां ज्वाला देवी मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ। जहां पर योग माया की आरती उतार कर प्रतीक स्वरूप मां ज्वाला देवी के रूप में मंदिर पर स्थापित की गई। प्रबंधक सुनील कुमार सोनकर ने कार्यक्रम संपन्न होने पर सभी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू भैया, पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ला, डीके सोनकर, राकेश जायसवाल, शैलेश शर्मा, सतीश कुमार मौर्य, राजकुमार यादव, महेश कुमार यादव, राजू यादव, कपिल यादव, संतोष कुमार यादव, सुधीर सोनकर, राजू जायसवाल, मिथुन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे।



## मंदिर ट्रस्ट ने श्रीकृष्ण व योगमाया प्राकट्योत्सव पर किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी व योग माया प्राकट्य दिवस महोत्सव पर कार्यक्रम को संपन्न कराने में जिन श्रद्धालु भक्तों व गणमान्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। ऐसे भक्तों को मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट की तरफ से अंगवस्त्रम व शील्ड तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम मानिकपुर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्र लता जायसवाल के सुपुत्र प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू भैया, उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के लोक गायक कलाकार केदारनाथ यादव तथा संकीर्तन व जन जागरण पार्टी के संचालक कलाकार विनोद कुमार मौर्य गुड्डू जी को महोत्सव कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष/मंदिर ट्रस्ट कमेटी सचिव डॉ विजय यादव तथा प्रबंधक सुनील कुमार सोनकर शिक्षक ने अंग वस्त्रम से सम्मानित किया। उसके पश्चात मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव व प्रबंधक सुनील कुमार सोनकर, डॉक्टर बीएल यादव, वरिष्ठ पत्रकार मथुरा प्रसाद धुरिया, राजाराम यादव, पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ला, अनिल कुमार मौर्य, राजेंद्र सोनकर पन्ना भैया, राजकुमार यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, सतीश कुमार मौर्य, राकेश जायसवाल, महेश कुमार यादव, कपिल यादव, राजू यादव, संतोष यादव को अंग वस्त्रम व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## अराजकतत्वों ने तोड़ी दीवार, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चमरूपुर शुक्लान के बलीपुर परसन में बने कूड़ा घर की दीवार अराजकतत्वों ने तोड़ दी। जानकारी होने पर बुधवार को प्रधान ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रधान निर्मला देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव में कूड़ा इकटठा करने के लिए बनवाए गए कूड़ा घर की दीवार को अराजकतत्वों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रधान ने अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना/बेदखली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का फारूख व मेरी पत्नी हाजरा बेगम निवासी धामापुर थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़ व मेरी बहू आरफा बेगम पत्नी फारूख नि0 कुसमी थाना कोतवाली नगर जिला प्रतापगढ़ हमारे कहने सुनने में नहीं रहते हैं तथा हमसे अलग रहते है और सम्पत्ति के बँटवारे व पैसों के लिये आये दिन लड़ाई करते है एवं अराजकतत्वों के साथ तमाम प्रकार की धमकी देते रहते हैं जिसके चलते मैंने उपरोक्त लोगों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन लोगों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के जिम्मेदार उक्त लोग स्वयं होंगे। हमसे अथवा हमारे परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

मो0 शरीफ
सुत मो0 फिराज
नि0ग्राम रामपुर रजवाड़ी थाना अन्तू
त0 सदर जिला प्रतापगढ़

# किशोर संप्रेक्षण गृह में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में किशोर संप्रेक्षण गृह में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वयं की जागरूकता बड़ी ही आवश्यक है और लापरवाह लोगों को तो दवा भी पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं रख सकती। मलेरिया, फाइलेरिया जैसी बीमारियां तो मच्छरों से होती हैं और मच्छर गंदगी में ही पैदा होते हैं, इसलिए हमारा दायित्व है कि अपने आस पास के स्थानों को साफ एवं सुथरा रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि समय समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहें तथा संवासियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हो। संवासियों से उन्होंने कहा कि जिनकी क्षमता अधिवक्ता रखने की न हो उनको निःशुल्क विधिक सहायता दी जाएगी और जिनको आवश्यकता हो वो डीएलएसए के माध्यम से आवेदन करें उनकी कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता नामित कर दिए जाएंगे। उक्त अवसर पर डीएलएसए के सचिव विनय आर्या ने संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया तथा संवासियों को शिक्षाप्रद पुस्तकें उपलब्ध कराई। संवासियों से बात चीत में उनको जानकारी मिली कि उनको बागवानी का प्रशिक्षण ठीक से नहीं दिया जा रहा है तो उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया पेंटिंग,

बागवानी, नृत्य आदि का नियमित प्रशिक्षण कराया जाए तथा मेनू के अनुसार हर संवासी को आहार तथा अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर सिविल जज जूनियर डिवीजन ऐश्वर्या यादव, सहायक दीपक श्रीवास्तव तथा अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## निधन पर विधायक ने जताया शोक संवेदना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विधानसभा के कोटा भवानी गंज निवासी लकी पटेल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी । जानकारी मिलने पर बुधवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने घर पर पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात की शोक संवेदना जताते हुए कहा कि इस दुख के समय में पूरा राजा भइया का परिवार हर संभव मदद करने के लिए साथ खड़ा है। इस दौरान आनंद देव पांडेय प्रधान अर्जुन अतेरु, सौरभ मिश्रा, रवि सरोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित बाइक पलटने से दो सिपाही घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।**हथिगवां थाने में तैनात सिपाही चंद्रपाल सिंह 30 पुत्र प्रेम नारायण सिंह व नरेंद्र सिंह 31 पुत्र वृंदावन सिंह मंगलवार की शाम क्षेत्र से थाने लौट रहे थे। उसी समय थाने के करीब सड़क पर मवेशी को बचाने के चक्कर में बाइक लेकर गिर पड़े। जिसमें दोनों सिपाही घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल दोनों सिपाहियों को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा ले गई। जहां पर दोनों का इलाज किया गया।

## आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन समस्याओं को लेकर आज सौंपेंगी ज्ञापन



**चित्रकूट-** आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन गुरूवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उषा द्विवेदी ने बुधवार को अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम को पत्र सौंपकर बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय स्कूलों में संचालित किए जा रहे 10684 लोकेटेड आंगनबाडी केन्द्रों में ईसीसीई एजुकेटर रखने जाने के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की लम्बित जायज मांगों को लेकर गुरूवार के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि आंगनबाडी सहायिका एसोसिएशन एक मर्यादित एवं शासित संगठन है। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाना है। ऐसे में 29 अगस्त गुरूवार को जिले के समस्त आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन पूर्ण रूप से बंद रहेगा।इस मौके पर जिला महामंत्री सावित्री सिंह, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गावती, केतकी देवी, संतोषी देवी, ज्ञानमति, पूनम सिंह व गोमती आदि मौजूद रहीं।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

## जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय न छोड़े कोई अधिकारी—मंडलायुक्त

### ● मंडलायुक्त और डीआईजी ने संयुक्त रूप से की मंडलीय समीक्षा बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** मुख्यमंत्री डैश बोर्ड की समीक्षा के दौरान 33 योजनाओं में मण्डल के तीनों जनपदों की प्रगति ए प्लस श्रेणी पाई गई तथा अन्य योजनाओं में अच्छी श्रेणी लाने के लिए रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी जनपद स्तरीय अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही व अपेक्षित प्रगति न लाने पर 13 अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया एवं विद्युत वितरण में प्रगति खराब होने पर दो अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का दिया निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि अगली बैठक में अपेक्षित प्रगति न लाने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव में मण्डलायुक्त ने मीरजापुर में मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर को रैण्डम चेकिंग का निर्देश दिया। सोनभद्र में सभी क्रियाशील हैं, भदोही मे दो ठीक नही हैं शेष क्रियाशील हैं जिसे ठीक कराए जाने का निर्देश दिया।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि गैंगेस्टर, गुण्डा एक्ट, पाक्सो एक्ट, महिला उत्पीड़न/अपराध मामलों में दोषियों को न्यायालय में पैरवी कर शासकीय अधिवक्ता कड़ी से कड़ी सजा दिलाये।

उन्होने पुलिस अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाय कि किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न होने पाये और दोषी व्यक्ति सजा से वंचित न रहने पाये। उन्होने कहा कि लोगो को न्याय व न्याय प्रणाली पर काफी भरोसा है अतः उचित पैरवी करते हुये लोगो को न्याय दिलाया जाय। बैठक सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सीडीओ तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाजरा ज्वार क्रय के लिए बनाये गये क्रय केन्द्र

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत बाजरा एवं ज्वार क्रय के लिए समय सारणी निर्गत की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जनपद के कृषकों से सीधे बाजरा एवं ज्वार क्रय के लिए क्रय एजेन्सी एवं ज्वारध्बाजरा क्रय केन्द्र निर्धारित किये गये हैं।क्रय एजेन्सी-खाद्य विभाग द्वारा बाजरा ज्वार क्रय केन्द्र बनाये गये है। तहसील सिराथू के ब्लॉक-कड़ा में क्रय केन्द्र-अझुवा मण्डी, सिराथू में-शिव सिनेमा सिराथू बनाये गये हैं। इसी प्रकार तहसील-मंझनपुर के ब्लॉक कौशाम्बी में-विजया चौराहा, मंझनपुर में-ओसा मण्डी, सरसवॉ में-कुम्हियावा एवं तहसील-चायल के नेवादा में-तिलगोड़ी सराय अकिल एवं मूरतगंज में-भरवारी मण्डी बनायी गई हैं। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया है कि कृषकों की सुविधा के दृष्टिगत समस्त बाजरा ज्वार क्रय केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थायें ससमय पूर्ण

## किशोर संप्रेक्षण गृह में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में किशोर संप्रेक्षण गृह में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वयं की जागरूकता बड़ी ही आवश्यक है और लापरवाह लोगों को तो दवा भी पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं रख सकती। मलेरिया, फाइलेरिया जैसी बीमारियां तो मच्छरों से होती हैं और मच्छर गंदगी में ही पैदा होते हैं, इसलिए हमारा दायित्व है कि अपने आस पास के स्थानों को साफ एवं सुथरा रखें। उन्होनें निर्देशित किया कि समय समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहें तथा संवासियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हो। संवासियों से उन्होंने कहा कि जिनकी क्षमता अधिवक्ता रखने की न हो उनको निःशुल्क विधिक सहायता दी जाएगी और जिनको आवश्यकता हो वो डीएलएसए के माध्यम से आवेदन करें उनकी कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता नामित कर दिए जाएंगे। उक्त अवसर पर डीएलएसए के सचिव विनय आर्या ने संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया तथा संवासियों को शिक्षाप्रद पुस्तकें उपलब्ध कराई। संवासियों से बात चीत में उनको जानकारी मिली कि उनको बागवानी का प्रशिक्षण ठीक से नहीं दिया जा रहा है तो उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया पेंटिंग,

बागवानी, नृत्य आदि का नियमित प्रशिक्षण कराया जाए तथा मेनू के अनुसार हर संवासी को आहार तथा अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर सिविल जज जूनियर डिवीजन ऐश्वर्या यादव, सहायक दीपक श्रीवास्तव तथा अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## 24 घण्टे के अन्दर मोटरसाइकिल चोरी की घटना का हुआ खुलासा

### ● 2 चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जय करन सिंह के पर्यवेक्षण में थाना मऊ में पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर खुलाशा करते हुये 2 चोरों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि बीते मंगलवार को वादी शुभम मिश्रा पुत्र अवधेश मिश्रा निवासी चिल्लीमाल ने थाना मऊ में सूचना दी कि उनके कमरे के सामने से अज्ञात चोरों ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस सूचना पर थाना मऊ में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

प्रभारी निरीक्षक मऊ ने घटना के अनावरण एवं मोटरसाइकिल की बरामदगी के लिए उप निरीक्षक यूटी अभिनव प्रताप सिंह को निर्देशित किया। उप निरीक्षक यूटी अभिनव प्रताप सिंह एवं आरक्षी राहुल पाण्डेय, अभिषेक कुमार द्वारा अहीरी पैट्रोल पम्प के पास से कमलेश निवासी बम्बुरा व छोटेलाल निवासी भिटारी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

## 2 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

### ▶▶24 किलो 690 ग्राम अवैध गांजा बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में सरधुवा पुलिस टीम द्वारा 2 अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों को 24 किलो 690 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी को सूचना प्राप्त हुई की दो गांजा तस्कर गांजा लेकर कमासिन बांदा की तरफ से राजापुर की तरफ जा रहे हैं। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक




सरधुवा आशुतोष तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा चिल्लीमल मोड से मोटरसाइकिल पर सवार ननकू यादव, रामजस यादव निवासी ग्राम सिकरी अमान को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 24 किलो 690 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। साथ ही बरामदशुदा मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। बरामद गांजे की कीमत लगभग 7,40,000 रुपये है। आरोपियों ने पूंछतांछ में बताया कि वह लोग इस गांजे को कौशाम्बी, चित्रकूट, फतेहपुर एवं बांदा जिले के लोगों को सप्लाई करते हैं। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय, उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा, उप निरीक्षक यूटी शिवम कन्नौजिया, आरक्षी शक्ति सिंह, अतुल मिश्रा, राहुल पुरी, ललित सोनी, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग पेंशन के लिए 15 सितम्बर तक खाते से लिंक कराएं आधार

**चित्रकूट-** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांगजन जो दिव्यांग पेंशन प्राप्त करते है, उनका वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिव्यांग पेंशन के प्रथम किस्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में प्रेषित की जा चुकी है। निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के निर्देशानुसार चालू वित्तीय वर्ष में द्वितीय किस्त की लाभार्थी के जिस खाते में आधार लिंक होगा पेंशन की धनराशि भी उसी खाते में अंतरित होगी। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में द्वितीय किस्त की धनराशि प्रेषित किये जाने से पूर्व यानि 15 सितम्बर तक अपने बैंक शाखा में जाकर अपने खाते में आधार लिंक करायें, जिससे द्वितीय किस्त की धनराशि आपके खाते में प्राप्त हो सकें।

## आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन समस्याओं को लेकर आज सौंपेंगी ज्ञापन



**चित्रकूट-** आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन गुरूवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उषा द्विवेदी ने बुधवार को अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम को पत्र सौंपकर बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय स्कूलों में संचालित किए जा रहे 10684 लोकेटेड आंगनबाडी केन्द्रों में ईसीसीई एजुकेटर रखने जाने के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की लम्बित जायज मांगों को लेकर गुरूवार के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि आंगनबाडी सहायिका एसोसिएशन एक मर्यादित एवं शासित संगठन है। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाना है। ऐसे में 29 अगस्त गुरूवार को जिले के समस्त आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन पूर्ण रूप से बंद रहेगा।इस मौके पर जिला महामंत्री सावित्री सिंह, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गावती, केतकी देवी, संतोषी देवी, ज्ञानमति, पूनम सिंह व गोमती आदि मौजूद रहीं।

## सड़क न होने से जान जोखिम में डालकर मठदर पहुंचते हैं श्रद्धालु

### ▶▶बुंदेली सेना नें जिलाधिकारी से समस्या निराकरण कराने और सड़क बनवाने की मांग की

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** लगभग आधा सैकड़ा से अधिक गाँव के लोगों के लिए आस्था के बड़े केन्द्र मठदर के भैरम बाबा के लिए आज भी सड़क की विकट समस्या है। भादौ महीने में प्रत्येक मंगलवार को यहां मेला लगता है और श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर यहां पहुंचने पर विवश हैं। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से समस्या निराकरण और तीर्थ स्थल के लिए सड़क की मांग की है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मठदर क्षेत्र में ही मुख्यमंत्री ने विगत में पौधरोपण की शुरुआत की थी।

इस दौरान मडैयन प्रधान ने मठदर के भैरम बाबा की सड़क बनवाने का अनुरोध किया था। अधिकारियों ने उस समय जल्द ही सड़क बनवाने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन फिर कोई कार्यवाही नहीं हुई। सेहरिन गाँव से लगभग ढाई किमी लम्बी सड़क वन क्षेत्र से होकर गुजरती है। कच्ची सड़क में कई जगह पर घुटनों पानी और कीचड से होकर श्रद्धलुओं को गुजरना पड़ता है। मठदर में पाठा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के अलावा कर्वी माफी, सोनेपुर, सिद्धपुर, कोलगदहिया, सेमरिया, शीतलपुर, रेहुटिया, कुठलिहाई समेंत पूरे जिले के आस्थावान पहुंचते हैं। श्रद्धालु लगभग हर महीने यहां दर्शन करने जाते हैं, लेकिन भादौ महीने के प्रत्येक मंगल को यहां ग्रामीण पहुंचकर भण्डारे करते हैं। सड़क की समस्या हर साल श्रद्धालुओं को खलती है,

लेकिन समस्या का कोई निराकरण नहीं हो पा रहा। पेयजल की समस्या को देखते हुए कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने यहां सोलर पम्प की स्थापना कराई है। इससे पानी की समस्या तो हल हो गई, लेकिन सड़क की समस्या अभी भी बरकरार है। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से तीर्थ स्थल मठदर की सड़क बनवाने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि पहले मंगलवार को कर्वी माफी और सोनेपुर गाँव के सैकड़ों आस्थावान मठदर पहुंचे और यहां रोट बनाकर भोग लगाया और परिवार सहित दर्शन किए, लेकिन सड़क को लेकर सभी दुःखी थे और शासन प्रशासन से समस्या निराकरण की गुहार लगा रहे थे।

## भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की सभी कार्यकारिणी भंग

**चायल, (कौशाम्बी)।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की सभी कार्यकारिणियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय के अनुसार उन्होंने जिला, तहसील, ब्लॉक, महिला, और युवा कार्यकारिणियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है।अब वरिष्ठ किसान-मजदूर कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नये ऊर्जावान युवाओं को लेकर जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने मऊ क्षेत्र के गंजरी गांव में खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। इसे लेकर आर्मी के जिला संयोजक ने बुधवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिल संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि जन सम्पर्क के दौरान मऊ ब्लाक के गढवा गांव के गंजरी में ग्रामीणों ने बताया कि सार्वजनिक उपयोग की खलिहान के रूप में अभिलेखों में दर्ज जमीन पर गांव के ही दबंगों ने कब्जा कर लिया है। इस जमीन पर अवैध तरीके से घर भी



बना लिया गया है। शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में सार्वजनिक उपयोग की जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाना चाहिए।

इस मौके पर आर्मी के जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, राहुल दिवाकर, कुलदीप वर्मा, सीएल भारती, सुनील, अरविन्द, रोशन राव, बबलू व राहुल आदि मौजूद रहे।

## सुलह के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं मुकदमों का निस्तारण - जिला जज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी 14 सितम्ब को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक हुयी।

बैठक में जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व से सम्बन्धित अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण करने पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक बाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, धन वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वादों, श्रमवादों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, जिसमें विशेषकर पारिवारिक मामले निस्तारित किए जाएंगे। साथ ही उपभोक्ता फोरम से सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। इस मौके पर नोडल अधिकारी लोक अदालत विशेष न्यायाधीश एससी एसटी राममणि पाठक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय, मऊ उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर उप जिलाधिकारी पकंज वर्मा, राजापुर उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा, उपप्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, सदर तहसीलदार वाचस्पति सिंह, राजापुर तहसीलदार रामसुधार, चकबन्दी अधिकारी धीरेन्द्र कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि जिलाकारागार में बुधवार को विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस जेल लोक अदालत में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज सीडि सूर्यकान्त धर दूबे ने 2 वादों का निस्तारण किया। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि मध्यस्थ भोलाशंकर द्वारा मध्यस्थता केन्द्र में लम्बित प्रकरण रामा देवी बनाम कलूराम, जिसमें लगभग 2 वर्ष से पति-पत्नी अलग रह रहे थे। मध्यस्थ द्वारा एक साथ रहने के लिये सहमत हुये। दोनों द्वारा सुलहनामा दाखिल किया गया। सुलहनामा के बाद एक साथ रहने के लिये न्यायालय परिसर से ही लडकी ससुराल के लिये गयी।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मो. हसनैन पुत्र मो.फिरोज जो मेरे आधार कार्ड में भी अंकित है सही है परंतु मेरे पासपोर्ट जिसका नंबर M 2375898 में मेरा नाम MO. HAMMAD HASANAIN है जो गलत है सही नाम MO.HASNEN ही सही है साथ ही आधार कार्ड में जन्मतिथि 01,01,1985 जो गलत है जन्मतिथि 02,01,1996 सही है।

मो. हसनैन
पुत्र मो. फिरोज
निवासी - मुंगारी, करछना, प्रयागराज।


## पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में आयोजित होगी खेल प्रतियोगिता

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज (गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज) में आयोजित होगी खेल प्रतियोगिता। कौशाम्बी एवं प्रयागराज के बॉर्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज (गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज) पूरामुफ्ती प्रयागराज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सरकार की मंसा के अनुरूप कॉलेज में विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। उपरोक्त प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमें प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह में प्रयागराज के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी शिरकत करेंगे।

## सदगुरू नेत्र चिकित्सालय काशी का हुआ भव्य भूमि पूजन एवं शिलान्यास

### ● नेत्र संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी नेत्र चिकित्सालय में



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**संत रणछोड दास महाराज द्वारा संस्थापित मानव सेवा के लिए संकल्पित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में लगभग पांच दशकों से लगातार काम किया जा रहा है। जिसमे श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट, श्री सदगुरू संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर, नेत्र चिकित्सालय बरेली लगातार नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से काशी में संचालित स्वस्थ दृष्टि समृद्धि काशी कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दो सालों से माह 50 आयु के काशीवासियों का घर घर नेत्र परीक्षण का कार्यक्रम चित्रकूट स्थित सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के साथ मिलकर प्रारम्भ किया गया था। जिसमे काशी के नेत्र रोगियों को सर्जरी के लिए नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा चित्रकूट ले जाया जाता है। जहाँ सभी नेत्र रोगियों की निःशुल्क सर्जरी की जाती है। काशी से चित्रकूट की दूरी को ध्यान में रखते हुए काशी में ही नेत्र चिकित्सालय की स्थापना करने का ट्रस्ट बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया।

इसके चलते बुधवार को काशी में ट्रस्ट द्वारा नेत्र चिकित्सालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सालय का भूमि पूजन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विषद भाई मफतलाल एवं उनकी धर्म पत्नी रूपल बहन मफत लाल, श्री सदगुरू महिला समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन, ट्रस्टी ईलेश जैन एवं उनकी धर्म पत्नी मौसम जैन, ट्रस्टी मनोज पांड्या द्वारा हुआ। सदगुरू नेत्र चिकित्सालय काशी में लगभग 1 लाख स्क्वायर फिट में बनकर तैयार होगा। इस नेत्र चिकित्सालय में नेत्र रोग सम्बन्धी समस्त सुविधाएं मोतियाबिंद एवं आईओएल विभाग, बाल नेत्र विभाग, रेटीना विभाग, कार्निया, ग्लूकोमा, ओकुलोप्लास्टी विभाग, आई बैंक एवं नेत्र सर्जरी के लिए 9 अत्याधुनिक मॉडलर ऑपरेशन थियेटर की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।इस मौके पर श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के रेटीना विभाग के हेड डॉ आलोक सेन एवं उनकी धर्म पत्नी डॉ प्रधन्या सेन, डॉ कुलदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## भारतीय सत्याग्रह संघ ने की नवनिर्मित प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन की मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**पाठा क्षेत्र के नवनिर्मित प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन कराने की मांग भारतीय सत्याग्रह संघ ने की है। संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को अपर जिलाधिकारी से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। भारतीय सत्याग्रह संघ के चित्रकूट धाम मण्डल अध्यक्ष रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पटेल, जिला मंत्री देवेन्द्र द्विवेदी और विश्व हिन्दु महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रियांशु मिश्रा ने बुधवार को अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम से मुलाकात की।

जिला मंत्री देवेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि पाठा क्षेत्र के तमाम नवनिर्मित प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन नहीं हैं। जिसमें वर्ष 2023-24 में निर्मित विद्यालय मानिकपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कोलान, बडी मडैयन, प्राथमिक विद्यालय पुराना बहिलपुरवा, प्राथमिका विद्यालय घाटा कोलान, ददरीमाफी, प्राथमिक विद्यालय नन्हे का डेरा पहाडी, प्राथमिक विद्यालय महादेव का पुरवा, प्राथमिक विद्यालय छिवलहा में अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं किया गया है। जबकि शासन द्वारा विभाग को धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है। ऐसी स्थिति में विद्यालयों का संचालन बिना विद्युत आपूर्ति और पानी के करने में दिक्कतें हैं। ऐसे में विद्युत कनेक्शन कराकर समस्या का निराकरण कराया जाना चाहिए।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

संक्षिप्त खबरें

## पॉपकॉर्न मशीन के लिए करें आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि मा0 मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता कार्यक्रम 100 दिन की कार्य योजनान्तर्गत विभाग द्वारा भुर्जी समाज के कारीगरों हेतु पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन का वित्तीय वर्ष 2024-25 में निःशुल्क वितरण किया जाना है, मशीनों के वितरण हेतु परम्परागत कारीगरों, स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरों को विभाग द्वारा पूर्व में गठित चयन समिति के माध्यम से चयन किया जायेगा। उन्होंने कहा है कि इस योजनान्तर्गत भुर्जी समाज के पॉपकॉर्न बनाने वाले कारीगर उद्योग में रुचि रखने वाले ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 05 सितम्बर 2024 तक बोर्ड की वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्नच्ाटप्ठ.ळवट.प्छ की आनलाईन सेवाओ के अन्तर्गत ष्ऑनलाइन टूल्स किट्स एवं आवंटन पर ऑनलाइन कर सकते है, अथवा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पुरानी तहसील रायबरेली में आकर जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0-7408410810 एवं आनंद कुमार कनिष्ठ सहायक के मो0-8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।

## महाप्रबंधक ने किया नये शेल शॉप-2 का उद्घाटन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 28.08.2024 को नवनिर्मित शेल शॉप-2 का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। आरेडिका को 1000 कोच निर्माण की क्षमता हेतु स्थापित किया गया था इसकी निर्माण क्षमता में वृद्धि करके 2000 करने के विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। आरेडिका लगातार नये कोच शेल का निर्माण कर रहा है। इन कोचों के निर्माण के लिए एक अतिरिक्त शेल शॉप की आवष्यकता महसूस हो रही थी इसलिए नये शेल शॉप का निर्माण कार्य किया गया है। इस नवनिर्मित शेल शॉप-2 की लंबाई 270 मीटर एवं चौड़ाई 80 मीटर है।
महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि इसके बनने के उपरान्त रेल डिब्बा के उत्पादन में वृद्धि आयेगी और अतिरिक्त कोच, सामग्री तथा कोच शेल के निर्माण में सुविधा मिलेगी। आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव ने बताया कि नवनिर्मित शेल शॉप-2 के निर्माण में गुणवत्ता संबंधित सभी मानकों का प्रयोग किया गया है साथ ही इस शॉप के छत पर जगह-जगह पॉलिकार्बोनेट शीट लगाई गई है जिससे प्राकृतिक प्रकाष प्रचुर मात्रा में शेड के अन्दर मिल सके। इसके लगने से विद्युत की बचत भी होगी। इस शेल शॉप में 30 मीटर का ट्रेवर्सर एवं शेल एसेंबली फिक्स्चर लगाये गये हैं। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, सीएओ संजय कुमार कटियार, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, पीसीएससी रमेश चन्द्र और पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी तथा कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सलोन मे हो रही है अवैध कटान पुलिस प्रषासन मौन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली सलोन।** अवैध लकड़ी कटान के लिए सलोन क्षेत्र जिले में सबसे सुरक्षित जगह मानी जाने लगी है। यहां दो दर्जन से अधिक वन माफिया है जो दिन दहाड़े अवैध कटान को अंजाम देते है। हालांकि इन सब में वन अधिकारी और कोतवाली पुलिस की मुख्य भूमिका रहती है।बताया जाता है कि कोतवाली में तैनात वीपी सिंह(विश्वनाथ प्रताप सिंह) होम गार्ड द्वारा क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान का कार्य कराया जाता है।इसके लिए होम गार्ड थाने से लेकर वन आधिकारी और जिले के उच्च अधिकारियों से सांठ गांठ करते है।सूत्रों के मुताबिक वन माफिया सुबह होमगार्ड के घर पहुंचते है और जितने पेड़ कटने है हर दिन के हिसाब से पैसा लेते है। और उसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वन माफियाओं द्वारा हरे भरे पेड़ो की अवैध कटान करते है।क्षेत्राधिकारी कार्यालय के ठीक सामने व जगतपुर मार्ग पर लकड़ी का टाल है। जहां पर लाखों रुपए की बेशकीमती अवैध लकड़ियों का भंडारण प्रतिदिन किया जाता है।विदित हो कि उक्त चर्चित लकड़ी के टाल इससे पहले तत्कालीन सीओ विनीत सिंह एसडीएम दिव्या ओझा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने लकड़ी की टाल पर छापेमारी करते हुए लाखों रुपए की अवैध बेशकीमती लकड़ी जप्त करने की कार्यवाही की थी। परंतु उच्चाधिकारियों के स्थानांतरण होते ही जांच पर ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। वन माफियायो द्वारा आरा मशीनों पर भारी मात्रा में अवैध लकड़ी एकत्रित करने के बाद यही से ट्रको पर लोड लकड़ियों को गैर जनपद भेजा जाता है।एक पूर्व अधिकारी का कहना है कि सलोन क्षेत्र में हर महीने अवैध लकड़ी कटान से पांच लाख रुपए से अधिक कमाए जाते है। क्षेत्र में वन माफियाओं का इतना आतंक है कि बीते दिनों बिसईया गांव के पास शारदा सहायक नहर की ब्रांच नहर की पटरी पर लगे गूलर के पांच हरे पेड़ काट ले गए। मामले में नहर विभाग के अधिकारियों द्वारा स्थानीय थाने पर मुकदमा भी पंजीकृत करवाया गया था। परंतु कोतवाली पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने की वजह से अभी तक चोरी से काटे गए लाखों रुपए कीमत की लकड़ी का पता नहीं चल सका है।

## कौशल विकास से ही सृजित होते हैं रोजगार के अवसर-डॉ0 मनीष सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** बैंसवारा डिग्री कॉलेज, में पृथ्वी ग्रुप द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पृथ्वी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. मनीष प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास से ही रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी अपने कौशल को निखारने की प्रेरणा देते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। जब भारत की युवा पीढ़ी आत्मनिर्भर होगी तभी पीएम नरेंद्र मोदी का सपना विकसित भारत बनेगा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य और अन्य सम्मानित अतिथि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पृथ्वी ग्रुप के अवनीश प्रताप सिंह आकाश सिंह ऋषभ चौरसिया सहित विद्यार्थी-सरिता पाल, अंकिता सिंह, नीरज कुमार, रीमा देवी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# अन्नदाताओं के उत्पादन को बचाने के लिए तीन दर्जन से अधिक गौषालाओं का कराया जायेगा निर्माण- मनोज पाण्डेय

**▸▸500 की क्षमता का छतौना मरियानी में किया गया गौ आश्रय केन्द्र का लोकार्पण**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली ऊंचाहार।** ऊंचाहार विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने आज रोहनियां विकास खण्ड के ग्राम पंचायत छतौना मरियानी मुं 500 निराश्रित पषुओं को रखे जाने के लिए विषाल गौ आश्रय केन्द्र का लोकार्पण किया गया, लोकार्पण सभा को सम्बोधित करते हुये श्री पाण्डेय ने कहा कि किसान भारत के आर्थिक व्यवस्था की रीढ की हडडी है और बिना अन्नदाताओं के मजबूत रहे किसी देष को समृद्धषाली नही बनाया जा सकता है। श्री पाण्डेय ने आज कहा कि निराश्रित पषुओं से अन्नदाताओं की फसल को फसल को बचाये जाने का एक बृहत अभियान उनके द्वारा चलाया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि जहां एक बड़े पषु आश्रय केन्द्र का उद्घाटन करने का अवसर मिला है वहीं रोहनियां ब्लाक समेत ऊंचाहार, दीनषाह गौरा, जगतपुर और डलमऊ में शीघ्र ही 35 नये पषु आश्रय केन्द्र बनाये जायेंगे। वहीं श्री पाण्डेय ने कहा कि उन्हें खुषी है कि प्रदेष के यषस्वी मुख्यमंत्री जी के द्वारा भी बृहत 5 नये पषु आश्रय केन्द्र जो लगभग 10 करोड़ की लागत से स्वीकृत किये गये हैं जिन्हें अतिषीघ्र ही उनका अलग से निर्माण कराया जायेगा, वहीं श्री पाण्डेय ने नागरिकों से सहयोग के लिए अपील करते हुये कहा कि ''एक दिन एक गांव'' पषुओं को पकड़े जाने पर लगातार कार्य हो रहा । वहीं श्री पाण्डेय ने ग्राम पंचायत छतौना मरियानी में 400 मी0 इण्टरलाकिंग रोड का लोकार्पण कर जनता को समपर्ण किया। इस अवसर पर प्रधान छतौना मरियानी अंकित द्विवेदी, प्रधान सरेनी पवन तिवारी, प्रधान कमालपुर गुडडू पटेल, प्रधान मतरमपुर दिनेष पटेल, प्रधान राम मनोहर पटेल, विश्राम पटेल पूर्व प्रधान राहेनियां, प्रधान संघ अध्यक्ष लल्लू उसरैना, झगडू पासी, प्रधान अनुज शुक्ल, प्रधान रायपुर सौरभ यादव, प्रधान ओम प्रकाष प्रधान डिलौली विजय कुमार विष्वकर्मा, अजय मिश्रा, प्रधान सलीमपुर बहेरवार आदि उपस्थित रहे।

## रायबरेली के सलोन क्षेत्र की रहने वाली डॉ. शिवानी सिंह ने नीट पीजी की परीक्षा पास करके जिले का बढ़ाया मान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** रायबरेली के सलोन क्षेत्र रतासों गांव निवासी व पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारी पीके सिंह की पुत्री डॉ. शिवानी सिंह ने मुंबई से अपना एमबीबीएस कंप्लीट किया। इसके बाद इन्होंने आगे की पढ़ाई जारी रखा। नीट पीजी 2023 में भी क्वालिफाई किया था लेकिन मेरिट अच्छी न होने के कारण पुनः 2024 में मेहनत के दम 99.8 पर्सेंटाइल प्राप्त करते हुए 362वी रैंक हासिल किया है। एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद डॉ शिवानी ने आगे की परीक्षा के लिए रणनीति बनाते हुए पढ़ाई की और टाइम मैनेजमेंट का ध्यान रखते हुए अपने सब्जेक्ट पर फोकस किया। शिवानी कहती हैं कि किसी भी परीक्षा को निकालने के लिए रिवीजन, राइटिंग और टाइम मैनेजमेंट बेहद जरूरी है।उन्होंने बताया कि एमडी मेडिसिन से पीजी करेंगी। बिटिया की सफलता पर बाबा सूर्यभान सिंह, राम सिंह, शिव कुमार सिंह, दादा त्रिभुवन सिंह, चाचा अजीत प्रताप सिंह, अक्षय कुमार सिंह, रमेश सिंह, अभिषेक सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त किए हैं।

## खाद्य विभाग का आज लगेगा कैंप

**रायबरेली लालगंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया है कि आज 29 अगस्त दिन बृहस्पतिवार समय प्रातः 10 बजे से स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर लालगंज में खाद्य विभाग का कैंप लगेगा। यह कैंप उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सहयोग से लग रहा है। खाद्य विभाग(फूड विभाग) के द्वारा नए लाइसेंस बनाए जाएंगे और पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण भी किया जाएगा। नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने कहा है कि खाने-पीने, फल सब्जी आदि के विक्रेता अपना अपना लाइसेंस बनवा लें। आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना आवश्यक है।

## शौच करने जा रही नाबालिग किशोरी के साथ गांव के युवक ने किया दुष्कर्म



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली सलोन।** सलोन थाना क्षेत्र में आपराधिक वारदाते थमने का नाम नही के रही। बुधवार तड़के शौच करने जा रही नाबालिग किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने जबरन मुँह दबाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। रक्त रंजित अवस्था मे घर पहुँची किशोरी ने अपने साथ हुई घटना की आपबीती परिजनों को बताई। पीड़ित की माँ की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेलभेज दिया गया है। बुधवार तड़के क्षेत्र क्षेत्र के करहिया चौकी अंतर्गत चौरिहन का पुरवा मजरे कामलुद्दीनपुर गांव की एक(13)वर्षीय नाबालिग लड़की घर से कुछ दूर पर बाग में शौच करने गई हुई थी। इसी दौरान किशोरी का पीछा करके मौके पर पहुँचे युवक ने उसका मुँह दबाकर जमीन पर गिरा दिया।आरोप है कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपित युवक के चंगुल से बदहवास अवस्था मे छुटी किशोरी ने घटना की आपबीती परिजनों को बताई। गम्भीर अवस्था मे पीड़िता किशोरी को लेकर परिजन चौकी करहिया पहुँचे।जिसके बाद पीड़िता का मेडिकल कराया गया।वही लड़की की माँ ने बेटी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना की तहरीर सलोन पुलिस को दी है सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि दुष्कर्म की वारदात हुई है। आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में रूप सज्जा प्रतियोगिता के तहत मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** बुधवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में रुप सज्जा प्रतियोगिता के अन्तर्गत योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव व,दही हांडी कार्य क्रम बहुत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण,राधा जी, ग्वाला के रुप मे मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वन्दना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती सरिता गुप्ता ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए व उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती इंदू बाजपेई ने कहा कि आज का कार्य क्रम कृष्ण मय हो गया है। भगवान श्री कृष्ण ने असुरों का दमन कर धर्म की स्थापना की थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अनीता पाण्डेय व मीना कंचन उपस्थित रही ।
कार्यक्रम में अनेकों भैया बहनों ने सहभागिता की। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कार की भावना जागृत होतीहै।सभी प्रतिभागी भैया बहनों को टिफिन, कॉपी चॉकलेट देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के अध्यक्ष के सी गुप्ता, प्रबंधक कैलाश बाजपेई ,कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन ,प्रधानाचार्य सुरेश पाठक, रामशरण अग्निहोत्री ,रामनारायण, सुरेश ,अशोक यादव, पूजा मिश्रा, शिवानी शर्मा, दिव्यांशी बाजपेई, रमेश मिश्रा, जगदेव, दिवाकर सिंह, रमेश बाजपेई, रामनारायण सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## 14 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व श्री तरुण सक्सेना, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में दिनांक 14.09.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आज दिनांक 27.08.2024 को बैंक व फाइनेन्स कम्पनियों के लम्बित प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता अपर जिला जज अनुपम शौर्य के द्वारा की गयी। अपर जिला जज द्वारा बैठक में उपस्थित बैंक व फाइनेन्स कम्पनी के प्रबन्धकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में बैंक आफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक, श्रीराम फाइनेन्स ट्रान्सपोर्ट, पंजाब नेशनल बैंक रायबरेली के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जेल पराविधिक स्वयं सेवक के लिए आयोजित हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीशध् अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरूण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जेल पराविधिक स्वयं सेवक हेतु मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य द्वारा जेल में बने लीगल एड क्लीनिक के कार्यालय में प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया।
इस प्रशिक्षण में अभिरक्षा, जमानत, बंदियों के अधिकार, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के अधिकार, पारिवारिक विधियों से परिचय 304 बी, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, फौजदारी विधियों से परिचय, नवीन विधियों से परिचय व जेल विशेष लोक अदालत व एल0ए0डी0सी0 के विभिन्न कार्यों के विषयों को प्रशिक्षण में शामिल किया गया। उक्त के संदर्भ में विस्तृत जानकारी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल राजकुमार सिंह द्वारा प्रदान की गयी। चिकित्साधिकारी जिला कारागार डॉ0 सुनील अग्रवाल के द्वारा जेल में महिला बंदियों की विभिन्न चिकित्सीय समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी तथा दौरान प्रशिक्षण जेलर हिमांशू रौतेला ने जेल मैन्युअल से सम्बन्धित जानकारी दी गयी।

# नगरपालिका की तरफ से कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

## नगर पालिका परिषद द्वारा सम्पन्न हुआ कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** नगर पालिका परिषद द्वारा जलकल परिसर में दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव में पहले दिन धूमधाम के साथ के साथ मनाया गया। झांकियों से सजे नगरपालिका के जलकल विभाग के परिसर में झाकियों द्वारा कृष्ण लीला की प्रस्तुति दी गई। देर रात कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन शोनकर, सभासद व कर्मचारियो की उपस्थित में भगवान श्रीकृष्ण उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जहाँ मथुरा वृंदावन से आए कलाकारों की तरफ से आकर्षण झांकियां निकाली। वही, बच्चों के लिए लगवाए गए झूले, रेलगाड़ी आदि से बच्चों ने जमकर आनंद उठाया। कवि सम्मेलन में




प्रयागराज के धनंजय शाश्वत ने पढ़ा मुर्गा नोचे बिना जिनका बीतता दिन, गौरया बचाओ अभियान पर जोर दे रहे। नीरज पाण्डेय ने पढ़ा शांतिदूत बनने से जब कोई हल नहीं निकला है, तब मेरी कविता का अक्षर-अक्षर आग उगलता है। गोविंद गजब ने पढ़ा अधखिले अधरों से मुस्कराये मोहन तो...अंधरों से लगके सलोने धनश्याम के। व्यंजना शुक्ला ने पढ़ा तन को चाहे जितना रंग लो कोई फर्क नहीं होगा।

**कवियों ने उपस्थित जनता को गुदगुदाया**

जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से कवि सम्मेलन में बुलाए गए कवियों में रंजना शुक्ला, विनोद सांवरिया आगरा, प्रमोद पंकज छत्तीसगढ़, धनंजय सास्वत प्रयाग, रायबरेली सरेनी से गोविन्द गजब, उत्कर्ष उत्तम सोनी, एस बावरा, नीरज पांडे, सविस्ता ब्रजेश ने भगवान् श्रीकृष्ण की लीलाओं पर हास्य एवं ब्यंगात्मक कविता पाठ करते हुए श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर किया। वही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शत्रोहन शोनकर ने कवियों एवं सम्मानित नागरिकों जेपी त्रिपाठी, अतुल सिंह, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष मो. इलियास ने सभी कवि एवं कवयित्री को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता अरुण सोनकर, उत्तम शोनी, एडवोकेट दिनेश श्रीवास्तव कृपाल गौड़, नासिर खान, सुरेन्द्र यादव जलकल अभियंता, बी के शुक्ल, सभासद पुष्पा यादव, कमरुद्दीन, राज कुमार राम खेलावन, जय वर्मा, मुनव्वर, राम विलास यादव, अनिल कुमार, हसीना बानो, रोहित पांडेय, विवेक शर्मा, संजय श्रीवास्तव, रामू चौरसिया, असगर, अमर सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## पगमिल आवेदकों का साक्षात्कार 03 सितम्बर को

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संबंधित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत टूल किट्स वितरण रोजगार योजनान्तर्गत निःशुल्क विद्युत चालित चाक एवं पगमिल (मिट्टी गुठने वाली मशीन) प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों का साक्षात्कार 03 सितम्बर 2024 दोपहर 12रू00 बजे से विकास भवन सभागार में होगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने सभी आवेदकों को सूचित किया है कि अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# रेल कोच में चोरी की वारदात के 10 दिन बाद भी पुलिस को खोजे नहीं मिल रहे चोर

**▸▸रेलवे पुलिस बल और रेल कोच प्रशासन नहीं कर रहा सहयोग**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** आधुनिक रेल कोच कारखाने के आवासीय परिसर में 20 अगस्त को 15 घरों में चोरी हुई थी और उसके बाद 22 अगस्त को 10 घरों में चोरियां हुई थी। चोरी के वारदात के 10 दिन बीत गए हैं लेकिन पुलिस चोरों को ढूंढ नहीं पा रही है। हालांकि पुलिस को कामयाबी न मिलने का कारण रेल कोच की आरपीएफ पुलिस और वहां का



प्रशासन भी है। वास्तव में आज के आधुनिक युग में पुलिस किसी भी आपराधिक घटना को खोलने के लिए सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस का सहारा लेती है। लेकिन रेल कोच की आवासीय कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरे की कमी है ।साथ ही वहां के अधिकारी भारत सरकार के अधिकारी होने के कारण पुलिस को भी रोब दिखाने से बाज नहीं आरहे हैं। चोरी की घटना के बाद भी रेल कोच के महाप्रबंधक ने स्थानीय पुलिस से कोई भी सलाह मशविरा या वार्ता नहीं की है। वास्तव में चोरी की घटना को खोलने के लिए रेल कोच प्रशासन, रेलवे पुलिस बल और स्थानीय पुलिस का सामंजस्य बहुत आवश्यक है। जिसका नितान्त अभाव है। कहने को तो रेल कोच में रेलवे पुलिस बल के सुरक्षा आयुक्त की तैनाती है लेकिन वह भी एडमिन बिल्डिंग में बैठकर सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी करते हैं। आधुनिक रेल कोच कारखाने के मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल, महामंत्री सुशील गुप्ता ने जल्द से जल्द चोरी की वारदात के खुलासे की मांग की है।

# डामरीकरण की बाट जोह रहा खोंचा तिवारी बस्ती संपर्क मार्ग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** ग्राम सभा धोबहट खोंचा संपर्क मार्ग से तिवारी बस्ती संपर्क मार्ग आजादी के बाद आज भी बदहाली का शिकार बना हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है। लेड़ियारी स्टेट राजमार्ग से खोंचा से तिवारी बस्ती तीन सौ मीटर तक दूर तक संपर्क मार्ग आज तक डामरीकरण का बाह जोह रहा है। जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव हो जाने से बरसात होने पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है। वहीं इस मार्ग से प्रति दिन सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। वहीं इस कीचड़ में गिर जाने से उनके कपड़े खराब हो जाने पर स्कूल के बजाय उन्हें घर वापस लौट जाना पड़ता हैं। बरसात में बाजार तक पहुंचना मुश्किल है। वहीं घरों की आवश्यकताएं कार्य बाधित हो जाता है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता हरी कांत तिवारी, बाल गोविन्द तिवारी, सुरेश कुमार तिवारी,राजेश



कुमार तिवारी ने बताया कि यह मार्ग पर पूर्व प्रधान ने मिट्टी , गिट्टी, मोरम का कार्य एक दशक पूर्व ग्राम प्रधान बद्री प्रसाद सिंह चौहान ने कराया गया था। इसके बाद आज तक इस सड़क पर गिट्टी,मोरम तक नहीं डाला गया। जिससे बारिश में जगह-जगह गड्ढे हो जाने पर जलभराव बना हुआ है। वहीं इस मार्ग से छात्र - छात्राओं का लेड़ियारी बाजार शिक्षा ग्रहण करने आते है। लेकिन बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव होने से दिक्कत उठानी पड़ती है। जिससे विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। खोंचा मेन तक सड़क नहीं होने से गांव के लोग अपनी समस्या तक दर्ज नहीं करा पाते हैं। वाहनों के चलने से दो साल में पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने से संपर्क मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है। वहीं बारिश होने पर राजमार्ग पर पानी भर जाने से किचड़ हो जाता है। जिससे पैदल लेड़ियारी बाजार तक निकलना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है। लेड़ियारी स्टेट राजमार्ग से चार किलोमीटर दूर स्थित खोंचा गांव है।

आजादी के बाद भी मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है। बनाई गई नालियां चोक लेने से जगह-जगह घरों का गंदा पानी नहीं बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है। जबकि इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसों दुर है। अगर कोई व्यक्ति रात में इस दौरान बीमार होने पर सड़क तक पहुंचना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है। जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के आज तक समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

## हज-2025 हेतु 09 सितम्बर तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**प्रयागराज।** हज-2025 के फार्म आवेदन करने की तिथि 13 अगस्त से प्रारम्भ कर दी गई है, जो दिनांक 09 सितम्बर तक जारी रहेगा।

सचिव/कार्यपालक अधिकारी के गाइडलाइन के अनुसार आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट जारी होना व उसकी वैद्यतां 15 जनवरी, 2026 तक होना आवश्यक है। आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करना होगा। केवल चयनित आवेदकों को प्रोसेसिंग शुल्क रू0 300.00 जमा करना होगा। इस बार एक कवर में एक परिवार के अधिकतम पाँच एवं न्यूनतम एक वयस्क व दो इंफेण्ट आवेदन कर सकेंगें। 65+ ग्रुप के कवर में केवल चार व्यस्क आवेदन कर सकते हैं, जिनमें दो 65+ व दो सहयोगी के रूप में आवेदन कर सकते हैं। बिना महरम श्रेणी की महिलाएं जिनकी आयु आवेदन के समय 45 वर्ष से 65 वर्ष तक हो वह महिलाएं अकेले अथवा अधिकतम पाँच महिलाओं के ग्रुप में आवेदन कर सकती है।

# सरकार की मंशा की अवहेलना कर रहा नगर निगम प्रशासन

## जिम्मेदारों को जगाने के लिए जनतांत्रिक रास्ता भी अपनाया जा सकता है

**नैनी(प्रयागराज)।** अवंतिका कालोनी (एडीए) की सडके मरम्मत न होने कारण या तो अपना वजूद खो चुकी है या फिर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण दुर्घटनाओं की ओर इशारा कर रही है ! इन्ही में से एक प्रमुख मार्ग डी ब्लॉक मार्केट वाली रोड जो तीन ब्रेकर से लेकर ओम कलेक्सन तक जर्जर हालत में है। जिसमें महेन्द्र जनरल स्टोर से लेकर ओम कलेक्सन तक की सडक अत्यंत दयनीय स्थिति में है।

ज्ञात हो कि उक्त सडक की मरम्मत पिछले कई वर्षो से नहीं हुई है ! जबकि इस मार्ग पर रोज हजारों लोगों का आवागमन बना रहता है ! नगर निगम प्रशासन सिर्फ मुख्य मार्गो को चमकाने में लगा रहता है। दुर्भाग्य पूर्ण यह है कि अवंतिका कालोनी नैनी की समस्याओं पर किसी जनप्रतिनिधि का भी ध्यान नहीं जाता। इन सब को लेकर आमजन मानस में भयंकर आक्रोश है, अगर नगर निगम प्रशासन कालोनी की समस्याओं की अनदेखी करेगा तो यह आक्रोश उग्र भी हो सकता है। अवन्तिका विकास



समिति नैनी के पदाधिकारियों की बैठक समिति कार्यालय पर हुई। बैठक मे समिति के मंत्री सुनील साहनी ने अवंतिका कालोनी की प्रमुख रूप से छतिग्रस्त सड़कों के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया जिस पर सभी ने सहमति होते हुए नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने पर सहमति व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद शुक्ल एवं संचालन महामंत्री सुनील श्रीवास्तव ने किया।

समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यसमितियों के माध्यम से जीर्ण-शीर्ण गलियों एवं सड़कों का सर्वे कर वस्तुस्थिति से स्थानीय प्रशासन के साथ ही शासन को भी अवगत कराया जाय। यदि जिम्मेदारों की नीद नही खुलती तो जनतांत्रिक रास्ता भी अपनाया जा सकता है। आगामी महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए समिति के सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र ने ब्लॉक स्तरीय समिति के संयोजकों एवं अध्यक्षों की बैठक बुलाकर कार्य-योजना बनाने की बात कही जिस पर सभी की सहमत रही।

# कोरांव बाजार समेत विभिन्न क्षेत्रों में चेहल्लुम का पर्व अकीदत से संपन्न

## सांसद व चैयरमैन सहित विभिन्न वर्ग के लोग जुलूस में हुए शामिल



**कोरांव (प्रयागराज)।** कोरांव नगर सहित विभिन्न इलाकों में हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वालेही वसल्लम के नेवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत के चालीसवें दिन होने वाला चेहल्लुम त्योहार बड़े अकीदत के साथ मनाया गया। कोरांव नगर पंचायत में हर साल की तरह इस साल भी बुधवार को यह त्योहार दर्जनों ताजिया के साथ मनाया गया। सुंदर ताजिया बेहतर कलाकारी नक्शे में निर्मित अकीदत मंद लोगों ने दूर दूर से महिलाएं पुरुष बच्चे युवक हिंदू मुस्लिम सभी वर्ग के लोग अपनी अपनी मान्यता मुरादों के मुताबिक फूल फातेहा और लंगर किया। या हसन या हुसैन के मातमी नारों से और नारे तकबीर अल्लाहु अकबर के नारों में लोग मशरूफ रहे। उक्त मौके पर चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी के अलावा नरसिंह केसरी रमेश चंद्र सोनी सहित तमाम हिंदू मुस्लिम भाजपा नेता कार्यकर्ता विभिन्न राजनैतिक दल के लोग हिंदू मुस्लिम एकता कमेटी के लोग चेहल्लुम पर्व के अनुयाइयों भक्तों का होंसला आफजाई किया। इसी बीच सांसद इलाहाबाद कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह विभिन्न ग्राम सभाओं में मौत हुए आमजनों के यहां शोक सभा में शामिल होने के बाद नगर पंचायत कोरांव में सपा नगर अध्यक्ष महताब खान के नेतृत्व में ताजियादारों और कमेटी के सदस्यों तथा उक्त पर्व पर शामिल इंडिया गठबंधन के लोगों से मिले और हालचाल लिया। इस अवसर पर हरि शंकर मिश्रा सुमित पाण्डेय राजकुमार केशरी समेत सांसद के साथ विनय कुशवाहा सोमदत्त सिंह प्रमोद मिश्र पयासी,राजू चौबे,लल्लन सिंह,राजेश पांडेय,अनीता शुक्ला,शहादत अली, सफात अली,रविंद्र जैसल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# लेड़ियारी के नीबी डिनर बस्ती में नही थम रहा डायरिया, दर्जनों पहुंचे अस्पताल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )-** विकास खंड कोरांव के नीबी डिनर बस्ती मंगलवार देर रात दर्जनों डायरिया से पीड़ित इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं क्षेत्र में कई गांवों संक्रामक पिछले एक पखवाड़े से पीड़ित हैं। मंगलवार देर रात को भी एक दर्जन मरीज़ लेड़ियारी निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जबकि कुछ मरीज़ प्रयागराज निजी अस्पताल इलाज करा रहे हैं। खोंचा कुशवाहा , पांडेय, तिवारी , तेलियान बस्ती में बुधवार को सुबह नौ बजे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जाकर दवाइयां बांटी। टीम में फार्मासिस्ट शिव सिंह,,वार्ड व्याय प्रदीप कुमार पांडेय, संगिनी सरोज तिवारी , सहयोगी विद्या कांत तिवारी , आशा बहू सुनीता यादव रहे। टीम ने ओआएस घोल के साथ संतुलन खान पान व शुद्ध पेयजल तथा भोजन खाने का भी



सलाह दी। बुधवार को नीबी डिनर बस्ती अभिषेक कुमार 16 वर्ष व अनमोल कुमार 10 वर्ष पुत्र 13 वर्षीय प्रियंका वर्मा पुत्री जीत नारायण वर्मा , संतोष कुमार 22 वर्ष पुत्र गंगा राम , राम तीरथ की 16 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी , लाल जी 25 वर्ष पुत्र राजमनि , लवकुश कुमार 21 वर्ष पुत्र राजमनि, अजय कुमार 14 वर्ष पुत्र गुरु चरन, पंकज कुमार 8 वर्ष पुत्र नीरज कुमार , बुद्धिराम 45 वर्ष पुत्र राम कुमार , राजकली 43 वर्ष पत्नी बुद्धिराम को डायरिया से गंभीर संक्रमण के कारण भर्ती कराया गया।

खोंचा कुशवाहा बस्ती व पांडेय तथा तिवारी में दो दर्जन से अधिक मरीज डायरिया से पीड़ित होने पर निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। मंगलवार व बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दवाइयों का वितरण कर लोगों को खान - पान में सावधानी बरतने की बात कही। जबकि अन्य गांवों में जलभराव होने से पानी प्रदूषित से डायरिया का प्रकोप थम नहीं रहा है।

लेड़ियारी डिनर बस्ती में रविवार को एक अधेड़ महिला राजकुमारी की मौत होने पर प्रयागराज के डा,वरूण कोत्रा सहित कोरांव सीएचसी अधीक्षक शमीम अख्तर के साथ डा, सुरेश कुमार , डॉ , मनोज कुमार , डॉ , रुची , डॉ, शिव सिंह , घनश्याम केशरी एलटी प्रयागराज की टीम के साथ पीड़िता की मौत निजी अस्पताल में होने पर वहां गए । अर्चना हास्पिटल में डॉक्टर नहीं मिले । मौजूद एक सहायक पप्पू बिंद इलाज मरीजों का देखरेख कर रहा था। दो अस्पताल को जांच के बाद नोटिस जारी करने की बात कही। गांव में जाकर मरीजों को दवा वितरण किया गया।

## एसीए के अंपायरों एवं स्कोररों की कार्यशाला छह से

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जनपद स्तरीय अंपायरों एवं स्कोररों की कार्यशाला 6 एवं 7 सितंबर को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में होगी। दो दिन कार्यशाला के बाद 8 सितंबर को परीक्षा होगी।इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (अंपायर्स एवं स्कोरर) शिशिर मेहरोत्रा के अनुसार कार्यशाला में आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर अकबर अली अंपायरों को क्रिकेट के नियमों की जानकारी देंगे जबकि उत्तर प्रदेश राज्य पैनल के स्कोरर द्वारा स्कोररों को नियमों से अवगत कराया जाएगा।कार्यशाला में एसीए के सभी पुराने अंपायरों एवं स्कोररों को भाग लेना अनिवार्य है। साथ ही इसमें नए अंपायर व स्कोरर भी शामिल हो सकते हैं।

# पौधरोपण के पूर्व संजोने का लिया संकल्प



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करछना।** पौधों के रोपण के साथ-साथ उन्हे समय-समय पर खाद पानी और देखरेख कर संजोने की जरूरत है।बिना इसके पौधे लगाने का संकल्प पूरा नही हो सकता।यह बातें बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर में बुधवार को प्रबंधक डॉ.भगवत पांडेय ने कही।प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि प्रबंधक के निर्देश पर प्रत्येक शिक्षकों को एक-एक पौधे गोद लेकर नव निर्मित थालों में रोपण की जिम्मेदारी दी गई है।यह एक सराहनीय पहल है।प्रत्येक शिक्षक जिम्मेदारी के साथ पौधरोपण करने और इन पौधों को संजोने का संकल्प ले।इस दौरान शिक्षकों ने पंचपल्लव के नामित पौधों के साथ साथ पीपल,गूलर,बरगद,नीम,जामुन,आंवला,चितवन,पाकर,बडहल के पौधों को गोद लेकर इनके रोपण और संजोने का संकल्प लिया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** द्विमासिक ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में हुआ। परीक्षा में 11 स्कूल कॉलेज के 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कौशाम्बी ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में सचिव कामेश शर्मा, प्रसन्न कुमार घोष व दिनेश कुशवाहा मुख्य निर्णायक की भूमिका में रहे। ताइक्वांडो प्रशिक्षक अनुराग सिंह के अनुसार सभी बेल्ट में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। परिणाम इस प्रकार है।सफेद बेल्ट-वरुणिका उपाध्याय, शिव उपाध्याय, कुंवर जलज सिंह, सिद्धार्थ सिंह, राघव सेंगर, विश्रुत प्रताप सिंह, युक्ति साहू, यशस्वी प्रताप रवि, दित्या सरकार, कार्तिक साहू, अक्षिता गौड़, अग्रिम तिवारी, अश्री तिवारी, अंशिका शर्मा, अनंत तिवारी, आस्था तिवारी, सुरभि प्रजापति, आंशिका सिंह, ऋषिका सिंह, ताहिर नाज, कर्तव्य गुप्ता।पीली बेल्ट-कृष पाल, वेदांत वत्सल, निशु प्रजापति, अथर्व



त्रिपाठी, आरुष श्रीवास्तव, अभिजीत पाल, अग्रिमा गौड़, रुद्राक्ष सरीन, रिया यादव, अशी केशरवानी, रिद्धि केसरवानी, कृष्णा, कृदय तिवारी, रेहनशी तिवारी, वैष्णवी उपाध्याय, धनष्वि, काव्या सिंह, ऐशवी कुशवाहा, वैष्णवी कुमारी, समृद्ध चौधरी, सात्विकता जेना, हया जावेद।हरी बेल्ट-अर्पित सिंह सोलंकी, नित्या राणा, अभिमन्यु राणा, सरगम कुमारी, सक्षम पांडेय, उत्कर्ष पांडेय, वेदांत सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, मनप्रीत, प्रतिका, सार्थक यादव, सक्षम केसरवानी।हरी एक बेल्ट-अनुपम कुमार चक्रवर्ती, आस्था यादव, श्रुति चौरसिया, अंश कुमार, ऋत्विक अग्रहरि, प्रिंशु मिश्रा, ओमकार नाथ सिंह, अर्सलान, प्रबल, कुशाग्र, आराध्या, अनन्या केसरवानी, रिद्धिमा सिंह।नीली बेल्ट-अक्षत कुमार चक्रवर्ती, आस्था यादव, अनंत गुर्टू, कात्यायनी सिंह, मान्या, सौम्या, गार्गी रंजन, आव्या पांडेय, पवन राय, पलक राय, अंशी पटेल, शिव, रॉकी सरोज, गीतांजलि सिंह।नीली उत्तीर्ण-भूमिजा तोमर, भौमिक तोमर, अदिति सिंह, अनन्या गुर्टू, देवांशी श्रीवास्तव, काव्या श्रीवास्तव, अनन्या सिंह, देवांश सिंह, जोया परवीन।लाल बेल्ट-दीपाली यादव, हर्षित, अर्थ यादव, अनिकेत साहू।

# कबड्डी प्रतियोगिता में ईश्वर दीन छेदीलाल इ. का. के छात्र अव्वल

## जसरा में तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**घूरपुर (प्रयागराज)।** क्षेत्र के ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के प्रांगण में माध्यमिक विद्यालयों की तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक प्रधानाचार्य डा. योगेंद्र सिंह तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मंजुलेश विश्वकर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ । खेल शिक्षक राकेश श्रीवास्तव ने इस अवसर पर सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।

गौरतलब है कि उक्त प्रतियोगिता में बारा तहसील के कुल 10 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग किए। जिसमें से बालक वर्ग के अंडर 19 में ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कॉलेज चैंपियन रहा जबकि उपविजेता का खिताब जवाहर कॉलेज जारी को प्राप्त हुआ। बालक वर्ग के अंडर 17 में रणजीत पंडित इंटर कॉलेज लोहगरा की टीम विजेता रही। इसी प्रकार



अंडर 14 में शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर विजेता तथा केदारनाथ उमा कॉलेज खटंगिया उप विजेता रहे। बालिका वर्ग के अंडर 19 में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ को विजयी घोषित किया गया। अंडर 17 में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसरा की टीम विजेता रही तथा केदारनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उपविजेता रहे। इसी क्रम में अंडर 14 केदारनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीम अव्वल रही। विजयी खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह तथा मंजुलेष विश्वकर्मा ने पुरस्कृत किया।


इस अवसर पर सविता मिश्रा प्रधानाचार्या जवाहर स्मारक इण्टर कालेज जारी ,चन्द्रशेखर, सुनील कुमार साहू ,कुलभूषण मिश्रा , अचलेंद्र जायसवाल,खेल शिक्षक अरविंद गौतम, सुरेंद्र कुमार ,रोहित कुमार, राम धीरज, ग़ालिब अंसारी ,साहिल सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अज्ञात लोगों ने बेसहारा गौवंश को बांधकर खेत में रखा, पुलिस ने कराया मुक्त

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )।** क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने बेसहारा गौवंश को खेत में बांधकर छोड़कर चले गए। मंगलवार को शाम को खेत की तकवारी करने गए देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर बंधे पशु को मुक्त कराया।

क्षेत्रीय किसान खेत में रोपाई की गई धान को मौका मिलते ही गोवंश चट जाते हैं। इससे अजीत आ गए हैं। जबकि इन दिनों बेसहारा पशुओं के आतंक से रात सोना हराम कर दिया



है। जिससे लोग के सामने समस्या बनी हुई है। बताया जाता है कि खीरी स्टेट बैंक से कोरांव तक हजारों की संख्या में पशुओं का झुंड बना हुआ है। जैसे ही मौका मिलते ही खेतों में पहुंचकर रोपी गई धान को पूरी तरह से चटकर साफ कर देते हैं। इस मंहगाई से खाद,बीज के अलावा मजदूरों से रोपाई किए गए हैं। लेकिन इन पशुओं ने पूरी तरह से बर्बाद कर रहे हैं। जबकि किसानों ने तहसील व थाना दिवस पर कई बार शिकायत दर्ज कराई। लेकिन इस समस्या पर कोई जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# डिप्टी सीएमओ के निरीक्षण से अवैध संचालित अस्पताल संचालकों में मचा हड़कंप

**नारीबारी (प्रयागराज)।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अस्पतालों के औचक निरीक्षण में अस्पतालों में काफी खामियां पाई गई जिसके चलते कुछ अस्पताल संचालकों को नोटिस दी गई तथा कुछ अस्पताल को सील किया गया द्य मिली जानकारी के अनुसार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में टीम द्वारा क्षेत्र स्थित राम हॉस्पिटल,सरजो हॉस्पिटल, नारीबारी स्थित मां शारदा हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया जहां पर बायोमेडिकल वेस्ट का प्रबंधन न होने पर उन्हें नोटिस दिया गया तथा सरदार पटेल हॉस्पिटल



नारीबारी में चिकित्सक़ व पैरामेडिकल स्टाफ न होने के बावजूद भी बच्चेदानी के मरीज का आपरेशन के लिए एडमिट होने के कारण उसके पंजीयन निलंबन हेतु नोटिस दी गई इसी प्रकार फुलतारा गांव में बिना पंजीयन के संचालित डे केयर क्लीनिक को सील कर दिया गया चिकित्सा विभाग के इस प्रकार की कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे अस्पताल संचालकों में अफरा तफरी माहौल देखा गया।

# शुआट्स ने फसल वृद्धि बढ़ाने के लिए एग्री-टेक स्टार्ट-अप कंपनी से किया समझौता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** शुआट्स और नोवोसएज के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। नोवोसएज एक स्टार्ट-अप कंपनी है जिसकी स्थापना श्री शाश्वत राज और श्री शशि रंजन ने वर्ष 2023 में की थी। यह एक अभिनव एग्रीटेक स्टार्ट-अप है जो उच्च उपज के साथ फसल वृद्धि को बढ़ाने के लिए उन्नत आईओटी आधारित समाधानों के माध्यम से कृषि में क्रांति लाने पर केंद्रित है। उनके प्रमुख उत्पादों में से एक एग्रीडूट किसानों को फसल उत्पादन को अनुकूलित करने और कृषि परिणामों को बढ़ाने के लिए डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि, सटीक कृषि उपकरण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह पारंपरिक कृषि पद्धतियों में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका उद्देश्य खेती को अधिक टिकाऊ, कुशल और उत्पादक बनाना है। यह एक बहु-संवेदी आईओटी डिवाइस है जिसे रणनीतिक रूप से खेतों में स्थापित किया जाता है, जो वास्तविक समय में फसल-विशिष्ट वायुमंडलीय और मिट्टी पैरामीटर डेटासेट एकत्र करता है। इन डेटासेट को फिर एक समर्पित क्लाउड सर्वर पर भेजा जाता है, जहां मालिकाना एल्गोरिदम फसल चरण और सूक्ष्म जलवायु पूर्वानुमानों के संदर्भ में उनका विश्लेषण करते हैं। परिणाम पूरे फसल उत्पादन चक्र के दौरान किसानों को कीट पूर्वानुमान और फसल विकास चरण-विशिष्ट कार्रवाई योग्य सुझावों सहित बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। नोवोसएज अभिनव दृष्टिकोण कृषि उद्योग की बेहतरी के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में महत्वपूर्ण है।

शुआट्स निदेशक आईपीसी प्रो. डेरिक एम. डेनिस ने टीम के साथ शुआट्स के खेत में आईओटी और सेंसर आधारित टावर की स्थापना के लिए कंपनी के साथ बातचीत शुरू की। टावर को उनके एग्रीदूत ऐप पर वास्तविक समय का डेटा प्राप्त होगा और किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य, सिंचाई, रोग का पता लगाने आदि के लिए बहुमूल्य सुझाव प्रदान करेगा। डेटा को कई क्षेत्रीय भाषाओं में संप्रेषित किया जाएगा। वर्तमान में शुआट्स, स्टार्ट-अप को 5जी आधारित तकनीक प्रदान करने में शामिल है ताकि उनकी तकनीक को बेहतर बनाया जा सके और उसे मान्य किया जा सके। यह तकनीक पूरे देश के किसानों के लिए मददगार होगी। शुआट्स के पेशेवर अनाज, फल, सब्जियां और मसालों सहित 158 कृषि उत्पादों के लिए बुनियादी डेटा सेट प्रदान कर रहे हैं, जिसमें फलों और सब्जियों के अत्यधिक किफायती विदेशी संस्करण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। इस तकनीक का इस्तेमाल देश और दुनिया भर के किसान, एफपीओ, एफपीसी, सरकारी संगठन, छात्र, वैज्ञानिक और शोधकर्ता कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति अपने खेत/फार्म को जियो-टैग कर सकता है और सैटेलाइट पास के दौरान और उसके बीच मिट्टी, पानी, पौधे और जलवायु की जानकारी प्राप्त करेगा। शुआट्स के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी लाल का विशेष प्रयास रहा है कि छात्रों को दुनिया भर में उपलब्ध नवीनतम तकनीकों को विकसित करने, अपनाने, अभ्यास करने और प्रचारित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। इससे किसानों को मौजूदा स्थिति पर बेहतर नियंत्रण रखने और निर्णय लेने में मदद मिलेगी

# सप्ताह भर बाद भी बाइक चोरी का नहीं चला पता , पीड़ित परेशान

**कोरांव ( प्रयागराज)।** क्षेत्र में चोरों का आतंक दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है जो रात ही नहीं दिन दहाड़े भी अपने मकसद में कामयाब हो रहें हैं। पुलिस के हाथ चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाने के कारण उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। जी हां बात हो रही है कस्बा कोरांव में दिन दहाड़े गोल चौराहे के पास स्थित लक्ष्मी गार्डेन के सामने से 20 अगस्त को समय लगभग 1.10 बजे दोपहर में बाइक की चोरी हो जाने की। शिकायत कर्ता सहबान अली पुत्र सौकत अली निवासी मालवीय नगर कोरांव ने बताया कि 20 अगस्त को वह जैसे ही लक्ष्मी गार्डेन में लगे मेले में जाने के लिए बाहर अपनी बाइक बाहर खड़ी कर अंदर गया और 10 मिनट में ही वापस लौटा तो बाइक गायब रही। वाहन स्वामी ने बाइक की काफी खोजबीन किया किन्तु कहीं कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने बाइक चोरी की शिकायत स्थानीय पुलिस से लिखित तहरीर देते हुए करने के अलावा आनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई। घटना के दिन तो पुलिस मौके पर पहुंची और कोरम पूरा करने के बाद आज तक चोरी हुई बाइक का कोई पता नहीं लगा सकी। इस तरह से क्षेत्र में हुई तमाम चोरियों का पर्दाफाश न हो पाने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो गये हैं और आए दिन अपने मकसद में कामयाब हो रहें हैं। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि आस पास व सामने लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाले जाने पर चोरों की शिनाख्त हो सकती है और चोर पुलिस के हाथ लग सकते हैं।

## फुटबालर अपराजित मित्रा के निधन पर शोक

**प्रयागराज।** डीएफए इलाहाबाद एवं यंग्स्टर्स क्लब की शोक सभा डीएफए अध्यक्ष नारायणजी गोपाल की अध्यक्षता में सोभनाथ चन्दा के बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम स्थित आवास पर आयोजित हुई हुई जिसमें यंगस्टर्स एवं एजीयूपी के पूर्व फुटबालर अपराजित मित्रा (74 वर्ष) के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना हुई। शोक सभा में आरपी भटनागर सचिव मकबूल अहमद, सोमनाथ चन्दा जहीर हसन, अनिल दास, रीता चंदा, योगेश चंद्र, संजीव चंदा, डॉ. जूली ओझा, शशि मोहन, दिलीप कुमार, कबीर खां, मो. आसिफ, दयानंद यादव, आलोक सरकार, असद, कासिम, बृजेश कुमार सिंह, जैक सिंह, अमन सिंह, अजय पाण्डेय, आरके यादव, अताउल्ला, शादाब रजा उपस्थित रहे।

## कैबिनेट के फैसले

# कृषि अवसंरचना निधि के तहत वित्त पोषण सुविधा की केन्द्रीय क्षेत्र योजना में विस्तार को दी मंजूरी

## कैबिनेट ने रेलवे की दो नई लाइनों और एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को दी मंजूरी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज %कृषि अवसंरचना निधि% (एआईएफ) के तहत वित्त पोषण सुविधा की केन्द्रीय क्षेत्र योजना में विस्तार को मंजूरी दे दी। योजना के विस्तार को मंजूरी का उद्देश्य इसे अधिक आकर्षक, प्रभावशाली और समावेशी बनाना है।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि देश में कृषि बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और मजबूत करने और कृषक समुदाय का समर्थन करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में सरकार ने कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) योजना के दायरे का विस्तार करने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य पात्र परियोजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक मजबूत कृषि अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त सहायक उपायों को एकीकृत करना है।केंद्र सरकार विभिन्न परियोजनाओं के तहत सामुदायिक कृषि क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिए सभी पात्र लाभार्थियों को अनुमति देगी, जिससे इस क्षेत्र में उत्पादकता और स्थिरता में सुधार होगा। इसके अलावा उद्योग मंत्रालय की योजनाओं के अंतर्गत प्रसंस्करण को शामिल किया जाएगा। इससे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और खाद्य अपव्यय में कमी आएगी। एनएबी संरक्षण ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से एफपीओ के एआईएफ क्रेडिट गारंटी कवरेज का विस्तार करने का भी प्रस्ताव है।मंत्रालय के मुताबिक, एआईएफ योजना के दायरे में विस्तार से विकास को गति मिलेगी, उत्पादकता में सुधार होगा। कृषि आय में वृद्धि होगी और देश में कृषि की समग्र स्थिरता में योगदान मिलेगा प्रधानमंत्री द्वारा 2020 में इसकी शुरुआत किए जाने के बाद से एआईएफ ने 6623 गोदामों, 688 कोल्ड स्टोर और 21 साइलो परियोजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके परिणामस्वरूप देश में लगभग 500 एलएमटी की अतिरिक्त भंडारण क्षमता प्राप्त हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने भारतीय रेलवे की दो नई लाइनों और एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दे दी। इसकी अनुमानित लागत 6,456 करोड़ रुपये है।ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के सात जिलों को कवर करने वाली ये तीन परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 300 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी, यात्रा को आसान बनाएंगी, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगी, तेल आयात को कम करेंगी और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन को कम करेंगी।सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि नई लाइन के प्रस्ताव से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और गतिशीलता में सुधार होगा, जिससे भारतीय रेलवे के लिए दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ेगी। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर बहुत जरूरी बुनियादी ढांचागत विकास होगा।उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हो पाई हैं और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी।मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं के साथ 14 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे दो आकांक्षी जिलों (नुआपाड़ा और पूर्वी सिंहभूम) में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। नई लाइन परियोजनाओं से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 11 लाख आबादी को कनेक्टिविटी मिलेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 19 लाख आबादी को कनेक्टिविटी मिलेगी।

### 234 नए शहरों में निजी एफएम रेडियो शुरू करने को दी गई मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को निजी एफएम रेडियो चरण तीन नीति के तहत 234 नए शहरों में निजी एफएम की शुरुआत को मंजूरी दी । 784.87 करोड़ रुपये के अनुमानित आरक्षित मूल्य के साथ 234 शहरों में 730 चैनलों के लिए आरोही ई-नीलामी के तीसरे बैच के संचालन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 234 शहरों में नए एफएम चैनल की शुरुआत से वहां नए रोजगार के अवसर के साथ साथ स्थानीय बोली, संस्कृति को बढ़ावा मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को छोड़कर एफएम चैनल के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क (एएलएफ) को सकल राजस्व का 4 प्रतिशत वसूलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। यह 234 नये शहरों पर लागू होगा। उन्होंने कहा कि स्वीकृत शहरों एवं कस्बों में से कई आकांक्षी जिलों और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में हैं। इन क्षेत्रों में निजी एफएम रेडियो की स्थापना से इन क्षेत्रों में सरकार की पहुंच और मजबूत होगी।

# ट्राई ने अवांछित वाणिज्यिक संचार के मुद्दे पर परामर्श पत्र जारी किया

### 25 सितंबर तक सार्वजनिक टिप्पणी मांगी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने बुधवार को उपभोक्ताओं को अवांछित प्रचार कॉल और संदेशों से बचाने के लिए एक परामर्श पत्र जारी किया है। दूरसंचार नियामक ने इस परामर्श पत्र के जरिए अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) के मुद्दे पर जनता की टिप्पणियां 25 सितंबर, 2024 तक मांगी है।संचार मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि ट्राई ने उपभोक्ताओं को अवांछित प्रचार कॉल और संदेशों से बचाने के लिए एक परामर्श पत्र जारी किया है। इसमें अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) के मुद्दे पर जनता की टिप्पणियां मांगी गई हैं। नियामक ने परामर्श पत्र पर हितधारकों से 25 सितंबर, 2024 तक लिखित टिप्पणियां आमंत्रित की है। यदि कोई प्रति-टिप्पणियां हों, तो उन्हें 09 अक्टूबर, 2024 तक भी प्रस्तुत किया जा सकता है।मंत्रालय ने कहा कि ट्राई ने इस मुद्दे को हल करने के लिए फरवरी 2019 में लागू किए गए ÷दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम, 2018 (टीसीसीसीपीआर-2018) की समीक्षा÷ पत्र पर जनता की टिप्पणियां मांगी हैं। ट्राई के मुताबिक इन विनियमों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को अवांछित प्रचार कॉल और संदेशों से बचाना है। इसके साथ ही व्यवसायों को उन ग्राहकों को लक्षित संचार भेजने की अनुमति देना है जिन्होंने उन्हें प्राप्त करने के लिए सहमति दी है या प्राथमिकताएं निर्धारित की हैं। यह परामर्श पत्र ट्राई की वेबसाइट 222.ह्लड्डद्ब.द्दश्1.द्बठ्ठ पर भी उपलब्ध है। मंत्रालय के मुताबिक टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ई-मेल पते ड्डस्त्र1ह्लश्ह्यञ्चह्लड्डद्ब.द्दश्1.द्बठ्ठ पर भेजी जा सकती हैं।

# भाजपा का ममता सरकार पर हमला

### कहा- मर चुकी है उनकी सारी संवेदनाएं



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना के विरोध में हो रहे प्रदर्शन को कुचलने के प्रयास की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निंदा करते हुए ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि ममता बनर्जी की सारी संवेदनाएं मर चुकी हैं और वे दोषियों को बचाने में जुटी हुई हैं।बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद और प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आरजी कर मेडिकल की घटना के मामले में जांच को गुमराह करने, आरोपितों को बचाने और सबूत मिटाने की कोशिश के बाद अब डॉक्टरों को धमकाने की नई रणनीति देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रेसवार्ता बुलाकर कहती हैं कि वे नहीं चाहती हैं विरोध प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों और छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और उनका करियर बर्बाद हो। इससे उन्हें पासपोर्ट और वीजा मिलने में परेशानी हो सकती है। इससे साफ है कि ममता बनर्जी ने सीधे तौर पर डॉक्टरों को धमकी दी है।सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आरोपितों को बचाने, जांच को गुमराह करने और सबूतों को नष्ट करने के बाद, अब डॉक्टरों को धमकी देने की एक नई रणनीति दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कोलकाता की दिल दहला देने वाली घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश और उस पर टीएमसी का निंदनीय आचरण है। आरोपितों को बचाने, जांच को गुमराह करने और सबूत मिटाने की कोशिश के बाद जनता का गुस्सा अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच रहा है। इस जनाक्रोश की अभिव्यक्ति आज पश्चिम बंगाल में भाजपा द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान दिखी।

## भारत ने भारतीय नागरिक से जब्त किए गए दो गुरु ग्रंथ साहिब वापस देने के लिए कतर को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने बुधवार को कहा कि कतर के अधिकारियों ने बिना मंजूरी के धार्मिक प्रतिष्ठान चलाने से संबंधित मामले में एक भारतीय नागरिक से जब्त किए गए दो श्री गुरु ग्रंथ साहिब दोहा स्थित भारतीय दूतावास को सौंप दिए हैं। भारत इसके लिए कतर सरकार के प्रति धन्यवाद व्यक्त करता है।कतर या अन्य देशों में भारतीय नागरिकों से अपील की कि वे ÷सभी मामलों में स्थानीय कानूनों और नियमों का ईमानदारी से पालन करें।विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷कतर के अधिकारियों ने आज दोहा स्थित हमारे दूतावास को श्री गुरु ग्रंथ साहिब (दो सरूप) सौंप दिए हैं, जो एक भारतीय नागरिक से लिए गए थे।

# मथुरा के बांकेबिहारी मंदिर में विशेष मंगला आरती के दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़


**मथुरा, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित बांकेबिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर वर्षभर में एक बार होने वाली विशेष मंगला आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। विशेष मंगला आरती मंगलवार की रात्रि 1:55 बजे सम्पन्न हुई। इसमें प्रशासनिक आदेश के चलते सीमित संख्या में ही लोग सम्मिलित हुए। दूसरी ओर रंगनाथ मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।बांकेबिहारी मंदिर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। ठाकुर बांके बिहारी जी का दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। एक दर्जन से अधिक नदियों के जल से स्नान कराया गया। भगवान का शृंगार किया गया, उसके बाद पीतांबरी वस्त्र धारण करके भक्तों को ठाकुर जी ने दर्शन दिए। मंदिर परिसर में रात 1:55 बजे मंगला आरती संपन्न हुई। मंदिर के



एक नंबर गेट से श्रद्धालुओं के आने की व्यवस्था की गई थी। दो एवं तीन नंबर गेट से निकासी द्वारा बनाए गए थे। वृंदावन में जन्माष्टमी को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और रंगनाथ मंदिर परिसर को कई सेक्टर में बांटा गया था। श्रद्धालुओं के आने और जाने की व्यवस्था के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए गए थे ताकि कोई असुविधा न हो। जन्माष्टमी को लेकर 1000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए थे। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडेय ने रात्रि में निरीक्षण किया तथा अधीनस्थों को निर्देश दिए।बुधवार सुबह मंदिर सेवायत आचार्य प्रह्लाद बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि जन्माष्टमी की रात्रि में 12 बजे मंदिर गर्भगृह के अंदर ही सेवायतों द्वारा दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, इत्र, यमुनाजल, केवड़ा व अन्य पदार्थों से बांकेबिहारी महाराज का दिव्य महाभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। मंदिर की परम्परा के अनुसार इसके दर्शन भक्त परिकर को नहीं हुए। श्रीकृष्ण जन्म के इसी समय मंदिर चबूतरे पर भक्तों को श्रीकृष्ण जन्म की कथा श्रवण करायी गयी। इसके बाद रात 1:55 बजे साल में मात्र इसी दिन होने वाली विशेष मंगला आरती उतारी गई। प्रशासनिक आदेश का पालन करते हुए गत वर्ष की तर्ज पर इस बार भी मंगलआरती के दौरान सीमित संख्या में ही लोगों को प्रवेश मिला। इससे सभी व्यवस्थायें दुरुस्त रहीं।इस बार जन्माष्टमी का पर्व दो दिन मनाया गया। 27 अगस्त मध्य रात्रि को श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मथुरा में जन्माष्टमी पर्व की धूम रही, तो वहीं दूसरे दिन 28 अगस्त की मध्य रात्रि को वृंदावन में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# भारतीय युद्धपोत तबर ने स्पेनिश नौसेना के साथ किया समुद्री अभ्यास

- दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच आपसी सहभागिता को बढ़ाना था उद्देश्य
- सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों' को समझने तथा आत्मसात करने का मौका मिला



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और स्पेन के बीच मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए स्पेन के मलागा बंदरगाह पर पहुंचे भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस तबर ने स्पेनिश नौसेना के साथ समुद्री अभ्यास किया। जहाज के चालक दल ने दो दिनों के प्रवास के दौरान स्पेन की नौसेना के साथ कई पेशेवर कार्यक्रमों में भी भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच आपसी सहभागिता को बढ़ाना था।भारतीय नौसेना का अग्रणी आधुनिक सुविधाओं से लैस स्टील्थ फ्रिगेट जहाज आईएनएस तबर भारत और स्पेन के बीच मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए 25 अगस्त को दो दिन की यात्रा पर स्पेन के मलागा बंदरगाह पहुंचा था। इस युद्धपोत की कमान कैप्टन एमआर हरीश के हाथ में है। भारत और स्पेन के बीच राजनयिक संबंध वर्ष 1956 में नई दिल्ली में स्पेनिश दूतावास के शुरू होने के साथ स्थापित हुए थे। स्पेन की विशाल तटरेखा होने के कारण भारत उसके साथ समुद्री सुरक्षा की प्रमुख भूमिका को स्वीकार करता है और विभिन्न रचनात्मक एवं सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से स्पेन के साथ जुड़ता रहा है।आईएनएस तबर की इस यात्रा का उद्देश्य इन संबंधों को और सशक्त बनाना तथा समुद्री क्षेत्र में संबंधों को विस्तार देने के नए अवसर तलाशना है। जहाज के चालक दल ने अपने दो दिनों के प्रवास के दौरान स्पेन की नौसेना के साथ कई पेशेवर कार्यक्रमों में भाग लिया। मलागा से प्रस्थान करने से पहले युद्धपोत तबर ने स्पेनिश नौसेना के जहाज अटालया के साथ एक नौसैनिक अभ्यास में भी हिस्सा लिया। इन गतिविधियों के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच आपसी सहभागिता को बढ़ाने के साथ ही दोनों पक्षों को एक-दूसरे की 'सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों' को समझने तथा आत्मसात करने का मौका मिला।भारतीय नौसेना दुनिया भर की नौसेनाओं के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध व प्रयासरत है। आईएनएस तबर आधुनिक हथियारों एवं सेंसर की एक बहुमुखी रेंज से लैस है। यह भारतीय नौसेना के शुरुआती स्टील्थ फ्रिगेट में से एक है, जो रडार से बच निकलने में सक्षम है। यह जहाज भारतीय नौसेना के स्वॉर्ड आर्म फ्लीट का हिस्सा है, जो पश्चिमी नौसेना कमान के तहत मुंबई में सेवारत है।

## बेगूसराय में एनआईए की छापेमारी, नक्सली कमांडर सहित पांच को पकड़ा

**पटना, (हि.स.)।** बिहार के बेगूसराय जिले में बुधवार को एनआईए ने छापेमारी कर एक नक्सली कमांडर सहित परिवार के पांच को हिरासत में लिया है। एनआईए की टीम ने छापेमारी तेघड़ा अनुमंडल क्षेत्र के तेयाय ओपी के पाली गांव में की है।एनआईए की टीम सुबह-सुबह बेगूसराय के तेयार थाना क्षेत्र अंतर्गत पालीगांव पहुंची तथा छापेमारी की। टीम ने बिहारी पासवान समेत पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। बिहारी पासवान नक्सली कमांडर है। टीम बिहारी पासवान के अलावा उसकी पत्नी और तीन बच्चों को भी साथ ले गई है। फिलहाल, हिरासत में लिये गये सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# दुष्कर्म के खिलाफ सख्त कानून बनाए केंद्र, नहीं तो लोकसभा में पेश करेंगे प्राइवेट मेंबर बिलः अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, (हि.स.)।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव एवं डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि यदि केंद्र सरकार ने दुष्कर्म के खिलाफ सख्त कानून नहीं बनाया तो वे इसको लेकर लोकसभा में प्राइवेट मेंबर बिल पेश करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी भी दी कि आगामी तीन-चार महीनें में दुष्कर्म विरोधी सख्त कानून नहीं लाया गया तो तृणमूल नई दिल्ली में बड़ा आंदोलन करेगी।अभिषेक बनर्जी ने तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस के मौके पर अपने संबोधन में महिला सुरक्षा और आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के खिलाफ देश में ऐसा कानून आना चाहिए जिससे एक से दो महीने में न्याय प्रक्रिया पूरी हो और दोषियों को सजा दी जाए। यदि केंद्र सरकार इस कानून को नहीं लाती है तो वे एक प्राइवेट



मेंबर बिल के जरिए इसे संसद में पेश करेंगे और कानून बनाकर दिखाएंगे।उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनावों में 55 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण विधेयक लायी थी लेकिन वह सिर्फ दिखावा था। हमारी पार्टी के 29 सांसदों में से 12 महिला सांसद हैं। हमने पंचायत स्तर पर 50 फीसदी आरक्षण देकर दिखाया है। अब छात्रसंघ चुनावों में 55 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी।अभिषेक ने सीबीआई की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और कहा कि सारदा मामले की जांच को 10 साल हो चुके हैं लेकिन अब तक अंतिम चार्जशीट दाखिल नहीं हुई, ट्रायल तो दूर की बात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल तृणमूल को कमजोर करने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और अन्याय की घटनाएं सबसे ज्यादा भाजपा शासित राज्यों में होती हैं। एनसीआरबी के अनुसार उत्तर प्रदेश पहले, मध्य प्रदेश दूसरे, राजस्थान तीसरे और महाराष्ट्र चौथे स्थान पर है। ऐसे में उन्हें योगी आदित्यनाथ जैसे नेताओं से इस्तीफा मांगना चाहिए।तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक ने आरजी कर अस्पताल की घटना को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जो लोग हठयोग कर महिलाओं की अस्मिता का सौदा करते हैं उन्हें बंगाल की राजनीति सिखाने की जरूरत नहीं है।

# चम्पाई की रेकी कर रहे थे झारखंड पुलिस के दो दारोगा, बड़े खेल की थी तैयारी- हिमंत बिस्वा सरमा

**रांची, (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड में भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने दावा किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की जासूसी झारखंड सरकार ने कराया है। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि चम्पाई सोरेन की रेकी की जा रही थी। साथ ही झारखंड से दिल्ली तक उनपर दो लोग नजर रख रहे थे। इस दौरान एक महिला के साथ मिलकर कुछ बड़े खेल की भी तैयारी थी। संभवतः हनीट्रैप की कोशिश हो रही थी लेकिन समय रहते दिल्ली पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया।हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर भी इस बात को साझा किया है। गुवाहाटी (असम) में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पाई सोरेन जब रांची से कोलकाता पहुंचे और



कोलकाता से फिर दिल्ली गए तो उनका पीछा किया जा रहा था। एक ही फ्लाइट से दोनों रेकी करने वाले लोग भी साथ गए। इसके अलावा जिस ताज होटल में रुके, उनके कमरे के बगल में ही रूम बुक कर दोनों रह रहे थे।

चम्पाई सोरेन किससे मिल रहे हैं और कहां जा रहे हैं, इसकी फोटो और पूरी जानकारी झारखंड सरकार तक पहुंचाई जा रही थी।हिमंता के मुताबिक, जब दोनों की गतिविधियां संदिग्ध दिखी और पूछताछ की गई तो दोनों ने खुद को पत्रकार बता दिया। जब दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया तो खुलासा हुआ कि दोनों युवक झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच के दारोगा थे। इनसे पूछताछ में जानकारी मिली कि उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। जब भी चम्पाई सोरेन दिल्ली जा रहे थे, उनके पीछे दो पुलिसकर्मी लगाए जाते थे। इस मामले में चम्पाई सोरेन ने एक केस दर्ज कराया है। अब पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।हिमंता ने कहा कि झारखंड में अभी चम्पाई हेमंत के कैबिनेट में मंत्री भी हैं। इस तरह से किसी के निजी जीवन में रेकी कराना सही नहीं है। शायद देश में ऐसा मामला पहला होगा, जहां पूर्व मुख्यमंत्री सह मंत्री पर नजर रखी जा रही हो। इस मामले में झारखंड पहुंचने के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भी मुलाकात कर उनको जानकारी देंगे।

## जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट को भाजपा ने बताया गंभीर, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ होने वाले यौन शोषण और उत्पीड़न की घटनाओं की जांच करने वाली जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद से वहां सियासी हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) इस रिपोर्ट को गंभीर बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।मीडिया से बातचीत में हेमा कमेटी की रिपोर्ट पर भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में हर महिला का मौलिक अधिकार सुरक्षित कार्यस्थल है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए पिछले 10 वर्षों में बहुत कुछ किया है। लेकिन केरल और पश्चिम बंगाल जैसी जगहों पर महिला सुरक्षा को लेकर अधिक काम करने की जरूरत है।

# भारतीय सेना ने 73 हजार सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफल्स का दूसरा ऑर्डर दिया

- पाकिस्तान और चीन की सीमा पर तैनात सैनिकों के पास हैं अमेरिकी राइफल्स
- दूसरे ऑर्डर की आपूर्ति होने पर सेना के पास होंगी 1,45,400 सिग राइफल्स



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना ने अमेरिकी कंपनी सिग सॉयर को 73 हजार असॉल्ट राइफल्स का दूसरा ऑर्डर दिया है। इससे पहले खरीदी गई 72,400 राइफल्स कश्मीर और पूर्वोत्तर में नियंत्रण रेखा के साथ-साथ आतंकवाद विरोधी अभियानों में इस्तेमाल की जा रही हैं। पाकिस्तान और चीन की सीमा पर तैनात पैदल सेना की बटालियनों को भी सिग सॉयर राइफल्स दी गई हैं। दूसरे ऑर्डर की आपूर्ति होने पर भारतीय सेना के पास 1,45,400 सिग राइफल्स होंगी।भारतीय सेना ने फरवरी, 2019 में अमेरिकी कम्पनी %सिग सॉयर% से 600 मीटर दूरी तक मार करने की क्षमता वाली 72 हजार 400 सिग-716 असॉल्ट राइफल्स खरीदी थीं। फास्ट-ट्रैक प्रोक्योरमेंट (एफटीपी) सौदे के तहत 647 करोड़ रुपये से खरीदी गई 7.62ङ्ग51 मिमी. कैलिबर असॉल्ट राइफल्स की दिसम्बर, 2019 में आपूर्ति हुई। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर के उधमपुर स्थित उत्तरी कमान को यह राइफल्स दी गई। भारतीय सेना की सभी पैदल सेना की बटालियनों को कम से कम 50 प्रतिशत सिग सॉयर राइफल्स मिली हैं। पाकिस्तान और चीन की सीमा पर तैनात पैदल सेना की बटालियनों को सिग सॉयर राइफल अधिक संख्या में मिली हैं जबकि अन्य बटालियनों को कम से कम 50 प्रतिशत दी गई हैं। इसके अलावा इन राइफल्स का इस्तेमाल भारतीय सेना अपने एंटी-टेरर ऑपरेशन्स में कर रही है।भारतीय सशस्त्र बलों में हथियारों की कमी को पूरा करने के लिए खरीदी गई 72,400 राइफल्स में से सेना को 66,400, भारतीय वायु सेना को 4,000 और नौसेना को 2,000 दी गई थीं।

इन असॉल्ट राइफल्स में कश्मीर और पूर्वोत्तर में नियंत्रण रेखा के साथ-साथ आतंकवाद विरोधी अभियानों में उपयोग के दौरान कई %गड़बड़ियां% सामने आई हैं। भारतीय सेनाओं के पास मौजूदा समय में लगभग 20 लाख हथियार उपयोग में हैं। भारतीय सेना विभिन्न प्रकार की असॉल्ट राइफल्स का उपयोग करती है। इनमें इंसास (इंडियन स्मॉल आर्म्स सिस्टम), एके-47, सिग सॉयर 716 और टावर बंदूकें हैं।

# जिन्ना की तरह ही समाज को बांटने का कार्य कर रही है कांग्रेस-सपाः सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला को किया संबोधित**

## सीएम योगी ने कहा- जिन्होंने सिर्फ कारनामे किए आज उन्हें प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज पसंद नहीं आ रहा

- सीएम योगी ने कार्यक्रम में पांच हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही 705 करोड़ रुपए की 305 परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, इसलिए वह अंतिम समय में घुट घुट कर मरा था। समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तब ये लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। 2014 में पीएम मोदी के आने के बाद से देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है। सीएम योगी ने बुधवार को जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला को संबोधित किया। साथ ही युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने समय में कोई काम नहीं किया, सिर्फ कारनामे किए आज उन्हें प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज पसंद नहीं आ रहा है। यही समाजवादी पार्टी के लोग हैं, जो कहते थे कि लड़के हैं और लड़कों से गलती हो जाती है। यही लोग हैं जो बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करते थे। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए यमलोक का रास्ता खुला हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। अयोध्या, कन्नौज और कोलकाता की घटना पर उनकी जुबान नहीं खुलती है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के लोगों को जब भी सत्ता प्राप्त हुई तो सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने का कार्य किया। अपनी योजनाओं के माध्यम से तुष्टिकरण करते थे और समाज को विकास की धारा से विमुख करने का कार्य करते थे। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह जैसे राष्ट्र नायकों का अपमान किया है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा ही है, जो इन महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य कर रही है। महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर बना विश्वविद्यालय इसका उदाहरण है। कांग्रेस और सपा के लोगों को सिर्फ अपना परिवार दिखता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। अराजकता, अव्यवस्था और गुंडागर्दी की छूट किसी को नहीं देंगे।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। आज यूपी की गिनती देश के अग्रणी राज्यों में होती है। इसलिए आप सब इस प्रगति को रुकने मत दीजिएगा, क्योंकि समाजवादी पार्टी के लोगों को अगर अवसर मिला तो वो प्रदेश में दंगा, लूटपाट और अराजकता फैलाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके साथ रोजगार भी आता है और इसकी आधारशिला सुरक्षा है।

### भाजपा के पास विकास का एजेंडा, विपक्ष के पास विनाशकारी प्रोपेगेंडाः बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भाजपा के पास विकास का मजबूत एजेंडा है। वहीं सपा और इंडी गठबंधन एवं समूचे विपक्ष के पास विनाशकारी प्रोपेगेंडा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने और उनके द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। मंत्री संदीप ने कहा कि हमारी इस युवा को पीढ़ी को दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के विजन का नतीजा है कि आज उत्तर प्रदेश का युवा अपने भविष्य को सुरक्षित महसूस कर रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अलीगढ़ क्षेत्र में विकास की योजनाएं निरंतर जारी हैं और ये श्रृंखला लगातार बरकरार रहेगी।

# सदस्यता अभियान पार्टी संगठन के विस्तार का बड़ा अवसरः भूपेंद्र

लोक मित्र संवाद



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश की सदस्यता अभियान की कार्यशाला मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार को सहकारिता भवन लखनऊ में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी द्वारा 2 सितंबर से शुरू किए जा रहे सदस्यता अभियान में पार्टी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में जन जन तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता ÷पार्टी संगठन के विस्तार का बड़ा अवसर है, जिसमें कार्यकर्ताओ को लक्ष्य तय करके सदस्यता के अभियान में जुटना होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मनाते हुए हमें पूरे प्रदेश में हर वर्ग और हर घर तक पहुंच कर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के कार्यों का प्रचार प्रसार कर जन जन को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर उन्हें भाजपा का सदस्य बनाने का काम करना है। श्री चौधरी ने कहा कि सशक्त भाजपा, विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए विश्व में सर्वाधिक सदस्य संख्या वाली हमारी पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम करते हुए भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओ का आह्वान किया कि वे पार्टी द्वारा बनायी गयी योजना पर कार्य करते हुए सदस्यता अभियान में अपनी भूमिका का निवर्हन करें। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने सदस्यता अभियान में पिछडा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता की भूमिका को विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रदेश में मोर्चे को पार्टी द्वारा 10 लाख सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य दिया है लेकिन मोर्चे के हम सब कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन की योजनानुसार कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़कर उन्हें पार्टी का सदस्य बनाने का काम करना है।

# अग्रसेन जयंती को विशेष सेवा महोत्सव के रूप में मनाएंगे

लोकमित्र ब्यूरो



**आगरा।** महाराजा अग्रसेन सेवा समिति लोहमंडी और श्री अग्रवाल संघ ट्रस्ट ने इस वर्ष महाराजा अग्रसेन जयंती को ÷विशेष सेवा महोत्सव÷ के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन भवन लोहामंडी में वृहद् निःशुल्क मेडिकल मल्टीस्पेशलिटी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

इस कैम्प के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को लखनऊ में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल गर्ग, उपाध्यक्ष गौरव मित्तल, और कोषाध्यक्ष राजकिशोर भी उपस्थित थे।

इस कैम्प में 101 चिन्हित मरीज़ों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। इसके अलावा, निःशुल्क चश्मे, कान से सुनने की मशीन, और निःशुल्क खून की जाँचें भी की जाएंगी। एक्स-रे, सीटी स्कैन जैसी सेवाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को इस कैम्प में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। महाराजा अग्रसेन सेवा समिति के महासचिव वी डी अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती पर और भी सेवा प्रकल्प शीघ्र शुरू किए जाएंगे। कार्यकारी अध्यक्ष अनुराग मित्तल ने सभी को बधाई दी। महासचिव डॉ. अम्बरीश अग्रवाल ने कहा कि सेवा महोत्सव के रूप में लोगों की सेवा करना ही सच्चा पुण्य है। निःशुल्क ऑपरेशन के लिए लोग मोबाइल फोन नंबर 8394977999 पर संपर्क कर सकते हैं।

## ओम बिरला से मिले सतीश महाना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।यूपी असेम्बली के स्पीकर और लोकसभा अध्यक्ष के बीच गम्भीर विषयों पर मंत्रणा हुई। इस भेंट को शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है।

# जलशक्ति मंत्री ने की विभाग की समीक्षा

- नहर की पटरियों व बंधो का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें अधिकारीः स्वतंत्र देव

लोक मित्र संवाद



**लखनऊ।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तटबंधों की मजबूती और नहरों की सुरक्षा के संबंध में कड़े दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि नहरों की देखरेख में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

तटबंधों की सुरक्षा हेतु समय-समय पर जाँच करायी जाए। अत्यधिक वर्षा या अन्य कारणों से कहीं भी तटबंध क्षतिग्रस्त हुये हैं, तो उसकी तत्काल मरम्मत करवायी जाए। अधिकारी समय-समय पर नहर की पटरियों व बंधो का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी तैनाती स्थल पर ही रहें, बिना पूर्व सूचना के मुख्यालय से बाहर न जाएँ। विभाग के अधीन वाली परिसंपत्तियों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दें, समय समय पर उनकी मरम्मत का कार्य कराते रहें।जलशक्ति मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित जनपदों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए। बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील जनपदों के अधिकारी कर्मचारी जिला प्रशासन से नियमित संपर्क बनाए रखें, जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। नदियों के जलस्तर और तटबंधों की निरन्तर मॉनीटरिंग की जाए। बाढ़ चौकियों पर तैनात अधिकार कर्मचारी निरंतर स्थिति पर नजर बनायें रखें। किसी भी आकस्मिक या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में रिजर्व स्टॉक का प्रबन्ध समस्त तटबन्धों रखें व ऐसे ठेकेदारों के नाम व मोबाइल नम्बर का विवरण भी रखें, जिससे आपातकालीन स्थिति में तत्काल लेबर व सामग्री की व्यवस्था हो सके। बंधों पर प्रकाश की व्यवस्था भी की जाये।जलशक्ति मंत्री ने नहरों में टेलफीडिंग की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि अनिवार्य रूप से नहरों के टेल तक पानी की पहुँच सुनिश्चित कराएं, इस कार्य में उदासीनता नहीं होनी चाहिए।

# राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक करे आवेदन

लोक मित्र संवाद



**लखनऊ।** देश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार- 2024 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। ये पुरस्कार 03 दिसम्बर, को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे। इस वर्ष 12 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी स्वनियोजित दिव्यांगजन, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी, सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति संस्था, प्रेरणास्रोत, सृजनशील दिव्यांग बालक बालिका, दिव्यांग खिलाड़ी, दिव्यांगजन हेतु बाधारहित वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य, एवं दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिले शामिल हैं। पुरस्कार की धनराशि 25,000 रुपये निर्धारित की गई है।निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण भूपेंद्र एस. चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कारों हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्तियों को आवेदन प्रपत्रों सहित जनपद स्तर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कराने होंगे। आवेदनों की समीक्षा के बाद, जिलाधिकारी की संस्तुति सहित निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखनऊ भेजा जाएगा। पुरस्कारों से संबंधित जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट ू.नचीूक.हवअ.पद पर उपलब्ध है अथवा हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1995 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कराया जाय पात्रता सर्वेक्षण

**हर आवासविहीन परिवारों को मिलेगा पक्का मकानः केशव**

लोक मित्र संवाद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ और मिर्जापुर के परिषदीय विद्यालयों के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए चयनित किया गया है। इन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर 05 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश से चयनित शिक्षकों में प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर के श्याम प्रकाश मौर्या और मिर्जापुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने %राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024% के लिए देश भर से 50 शिक्षकों के नाम की घोषणा की है। चयनित शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल व प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र के तहत इनोवेटिव तरीकों से पठन पाठन को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया है। विभिन्न एप्स के माध्यम से बच्चों के लिए पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, अध्ययन के नए-नए तरीकों को अपनाने वाले शिक्षकों को आगे बढ़ाकर उन्हें दूसरे शिक्षकों के लिए प्रेरणा के तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है।

### छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने में निभाई भूमिका

राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित प्रतापगढ़ जनपद के मान्धाता विकासखण्ड के मल्हौरपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य द्वारा परिषदीय बच्चों को पीपीटी के माध्यम से पढ़ाई कराई जाती है। प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ये बच्चों को इस तरह से अध्ययन कराते हैं, ताकि उन्हें आसानी से समझ में आ सके। इन्होंने 2022 में ऑनलाइन एक ग्रुप बनाकर पूरे जिले के बच्चों को राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा के लिए प्रेरित किया था। इसमें 785 चयनित बच्चों को 03.76 करोड़ की छात्रवृत्ति मिल रही है। इसी तरह, मिर्जापुर के भगेसर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बतौर प्रधानाध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे रविकांत द्विवेदी द्वारा बनाया गया %गणित का बगीचा% काफी चर्चित रहा। विद्यालय में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए ये अनेक प्रकार की नई तकनीक का प्रयोग कर चुके हैं। इसमें गणित का बगीचा, डिजिटल क्लास आदि प्रमुख हैं। बता दें कि यह पुरस्कार देशभर के उन शिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और परिश्रम से विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है और अपने छात्रों के शैक्षिक एवं व्यवहारिक जीवन को नैतिकता व मूल्यों से समृद्ध बनाया है।

# मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर महसी पहुंचे वन मंत्री, पीड़ित परिवार से की मुलाकात

- डेढ़ महीने में सात लोगों को शिकार बना चुका है भेड़िया

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** वन मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना आज बहराइच के महसी विकास खंड के अंतर्गत गांव सिसईया चूणमणि के मजरा कोलैला पहुंचें। वहां पर भेड़िये ने हमला कर एक महिला की हत्या कर दी थी। गांव में भेड़िये का आतंक है। डेढ़ महीने में भेड़िये के हमले में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। वन मंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भ्रमण के लिए पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिजनों से कहा कि दुख की घड़ी पूरी सरकार आपके साथ है। वन मंत्री के साथ विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, बलहा की विधायक सरोज सोनकर, मुख्य वन सरंक्षक रेनू सिंह, पीसीसीएफ सुधीर शर्मा व पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ संजय श्रीवास्तव, जिलाधिकारीमोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, नोडल आकशदीप बधावन, डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, कतर्नियाघाट बी.शिवशंकर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। महसी और खैरीघाट थाना क्षेत्र में भेड़िये ने आतंक मचा रखा है। रविवार की रात हरदी



थाना क्षेत्र की महिला रीता देवी पर हमलाकर हत्या कर दी और खैरीघाट थाना क्षेत्र की महिला काजल को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रविवार को हुई इन घटनाओं से क्षेत्र में आतंक कई गुना बढ़ गया।

# कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**स्वचालित मौसम केन्द्र इंटीग्रल ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन का भी किया उद्घाटन**

लोक मित्र संवाद




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में डिप्लोमा उपाधि वितरण सम्मान समारोह में पॉलिटेक्निक के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड और सिल्वर मेडल प्रदान किया और आर्शीवचन दिए।

इस अवसर पर धर्मपाल सिंह ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के सहयोग एवं मेट्रोलॉजिकल सेंटर लखनऊ द्वारा स्थापित स्वचालित मौसम केन्द्र इंटीग्रल ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन का भी उद्घाटन किया।समारोह में श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हम सबको एक भारत, श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए मिलकर कार्य करना है और अच्छी शिक्षा ही मजबूत एव समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है। इस लिए हमारे बच्चे जिस भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले उनके सैद्धान्तिक व्यवहारिक एवं तकनीकी पहलुओं को भी समझे और पाठ्यक्रम मात्र डिग्री प्राप्ति का आधार न बनकर रोजगारपरक माध्यम बनें। उन्होंने कहा कि युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए और जीवन की हर परिस्थिति में चुनौतियों को अवसर समझ कर कार्य करना चाहिए।श्री सिंह ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से तकनीकी, चिकित्सीय एवं अन्य विभिन्न प्रकार के शैक्षिक क्षेत्रों के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विश्वविद्यालय में किए जा रहे शोध कार्यों एवं नवाचारों की सराहना की।

# यूपी के दो शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

- प्रतापगढ़ के शिक्षक श्याम प्रकाश और मिर्ज़ापुर के रविकांत राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित
- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने किया चयनित, 05 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया जाएगा पुरस्कृत

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ और मिर्जापुर के परिषदीय विद्यालयों के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए चयनित किया गया है। इन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर 05 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश से चयनित शिक्षकों में प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर के श्याम प्रकाश मौर्या और मिर्जापुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए देश भर से 50 शिक्षकों के नाम की घोषणा की है। चयनित शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल व प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र के तहत इनोवेटिव तरीकों से पठन पाठन को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया है। विभिन्न एप्स के माध्यम से बच्चों के लिए पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, अध्ययन के नए-नए तरीकों को अपनाने वाले शिक्षकों को आगे बढ़ाकर उन्हें दूसरे शिक्षकों के लिए प्रेरणा के तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है।

# स्वयंसेवकों को मूर्तिकार की तरह निखार देते थे वरिष्ठ प्रचारक बालकृष्णजी

लोक मित्र संवाद



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख एवं पूर्व प्रांत प्रचारक (अवध प्रांत) स्व्व. बालकृष्णजी के स्मरण में गोमतीनगर के विशाल खण्ड स्थित सीएमएस स्कूल के सभागार में बुधवार की शाम 5 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें संघ के राष्ट्रीय स्तर के प्रचारकों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत स्वयंसेवकों ने उपस्थित होकर अपनी भावांजलि अर्पित की। बुधवार की सुबह राजेंद्रनगर स्थित भारती भवन में उनकी आत्मिक शांति हेतु शांति पाठ एवं हवन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित समस्त्त अतिथियों ने कहा कि बालकृष्णजी जीवन पर्यन्त स्वयंसेवकों को निखार कर उन्हें देशसेवा के लिए प्रेरित करने का कार्य करते रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक का पूरा जीवन एक कठिन परीक्षा को जीने के समान है। अविवाहित रहते हुए वे राष्ट्रसेवा के लिये अपना घर-बार त्याग देते हैं। वे बिना पीला वस्त्र धारण किये ही सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करते हैं। प्रचारक का यही धर्म श्रेष्ठता से निभाने वाले वरिष्ठ प्रचारक बालकृष्णजी उपाख्य बालजी अब गोलोकवासी हो चुके हैं। उन्होंने 20 अगस्त, 2024 को अपना नश्वर शरीर त्याग दिया था। वे संघ में विभिन्न पदों पर रहते हुए राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका निभाते रहे। बालकृष्ण जी पांच भाइयों में दूसरे क्रम पर 5 मार्च, 1937 को जन्मे थे। उनका पैतृक निवास कानपुर देहात की बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर ब्लॉक के कंठीपुर ग्राम पंचायत में था। 87 बसंत देखने वाले बालजी ने कानपुर के तत्कालीन विभाग प्रचारक स्व. अशोक सिंहल जी की प्रेरणा से नौकरी छोड़कर वर्ष 1962 में संघ का प्रचारक बनने का संकल्प लिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### दोस्त के साथ मिल कर गर्भवती पत्नी को पीटा, मुकदमा

**लखनऊ।** बाबा हजारा बाग में पति ने दोस्तों की मदद से गर्भवती पत्नी और साले के साथ मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी ने पत्नी को गला भी दबाने का प्रयास किया। यह आरोप लगाते हुए महिला के भाई ने ठाकुरगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सआदतगंज निवासी महिला का निकाह ठाकुरगंज में हुआ है। पति की मारपीट से परेशान होकर महिला मायके आकर रहने लगी थी। कई दिन गुजरने के बाद महिला को उसका भाई ससुराल छोड़ने के लिए गया था। जहां महिला को उसके पति ने घर में घुसने से रोक दिया। विरोध करने पर आरोपी पति ने दोस्त रिजवान के साथ मिल कर पत्नी को जमकर पीटा। सात माह की गर्भवती के पेट पर लात भी मारी गई। बहन पर हमला होते देख भाई के बीच बचाव करने पर उसे भी दौड़ा कर पीटा गया। यह आरोप लगाते हुए महिला के भाई ने ठाकुरगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### सड़क हादसे में सेवानिवृत्त एलआईसी कर्मी समेत दो की मौत

**लखनऊ।** तेलीबाग में सोमवार को दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में घायल बाइक सवार एलआईसी से सेवानिवृत्त विष्णु नारायण बाजपेयी (70) की मौत हो गई। वहीं दूसरे बाइक सवार युवक हादसे के बाद भाग निकले। उधर, बंथरा के उम्मेदखेड़ा में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार अजय (22) की जान चली गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तेलीबाग निवासी सेवानिवृत्त एलआईसी कर्मी विष्णु नारायण बाजपेयी (70) सोमवार को बाइक से किसी काम से जा रहे थे। भतीजे लव ने बताया कि मौसा विष्णु नारायण तेलीबाग चौराहे के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से मौसा विष्णु नारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें एपेक्स ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां इलाज के दौरान विष्णु नारायण की मौत हो गई। परिवार में पत्नी आशा व एक बेटी पारुल है। वहीं उन्नाव के जलियनखेड़ा दरहेटा निवासी अजय (22) सोमवार को बाइक से पूजा के लिए फूल लेने बाइक से निकले थे। वह बंथरा के उम्मेदखेड़ा पहुंचे तभी पीछे से आ रहे पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार देर रात इलाज के दौरान अजय ने दम तोड़ दिया।

### बजरंग दल कार्यकर्ता से मारपीट

**मलिहाबाद।** मुंशीगंज में निकली शोभायात्रा में शामिल होकर लौट रहे बजरंग दल कार्यकर्ता के साथ दो युवकों ने मारपीट की। आरोप है कि दबंगों ने असलहा दिखाते हुए धमकी दी और मौके से भाग गए। कार्यकर्ता ने बुधवार को मलिहाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बा निवासी बजरगंज दल कार्यकर्ता सूरज कुमार अर्कवंशी के मुताबिक मंगलवार को जन्माष्टमी पर शोभायात्रा निकाली गई थी। जिसमें शामिल होने के बाद सूरज घर लौट रहे थे। डाकघर तिराहे के पास कार्यकर्ता को आबिद और टीपू ने रोक कर गाली दी। विरोध करने पर मारपीट की और तमंचा दिखा कर धमकी दी। सूरज के साथ हुई घटना का पता चलने पर बुधवार सुबह बजरंग दल के कई कार्यकर्ता मलिहाबाद कोतवाली पहुंच कर हंगामा करने लगे। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि सूरज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपों की जांच की जा रही है।

### ई- रिक्शा चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

**लखनऊ।** ई- रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मड़ियांव पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी के पांच ई- रिक्शा बरामद हुआ है। वहीं ठाकुरगंज पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर एक ई- रिक्शा बरामद किया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि जानकीपुरम 60 फिटा रोड स्थित झुग्गी झोपड़ी निवासी सुभाष व जानकीपुरम निवासी सतीश को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि जो ई-रिक्शा सूनसान स्थान पर खड़ा रहता है। कुछ देर तक उसके पास वह खड़े रहते हैं। इसके बाद वह ई-रिक्शा लेकर चंपत हो जाते हैं। वहीं ठाकुरगंज पुलिस ने ई- रिक्शा चोरी करने वाले ठाकुरगंज पन्नी वाली गली निवासी ब्रजेश, दीपू कश्यप व मोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी का एक ई-रिक्शा बरामद हुआ है।

### प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर से दलाल बुक कर रहे टिकट

**लखनऊ।** आगामी दिनों में त्योहारों की शुरुआत के साथ ही ट्रेनों में कंफर्म टिकटों की मारामारी शुरू हो गई है। आलम यह है कि दशहरा, दीपावली और छठ पूजा जैसे बड़े त्योहारों पर ट्रेनें फुल हैं। ऐसे में अब तत्काल टिकटों का ही भरोसा है। दूसरी ओर प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर से धड़ल्ले से टिकट बुक हो रही हैं। इस समय नेक्सस, गदर और तेज नाम के प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर के जरिये दलाल रेलवे के टिकट बुकिंग सिस्टम पर भारी पड़ रहे हैं। इसके खिलाफ आरपीएफ ने अगस्त महीने में 54 मामले टिकट दलालों के खिलाफ दर्ज किए गए है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इस साल 25 अगस्त तक कुल 54 मामले टिकट दलालों के खिलाफ पंजीकृत किए हैं। इसमें 40 मामले ई-टिकटिंग के हैं। इसके अलावा लखनऊ मंडल में आईआरसीटीसी के 21 एजेंट आईडी और 302 पर्सनल आईडी को भी बंद किया है। अभी तक 212 टिकट ऐसे बरामद किये गये हैं, जिनसे आगामी त्यौहारों में यात्रा की जानी थी। इनकी कीमत 6 लाख 13 हजार 805 रुपये है। वहीं 520 ऐसे टिकट बरामद हुए हैं, जिनकी यात्रा समाप्त हो चुकी थी। इनकी कीमत करीब 11 लाख 90 हजार 65 रुपये थी। अभी तक 18 लाख 03 हजार 870 रुपये जब्त किये जा चुके हैं।

### बिजली परियोजनाओं में विलंब होने पर चेयरमैन नाराज

**लखनऊ।** विशेष संवाददाता उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम की निर्माणाधीन तापीय परियोजनाओं में से जवाहरपुर परियोजना की 660 मेगावाट की दूसरी इकाई का काम विलंबित होने पर निगम के चेयरमैन डा. आशीष कुमार गोयल ने नाराजगी जताई है। इस इकाई को जल्द से जल्द चालू करने का निर्देश दिया। इस इकाई के महाप्रबंधक को चेतावनी दी। चेयरमैन ने बुधवार को उत्पादन निगम की निर्माणाधीन तापीय परियोजनाओं के कामों की समीक्षा की। चेयरमैन ने घाटमपुर और पनकी परियोजनाओं के प्रारम्भ होने में हो रहे विलम्ब पर भी गहरा असन्तोष व्यक्त किया।

### अधिशासी व सहायक अभियंता निलंबित

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सीतापुर के महोली में पानी की टंकी ढहने के मामले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण आलोक पटेल को निलंबित कर दिया है। साथ ही सहायक अभियंता जल निगम को निलंबित करते हुए चार्ज शीट दी गई है। विभाग ने दोनों ही अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। यह जानकारी जल निगम ग्रामीण के प्रबंध निदेशक डा. राजशेखर ने दी है। उन्होंने बताया कि दोनों अभियंताओं के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू की गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### छोटी पंचायतों को अलग से धन देगी सरकार

**लखनऊ।** पंचायतों को अधिक धन तथा प्रधानों को ज़्यादा अधिकारों की मांग को लेकर प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को मुख्य सचिव के साथ बैठक की। लोकभवन स्थित सभागार में कृषि उत्पादन आयुक्त की उपस्थित में आयोजित इस बैठक में 26 विभागों से 38 बिन्दुओं पर मन्थन किया गया। इस दौरान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने छोटी पंचायतों को अलग से धनराशि प्रदान किये जाने तथा लखनऊ में पंचायत सदन के निर्माण पर सहमति व्यक्त की। साथ ही 12 हज़ार छोटी पंचायतों को अलग से धनराशि प्रदान करने को भी शासन की ओर से सहमति प्रदान की गई। साथ ही ज़िला योजना समिति में प्रधानों के मनोनयन के आदेश जारी करने के भी निर्देश दिये गये। वहीं नीति निर्धारण प्रकोष्ठ के गठन पर भी सहमति व्यक्त की गई।

### न्यू गणेशगंज में कान्हा ने किया दैत्य अघासुर का वध

**लखनऊ।** मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में शहर की एकमात्र डिजिटल मूविंग जन्माष्टमी झांकी में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण ने अजगर का रूप धरे दैत्य अघासुर का वध किया।

# कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों से पुलिस की झड़प

धक्कामुक्की में सड़क पर गिरे नेम प्लेट-एप्रिन-बैग

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में बुधवार को कम्म्युनिटी हेल्क्थ ऑफिसरों (सीएचओ) और पुलिस के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम (एएमएस) में बदलाव और स्थायी नौकरी समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए एनएचएम ऑफिस की ओर जा रहे कम्म्युनिटी हेल्क्थ ऑफिसरों को दीनदयाल पार्क और मोहन होटल की ओर से रोकने की कोशिश की। इसके बाद दोनों तरफ से जमकर धक्क्का-मुक्क्की हुई जिसमें पुलिसवालों के नेम प्क्लेट, बिल्क्ला तो कम्म्युनिटी हेल्क्थ ऑफिसरों के एप्रिन, बैग आदि सड़क पर गिर गए। इस दौरान पुलिस ने दोनों ओर से रास्क्ता रोक दिया। प्रदर्शन का असर चारबाग, केकेसी इलाके के भी यातायात पर पड़ा। संयुक्त एनएचएम संघ से संबद्ध कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एसोसिएशन के पूर्व प्रस्तावित आंदोलन के तहत चारबाग एपी सेन रोड स्थित एनएचएम मुख्यालय का घेराव और अनिश्चितकालीन धरना का कार्यक्रम बुधवार से शुरू होना था। 21 अगस्त से अभी तक सीएचओ प्रदेश के 12 हजार जन आरोग्य मंदिर (पीएचसी और हेल्थ सेंटर) पर काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन काम बंद किए हुए थे। संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय और सीएचओ एसो. के अध्यक्ष हिमालय कुमार ने बताया कि इसी क्रम में बुधवार को पूरे प्रदेश से बारिश में भीगते हुए सीएचओ आंदोलन के लिए पहुंचे, लेकिन पुलिस और पीएसी के जवान पहले से एनएचएम मुख्यालय जाने वाले मार्ग के दोनों छोर पर महिला और पुरुष सीएचओ को रोकने लगे।

आंदोलन से रोके जाने पर सीएचओ भड़क गए। सीएचओ जबरन जाने लगे और पुलिस से झड़प, धक्का मुक्की होने लगी, जिसमें कई पुलिस वालों के नेम प्लेट, बिल्ला और सीएचओ के एप्रिन आदि सामान सड़क पर गिर गया। हजरतगंज एसीपी अरविंद वर्मा सीएचओ से कहते रहे कि वह सभी आलमबाग गीतापल्ली ईको गार्डेन पार्क जाएं, लेकिन वह सब वहीं डटे हैं।

हिमालय का कहना है कि हम लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से बिना यातायात बाधित किए एनएचएम मुख्यालय पर प्रदर्शन और मिशन निदेशक का घेराव करना था, लेकिन पुलिस अफसरों ने जानबूझकर अंदर जाने से रोका। इसी बात पर झड़प और धक्का मुक्की हुई। जब तक मांगें नहीं पूरी होंगी। वह सब सीएचओ डटे रहेंगे।

# मंकी पाक्स पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, एजवाइजरी जारी

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दिए निर्देश जिलों के एंट्री प्वाइंट्स पर हो मरीजों की स्क्रीनिंग



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मंकी पाक्स से बचाव के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एडवाइजरी जारी होने के बाद यूपी का स्वास्थ्य महकमा भी अलर्ट मोड पर आ गया है। स्वास्थ्य विभाग ने मंकी पाक्स से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी जिलों के एंट्री प्वाइंट्स पर मरीजों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को बताया कि स्वास्थ्य संगठन ने मंकी पॉक्स को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया है। संदिग्ध रोगियों का पहचान, सैंपल कलेक्शन तथा उपचार के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश में सैंपल राज्य संदर्भन प्रयोगशाला (डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी, केजीएमयू) को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर-18001805145 जारी कर दिया गया है। प्रदेश में प्रवेश के सभी स्थलों पर मरीजों की पहचान के लिए सर्विलांस प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

**मंकीपॉक्स के लक्षण**

शरीर पर दाने, तेज बुखार, अधिक कमजोरी, लसिका ग्रंथियों में सूजन मंकीपॉक्स के प्रारंभिक लक्षण हैं। यह एक स्व-सीमित रोग है। जिसके लक्षण दो से चार सप्ताह तक बने रह सकते हैं। समय पर उचित देखभाल तथा इलाज जरूरी है। मंकीपॉक्स से ग्रसित रोगी के संपर्क में आने से भी यह रोग हो सकता है। हालांकि मंकीपॉक्स का अंतिम रोगी मार्च 2024 में केरल राज्य में मिला था। इस मरीज का अंतरराष्ट्रीय भ्रमण का इतिहास रहा है।

## तेज रफ्तार रोडवेज बस ट्रक में भिड़ी, आधा दर्जन यात्री घायल

**लखनऊ।** मिर्जापुर डिपो की बस सवारियां लेकर लखनऊ जा रही थी। वह जैसे ही क्षेत्र के पीठन गांव के पास पहुंची तभी चालक को झपकी आ गई। बस आगे जा रहे ट्रक से भिड़ गई। जिससे बस के चालक बद्री प्रसाद 39 वर्ष पुत्र रामनरेश निवासी शिवपुर बाजार मिर्जापुर, परिचालक मनोज कुमार 55 वर्ष पुत्र नंदलाल शर्मा निवासी बाघ मऊ मिर्जापुर तथा बस में सवार यात्री नरोत्तम सिंह 40 वर्ष पुत्र रामस्वरूप निवासी साकेत हाल टांडा रामपुर, मोहम्मद इमरान 34 वर्ष पुत्र मुर्तजा अहमद निवासी रामबाग कुरई नगर मिर्जापुर एवं वीरेंद्र कुमार 74 वर्ष पुत्र सीताराम निवासी कटनी चाप लखनऊ और अन्य तीन यात्रियों को गंभीर चोट आ गई। सभी घायलों को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इनमें चालक तथा परिचालक की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

# खेत गए वृद्ध किसान की गला रेत कर हत्या

गांव के ही तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

लोकमित्र ब्यूरो



**बंथरा।** मंगलवार की रात बंथरा थाना क्षेत्र में एक किसान की अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। थाने की पुलिस मुकदमा दर्ज कर गांव के तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। तीन दिन पहले इन्हीं लोगों से बुजुर्ग के बीच मामूली विवाद हुआ था। पुलिस पूछताछ कर रही है।मृतक बलवंत सिंह ग्राम सभा भटगांव थाना बंथरा मंगलवार की देर रात बलवंत का शव घर के पास रास्ते में पड़ा मिला था। पुलिस ने जांच के लिए दो टीमों का गठन किया था। परिजनों के मुताबिक बलवंत सिंह मंगलवार को शाम 4 बजे घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटे तो तलाश की जाने लगी। पास के ही एक रास्ते में शव खून से लतपथ मिला। पास से एक कुल्हाड़ी भी बरामद की गई। थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि बलवंत सिंह की आरोपी युवकों से 3 दिन पहले लड़ाई हुई थी।आरोपियों ने उन्हें धमकी भी दी थी।

# जोरदार बारिश से भरा ताल तलैया और खेतों में पानी

खरीफ की फसलों को नुकसान हो जाने का खतरा बना।

लोकमित्र ब्यूरो

**बंथरा।** बीती आधी रात शुरू बारिश घंटों चलतीं रही जिसकी वजह से बड़े छोटे ताल तलैया में पानी भरा हुआ दिखाई देने लगा है। खेतों में झमाझम बारिश होने के बाद पानी भर गया है। अभी तक बारिश जरूर हुई थी लेकिन पानी भरा हुआ बहुत ही कम नजर आ रहा था।

पहले मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे बारिश हुई, परन्तु रिमझिम बारिश रुक-रुककर काफी देर होती रही फिर साढ़े आठ बजे के आसपास बंद हो गई। बीती रात लगभग 12 बजे जोरदार बारिश शुरू हुई जो बुधवार की सुबह करीब आठ बजे तक झमाझम कर होती रही।

बुधवार को पूरे दिन बीच-बीच में हल्की बारिश होती रही जिससे लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया। जोरदार बारिश के चलते बच्चे विधालय नहीं जा सकें। समय से स्कूली वाहन नहीं आये, वही अभिभावक बारिश अधिक होने से बच्चों को विधालय भेजने से बचें। मालूम हो कि बारिश हल्की और बूंदाबांदी जैसी लगभग एक महीने से हो रही थी।

कोई दिन ऐसा रहा हो जिसने बारिश की बूंदें न गिरी हो नहीं तो प्रतिदिन बारिश का पानी गिर रहा था। लेकिन तालाब गड्डे नहीं भर रहें थे। केवल कीचड़ हो रहा था और खरीफ़ की फसलों को लाभ पहुंच रहा था।रात से चालू हुई बारिश लगभग आठ घंटे तक जमकर पानी गिरा जिससे तालाबों में भरा पानी दिखाई पड़ने लगा है।इस बारिश से धान की फसल को सबसे अधिक लाभ मिला है।

खरीफ़ की फसलों को झटका लगा है। खेतों पानी भर जाने से खरीफ की फसल को सड़कर बर्बाद हो जाने का खतरा बना हुआ है।

**बारिश ने बढ़ाई मवेशियों की परेशान**

अनवरत हो रही काफी समय से बारिश ने मवेशियों के लिए परेशानी पैदा कर रही है। गायों और बछड़ों को बारिश उत्पन्न कीचड़ के कारण अधिकांश समय खड़े होकर गुजरना पड़ रहा है। बारिश के पानी से कच्ची जमीन कीचड़ हो गया है, जिसमें यह मवेशी बैठते नहीं है। जहां छाया में इनको ग्रामीण बांध रहे हैं, वहां पर इनके पेशाब करने स्थान गीला हो गया है।उसमें भी बैठने में दिक्कत होने लगी है।इन हालातो में दुधारू पशुओं में दूध भी कम पड़ गया है। क्योंकि जब मवेशियों को मतलब भर के लिए आराम नहीं मिल रहा हैं और अधिकांश समय खड़े होकर गुजार रहे दूध कम पढ़ना स्वाभाविक है। भैंसे कीचड़ में बैठ जाती है उनके के लिए कोई दिक्कत नहीं परंतु गाय कीचड़ से परहेज करतीं हैं।

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर दम्पति से 19 लाख हड़पे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** अलीगंज कोतवाली में निजी कम्पनी में काम करने वाले युवक ने दोस्त के खिलाफ 19 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर रुपये हासिल किए थे। त्रिवेणीनगर तृतीय निवासी संदीप द्विवेदी की दोस्ती रचित पाण्डेय से है।

नवंबर 2023 में मुलाकात के दौरान रचित ने बताया कि वह शेयर ट्रेडिंग कर रहा है। जिसके जरिए कम वक्त में अच्छा मुनाफा भी हासिल किया है। अब नए स्टॉक खरीदने के लिए कुछ रुपयों की जरूरत है। इसलिए तुमसे मदद मांगने आया हूं। संदीप के मुताबिक वह रचित को बचपन से जानते थे। इसलिए मदद को तैयार हो गए। वहीं, रचित ने शेयर बाजार से होने वाले मुनाफे में 20 प्रतिशत लाभांश देने की बात भी कही थी। पीड़ित के मुताबिक उसने पत्नी के साथ मिल कर टुकड़ों में करीब 21 लाख रुपये रचित और उसके भाइयों को दिए थे। जिन्होंने बताया कि ट्रिपल ए रेटिंग वाली कम्पनियों में रुपये लगाए हैं। इन कम्पनियों में घाटे का डर कम होता है।

इसके बाद भरोसा हासिल करने के लिए रचित ने करीब सवा दो लाख रुपये संदीप और उसके पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए। पूछने पर बताया कि लाभांश मिला है। संदीप के अनुसार केवल एक बार ही उन्हें मुनाफे में हिस्सा दिया गया। इसके बाद रुपये नहीं मिले। पूछताछ करने पर रचित और उसके भाइयों ने धमकाना शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर अलीगंज सुनील तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मैं जिंदगी से हार गया हूं, छात्र ने लगा ली फांसी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मैं जिंदगी से हार गया हूं...। मम्मी-पापा मैं आपके सपनों को पूरा नहीं कर पा रहा हूं...। तंग आकर मैं अपना जीवन खत्म कर रहा हूं...। मम्मी- पापा मुझे माफ कर देना...। यह लिखकर रोहित कुमार (22) ने मड़ियांव स्थित किराये के घर में फांसी लगा ली। कमरे से दुर्गंध व खून निकलता देख मकान मालकिन ने पुलिस को सूचना दी। शव दो से तीन दिन पुराना है। सीतापुर के निजामपुर निवासी सुधीर ने बताया कि भाई रोहित कुमार (22) तीन माह से मोहिबुल्लापुर में आशा देवी के घर में किराये के मकान में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक मंगलवार सुबह आशा देवी ने रोहित के कमरे से दुर्गंध आने और खून निकलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर भीतर गए। रोहित का शव पंखे के कुंडे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। शव दो से तीन दिन पुराना है। जांच में रोहित के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें नौकरी न लगने से परेशान होकर फांसी लगाने की बात लिखी है। सुसाइड नोट और मोबाइल फोन फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार में पिता चंद्रभाल व भाई सुधीर हैं। पिता चंद्रपाल ने बताया कि 26 अगस्त को आखिरी बार बेटे रोहित से बात हुई थी। बेटे से बातचीत में ऐसा नहीं लगा था कि वह यह कदम उठा लेगा।

**हार्डवेयर व्यवसायी ने कमरे में गाना बजा कर लगा ली फांसी**

**सरोजनीनगर।** बंथरा में बुधवार सुबह हार्डवेयर व्यवसायी सुशील राजपूत (32) ने बुधवार को कमरे में गाना बजाकर फांसी लगा ली। पत्नी जेठ के यहां से लौटकर घर आई तो पति का शव फंदे से लटका हुआ था। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। अंबरपुर निवासी सुशील राजपूत बंथरा बाजार में हार्डवेयर की दुकान चलाते थे। पत्नी पूजा के मुताबिक बुधवार सुबह सुशील बेटे अभिनव को स्कूल छोड़कर घर आए थे। कुछ देर बाद पति सुशील ने उन्हें पड़ोस में रहने वाले भाई अनिल राजपूत के घर चलने के लिए कहा। वह लोग घर पहुंच कर बात कर रहे थे इस बीच सुशील पकौड़े बनाने के लिए आलू लाने की बात कहकर चला गया। काफी देर बाद भी उनके वापस न लौटने पर घर आई तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कमरे में तेज आवाज में गाना बज रहा था। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से झांककर देखा तो सुशील का शव पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। दरवाजा तोड़कर फंदे से नीचे उतारा तब तक सुशील की जान जा चुकी थी। इंस्पेक्टर राम सिंह के मुताबिक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## बदहाल झांसी इंटरसिटी की शिकायत मंत्री से

**लखनऊ।** झांसी इंटरसिटी बदहाली की शिकार हो गई है। एसी कूलिंग ठप होने से लेकर टूटी सीटों तक से यात्री परेशान हैं। शिकायत के बावजूद हल नहीं होने से मामला रेलमंत्री तक पहुंच गया है। ट्रेन नंबर 11109 झांसी लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी की एसी चेयरकार बोगी संख्या सी-2 की सीट संख्या 74 पर यात्रा कर रहे यात्री भूषण ने ट्रेन की खस्ताहाल की शिकायत दर्ज कराई है। भूषण ने बताया कि चिरगांव से लखनऊ जंक्शन के लिए यात्रा कर रहे थे। ट्रेन की एसी बोगी की कूलिंग कुछ देर बाद ही ठप हो गई। पसीना व उमस के बीच सफर करना पड़ा। इतना ही नहीं जिस सीट पर बैठे थे, वह टूटी हुई थी। टेबल का हुक भी खराब था, जिससे नाश्ते की टेवल बार-बार नीचे गिर रही थी। शौचालय में पानी नहीं था। उनकी शिकायत के वावजूद निस्तारण नहीं हुआ। उन्होंने रेलमंत्री से मामले की शिकायत की। इसके बाद डीआरएम आदित्य कुमार की ओर से ट्रेन की हालत ठीक करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# अनूप जलोटा के संग ढलेगी यादगार शाम ए अवध

सुर ताल संगम का तेरहवां वार्षिकोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** भारतीय संस्कृति के लिए काम कर रही संस्था सुर ताल संगम के 13वें वार्षिक उत्सव अवसर पर भजन सम्राट अनूप जलोटा मुख्य अतिथि होंगे। संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह गोमतीनगर में गुरुवार 29 अगस्त को शाम छह बजे होने वाले इस कार्यक्रम में डा.जया श्रीवास्तव और अनूप जलोटा के नये भजन व संस्था की वेबसाइट की लांचिंग के साथ अखिल भारतीय स्तर पर हुई भजन गायन प्रतियोगिता का ग्रैण्ड फिनाले और विशेष संगीत प्रस्तुतियां भी होंगी।

संस्था की संस्थापक डा. जया व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में इस कृष्ण कहो या राम कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुतियों में भजन कार्यशाला की प्रस्तुतियां भी होंगी। संस्था अपनी स्थापना से ही अपनी संगीत संस्कृति और संस्कारों के आयोजन कराती आ रही है। भजन प्रतियोगिता भी उसी का एक हिस्सा है। प्रतियोगिता में देश भर से बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर हमारा उत्साह बढ़ाया है।

कार्यक्रम अपराह्न तीन बजे से प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता के फाइनल में कल बाल, युवा और वरिष्ठ, इन तीन वर्गों में चुने हुये प्रतिभागी प्रदर्शन करेंगे। विजेताओं को क्रमश- 31सौ, 21सौ और 11सौ का पुरस्कार भी दिया जायेगा। आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। इस मौके पर संस्था की वेबसाइट और संस्था गीत की लांचिंग भी हमारे बरसाने वाली राधा.... भजन के साथ होगी। इस मौके पर भजन कार्यशाला के निर्देशक संगीतकार केवल कुमार लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित होंगे। उनकी प्रस्तुतियां भी होंगी। इस मौके पर अभिजीत के मार्गदर्शन में संस्था के वाद्यवृंद आकार बैण्ड की भी शुरुआत होगीव। शबीना सैफी और ऐमन जावेद फारुकी भी अपने गीत पेश करेंगी।

## मनोज अध्यक्ष व अमित रस्तोगी ने वरिष्ठ महामंत्री पद की शपथ ली

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल ने बुधवार को त्रिवेणी नगर व्यापार मंडल गठित किया। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव अध्यक्ष व अमित रस्तोगी ने वरिष्ठ महामंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि व्यापारियों को सोशल मीडिया का प्रयोग जरूर करना चाहिए। कोई भी समस्या आए उसको सोशल मीडिया के माध्यम से शेयर करें, ताकि उसका समाधान हो। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि पक्के पुल पर कॉमर्शियल वाहनों का आवागमन बंद है, जबकि नये पुल पर ट्रैफिक लोड है। इससे कारोबार चौपट हो रहा है। उन्होंने नये पुल निर्माण की मांग की। जिस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डा. नीरज बोरा से कहा कि गोमती नदी किनारे ग्रीन कॉरीडोर बन रहा है। उसका सबसे ज्यादा लाभ खदरा, त्रिवेणीनगर के लोगों को मिलेगा।

# कृष्णानगर में करीबी ने जेवर वापस नहीं किया तो महिला ने फांसी लगाई

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ढाबा संचालक की पत्नी प्रभा दास (50) ने परिचित को मदद के लिए दिये जेवर वापस न मिलने पर मंगलवार को घर में फांसी लगा ली। फरवरी में होने वाली बेटी की शादी की खरीदारी को लेकर बातचीत चल रही थी। इस बीच महिला कमरे में जाकर फंदे पर लटक गई।

कृष्णानगर एलडीए कॉलोनी निवासी प्रदीप दास रायबरेली रोड पर ढाबा चलाते हैं। प्रदीप के मुताबिक बेटी पीहू की शादी फरवरी में होनी है। मंगलवार को दिन में उनके ससुर घर आए थे। परिवार के लोग बैठकर शादी की खरीदारी को लेकर बातचीत कर रहे थे। यह तय हुआ कि पुराने जेवर बेचकर बेटी के लिए नए जेवर बनवा लिये जाएं। इस बीच पत्नी प्रभा दास उठकर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में चली गई।

काफी देर बाद भी प्रभा के नीचे न आने पर बेटी पीहू उन्हें बुलाने गई तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कई आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। शोर सुनकर वह भी पहुंच गए। दरवाजा तोड़कर भीतर गए तो पत्नी प्रभा पंखे के कुंडे से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकी हुई थी। आनन-फानन में उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्रभा को मृत घोषित कर दिया।

**मोबाइल फोन में मिली रिकार्डिंग:** प्रदीप का आरोप है कि पत्नी प्रभा के मोबाइल से एक रिकार्डिंग मिली है। रिकार्डिंग 10 अगस्त की है। जिसमें प्रभा किसी महिला से कह रही है कि मैंने तुम्हारे खराब समय में मदद की। अपने जेवर तक तुम्हे दे दिए। अब मेरी बेटी की शादी तय हो गई है। मुझे जेवर की जरूरत है। तुमसे मैं अपने जेवर मांग रहीं हूं फिर भी तुम जेवर नहीं लौटा रही हो।

संक्षिप्त खबरें

## स्कूलों के बाहर खड़े मनचलों पर कसा शिकंजा



**अलीगंज/एटा।** स्कूल में आने वाली छात्राओं के साथ रास्ते में होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए बुधवार को अलीगंज कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान चलाया। इस दौरान मनचलों पर शिकंजा कसा और 11 मोटरसाइकिल चालकों के चालान काटे गये।मिशन शक्ति अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी अलीगंज अमित कुमार ने चार टीमों का गठन किया जो अलग-अलग स्थान पर जाकर बालिकाओं के साथ अश्लील फब्तियां कसने वालों पर चालान की कार्रवाई की गई। इस दौरान मनचलों में हड़कंप मचा रहा। वहीं कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने मय बल के साथ जीडी इंटरनेशनल स्कूल, आरडी इंटर कॉलेज, टीडी पब्लिक स्कूल, गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज पर घूम रहे मनचलों को भागते हुए पकड़ा। छात्राओं ने अपने शिकायत में कहा कि स्कूल आते-जाते समय कुछ युवक गलियों में खड़े रहते हैं। तेज आवाज में हॉर्न बजाते हुए नजदीक से मोटरसाइकिल निकालकर ले जाते हैं। अश्लील फब्तियां कसते हुए परेशान करते हैं। छात्राओं की इन शिकायतों पर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार नें कहा कि नियमित रूप से बाजारों में यह अभियान चलाया जाएगा। छात्राओं को 1091 नंबर पर सूचना देने बारे भी जागरूक किया। वहीं स्कूलों के आसपास चाय की दुकानें, पान के खोखे, चाट के ठेलों पर खड़े युवकों की चेकिंग की और हिदायत देते हुए 11 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई। इसी दौरान चार अलग-अलग टीमों के साथ एसआई लवनेश, चौकी इंचार्ज शिव कुमार और उपनिरीक्षक लाल बहादुर सिंह नें मनचलों को हड़काया।

## अलीगंज कस्बे में चलाया गया संघनन चेकिंग अभियान



**अलीगंज/एटा।** अलीगंज कस्बे में परिवहन विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सड़कों पर फर्राटा भर रहे डग्गेमार वाहन, बिना फिटनेस स्कूली वाहन व ओवरलोड वाहनों पर चालान की कार्रवाई करते हुए दो वाहन सीज किये गये। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में बुधवार को पीटीओ अभिनव चौधरी ने एटा रोड, कायमगंज रोड पर संघनन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डग्गेमार वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई साथ ही रोडवेज रंग में रंगी बस व ओवरलोड ट्रक को सीज कर चालान किया गया। बिना फिटनेस के फर्राटा भर रहे स्कूली वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई। रोडवेज रंग में रंगी बस व स्कूली वाहन सहित सात वाहनों पर एक लाख 25 हजार का जुर्माना कर चालान की कार्रवाई की। वही पीटीओ अभिनव चौधरी ने हिदायत देते हुए कहा कि नियमों के अनुसार ही वाहन संचालित करें नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**जलेसर/एटा।** खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय थान सिंह द्वारा मंगलवार एवं बुधवार को क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।औचक निरीक्षण के दौरान बीईओ द्वारा विद्यार्थियों से सवाल जबाब कर शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा।बच्चों द्वारा सही जबाब न देने पर शिक्षक शिक्षिकाओं फटकार लगाई। सरकार एवं विभाग की मंशा के अनुरूप बच्चों को हरहाल में नियत समय से पूर्व निपुण बनाये जाने को कहा गया।

# ग्राम भदुईया मठ के बाशिंदे बरसों से गांव की दुर्दशा पर बहा रहे आंसू

## गांव की गलियां हुई बदहाल लोगों का रास्ता निकालना हुआ दुश्वावार

▸ कीचड़ युक्त मार्ग से निकलने को मजबूर स्कूली बच्चे, गिरकर होते रहते है चुटैल

लोकमित्र ब्यूरो





**अलीगंज/एटा।** विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के ग्राम भदुईया मठ के बाशिंदे आज भी नरकीय जीवन यापन करनें को मजबूर हैं। इस गांव में लोगों को पीने के पानी की भी भारी किल्लत है। लोगों के घरों से निकलने वाले पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है गांव की गलियों में पानी निकासी के लिए नालियों की व्यवस्था नहीं की गई और न ही गलियों में सीसी का निर्माण कराया गया है। जगह-जगह जल भराव कीचड़ युक्त होने से मच्छर भी पनपते हैं और दूषित दुर्गंध भी निकलती है। आज दिन तक कई ग्राम प्रधान और ब्लाक प्रमुख चुने गए जिन्होंने अपना और अपने परिवार का विकास तो किया लेकिन इस गांव की तरफ किसी ने भी कभी तक कोई ध्यान नहीं दिया। सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए आई हुई धनराशि का बंदर बांट करते रहे। आज भी इस गांव के 80 प्रतिशत लोग खुले मैदान में शौच करने को मजबूर हैं लोगों के घरों में शौचालय की व्यवस्था नहीं है।

**ग्रामवासी हेमंत** ने बताया कि कार्य का रूपये निकाल लिया जाता है और अपनें चाहेतों का जॉब कार्ड बना दिया गया है लेकिन पात्र लोगों का अभी तक जॉब कार्ड नहीं बना है इस गांव की आबादी लगभग 1500 है। सदियों पुराना खरंजा पड़ा है जो टूट कर दलदल का रूप ले चुका है। चुनाव के समय अपना उल्लू सीधा करने के लिए ग्राम वासियों को विकास करने के लिए झूठे आश्वासनों का घूंट पिलाते रहे और चुनाव जीतने के बाद इस गांव की तरफ मुड़कर के भी नहीं देखा कि यहां के बाशिंदे कैसे जीवन यापन कर रहे हैं। सरकारी अफसर गांवों के विकास के लिए लाखों रुपए खर्च करने का दावा करते हैं। गांवों में सीसी रोड तक नहीं बनने से जर्जर सड़कों से गुजरना लोगों की मजबूरी है। गांव की सबसे बड़ी समस्या पानी की निकासी भी है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर भरे होने से लोगों को उसी से होकर आना-जाना पड़ता है। वहीं सफाई नहीं होने से गंदगी के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं।

### गांव में नहीं है स्ट्रीट लाइटें, ना ही हुआ चकरोड का निर्माण



ग्रामीणों ने बताया कि **ग्राम प्रधान शिखा सिंह** व **ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय सिंह चौहान** द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया है। चुनाव के समय गांव के लोगों से विकास करने के लिए ढेर सारे वादे किए थे लेकिन चुनाव जीतने के बाद अभी तक इस गांव की बदहाली को सुधारने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया है। गांव में स्ट्रीट लाइट नहीं है जैसे लोगों को अंधेरे में निकालना पड़ता है और साथ ही गांव में किसी भी प्रकार का कोई भी चक रोड का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है जिससे ग्राम वासियों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है ग्रामीणों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों व आइजीआरएस के माध्यम से अवगत कराया लेकिन गांव की समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

### क्या कहना है ग्राम वासियों का

**राजरानी देवी** ने बताया कि गांव का बुरा हाल है गांव में अभी तक किसी भी प्रकार का कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया है सरकार द्वारा आयी धनराशि को चुने गए ग्राम प्रधान हड़प गए इसी कारण यह गांव बहुत उजडा और पिछड़ा हुआ है गांव की समस्याओं से निजात पाने के लिए ग्राम वासियों ने कई बार आईजीआरएस व प्रार्थना पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन आज तक कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ।

**ग्रामीण महेंद्र सिंह** ने बताया कि जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में नियमित सफाई नहीं कराए जाने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और नाले-नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। कीचड़ युक्त दलदल से परेशान ग्रामीण कई बार जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन पानी निकासी पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं।

**प्रेमा देवी** ने बताया कि जो यह मौसम चल रहा है इसमें मच्छरों का अत्यधिक प्रकोप रहता है लेकिन हमें मच्छरों का डर कैसा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मेहरबानी से यह समस्या तो काफी समय से बनी है जिसका अभी तक समाधान नहीं हुआ है। कई बार आईजीआरएस व तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन समस्या का कोई भी निस्तारण नहीं हुआ।

**सोमवती** का कहना है कि गलियों में पानी भरा होने से अत्यधिक समस्याएं स्कूली बच्चों को होती हैं जब भी स्कूली बच्चे स्कूल जाते हैं तो अधिकारियों की मेहरबानी से गलियों में बह रहे दलदल युक्त पानी में गिर जाते हैं कई बार तुम बच्चों को चोटे भी लग जाती हैं लेकिन प्रधान द्वारा कोई भी कार्य नहीं कराया गया है।

### जल भराव के कारण स्कूली बच्चों को होती है अत्यधिक समस्याएं

जलभराव के चलते आने जाने वालों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है इससे अत्याधिक तो छात्र छात्राओं को समस्या होती है जब वह पढ़ने के लिए स्कूल जाते हैं तो जलभराव स्वरूप गंदगी में गिरकर कपड़े गंदे हो जाते हैं जिससे छात्र छात्राएं स्कूल जाने से वंचित रह जाती हैं इतना ही नहीं कभी-कभी जलभराव होने के चलते इसमें गिरकर छात्र-छात्राएं चुटैल भी हो जाती हैं गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है जबकि कई बार इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई है लेकिन स्वच्छता के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिला समाधान नहीं।



प्रेमा देवी



राजरानी देवी



सोमवती

**प्रधान प्रतिनिधि अजय चौहान** ने बताया कि बारिश के चलते काम नहीं हो पा रहा है ईट पड़ चुकी हैं। पहले इसमें पाइप लाइन डाली गई थी जिससे पानी ऊपर आ जाता है। तालाब तक नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

**सचिव राजेंद्र सिंह** का कहना है कि गांव में जाकर ग्रामीणों से वार्ता की जो भी कार्य उसका निस्तारण जल्द ही कराया जाएगा जिससे लोगों को समस्याओं से निजात मिल सके।

**बीडीओ गोपाल गोयल** ने बताया कि जो भी कार्य हुए हैं उसकी जांच कराई जाएगी। गांव मे सचिव को भेजा है जांच कर ग्रामीणों से बात करके जो भी कार्य हैं कार्य योजना में डालकर कार्य कराया जाएगा। जो भी नाली खड़ंजा है उसको पूर्ण कराया जाए।

**एसडीएम अलीगंज जगमोहन गुप्ता** ने बताया कि ब्लॉक के माध्यम से पानी की निकासी नहीं हो रही है तो निस्तारण किया जाएगा। अगर नाली नहीं है तो बनवाने के लिए निर्देश किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी से मौके पर जाकर निस्तारण के लिए बोला है। जिसमे निधि कार्य मे आता है उसे निधि से कार्य कराया जाएगा जिससे ग्रामीणों को असुविधा ना हो।

# शॉर्ट सर्किट के चलते घर में लगी आग, तीन बच्चे झुलसे

▸ इलाज के दौरान दो ने तोड़ा दम

लोकमित्र ब्यूरो



**मसूरी।** मसूरी क्षेत्रांतर्गत गांव नाहल में बीते शनिवार सुबह जाकिर पुत्र ताहिर अली के घर में बिजली के शार्ट सर्किट होने से कमरे में आग लग गई थी। वहां सो रहे जाकिर के तीन बच्चे नाहिद, फैजान व जुनैद आग लगने से झुलस गये थे। जिन्हें गंभीर हालत में दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान सोमवार देर रात 12 वर्षीय फैजान की मौत हो गई। जिसका पोस्टमार्टम होने के बाद गांव नाहल के कब्रिस्तान में दफीना किया गया था।वहीं, बुधवार सुबह 4 बजे बाद जाकिर की इकलौती पुत्री 15 वर्षीय नाहिद की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। नाहिद गांव में ही तीसरी कक्षा की छात्रा थी। जाकिर के पिता ताहिर अली ने बताया कि बुधवार सुबह 4 बजे नाहिद की मौत की सूचना मिलने पर घर में रोना पीटना शुरू हो गया। नाहिद अपने पिता जाकिर की 4 संतानों में सबसे बड़ी इकलौती बेटी थी।जाकिर का सबसे छोटा बेटा 6 वर्षीय फैज आग लगने के समय अपनी दादी खैरून के पास सोया हुआ था। जबकि जाकिर अपनी बीमार पत्नी मोहसिना का इलाज कराने के लिये दिल्ली जीटीबी अस्पताल में गये हुये थे। वहीं तीन बच्चों में आग से झुलसे जाकिर के तीसरे बेटे जुनैद 8 की भी स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

# 5 सितंबर को लखनऊ में आयोजित धरने को सफल बनाने को किया विचार विमर्श

▸ करो या मरो, नारे के साथ इस बार आर पार की लड़ी जाएगी लड़ाई

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ नें आगामी 5 सितंबर को राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रहे धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ब्लॉक अलींगज की बैठक बीआरसी केंद्र पर आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि आगामी पांच सितंबर को राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रहे धरना प्रदर्शन में सभी शिक्षामित्रों की सहभागिता अनिवार्य है यह निर्णायक आंदोलन होने जा रहा है इसके लिए न्याय पंचायत बार शिक्षामित्रों से संपर्क कर उन्हें लखनऊ चलने के लिए प्रेरित किया जाए। संघ के जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि महंगाई के दौर में 10 हजार रुपये अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे शिक्षामित्रों के समक्ष तमाम कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। विद्यालय में शिक्षकों के समान कार्य करने के बाद भी अल्प मानदेय दिया जा रहा हैं। सरकार ने विगत 7 सालों से शिक्षामित्रों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की है आर्थिक तंगी, मानसिक अवसाद, हृदयघात तथा आत्महत्या कर अबत क हजारों शिक्षामित्र असामयिक ही दम तोड़ चुके हैं। सरकार द्वारा लगातार की जा रही उपेक्षा से आहत होकर पांच सितंबर को लखनऊ में ऐतिहासिक आंदोलन करने का काम किया जाएगा। करो मरो के नारे के साथ इस बार आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। शिक्षामित्र खाली हाथ लौटकर वापिस नही आएंगे सरकार जब-तक शिक्षामित्र हित में कोई उचित निर्णय नहीं लेती है अनवरत धरना जारी रहेगा। बैठक को ब्लाक अध्यक्ष पूरन सिंह यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ब्लाक के सभी 270 शिक्षा मित्र सर से कफन बाँधकर लखनऊ जाएगे और अपना हक लेकर ही लौटेंगे। बैठक में कृपाल सिंह, संजीव कुमार, नीलम राठौर, मीनू शाक्य, प्रीति सक्सेना, मीना बेगम शाहिस्ता बेगम, शबाना, जमाल हैदर, मदनपाल सिंह, अवनीश कुमार, भूप सिंह, सुधीर कुमार, रमेश चंद, अमरपाल सिंह, निशा सिंह, उषा देवी, संतोष कुमार, अजब सिंह, प्रमोद कुमार सहित आदि शिक्षामित्र उपस्थित रहे ।

# बैंक गारंटी दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये ठगे

लोकमित्र ब्यूरो

**इंदिरापुरम।** अंहिसा खंड-2 क्लाउड -9 में रहने वाले चंद्रा क्रेडिट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर सुभाष चंद्रा के साथ 25 लाख रुपये की ठगी हुई है। पीड़ित ने कोर्ट के माध्यम से आरोपियों के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपियों ने बैंक गारंटी के नाम पर पीड़ित से 25 लाख रुपये ठग लिए थे।सुभाष चंद्रा निवासी अंहिसा खंड-2 क्लाउड-9 ने बताया कि वह चंद्रा क्रेडिट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि हरीश चंद तिवारी निवासी आवास विकास सीतापुर, प्रवीन कुमार डायरेक्टर मोनार्क एग्रो कमोडिटीज निवासी दरिया गंज दिल्ली धोखेबाज किस्म के व्यक्ति हैं। आरोप है कि मैसर्स चंद्रा क्रेडिट लिमिटेड नाम से वित्तीय सलाह की कंपनी चलाता है, जो अपने ग्राहकों को वित्तीय सलाह देना एवं उनको बैंक गारंटी दिलाने हेतु मदद करते हैं।पीड़ित की कंपनी के ग्राहक मैसर्स गुप्ता पावर को 10 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी की आवश्यकता थी। हरीश चंद तिवारी सुभाष चंद्रा के पास आया और बताया कि वह ग्राहक मैसर्स गुप्ता पावर को 10 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी दिलवा देगा। इसके एवज में कमीशन के तौर पर 10 करोड़ रुपये का 8 फीसदी (करीब 80 लाख रुपये) लगेगा। आरोपी पक्ष सुभाष के घर आए थे। सुभाष ने आरोपियों की बातों का भरोसा कर लिया। उनके बीच अनुबंध हुआ और 50 हजार रुपये नगद बैंक गारंटी का अप्रूवल दिलाने के लिए दिए। इसके बाद आश्वासन दिया कि 5 दिनों में बैंक गारंटी हो जाएगी। सुभाष को शुरूआत में आरोपियों को 25 लाख रुपये देने होंगे। सुभाष आरोपियों की बात में आ गया और 21 सितंबर को 50 हजार रुपये, 22 सितंबर को 10 लाख रुपये और 24 सितंबर को 9 लाख रुपये उनके खाते से डाल दिए। 5 लाख रुपये नकद भी दे दिए।

## सर्राफा व्यवसायी से लूट के बाद सक्रिय रहने के निर्देश

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सुल्तानपुर जिले में एक स्वर्णकार की दुकान में हुई डकैती के बाद पुलिस विभाग द्वारा स्थानीय व्यवसाईयों के साथ एक बैठक करके दुकानों में सीसीटीवी लगवाने के साथ ही सतर्क रहने के निर्देश दिए। कोतवाली निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बुधवार की शाम कस्बे के प्रतिष्ठित व्यवसाईयों तथा स्वर्णकारों के साथ एक बैठक करके सुल्तानपुर जनपद में हुई घटना के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्ट से सभी लोगों सतर्क रहें बाजार में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। अपने-अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के साथ ही उच्च सुरक्षा वाले लाकर दुकानों में लगवाएं इसी के साथ हर समय सतर्क रहकर दुकानदारी करें जिससे कोई भी अनहोनी ना हो सके। बैठक के दौरान संतोष सर्राफ, सूरज सर्राफ, जवाहर लाल, मनीष कुमार गुप्ता, सुरेंद्र सोनी, अमर कुमार, जगदीश प्रसाद, पवन ज्वेलर्स,सुधांशु, मनीष सोनी सहित कस्बे के दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# डासना टोल प्लाजा पर किसानों ने टैक्स और बदसलूकी के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** डासना के पेरीफेरल टोल पर भारतीय किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर अपनी जमीन के मालिक होने के बावजूद उन्हें टोल टैक्स देना पड़ता है और टोल कर्मी उनके साथ बदसलूकी करते हैं।

प्रदर्शनकारियों ने डासना टोल मैनेजर गौरव चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की कि किसानों को टोल टैक्स से मुक्त रखा जाए और टोल कर्मियों की बदतमीजी को रोका जाए। भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश नागर ने कहा कि एनएचएआई ने वादा किया था कि एक्सप्रेस वे के दोनों ओर किसानों के लिए सर्विस रोड बनाए जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।सपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष शहजाद चौधरी, सपा यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष हसीन चौधरी और अन्य स्थानीय नेताओं के साथ मिलकर किसानों ने 30 मिनट तक धरना-प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को स्पष्ट किया।

इस प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने दस किलोमीटर की परिधि में स्थानीय किसानों के वाहनों को टोल मुक्त रखने की भी मांग की और कहा कि इस मामले में उचित कदम उठाया जाना चाहिए।

## शुक्रवार को साप्ताहिक बन्दी का व्यापारिक संगठन ने किया विरोध

**बाराबंकी।** नगर में साप्ताहिक व्यापारिक बंदी के लिए रविवार का दिन प्रारंभ से ही तथा कई दशकों से निश्चित है। विगत समय पर इसके बदलाव निर्धारित हो नहीं हो सका। बाराबंकी के एक व्यापार मंडल द्वारा राजनीतिक कारणों से साप्ताहिक बंदी को शुक्रवार के लिए निर्धारित करना प्रशासन को प्रस्तावित कर दिया गया है जिसका अनुमोदन प्रशासन के समक्ष विचाराधीन है। जिसके विरोध में बाराबंकी में ही नहीं वरन प्रदेश के पुरातन प्रतिष्ठित व्यापारी संगठन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बाराबंकी नगर के समस्त व्यापारियों के बीच में अपनी बात रखी गई और समस्त व्यापारियों ने रविवार को साप्ताहिक बंदी बनाए रखने के लिए व्यापक रूप से हस्ताक्षर किए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा चलाए गए व्यापक हस्ताक्षर अभियान में सभी व्यापारियों ने एक राय होकर अपने हस्ताक्षर किए तथा सहमति व्यक्ति की।

# चोरी की बाइक सहित एक चोर गिरफ्तार

▸ बाइक चोरी गैंग का शातिर सरगना पुलिस की पकड़ से दूर बाइक चोरी गैंग का शातिर सरगना पुलिस की पकड़ से दूर

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** कोतवाली पुलिस द्वारा बारह घण्टे पूर्व हुई एक बाइक चोरी की घटना का खुलासा किया गया है। पुलिस ने चोरी हुई बाइक सहित एक चोर भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर से एक मोबाइल फोन प्लास्टिक का तार व मास्टर चाबी सहित तीन चाबी भी बरामद की है।

वही बाइक चोरी गैंग का शातिर सरगना अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत सोमवार को नगर की कटरा चुंगी स्थित गौतम नर्सिंग होम में राहुल कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी नूहखास थाना जलेसर जनपद एटा अपने भाई को इलाज हेतु लाया था। राहुल ने अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूपी82 एए 2799 को नर्सिंग होम के अंदर खड़ा कर दिया था। राहुल अपने भाई का उपचार करा रहा था। इसी बीच नर्सिंग होम के अंदर से उसकी बाइक चोरी हो गयी थी। पीड़ित द्वारा ढूँढने के बाद भी कोई सुराग नही लगने पर राहुल द्वारा मंगलवार को कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर दी गयी थी।प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर राघव ने बताया कि मंगलवार की शाम लगभग पौने छह बजे पुलिस चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर धर्मेन्द्र उर्फ ढिल्ला पुत्र ओमप्रकाश,निवासी ग्राम नारऊ वीरनगर थाना जलेसर को अवागढ़ रोड पर तोप चौराहे के पास से चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से एक मोबाइल फोन, मास्टर चाबी सहित तीन चाबी व एक मीटर प्लास्टिक के तार भी बरामद किया गया है।

**बाइक चोर गैंग का मुख्य सरगना पुलिस की पकड़ से दूर:** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर राघव ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि इस मोटरसाइकिल को वह सुमित राजपूत निवासी लोधीपुर,थाना जलेसर जिला एटा के पास ले जा रहा था। उसी के कहने पर ही उसने यह मोटरसाइकिल चुरायी थी। सुमित के पास चोरी की कई मोटरसाइकिल हैं। शातिर सरगना सुमित ने मोटरसाइकिल का लॉक तोडकर चोरी करने के लिये मास्टर चाबी भी दी थी। उसने अन्य कई मोटरसाइकिल एटा तथा फिरोजाबाद से उसने सुमित को चुराकर दी हैं।प्लास्टिक के तार के संबंध में,पूछने पर बताया कि इस तार से मोटरसाइकिल स्टार्ट करने में मदद मिलती है। तथा अन्य दो चाबी का प्रयोग भी मोटरसाइकिल को स्टार्ट करने में करता हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की बड़ी कामयाबी, वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** थाना जामो पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जो मामला संख्या 227/24 धारा 137(2),87,352 बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी में वांछित था। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रिंकू सरोज पुत्र नन्दलाल सरोज निवासी कपासी थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ है। पुलिस ने अभियुक्त को पयागपुर थानाक्षेत्र अन्तू जनपद प्रतापगढ़ से गिरफ्तार किया और अपहृता को सकुशल बरामद किया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 हवलदार यादव, का0 सुनील कुमार और म0का0 रिया राजपूत शामिल हैं। यह कार्रवाई जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में की गई है। पुलिस ने कहा है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### ईओ ने गौ पूजन का किया शुभारंभ



**बाराबंकी।** नगर पंचायत बंकी में अस्थायी रूप से बनाये गये गौ-आश्रय स्थल पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गौ-पूजन का कार्यक्रम किया गया, जिसमें मोहिनी केसरवानी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी द्वारा गौ-आश्रय स्थल पर संरक्षित समस्त गौवंशो / गौ-माता जी की सर्वप्रथम आरती कर गौ-पूजन किया गया तत्पश्चात माला पहनाकर गौवंशों को केला, मिठाई आदि खिलाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे तथा अधिशासी अधिकारी द्वारा गौ-आश्रय स्थल के व्यवस्थापक को निर्देशित किया गया, कि गौ-आश्रय स्थल पर संरक्षित समस्त गौवंशों की समुचित देखभाल की जाय, चारा-भूसा में कहीं कोई कमी न होने पाये।

### दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन

**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अंशुमान सिंह ने बताया कि 17 सितम्बर 2024 को मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद के 200 शैय्या हास्पिटल मेडिकल कालेज तिलोई में दिव्यांगजन हेतु 3डी मुद्रित कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में दिव्यांगजनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त अधीक्षक व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में आशा/ए0एन0एम0 एवं अन्य माध्यम से उपरोक्त शिविर का प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक दिव्यांगजन को लाभान्वित किया जा सके। यह शिविर दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे अपने जीवन को स्वतंत्र और सशक्त बना सकेंगे।

### श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ पारायण व भंडारा का आयोजन

**अमेठी।** आनंदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण, मालविका औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ पारायण का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भादौ कृष्ण पक्ष एकादशी को वृहस्पतिवार 29 अगस्त 2024 को प्रातः 08:30 बजे से द्वादशी शुक्रवार 30 अगस्त 2024 को प्रातः 09:30 बजे तक चलेगा। इस आयोजन में श्रीरामचरित मानस का अखंड पाठ किया जाएगा और भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन के दौरान पं0 अनिल शास्त्री जी के नेतृत्व में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन किया जाएगा। आयोजन के आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन यशोवर्धन श्री हनुमान जी महाराज की कृपा और शिवभक्त परिवार की स्नेहमय सहभागिता से किया जा रहा है। सभी श्रद्धालुओं को इस आयोजन में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है।

### चंद्रिका देवी मंदिर में बना गेस्ट हाउस दो साल से पड़ा है बंद

**बीघापुर, उन्नाव ।** तहसील क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक तीर्थ स्थल मां चंडिका देवी दरबार में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के प्रयासों से गेस्ट हाउस का निर्माण कराया गया था लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी गेस्ट हाउस का संचालन नहीं हो सका।क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर गेस्ट हाउस का शीघ्र संचालन कराए जाने की मांग की है। बक्सर स्थित मां चंडिका देवी दरबार में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के प्रयासों से गेस्ट हाउस का निर्माण कराया गया था लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते अभी तक उसका संचालन नहीं हो सका। निर्माण के बाद स्थानीय लोगों की उम्मीद थी कि गेस्ट हाउस के संचालन हो जाने से लोगों को मांगलिक कार्यक्रम करने के लिए लाखों रुपए की बचत होगी लेकिन अभी तक सपना हकीकत में नहीं बदल सका। क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर गेस्ट हाउस का संचालन कराये जाए की मांग की है। विधायक के पत्र पर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय कुमार ने अनु सचिव अजय त्रिपाठी , अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव लोक निर्माण विभाग को पत्र जारी कर कार्य दाई संस्था यू पी प्रोजेक्टस कारपोरेशन लिमिटेड से शीघ्र गेस्ट हाउस संचालन के निर्देश दिए हैं।

### मनचलों और शोहदों पर कसी नकेल



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में, थाना जामो और इन्हौना पुलिस की एन्टी रोमियो टीम ने बुधवार को एक अभियान चलाया है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ छेड़छाड़ और उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाना है। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की और संदिग्धों को पकड़ा। इस अभियान के तहत पुलिस ने मनचलों और शोहदों पर नकेल कसी है और उन्हें चेतावनी दी है कि अगर वे ऐसी गतिविधियों में शामिल पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि वे महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और ऐसे अभियानों को आगे भी जारी रखेंगे।

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**सतरिख।** थाना क्षेत्र में बीती मंगलवार की देर रात पेड़ से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन फानन में हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए । जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल था। नगर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त हादसा उस समय हुआ जब सतरिख थाना अंतर्गत बीती मंगलवार की देर रात मुनक्की पुरवा गांव का रहने वाला संदीप रावत 22 वर्ष पुत्र टेसुराम जैदपुर थाना अंतर्गत इनामीपुर कटरा चौराहे पर स्थित अपनी बाइक पार्ट्स की दुकान को बंद करके मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। तभी मुनक्की पुरवा गांव के बाहर मार्ग के किनारे लगा शीशम का पेड़ बीती रात आई तेज आंधी तूफान के कारण झुक गया था ।

# चोरी की फिराक में घूम रहे गिरोह को पुलिस ने अवैध असलहा समेत धर दबोचा

लोक मित्र संवाद

**सफीपुर, उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के मुखबिर की सूचना पर बकरी चोरी की घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे गिरोह को पुलिस ने कार नकदी एवं अवैध असलहा के सहित गिरफ्तार किया है।बीते दो माह पूर्व उक्त गिरोह ने बकरी चोरी की घटना को अंजाम देने के दौरान बकरी पालक को कार से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया था। गिरोह के सदस्यों ने गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के नाम उजागर करने के साथ जनपद के कई थानों में कई वारदातों को कबूल किया है।

थाना पुलिस ने वांछित धाराओं में अभियुक्तों को जेल भेजा है।फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के तकिया चौराहे के आस पास रविवार की रात थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र कुमार के साथ उपनिरीक्षक रविशंकर मिश्र उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह कांस्टेबल अविनाश ओझा संदीप कुमार विकाश गंगवार एवं विष्णु दयाल आदि संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो की चेकिंग कर रहे थे तभी पुलिस दल को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में बकरी चोरी की घटना को अंजाम देने वाला गिरोह औरा कार से नहर पटरी के रास्ते गौरिया कला की ओर से थाना क्षेत्र की तरफ आ रहा है।सूचना पर सक्रिय हुई थाना पुलिस ने घेरा बंदी कर सरदार ढाबा के पास रात लगभग साढ़े दस बजे कार में सवार गिरोह के सदस्य जनपद प्रतापगढ़ के सकरदहा थाना क्षेत्र के गांव धनु का पूर्व निवासी प्रियम पुत्र धर्मेन्द्र मौर्य गंगाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया नेतुआ निवासी विजय पुत्र राजू रावत शुक्लागंज के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अंकित उर्फ मतंगी पुत्र लालाराम एवं गंगाघाट थाना क्षेत्र बनी कंजौरा निवासी रामाश्रय पुत्र छोट्टन को चौसठ सौ नकदी एक तीन सौ पंद्रह बोर के एक तमंचा के साथ हिरासत में ले लिया।थाना पुलिस द्वारा गहनता से पूंछतांछ में अभियुक्त प्रियम मेरी ने थाना पुलिस को बताया कि उसने गिरोह के साथ बीते जून माह की पांच तारीख की रात में थाना क्षेत्र के ग्राम कोरट खेड़ा गांव में बकरी चोरी की घटना को अंजाम दिया था।प्रियम ने थाना पुलिस को बताया कि जून माह की पांच तारीख की देर रात लगभग डेढ़ बजे उन लोगो ने पकड़ी गई औरा कार में ही कोरटखेड़ा में तीन बकरियां चुराई थी इसी दौरान बकरी पालक बाबूलाल पुत्र हीरा जाग गया तथा कार के सामने खड़े होकर गिरोह का विरोध करने लगा।उसने बताया बचकर भागने में वह लोगो बकरी पालक को कुचलकर भाग गए। बताते चले गत जून माह में बकरी चोरों का विरोध करने के दौरान घायल हुए चालीस वर्षीय बाबूलाल पुत्र हीरा की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

पकड़े गए गिरोह के सदस्यों ने गिरोह में शामिल अन्य आधा दर्जन से अधिक साथियों के नाम उजागर करने के साथ थाना अचलगंज थाना बीघापुर थाना आसीवन आदि में बकरी चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूली है।थाना पुलिस ने सभी अभियुक्तों को वांछित धाराओं में जेल भेजा है।

### पानी भरे तालाब में गिरने से अधेड़ युवक की मौत

**सफीपुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाव में सड़क किनारे तालाब में युवक का शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव वालो की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला तो उसकी पहचान दो किलोमीटर दूर मखदूमनगर गांव निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मखदूम नगर निवासी रामप्रसाद ऊर्फ कल्लू 50वर्ष पुत्र मतई मंगलवार सुबह घर से पुत्री लक्ष्मी का आधार कार्ड ठीक कराने पैदल अलाउद्दीनखेड़ा गया था। जहां से वापस आते समय पुत्री पहले घर चली गई युवक पैदल वापस घर जा रहा था तभी कोतवाली क्षेत्र के गांव जमालुद्दीनपुर के पास सड़क किनारे मढ़ी तालाब में गिर गया जिससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई।

# बाल अधिकार आयोग के सदस्य ने जिला अस्पताल से लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन तक का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ई. अशोक कुमार यादव ने अमेठी जिले में दो दिवसीय दौरे के दौरान जिला अस्पताल के पीकू वार्ड, वन स्टाप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत कोविड-19 से प्रभावित बच्चों के घर जाकर संवाद किया।

आयोग के सदस्य ने जिला अस्पताल के पीकू वार्ड में नवजात शिशुओं को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वन स्टाप सेंटर में पीड़ित महिलाओं के रहने व खाने-पीने आदि सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और कार्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा, आयोग के सदस्य ने चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेख को देखा और अभियान चलाकर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबरों एवं बालक/बालिकाओं तथा महिलाओं के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार जन सामान्य में करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के अंतर्गत कोविड-19 के दौरान प्रभावित/अनाथ हुए बच्चों के आवास पर जाकर उनसे संवाद किया और योजना का लाभ मिलने की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**अमेठी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित योजना के तहत पॉपकॉर्न बनाने वाले भुर्जी समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों को नि:शुल्क पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन वितरित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति 05 सितंबर 2024 तक विभागीय वेबसाइट upkvib.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे और ऑफलाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन करने के लिए आवश्यक प्रपत्रों में आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग के लिए), शैक्षिक योग्यता और पासपोर्ट साइज फोटो सहित अपना आवेदन करना होगा। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमेठी के मोबाइल नंबर 7408410787 और औद्योगिक सहायक निरीक्षक (खादी ग्रामोद्योग बोर्ड) के मोबाइल नंबर 9580902949 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ईओ सुनीता ने जनसमस्याओं को सुन निस्तारित की समस्या



लोक मित्र संवाद

**बीघापुर, उन्नाव।** नगर पंचायत कार्यालय में ई ओ अंकिता देवी ने मंगलवार देर शाम तक बैठकर जन समस्याओं को सुना और लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया।

नगर पंचायत की ई ओ अंकिता देवी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यालय आए लगभग एक दर्जन लोगों की समस्याएं सुनी ।सफाई की समस्याओं को लेकर सफाई नायक दिनेश कुमार भारतीय को फटकार लगाते हुए अविलंब सफाई किए जाने के निर्देश दिए। बरसात की वजह से रोड लाइटों के फ्यूज बल्ब के चलते अंधेरा होने की समस्याओं पर विद्युत कर्मी राजू तथा अन्नू से तत्काल बल्ब बदलने के निर्देश दिए। ई ओ अंकिता देवी ने बताया कि जन समस्याओं को सुनने के बाद प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया गया।

# बुलंद शहर की अवनी चौधरी ने आकांक्षा को पटकनी देकर विजय हासिल की

लोक मित्र संवाद



**बीघापुर,उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के कस्बा बारा में महावीर बाबा मंदिर परिसर में परंपरागत रूप से लगने वाले विशाल दंगल में दूर-दूर से आए पहलवानों ने जोर आजमाइश करते हुए कुश्ती कला का बेहतर प्रदर्शन किया महिला पहलवानों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। महावीर बाबा मंदिर परिसर में आयोजित दंगल में बुलंदशहर से आई महिला पहलवान अवनी चौधरी व कानपुर की आकांक्षा के बीच जोरदार कुश्ती हुई जिसमें अवनी चौधरी ने आकांक्षा को पटकनी देकर विजय हासिल की। शिवराजपुर के गोलू व बहुराजमऊ के लोहा सिंह के बीच हुई कुश्ती में लोहा सिंह विजई रहे। माधवपुर के रिशु व मलपुर के लल्लू पहलवान के बीच हुई कुश्ती में लल्लू ने बाजी मारी। करमी बिजलामऊ के लव कुश व इटावा के मुकेश पहलवान की कांटे की कुश्ती में लव कुश ने मुकेश इटावा को पटखनी दी। जितेंद्र बाबू खेड़ा व सचिन पहलवान पुरवा के बीच हुई कुश्ती में जितेंद्र ने सचिन को पटकनी देकर विजय प्राप्त की। दंगल केसरी के लिए हुए कुश्ती काफी रोमांचक रही हरियाणा से आए पहलवान काली ने मथुरा से आए पहलवान धर्मवीर को फाइनल कुश्ती में पटखनी देकर काली पहलवान ने शील्ड पर कब्जा जमाया। विजय विजई पहलवान काली को थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने दंगल केसरी का खिताब ,अंगवस्त्र व पुरस्कार राशि प्रदान की।निर्णायक रहे ओंकार सिंह चौहान व सुरेंद्र सिंह धुन्नू ने कुश्ती के बेहतर निर्णय दिए ।भारत सिंह चंदेल , विश्वनाथ सिंह ने बेहतरीन कमेंट्री की।दंगल प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख राम चंद्र सिंह पप्पू, उदल फौजी, सुभाष बाजपेई, लाला पंडित, मनोज प्रधान ,संजू, लकी अग्निहोत्री, पुत्तलू पांडेय, अवधेश पांडे, मनोज सिंह, सुरेश कानपुरी, अंकुर सिंह, ज्ञानू सिंह आदि रहे।

# बाल श्रम से 08 किशोर कराये गये मुक्त, प्रतिष्ठानों के विरुद्ध वैधानिक नोटिस दी

लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** प्रतिष्ठानों में नाबालिक बच्चो से अवैध रूप से काम कराते हुए श्रम विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से आकस्मिक छापा मार कर 8 नाबालिक बच्चो को रंगे हाथो पकड़कर उनके परिजनों को सौंपा साथ ही प्रतिष्ठानों पर वैधानिक कार्यवाही की नोटिस दी है।

सहायक श्रमायुक्त की संयुक्त टीम ने शहर बाजारों/प्रतिष्ठानों व ढाबों आदि पर बाल श्रम रेस्क्यू चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके तहत16 प्रतिष्ठानों को चेक किया गया। इस दौरान 05 प्रतिष्ठानों मे 18 वर्ष से कम आयु के 08 बालकों को बाल श्रम करते हुये रेस्क्यू किया गया । जिसके संबंध में मौके पर ही सम्बन्धित प्रतिष्ठान मालिकों को सहायक श्रमायुक्त टीम द्वारा नोटिस देकर विधिक कार्यवाही करते हुये रेस्क्यू किये गये बालकों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया । इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठान/ढाबा मालिको को बालश्रम न कराने के संबंध में एवं मेडिकल स्टोर मालिकों को नशीली दवा आदि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को न देने हेतु बताया गया तथा प्रतिष्ठान मालिको को प्रतिष्ठान में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाने हेतु अनुरोध किया गया। अभियान के संबंध में विशेष जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति किसी नाबालिग बच्चे से कार्य कराते हुये पाया जाता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त मुख्य चौराहों व तिराहों पर आने जाने वाले व्यक्तियों को एकत्रित कर नाबालिग बच्चों के संबंध में होने वाले अपराधों की जानकारी देते हुये आम जनमानस को 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कार्य न कराने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

# सांसद किशोरी लाल शर्मा का पांच दिवसीय दौरा

▸▸ जनता की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी अमेठी।** रायबरेली व सुल्तानपुर में सांसद किशोरी लाल शर्मा का पांच दिवसीय दौरा शुरू हो गया है। इस दौरान वे जनता से सीधे संवाद करेंगे, विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सांसद जी का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए काम करना है।

सांसद जी ने कहा, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों के साथ सीधे संवाद करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं विकास कार्यों का निरीक्षण करूंगा और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लूंगा ताकि जनता की सेवा की जा सके।



कार्यक्रम विवरण 28 अगस्तः अमेठी जिला मुख्यालय, गौरीगंज में सांसद जी अपने कार्यालय पर रात्रि विश्राम करेंगे।

- 29 अगस्तः जनता दर्शन, कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज; अभिनंदन समारोह, भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता सभागार, सिविल कोर्ट, सुल्तानपुर।
- 30 अगस्तः एम्स, रायबरेली भ्रमण और निरीक्षण; राजीव गांधी युवा किसान महापंचायत, अमावा।
- 31 अगस्तः संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंज में कैंसर विभाग और (आनकोलाजी विभाग) का उद्घाटन।
- 1 सितंबर विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी और जनता की समस्याओं का समाधान।

### यूपी 112 पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**अमेठी।** यूपी 112 पुलिस की पीआरवी 2798 टीम ने एक सराहनीय कार्रवाई करते हुए विद्युत करंट के कारण गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाया है, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। दिनांक 27 अगस्त 2024 को समय करीब 04.25 बजे कॉलर द्वारा सूचना दी गई कि वासुदेव पुत्र भगौती प्रसाद निवासी पेड़ारा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी ग्राम रामपवारा में जलनिगम का पाइप बिछाते समय वेल्डिंग मशीन का तार टूटने से करेंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पीआरवी स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल व्यक्ति को अपनी पीआरवी से अस्पताल पहुंचाया गया और घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक शिवरतनगंज को दी गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत,पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**बीघापुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महाई निवासी दिलीप कुमार तिवारी पुत्र द्वारिका प्रसाद उम्र 35 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार रात अचानक तबियत बिगड़ गई जिसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महाई निवासी दिलीप कुमार गांव में ही रहकर खेती-बाड़ी करता था मंगलवार शाम को घर पहुंचने के बाद देर रात तबीयत बिगड़ गई परिजन आनन फानन जिला चिकित्सालय ले गए जहां इलाज के दौरान बुधवार तड़के दिलीप कुमार की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ज्योति की छह माह पूर्व मृत्यु हो चुकी है। पत्नी की मृत्यु के बाद से दिलीप कुमार दिल्ली छोड़कर गांव में ही रहने लगे थे। मृतक के दो पुत्र ऋषि उम्र 14 वर्ष युवराज उम्र 3 वर्ष है। दिलीप कुमार की मौत पर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। दिलीप ने पत्नी की मौत के बाद बीते शनिवार को अपनी सगी भांजी से शादी कर ली थी जिसको लेकर मृतक की बहन व अन्य लोगों से मंगलवार को घर पर हुई कहासुनी बताई जा रही है। मृतक शराब पीने का भी आदी था।

# आकांक्षी ब्लाक का नाम बडा दर्शन छोटा

▸▸ व्यवस्था अस्त व्यस्त, कर्मचारियों की मनमानी जारी

लोक मित्र ब्यूरो

**जगदीशपुर/अमेठी।** सरकार जहां विकास कार्यों में तेजी लाने एवम जिम्मेदार अधिकारीगणों को बारह बजे तक जनसुनवाई करने तथा मुख्यालय पर रात्रि निवास करने का फरमान जारी किया है तो वहीं आकांक्षी ब्लाक जो डेल्टा रैंकिंग मे दूसरा स्थान प्राप्त करने वाला जिसका नाम तो बडा परंतु दर्शन छोटा होकर व्यवस्था अस्त व्यस्त होती जा रही है ।



विकास खंड जगदीशपुर जो आकांक्षी ब्लाक होकर कार्यक्रम डेल्टा रैंकिंग मे दूसरा स्थान प्राप्त होने के बाद भी जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है नजारा यह है कि विकास खण्ड मुख्यालय पर कोई स्थाई बीडीओ मौजूद ना होकर जिला मुख्यालय पर तैनात अधिकारी शेर बहादुर को चार्ज देकर अस्थाई बीडीओ के सहारे काम चलाऊ व्यवस्था चल रही है जो जब जिले से फुर्सत पाते हैं तो कभी कभी कुर्सी पर विराजमान होकर काम काज निपटा कर चलते बनते हैं बाकी दिनो मे कुर्सी खाली पडी रहती है जिसके कारण फरियाद करने वाले फरियादी कुर्सी खाली देख उल्टे पैर लौट जाते है तो वहीं कर्मचारी भी आजाद होकर जब जी चाहा आए जब जी चाहा गए ।मृतक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, राशनकार्ड संशोधन, परिवार रजिस्टर नकल आदि कार्यों के लिए जनता सचिव को ढूंढती फिरती रहती है तो कभी सचिवालय तो कभी ब्लाक का चक्कर काटते रहते हैं ।वहीं भुक्तभोगियों की मानें तो प्रधान व सचिव मिल कर मनरेगा जैसे कार्यों मे मौके पर कम मजदूर लगाकर कागजो मे अधिक मजदूर दिखाकर मनमानी करने मे पीछे नहीं रहते। कुछ इक्का दुक्का छोड़कर शेष सामुदायिक शौचालय एवम सचिवालय मे ताले जडे रहते हैं।क्षेत्रीय जनता ने आला अफसरों से मांग किया है कि स्थाई बीडीओ की तैनाती की जाए जिससे व्यवस्था पटरी पर आकर विकास कार्यो मे तेजी आए । इस संबंध मे अस्थाई तैनात बीडीओ शेर बहादुर ने बताया कि मेरी नियुक्ति जिले पर है जब वहां से फुर्सत मिलती है तब चले आते हैं ।इस सम्बन्ध मे जब सीडीओ से बात की गई तो उन्होने बताया कि शासनादेश आते ही स्थाई बीडीओ की तैनाती कर दी जाएगी फिलहाल व्यवस्थाओ को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए तत्काल जिम्मेदारों को कडे निर्देश जारी किए जाएगें।

# रोजगार मेले का आयोजन

**अमेठी।** जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी के तत्वावधान में 30 अगस्त 2024 को इन्दिरा गांधी पी0जी0 कालेज गौरीगंज में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगी और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इस मेले में क्रॉम्पटन ग्रेव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लि0, एस0आई0एस0 इंडिया लि0, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एंड आयुर्वेदिक, नवग्ना भारत प्राइवेट लि0 एवं सर्स न्यू बी0के0 इलेक्ट्रॉनिक जैसी कम्पनियाँ शामिल होंगी। युवा अपनी योग्यता के अनुसार इन कम्पनियों में नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि इस मेले में प्रतिभाग करने के लिए युवा rojgaarsangam.up.gov.in पर अपनी योग्यता के अनुरूप आवेदन कर सकते हैं और मेले में भाग लेने हेतु फोटो व बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

# साइबर सुरक्षा की दिशा में पुलिस का जागरूकता अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन मानस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उन्हें बचाव के तरीकों के बारे में बताना है।

पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे इस अभियान में लोगों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जा रही है। अभियान के तहत लोगों को बताया जा रहा है कि वे अपनी निजी जानकारी को सुरक्षित रखें और किसी भी अज्ञात लिंक या एप्लिकेशन का उपयोग न करें। अमेठी पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से बचाव के लिए सावधानी बरतें और तत्काल टॉल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर थाने पर लिखित सूचना देकर शिकायत दर्ज करें।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि पूजन के साथ प्रारम्भ हुए जनकपुरी महोत्सव के मंगल कार्य



**आगरा।** कोठी मीनाबाजार मैदान पर बुधवार की सुबह भूमि पूजन के साथ ही श्रीजनकपुरी महोत्सव के मंगल कार्य भी प्रारम्भ हो गए। विधि विधान से हुए भूमि पूजन में राजनेताओं, अधिकारियों व समिति के पदाधिकारियों संग क्षेत्रीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जनकपुरी महल क्षेत्र में श्रीराम के गुणगान गूंजने लगे हैं। रामायण की चौपाइयां वातावरण को भक्तिमय बना रही हैं। जगह-जगह केसरिया ध्वज लहरा रहे हैं। आचार्य राहुल मुद्गल के नेतृत्व में प्रातः जनकपुरी महोत्सव का भूमि पूजन विधि विधान के साथ किया गया। शोणक उपचार के साथ वास्तु पुरुष का भी पूजन किया गया। अंत में सभी ने सम्मलित रूप से आरती की। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, प्रमोद वर्मा (राजा जनक), मेयर हेमलता दिवाकर, मधु बघेल, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विधायक जीएस धर्मेश, एमएलसी विजय शिवहरे, राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला दीक्षित, राहुल चतुर्वेदी, हेमन्त भोजवानी, अशोक कुलश्रेष्ठ, केशव, मुनेन्द्र जादौन, राहुल सागर, राजीव शर्मा, अनुराग उपाध्याय, सचिन गर्ग, पार्षदगण पूजा वर्मा, रेनू गुप्ता, राधारानी, विवेक शर्मा, संजय अग्रवाल, दिलीप पटेल, मनोज वर्मा, सतीश शर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन गौरव राजावत ने किया।

**मेयर व नगर आयुक्त ने लिया जायजा:** भूमि पूजन के उपरान्त नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल व मेयर हेमलता दिवाकर ने जनकपुरी स्थल व क्षेत्र का जायजा लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, राहुल चतुर्वेदी, गौरव राजावत ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। कोठी मीना बाजार में जनकपुरी महल के लिए भूमि समतल कराने की बात उठाई गई। मेयर व नगरायुक्त ने सभी विकास कार्य जल्दी पूरे कराने का आश्वासन दिया।

### युवक ने बच्ची से किया रेप फिर खुद लेकर पहुंचा अस्पताल

**आगरा।** थाना ताजगंज क्षेत्र में स्थित शांति मांगलिक अस्पताल की महिला डॉक्टर की सजगता से आठ साल की मासूम बालिका से बलात्कार का खुलासा हो गया। रेप करने वाला युवक बालिका का पड़ोसी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बलात्कार के बाद बालिका के शरीर से खून बहने पर आरोपी युवक ही उसे अस्पताल लेकर पहुंचा और अस्पताल स्टाफ को बच्ची के सीढ़ियों से गिरने की बात बताई। उसने बालिका को डरा-धमका कर मुंह बंद रखने के लिए कह दिया था, लेकिन महिला डाक्टर के प्रयासों पर बालिका ने असलियत बता दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ताजगंज क्षेत्र की निवासी कक्षा तीन की छात्रा मंगलवार को स्कूल से लौटने के बाद पड़ोसी आजाद राठौर के घर बच्चों के साथ रोज की तरह खेलने चली गई। इस बीच आजाद राठौर बच्ची को अलग कमरे में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। बच्ची के शरीर से खून बहने लगा, इस पर आजाद ने उसे धमका दिया कि उसने किसी को बताया तो वह उसे और उसकी मां को मार देगा। इसके बाद खुद ही बच्ची को शांति मांगलिक अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल में उसने बताया कि बच्ची खेलते समय सीढ़ियों से गिर गई, इससे उसके चोट लग गई है। आजाद ने बच्ची के परिजनों को भी यही बताया कि सीढ़ियों से गिरने पर चोट लगने पर उसे शांति मांगलिक अस्पताल में भर्ती करा दिया है। बच्ची के परिजन भी आ गए, शाम को राउंड पर आई महिला चिकित्सक को बच्ची की हालत को देख शक हुआ। पूछने पर पहले बच्ची ने बताया कि सीढ़ियों से गिरने के कारण चोट लग गई, जब उन्होंने बच्ची से काफी देर बात की तो वह रोने लगी और उसने पूरी घटना बता दी। महिला डॉक्टर ने तुरंत बच्ची के परिजनों को सही बात की जानकारी दी। असल बात पता चलते ही परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने थाने पर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी।

# बेघरों को मिलेगा पीएम आवास

▸▸ डीएम ने ली अफसरों की बैठक, सर्वे के लिए बनी रणनीति

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** आवासहीन परिवारों को छत उपलब्ध करवाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना को पांच वर्ष के लिए विस्तार दिया गया है।

शासन से जारी आदेश के अनुसार अब इस योजना के अंतर्गत 2024-2025 से 2028-29 तक के लिए पात्रों का चयन कर उन्हें आवास बनाने के लिए सहायता धनराशि दी जाएगी। इसके लिए पात्र परिवारों का सर्वे किया जाएगा। इससे पीएम आवास योजना से वंचित लोगों को आवास मिलने की उम्मीद जगी है।

इसके क्रियान्वयन के लिए बुधवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास भवन सभागार में बीडीओ संग बैठक की। सर्वे की तैयारियां के लिए रणनीति बनी। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि पीएम आवास योजना-ग्रामीण सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। योजना के लिए जिले की 1164 ग्राम पंचायतों में फिर से सर्वे का काम शुरू होगा। इसमें पात्र लाभार्थियों के चयन के लिए टीमें लगाई जाएंगी। पात्र लाभार्थियों के चयन के लिए सर्वेक्षण को अच्छे, पारदर्शी तरीके से कराया जाय। सुनिश्चित कराए कि कोई भी पात्र लाभार्थी सूची में आने से वंचित न रह जाय। बीडीओ को शासन से निर्धारित व्यवस्थानुसार इस प्रक्रिया को शुरू करने के निर्देश दिए। पीएम आवास योजना-(ग्रा) के तहत 2024-25 से 2028-29 के आगामी चरण के लिए योजना का सर्वे किया जाएगा। इसके तहत 2018 की सूची में शामिल पात्र, जिन्हें उस समय आवास नहीं मिला पाया है उन्हें भी इसमें जोड़ा जाएगा।

डीएम ने कहा कि योजना के तहत पंचायत स्तर पर रजिस्टर बनाए जाएंगे। रजिस्टर को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी चयन 2024 का नाम दिया जाएगा। चयन से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी भी दर्ज होगी। इस बार योजना की शर्तों में संशोधन किया गया है। चयन के मानकों को पूरा करने वाला दो पहिया वाहन धारक भी योजना में शामिल हो सकता है, लेकिन किसी एक भी अपात्रता की श्रेणी में आने पर उसका चयन निरस्त हो जाएगा। वहीं, परिवार का कोई सदस्य अगर 15 हजार रुपये प्रति माह कमा रहा हो तो वह अपात्र माने जाएंगे। पिछले सर्वे में 10 हजार रुपये मासिक आय की शर्त रखी गई थी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि बीडीओ को निर्देशित किया कि ब्लॉक मुख्यालय पर सभी ग्राम प्रधानगण एवं बीडीसीगण तथा ग्राम पंचायत सचिव के साथ बैठक कर आवास के सर्वेक्षण एवं नये मानक के सम्बन्ध में जानकारी दी जाए। पात्रता एवं अपात्रता के मानको की ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थान पर वालराइटिंग करायी जाय, जिससे जन समान को इसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सके।

बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद, पात्र लोगों को घर मुहैया कराने के उद्देश्य से करीब एक दशक पूर्व पीएम आवास योजना शुरू की गई थी। इसके तहत आवासहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराई गई थी। साल 2018 में आवास प्लस के तहत हुए सर्वे में चयनित पात्रों को योजना का लाभ दिया गया था। अब शासन ने फिर कुछ बदलावों के साथ योजना के लिए सर्वे कराने के आदेश जारी किए हैं।

**संभावित लाभार्थियों की पहचान हेतु वित्तवर्ष 2024-25 से संशोधित बहिष्करण मानदंड:** मोटर चालित तीन/चार पहिया वाहन, मशीनीकृत तीन/चार पहिया कृषि उपकरण, 50,000 या उससे अधिक की क्रेडिट सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड। ऐसा परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो। सरकार के साथ पंजीकृत गैर-कृषि उद्यमों वाले परिवार।

## ठगी करने वाले अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

**लोकमित्र ब्यूरो**



**पढुआ-खीरी।** अभियुक्त अलीम खा पुत्र कल्लन खां निवासी सोठियाना को उपनिरीक्षक रविंद्र सोनकर को मुखबिर की सूचना पर दुलही मोड से पुलिस हिरासत में लिया गया साथ ही विधिक कार्यवाही की गई जबकि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वारण्टी,वाछिंत व संदिग्ध अभियुक्तों व ठगी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक हरिकेश राय के कुशल नेतृत्व में पढुआ पुलिस टीम में उप निरीक्षक रवीन्द्र सोनकर द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अलीम खां (28)पुत्र कल्लन खां निवासी सोठियाना थाना पढुआ को दुलही मोड बहद ग्राम दुलही से पुलिस हिरासत में लिया गया साथ ही जामा तलाशी से पाँच लाख सात सौ पचास रुपये व एक अदद मोटर साइकिल यामाहा (क्ष्4ष्क्ष्3557) की बरामदगी हुई अभियुक्त के विरूद्ध धारा 406/419/420/411 में मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही विधिक कार्यवाही की गई जबकि अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी बहुत जल्द अभियुक्त पुलिस के गिरफ्त में होगे साथ ही अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक रवीन्द्र सोनकर (चौकी प्रभारी ढखेरवा) उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह (चौकी प्रभारी पढुआ) हेड कांस्टेबल नरेश गंगवार,जयचन्द, कांस्टेबल तुषार कुमार,प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## बोतल से बाहर आने को बेताब नल रिबोर मरम्मत का जिन्न

**धौरहरा-खीरी (लोकमित्र, संतोष पाण्डेय)।** विकास खंण्ड धौरहरा की एक ग्राम पंचायत में फिर से नल रिबोर मरम्मत का जिन्न बोतल से बाहर आने को बेताब दिखाई दे रहा है।


जानकारी के अनुसार विकास खण्ड धौरहरा की ग्राम पंचायत चहमलपुर में काफी समय से नल रिबोर मरम्मत कार्य के नाम पर सरकारी पैसे निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है।

सूत्रों के अनुसार कागज़ पर 15 इण्डिया मार्का नलों में रिपेयरिंग होने की बात सामने आई है जबकि हकीकत में कुछ नलों का विभाग द्वारा मरम्मत कार्य हुआ है। वही विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार सामुदायिक शौचालय व घरों में बने शौचालयो व ह्यूम पाइप खरीद मामले में जमकर सरकारी पैसे का बंदरबांट करने की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

**शेष अगले अंक में......**

## समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव बनीं राम सहेली सिंह उर्फ गीता बौद्ध

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** समाजवादी पार्टी की नोएडा महानगर सचिव राम सहेली सिंह उर्फ गीता बौद्ध को हाल ही में पार्टी की अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। गीता बौद्ध, जो पहले समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर की सचिव थीं, ने अपने कड़े परिश्रम और समर्पण के बल पर यह नई जिम्मेदारी हासिल की है।

अम्बेडकर वाहिनी का मुख्य उद्देश्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों को आगे बढ़ाना और समाज में समानता, न्याय और भाईचारे को स्थापित करना है। गीता बौद्ध का मानना है कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए डॉ. अम्बेडकर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाना आवश्यक है। इस नए पद पर अपने विचार साझा करते हुए, गीता बौद्ध ने कहा, मैं इस नई जिम्मेदारी को लेकर बहुत गर्व महसूस कर रही हूँ और समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूँ। अम्बेडकर वाहिनी की राष्ट्रीय सचिव के रूप में, गीता बौद्ध समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए लगातार आवाज उठाती रहेंगी।

## निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बिजली पासी करना क्षेत्रवासियों की भावना से खेलना है

**लोकमित्र ब्यूरो**




**अमेठी।** निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बिजली पासी किए जाने के निर्णय ने क्षेत्रवासियों के बीच गहरा असंतोष उत्पन्न कर दिया है। यह फैसला न केवल उनके समृद्धशाली इतिहास का अपमान है, बल्कि एक कुंठित मानसिकता और राजनीति का परिचायक भी है, जो क्षेत्र के गौरवशाली अतीत को मिटाने का प्रयास कर रहा है।

निहालगढ़, जिसका नामकरण प्रतापी हिन्दू राजा मलिक पाल के पुत्र निहालचंद के नाम पर हुआ था, इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। राजा मलिक पाल के दो पुत्र–निहालचंद और गुलाबचंद–थे, जिनके नाम पर निहालगढ़ और गुलाबगंज नामक स्थान स्थापित हुए। इस राजपरिवार के गुरु, जगदीश पांडे, जिनके नाम पर %जगदीशपुर% का नामकरण हुआ, का इस क्षेत्र में विशेष महत्व रहा है। जगदीशपुर के पश्चिम में स्थित उनके सुन्दर मंदिर और समाधि आज भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बने हुए हैं। यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी भी यहां माथा टेकने आते थे।

लेकिन आज, इस ऐतिहासिक धरोहर और क्षेत्रीय पहचान को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। निहालगढ़ के नाम को बदलकर बिजली पासी करने का यह निर्णय स्थानीय जनता के मन में गहरी पीड़ा और आक्रोश पैदा कर रहा है। यह फैसला न केवल इतिहास के साथ छेड़छाड़ है, बल्कि इससे जुड़ी जनभावनाओं के साथ भी खेला जा रहा है।

क्षेत्रवासी इस बदलाव को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं हैं और उन्होंने इसके विरोध में आवाज उठाने का निर्णय लिया है। उनका मानना है कि निहालगढ़ का नाम उनके इतिहास और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा हुआ है, जिसे किसी भी सूरत में मिटाया नहीं जा सकता।

इस घटना से साफ है कि किसी भी राजनीतिक या प्रशासनिक निर्णय से पहले, क्षेत्र की जनता की भावनाओं और उनके इतिहास का सम्मान किया जाना चाहिए। निहालगढ़ के नाम के साथ जुड़ी भावनाओं को नजरअंदाज कर दिया गया है, जो इस क्षेत्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

क्षेत्रवासियों ने इस फैसले के खिलाफ अपने विरोध को मजबूत करने की योजना बनाई है, ताकि निहालगढ़ का गौरवशाली नाम और पहचान कायम रह सके।

## जीएल बजाज शिक्षण समूह में आध्यात्मिक विकास कार्यक्रम गोविंदा आला रे का भव्य आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**




**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज शिक्षण समूह के सेंटर ऑफ स्पिरिचुअलिटी के द्वारा इस्कॉन मंदिर नॉएडा के सहयोग से आध्यात्मिक विकास कार्यक्रम कृष्ण जन्माष्टमी-गोविंदा आला रे का आयोजन किया। हिंदू धर्म के प्रिय और पूज्य भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के जश्न में संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल, सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल और जीएलबी आईएमआर की निदेशक डॉ. सपना राकेश ने फूल, दूध और मिष्ठान चढाकर उनका अभिषेक किया।

कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों को अपने आध्यात्मिक तत्वों, उनके उद्देश्य और अर्थ की गहरी समझ को जानने का अवसर मिला। इस्कॉन, ग्रेटर नोएडा के प्रभारी और लाइफ कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर एचजी अतुल कृष्ण प्रभु ने छात्रों को भगवान श्रीकृष्ण के शिक्षाशास्त्र को व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस्कॉन के कलाकारों और कॉलेज के छात्रों ने कृष्ण के जीवन और महाकाव्य की कहानियों को दर्शाते हुए आत्मा को प्रश्नता देने वाले भजन प्रस्तुत किए। विशेष रूप से इस्कॉन कलाकारों ने दही हांडी तोड़ने के समारोह के साथ-साथ गोपियों के साथ कृष्ण के दिव्य नृत्य का चित्रण भी किया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया, इस दौरान एक आध्यात्मिक आभा का वातावरण फैल गया। कार्यक्रम में छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों ने बढ़चड कर भाग लिया।

## महिला साइकलिंग लीग में अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर करेंगे शुभारंभ

**हरियाणा/हिसार (नवप्रीत कौर)।** खेलो इंडिया महिला लीग (उत्तरी क्षेत्र) का आयोजन साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और हरियाणा साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा गोहाना-जींद हाईवे हरियाणा पर किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा साइक्लिंग एसोसिएशन के महासचिव नीरज तंवर ने बताया कि इस चैंपियनशिप में देशभर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महिला साइक्लिस्ट हिस्सा ले रही हैं। इस महिला लीग में पंजाब, हरियाणा, लेह, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली की टीमों के साइकिल चालक भाग ले रहे हैं।यह लीग 29 से 30 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। इस लीग का उद्घाटन 29 अगस्त को होगा। इस उद्घाटन समारोह में ओलंपियन विश्व पदक विजेता बॉक्सिंग धरमसी सिंह यादव (अर्जुन अवार्डी) स अतिथि होंगे।



## उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारण

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायज समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग एससी गर्ग ने किया।

डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उद्यमियों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। उद्यमी सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते है।

डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना,जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमी अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु पुलिस प्रशासन तत्पर है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारियों की ओर से उठाई समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

बैठक में ने उद्यमियों ने संकटा देवी मार्ग से जुड़े संपर्क मार्गो की पुलिया की एप्रोच को ठीक करवाने, रोडवेज बस अड्डे के प्रवेश द्वार पर नया पत्थर डलवाने का अनुरोध किया। डीएम ने संबंधित अफसरो को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। आईएमए जिलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने इंडस्ट्रियल फीडर पर रात में ब्रेकडाउन का मुद्दा उठाया। इसपर डीएम ने विद्युत विभाग को इंडस्ट्रियल लाइन के फीडर की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। व्यापारी सेवक सिंह अजमानी ने नहरपटरी पर हयूम पाइप डलवाकर मार्ग चोड़ीकरण का सुझाव दिया। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त (उद्योग) एससी गर्ग ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। उद्यमी मित्र वर्तिका सक्सेना ने मौजूद उद्यमियों को जरूरी जानकारी दी।

# पत्रकारिता की आढ़ में अपराधों में शातिर अवनीश समेत कानपुर में अब तक 5 गिरफ्तार

▸▸ कानपुर के अनेक कथित पत्रकारों के खिलाफ कई पीड़ितों ने दर्ज कराई है अवैध उगाही और जमीन पर कब्जे की रिपोर्ट

**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां एक हजार करोड़ से भी अधिक की वेशकीमती जमीन पर कब्जे की कोशिश के आरोपी पुलिस की जांच में शातिर माफिया अपराधी साबित हुए प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित के खिलाफ नजूल की बेशकीमती जमीन कब्जाने में शामिल रहे आरोपियों पर अलग-अलग थानों में जमीनी विवाद, एससीएसटी एक्ट, रंगदारी और खाली जमीन पर अपना बोर्ड लगाने के मामले दर्ज हैं।

इन सभी मुकदमों में 27 नामजद और 40 अज्ञात लोग हैं। वहीं पत्रकारिता की आढ़ में जबरन कब्जों और उगाही रंगदारी के दर्ज अन्य मुकदमों में पुलिस अबतक अवनीश समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर सकी है। जबकि 50 हजार का इनाम घोषित कर अन्य की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पत्रकारिता की आड़ में हर तरह का अपराध करने और करवाने, जमीनों ,भूखंडों और मकानों पर जबरन कब्जा करने और रंगदारी वसूल करने के फलस्वरुप अकूत धन संपदा के मालिक बने शातिर अवनीश ने रिमांड के दौरान पुलिस द्वारा की गई गहन पूछताछ में अनेक लोगों के भी नाम कबूले हैं। अब कमिश्नरेट पुलिस का शिकंजा इन सफेदपोशों पर भी कस रहा है, यही वजह है कि अधिक से अधिक धन उगाही में सफलता के लिए एक दूसरे को संरक्षण और हर तरह के अपराध को भी अंजाम दे चुके यह सभी पत्रकार रूपी ब्लैक मेलर ,ठग शातिर दिमाग अपराधियों, सफेदपोश नेताओं और अपनी भी कमाई के लिए अवनीश का साथ देने वाले कतिपय भ्रष्ट अधिकारियों का खनन माफिया के रूप में चर्चित एक विधायक की अगुवाई वाला गठजोड़ अंदरूनी तौर पर मोर्चा खोलकर भारत ही नहीं बल्कि विश्व पत्रकारिता के इतिहास में



पहली बार अवनीश दीक्षित जैसे शातिर दिमाग गिरोह का भंडाफोड़ करने वाले अदम्य साहसी कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को हटवाने की हर संभव कोशिश में लगातार जुटा हुआ हैं , लेकिन उसका यह प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकता, जब तक यूपी की कमान देश के सर्वाधिक लोकप्रिय और सर्वोत्तम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथ में है।

याद रहे कि भारत ही नहीं बल्कि विश्व पत्रकारिता के इतिहास में यह पहला मामला है ,जब यहां के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की बेहद ईमानदारी से पूर्ण कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा द्वारा पत्रकारिता, राजनीति और वकालत की आढ़ में हर तरह के अपराध करने और करवाने,जमीनों ,मकानों और भूखंडों पर जबरन कब्जे ,ब्लैकमेलिंग तथा उगाही आदि हथकंडों से लाखों करोड़ों की नामी - बेनामी - चल ,अचल - संपत्ति अर्जित करने वाले अवनीश दीक्षित जैसे इस तरह के शातिरतम गिरोह का भंडाफोड़ करके पत्रकारिता जैसे पवित्र पेशे की छवि और ज्यादा धूमिल होने से बचाने जैसा सराहना की सीमा तोड़ने वाला ऐसा सर्वोत्तम कार्य किया गया है, जिसकी सराहना और समर्थन नहीं करने वाला देश और समाज के हित में निडर ,निष्पक्ष और ईमानदार पत्रकरिता का समर्थक और हितेषी नहीं माना जा सकता।

आध्यात्मिक दृष्टिकोण के मुताबिक ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि संसार का संचालन एक मात्र ईश्वर की ही तरह अजर ,अमर,अविनाशी अक्षर से शब्द और शब्द से वाक्य रूप लिखने,पढ़ने,बोलने और कहने के रूप में हो रहा है। यानी कुछ कहा -बोला या लिखा - पढ़ा ना जाये। मात्र कुछ समय के लिए केवल मौन ही धारण कर लिया जाए तो भी किसी भी पद के माध्यम से संचालित होने वाली संसार की कोई भी व्यवस्था संपादित ही नहीं हो पाएगी। इसका मतलब ईश्वर अपनी ही तरह अजर ,अमर,अविनाशी अक्षर से शब्द और शब्द से वाक्य रूप यानी लिखने, पढ़ने, बोलने और कहने के रूप ही संसार का संचालन कर रहा है और संसार संचालक इन्हीं मुख्य माध्यमों में पत्रकारिता जैसा वह महाशब्द भी शामिल है ,जो पूरे संसार की हर तरह की व्यवस्थाओं और कार्यों को भी प्रभावित करता है। यही नहीं हर किसी के जीवन उसकी हर तरह उपलब्धियों तथा कृत्यों को भी सूचित आदि करने के रूप में भी जो हर तरह से प्रभावित करती है। उसे भी संसार में पत्रकारिता के नाम से ही जाना जाता है। इस हिसाब से लिखने ,पढ़ने और बोलने वाले रूपों में पूरे विश्व को प्रभावित करने वाला ईश्वर का सबसे महत्वपूर्ण रूप पत्रकारिता ही है, क्योंकि अगर %ईश्वर% शब्द का संधि विच्छेद %ई%+श्वर के हिसाब से किया जाये तो %ई% मतलब %यह% और ÷श्वर÷ यानी वह स्वांस जो संसार में हमारे जीवित रहने का कारण है। मतलब इस ईश्वर, अल्लाह या गॉड का निराकार रुप स्वांस ही संसार में हर किसी के होने ,करने और बनने का आधार है। लिखने के रूप में यही ÷ईश्वर÷ साकार भी है और नहीं लिखने के रूप में निराकार भी। संसार के किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी भाषा में लिखने के रूप में ÷ईश्वर÷ साकार इसलिए क्योंकि लिखे शब्द या वाक्य रूप में वह (ईश्वर) दिखाई पड़ता हैं और निराकार भी इसलिए क्योंकि पढ़ने और बोलने के रुप में वह (ईश्वर) सुनाई तो पडता है , लेकिन दिखाई नहीं पड़ता। मतलब लिखने के रूप में दिखाई पड़ने वाला शब्द ही ईश्वर का साकार रूप। और बोलने तथा पढ़ने के रूप में नहीं दिखाई पड़ने वाला शब्द ही ईश्वर का निराकार रूप। ....और यही ईश्वर जब सस्पेंड , बर्खास्त, गिरफ्तार, आजीवन कारावास , फांसी, रिहा, बरी, दोषी, निर्दोष या फिर जीवन और मौत से जुड़ा सुरक्षा जैसे शब्दों के रूप में साकार होता है तो संसार में किए जाने वाले अच्छे और बुरे कर्मो के अनुरूप सुख दुख ही नहीं जीवन और असमय मौत का भी कारण बन जाया करता है। इसी के साथ ÷ईश्वर÷ अपने वर्णित रूप शंख, चक्र और गदा लेकर नहीं बल्कि देश, काल, स्थान और परिस्थितियों के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अथवा कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार जैसों के भी रूप में आता है। केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व से उस (ईश्वर) का इसी रूप में नाता है और तभी समय आने पर अवनीश जैसा हर शातिर कर्मो का फल भी पाता है। फिलहाल जो भागा है ,उस पर भी कानून का शिकंजा भारी है और उसकी भी तलाश जारी है।

संक्षिप्त खबरें

## मातृभाषा हिंदी हमारी अभिव्यक्ति के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की संवाहक भी हैःकेशव प्रसाद मौर्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान अयोध्या द्वारा प्रकाशित लोकप्रिय पत्रिका ÷साहित्य सम्राट÷ के नवीनतम का लोकार्पण उत्तर प्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया,उन्होंने कहा कि मातृभाषा हिंदी हमारी अभिव्यक्ति के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की संवाहक भी है, हिंदी के विकास में ही देश का विकास संनिहित है, हम सभी का प्रयास होगा कि हिंदी शीघ्र भारत की राष्ट्रभाषा बने जिससे भारतीय संस्कृति और सभ्यता का प्रसार संपूर्ण विश्व में हो सकेद्य हिंदी के समुन्यन में संस्थान के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए माननीय उप मुख्यमंत्री ने संस्थान तथा पत्रिका समूह के उज्जवल भविष्य की कामना की, उक्त अवसर पर हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री पत्रिका के संपादक डॉश्सम्राट अशोक मौर्य, संस्थान के संरक्षक मंडल सदस्य व कप्तानगंज के पूर्व विधायक मा.सी.ए.चंद्र प्रकाश शुक्ला व संस्थान के राष्ट्रीय सचिव डॉश्भानु प्रताप उपाध्याय ने भारत सरकार से हिंदी को शीघ्र देश की राष्ट्रभाषा घोषित करने की मांग की।

## सीओ सदर की पहल पर अमन का हुआ दाह संस्कार, चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पूरा बाजार- अयोध्या।** थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम कोटहवा निवासी अमन की लाश सड़क के किनारे मिली थी थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि अमन के भाई रमन द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि प्रिंस वर्मा निवासी कादीपुर थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या रवि वर्मा निवासी कादीपुर थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या विकास निवासी कोटहवा थाना महाराजगंज अयोध्या व एक अज्ञात हमारे भाई को कृष्ण महोत्सव कार्यक्रम दिखाने के लिए 26 अगस्त.2024 को सायंकाल 6.30 पर कादीपुर ले गए थे लेकिन उसी रात में लगभग 12ः00 बजे हमारे भाई की हत्या कर उसका शव हमारे घर के सामने फेंक गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि अमन की तहरीर पर प्रिंस वर्मा रवि वर्मा विकास व एक अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संगीता की धारा 103 एक व 140 एक के तहत अभियोग पंजीकृत कर चारों आरोपियों की तलाश की जा रही है रमन ने बताया कि हम लोग बिना अभियोग पंजीकृत हुए दाह संस्कार नहीं करना चाहते थे लेकिन सीओ सदर संदीप सिंह की पहल पर हमारे प्रार्थना पत्र के आधार पर चारों के खिलाफ दर्ज हुई तो हम लोगों ने दाह संस्कार कर दिया थानाध्यक्ष ने कहा कि चारों आरोपियों की तलाश की जा रही है शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सेवा भाव की कामना के साथ करना चाहिए कार्य- कृपालुजी महराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** गरीब और अमीर दोनों का नाता बैंक से होता है अमीर के साथ-साथ बैंक कर्मचारियों को गरीबों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अधिकारियों को सेवा भाव की कामना के साथ कार्य करना चाहिए। गरीब वृद्ध एवं असहायों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उक्त बातें मुख्य अतिथि कृपालु जी महाराज ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा रामपुर भगन शाखा के नवीनीकृत भवन का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कही। विशिष्ट अतिथि रीजनल मैनेजर अमित बनर्जी ने कहा कि नए उद्यमों के माध्यम से ग्राहकों को उत्तम सेवा प्रदान करना हमारा दायित्व है। इस दिशा में बैंक ग्राहकों को निरंतर नई-नई सुविधा एवं सेवा देकर प्रगति कर रहा है। मुख्य शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि बैंक ऑफ़ बड़ोदा जिले का अग्रणी बैंक है जो की निरंतर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर बैंक परिसर में पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ बड़ौदा अयोध्या शाखा प्रबंधक दीपक पांडेय मया प्रबंधक विकाश आनंद ब्रांच मैनेजर अंकुर त्रिवेदी एलडीएम अयोध्या गणेश शंकर यादव रीजनल सेक्रेटरी अमित यादव बैंक अधिकारी राम मनोरथ वैशाली गुप्ता जिलाजीत भारती पंकज पाठक संदीप लक्ष्मी कांत मौर्य आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## सिलाई सीखने जा रही युवती के साथ दबंग ने किया दुष्कर्म

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में सिलाई सीखने जा रही युवती के साथ गांव के ही दबंग द्वारा जबरन दुष्कर्म किए जाने की घटना प्रकाश में आयी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है।

पीड़िता द्वारा पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार सिलाई सीख कर लौटते समय पड़ोसी गांव के ही निवासी दबंग युवक अमन यादव ने उसे रास्ते में रोक लिया और अपनी हवस का शिकार बना डाला। पीड़िता ने बताया कि उसे गांव के दबंग ने जबरिया अपने निजी नलकूप के घर में खींच कर अपनी हवस का शिकार बना डाला। पीड़िता का कहना है कि युवक के द्वारा धौंस दिखाकर काफी दिनों से युवती के साथ दुष्कर्म किया जा रहा था और युवक पिता पुत्र मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। काफी विवश होकर युवती ने रो- रो कर घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी। तब पीड़िता के पिता द्वारा हैरिंग्टनगंज पुलिस व इनायत नगर थाने में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। इनायत नगर इंस्पेक्टर अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती ने बगल रहने वाले एक युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

बताया गया कि घटना के समय युवती घर में अकेली थी। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार जब वह अपने घर में अकेली थी तभी बगल के रहने वाले युवक ने घात लगाकर उसके साथ छेड़खानी करनी शुरू कर दिया। युवती ने विरोध किया तो युवक जान-माल की धमकी देते हुए भाग गया। युवती के घर वाले जब घर पर आए तो युवती ने उन्हें घटना के बाबत जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने बगल रहने वाले युवक की करतूतों के खिलाफ उसके घर वालों से विरोध दर्ज कराते हुए एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। जिस पर बगल के युवक अंकलेश्वर सिंह व उनके घर वाले मारपीट पर उतारू हो गए और पीड़िता व उसके परिवार के साथ जमकर मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर इनायत नगर पुलिस ने अंकलेश्वर सिंह, बिंदु सिंह, बीना सिंह, आशा सिंह, ऋषभ सिंह, शरद सिंह, गंगेश सिंह, राही सिंह व मन्नू सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इनायत नगर इंस्पेक्टर अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## बरसों से फरार चल आरोपी को जीआरपी पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोशाईगंज-अयोध्या।** पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशांत वर्मा के दिसा निर्देशन में ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर जहारखुरानी एवं चोरी लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस उपाधीक्षक विकास पांडे के कुशल नेतृत्व मे अकबरपुर जीआरपी पुलिस ने वर्षो से फरार चल रहे तथा न्यायालय में पेश न होने वाले गोसाईगंज बाजार निवासी एन बी डब्लू में आरोपित एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है।जेल भेजे गए युवक की पहचान जीआरपी प्रभारी ने गोसाईगंज कस्बे के कटरा मोहल्ला निवासी 44 वर्षीय प्रहलाद पुत्र पारस नाथ गुप्ता के रूप मे की है।एसएचओ अशोक कुमार ने बताया कि प्रहलाद गुप्ता को दरोगा दुर्गा दत्त यादव ने सिपाही विजय चंद्र यादव के साथ कल उसके घर से गिरफ्तार किया है।

# अयोध्या में 47 करोड़ की लागत से बन रहे फॉरेंसिक लैब के निर्माण को गति दे रही योगी सरकार

▶▶ कई सुविधाओं का भी होगा परियोजना के अंतर्गत निर्माण व विकास

▶▶ पांच मंजिला भवन के रूप में हो रहा है निर्माण कार्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार रामनगरी अयोध्या में मंडल मुख्यालय स्तरीय बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब निर्माण कार्य को प्रगति प्रदान की जा रही है। शासन से परियोजना की स्वीकृति के बाद 47 करोड़ की लागत से आकार लेने वाले इस बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। लैब का निर्माण टेढ़ी बाजार क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के निकट किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि फिलहाल अयोध्या जनपद मे जिला स्तरीय क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के एक फील्ड यूनिट का कार्यालय है। यहां विशेषज्ञ समेत अन्य की तैनाती की गई है लेकिन इनके पास विधिक रूप से जिम्मा केवल सैंपल एकत्रीकरण कर संबंधित लैब को जाँच के लिए भिजवाने का ही है। अपराध अन्वेषण में यह लोग पुलिस की व्यवहारिक मदद तो कर सकते हैं, लेकिन विधिक रिपोर्ट लैब की ही मान्य है। ऐसे में, बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण से केवल कुछ अति आधुनिक जांचों को छोड़कर ज्यादातर जांचे यहीं पर संभव हो जाएंगीं जिससे समय और धन की बचत तो होगी ही, साथ ही त्वरित रिपोर्ट हासिल हो सकेगी।

### 10266.40 वर्ग मीटर में होगा पांच मंजिला भवन

रामनगरी में बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कुल 10266.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। जबकि, विभाग के पास मौजूद कुल जमीन 15220 वर्ग मी. में बाकी ओपन स्पेस रहेगा। गृह विभाग के टेक्निकल सेल तथा नियोजन विभाग के समन्वय से ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को पूरा किया जा रहा है। यूपीपीडल्यूडी की ओर से तैयार कराये गए डीपीआर के मुताबिक पांच मंजिला लैब की बिल्डिंग 10266.40 वर्ग मीटर में स्थित होगी। इसमें दो मंजिला डॉरमेट्री एवं गेस्ट हॉउस 395.90 वर्ग मीटर में, गैरेज एन्ड एलायड बिल्डिंग 250.20 वर्ग मीटर में, मैसेंजर व गॉर्ड रूम 89 वर्ग मीटर में, वर्कशॉप 42 वर्ग मीटर में, 1000 किलोवाट से ज्यादा क्षमता का विद्युत व पंप रूम 51.50 वर्ग मीटर में निर्मित कराया जा रहा है। साथ ही, 100 किलो लीटर क्षमता की उपरगामी टंकी, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग और बाउंड्रीवॉल जैसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है।

### छह साल पूर्व ली गई थी विधि विज्ञान प्रयोगशाला के लिए भूमि

वर्ष 2017 में विभाग की ओर से मंडल मुख्यालय पर आधुनिक संसाधनों से युक्त फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसके लिए विद्याकुंड से रानोपाली रोड पर रामनगरी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रेलवे स्टेशन के पास 3.76 एकड़ जमीन ली गई थी। हालांकि, लैब की स्थापना की कवायद सरकारी फाइलों में घूमती रही। मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री व सेवन को रोकने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फ़ोर्स के गठन के बाद संचालित लैब का बोझ काम करने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब की संख्या और दायरा बढ़ाने पर विचार शुरू हुआ। इसी के बाद अयोध्या समेत छह मंडल मुख्यालयों पर बी ग्रेड लैब संचालन को हरी झंडी मिली।

### 17 मई 2025 तक पूरा होगा प्रयोगशाला का निर्माण

अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग निर्माण (खण्ड-दो) उमेश चन्द्र ने बताया बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कार्य सात नवम्बर 2023 से प्रारम्भ है। यह निर्माण 17 मई 2025 तक पूरा होना है। अब तक 30 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लैब की स्थापना से अपराध नियंत्रण व अन्वेषण, अनुसंधान तथा मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने में त्वरित व प्रभावी मदद हासिल हो सकेगी। इस लैब की स्थापना के बाद सैंपल को बाहर नहीं भेजना पड़ेगा, जिससे समय और धन की बचत का मार्ग सुनिश्चित होगा।

## प्रेसिडेंट कप इंडो भूटान सीरीज जीत कर आई महिला क्रिकेटरों को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भारतीय महिला टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में अयोध्या उत्तर प्रदेश के सात खिलाड़ियों के लिए अपना स्थान बनाने और लगातार दूसरे वर्ष प्रेसिडेंट कप इंडो भूटान सीरीज की टीम को 2-1 से हराकर सीरीज पर कब्जा करने वाली अयोध्या विधानसभा की सातों खिलाड़ियों को पार्टी कार्यालय पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने सम्मानित किया, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल ने सभी खिलाड़ियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया,इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि भूटान सीरीज जीतकर अयोध्या विधानसभा की बेटियों ने अयोध्या के साथ साथ पूरे देश का नाम रोशन किया है मै इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं, पूर्व मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में श्री अखिलेश यादव जी ने ऐसी अनेक योजनाएं निकाली जिससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता था, आज वो सभी योजनाएं मौजूदा सरकार ने बंद कर दी है जिससे खिलाड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, बलराम मौर्या, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल, पूर्व पार्षद राम अजोर यादव, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह, डा घनश्याम यादव, पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष भगवानदीन निषाद, प्रदीप निषाद, जगदीश यादव,सुनील तिवारी, कृष्णा निषाद, शिव शंकर शिवा, मिर्जा सादिक हुसैन, अंसार अहमद बब्बन, अनस खान, प्रवीण राठौर इत्यादि लोग मौजूद थे!!

## अगर हम आज नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियां हमें देगी उलाहना और ताने- संतोष दूबे




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को देश से बाहर करने की मंशा लेकर धर्म सेना से जुड़े विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी एक सितंबर को विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया है इस संबंध में एक प्रेस वार्ता मित्र मंच के अध्यक्ष शरद पाठक बाबा के आवास पर आहूत की गई, बैठक में धर्म सेना प्रमुख संतोष दुबे ने बांग्लादेश में घट रही घटनाओं पर व्यापक रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म सेवा समस्त विश्व के हिंदुओं के साथ खड़ी हुई है, अगर आज हिंदू एकजुट नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ियां हमें दिन रात को उलाहना और ताने देगीं, हमारा आज का कायरतापन हमारे आने वाली पीढ़ियां के लिए बेहद घातक सिद्ध होगा भारत को तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश के विरुद्ध सैन्य कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे इस्लामी जिहादियों और आतंकी संस्थाओं के हौसलों को तोड़ने के लिए यह कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है।

बांग्लादेश लगी हुई आग आज धीरे-धीरे भारत को भी अपने लपेटे में ले रही है प्रत्येक हिंदू को अपनी सुरक्षा के लिए संगठित होने की आवश्यकता है अगर हमें अपना राष्ट्र और अपना धर्म सुरक्षित रखना है तो हिंदुओं को एकजुट होना ही पड़ेगा प्रतिदिन 5000 बांग्लादेशी घुसपैठियों के भारत में प्रवेश की घटना बेहद चिंता प्रकट करने वाली है भारत सरकार को तत्काल प्रभाव से इसके विरुद्ध कठोर कदम उठाने चाहिए प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से मित्र मंच के अध्यक्ष शरद पाठक बाबा, अधिवक्ता मनीष पांडेय राष्ट्रीय प्रवक्ता हिंदू महासभा, अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, युवा नेता यश पाठक, शिशिर दूबे, दिग्विजय पांडेय दीपक पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ब्लॉक पूरा की बैठक में समाधान आजीविका रैली की तैयारी पर चर्चा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**पूरा बाजार- अयोध्या ।** प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ, ब्लॉक पूरा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन अंजनी कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया, जबकि जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा ने बैठक को सम्बोधित किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 5 सितम्बर को लखनऊ के ईकोगार्डन में आयोजित होने वाली समाधान/आजीविका रैली की तैयारी पर चर्चा करना था।जिलाध्यक्ष ने सभी शिक्षा मित्रों से अपील की कि वे इस धरने में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें ब्लॉक पूरा के अध्यक्ष विजय कुमार, अमानीगंज ब्लॉक के अध्यक्ष राजेश तिवारी, सोहवल ब्लॉक के अध्यक्ष आशुतोष प्रताप सिंह और मया ब्लॉक प्रभारी संतोष तिवारी प्रमुख थे।मण्डल उपाध्यक्ष राम प्रगट शमी सहित अन्य शिक्षा मित्र जैसे चन्द्र प्रकाश, राघव राम, मानिक राम, विनय मिश्र, संतोष पाण्डेय, कृष्ण चन्द्र, कमला प्रसाद मौर्य, कान्ती मिश्रा, पूनम पाण्डेय, भिजा मिश्रा, वीना वर्मा, सुनीति मौर्य, रीता देवी, शोभा पाण्डेय और देवेन्द्र पाण्डेय आदि भी बैठक में उपस्थित रहे।बैठक में सभी ने मिलकर आगामी रैली की सफलता के लिए रणनीतियाँ बनाई और इस बात पर जोर दिया कि इस रैली में सभी शिक्षा मित्रों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

## वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र में शिवदास पुर के पास सड़क हादसे में नाका चुंगी निवासी शिव बक्श (40) पुत्र रामदीन बुरी तरह घायल हो गये। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी मसौधा में भर्ती कराया। वहाँ से गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव बक्श अपनी बाइक से किसी काम से भरत कुंड जा रहे थे। उन्हें सामने से आ रही कार स्विफ्ट डिजायर ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें जिलाधिकारी अयोध्या चन्द्र विजय सिंह, जिलाधिकारी अमेठी सुश्री निशा अनन्त, बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार, सुल्तानपुर श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना सहित मण्डल के सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी जनपदों के मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मण्डलायुक्त ने हाईवे तथा अन्य सड़कों के निराश्रित गौवंशों को अभियान चलाकर गौ-आश्रय स्थल पर ले जाने तथा गौ-आश्रय स्थल में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि इस योजना के अन्तर्गत जिन-जिन गांवों में पानी की सप्लाई प्रारम्भ हो गयी है वहां पर पानी की सप्लाई की व्यवस्था के स्थायी होने तक संचालन हेतु यथावश्यक एक कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर ली जाए जहां से प्रत्येक गावों के ग्रामवासियों से यादृक्षिक रूप से सप्लाई की जानकारी ली जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि लोगों द्वारा विद्युत बिल की त्रुटि के सम्बंध में शिकायतें की जाती है उन सभी शिकायतों को सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्रुटि की जांच कराएं यदि कोई सम्बंधित कार्मिक दोषी पाया जाए तो उसके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि एडेड स्कूलों के भवन ऐतिहासिक है परन्तु उनकी देख-रेख एवं मरम्मत के अभाव के कारण जर्जर प्रतीत होते है सम्बंधित अधिकारी एडेड स्कूल के मैनेजमेंट से संवाद स्थापित करते हुये उन विद्यालयों की यथावश्यक मरम्मत करवायें।मण्डलायुक्त ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही विभिन्न प्रकार की शिकायती सन्दर्भो का निस्तारण गुणवत्ता के साथ स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित किया जाय। मण्डल में लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि जो भी ग्रामीण सड़कों की मरम्मत की जाय उसकी गुणवत्ता बेहतर हो, गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाय तथा इसकी नियमित जांच भी करायी जाय।मंडलायुक्त द्वारा समीक्षा बैठक में पंडित दीनदयाल स्ट्रीट लाइट योजना, विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण, कृषि विभाग, कृषि रक्षा रसायन, जल निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण/शहरी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नई सड़कों का निर्माण, राज्यमार्गो का अनुरक्षण, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना, सौभाग्य योजना आदि विभागों की योजनाओं का गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।एक अन्य बैठक में राजस्व कार्यो की समीक्षा की गयी। आयुक्त गौरव दयाल के निर्देश पर अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी द्वारा आज मण्डल के राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में पांचों जनपदों के अपर जिलाधिकारी/राजस्व अधिकारी गण, आबकारी, जीएसटी आदि विभागों के अधिकारियों कार्यालय के वरिष्ठ सहायक गण, पटल सहायक गण उपस्थित थे।

# आठ माह से राशनकार्ड लेकर बेवा महिला सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का लगा रही चक्कर

▶▶ दाने-दाने को मुहताज परिवार, कोटेदार पर राशन न देने का लगाया आरोप

▶▶ अधिकारियों से शिकायत के बाद कोटेदार के पिता द्वारा बेवा का राशन कार्ड निरस्त कराने की दी गई धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील के चिरौली पूरे ठाकुर दीन दूबे गांव में एक बेवा महिला को विगत आठ माह से कोटेदार द्वारा राशन न दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बेवा महिला ने एसडीएम सहित उच्चाधिकारियों को मामले में शिकायती पत्र देते हुए जांचोपरांत कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है। वहीं बेवा महिला द्वारा अपने खिलाफ शिकायत की सूचना पाकर कोटेदार के दबंग व बे-अंदाज पिता महिला के घर पहुंच कर उसके अंत्योदय राशन कार्ड को निरस्त कराने की धमकी भी दे डाली है। बता दें कि विकासखंड मिल्कीपुर क्षेत्र अंतर्गत चिरौली पूरे ठाकुर दीन दूबे गांव निवासी बेवा रामलली पत्नी स्व0 जियावन ने एसडीएम मिल्कीपुर सहित उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उनके नाम अंत्योदय राशन कार्ड बना है। लेकिन बीते आठ माह से कोटेदार द्वारा उसको राशन नहीं दिया जा रहा है। कोटेदार द्वारा उसको अपनी दुकान से यह कहकर डांटकर भगा दिया जाता है कि तुम्हारा आधार कार्ड तथा मोबाइल नंबर लिंक नहीं है। महिला का यह भी आरोप है कि चिरौली गांव का कोटा अवैध रूप से चलाया जा रहा है जब कि जिसके नाम कोटा निर्गत है उसकी लगभग चार साल पूर्व शादी हो चुकी है वह अपनी ससुराल में रहती हैं। अब उक्त कोटे को कोटेदार के पिता द्वारा संचालित किया जा रहा है जो अक्सर सभी कार्ड धारकों से गाली-गलौज व अभद्रता करता है। पीड़ित महिला का कहना है कि राशन न मिलने से उसका पूरा परिवार दाने-दाने को तरस रहा है और भुखमरी की कगार पर आ गया है। वहीं दूसरी ओर अपने खिलाफ बेवा द्वारा की गई शिकायत की जानकारी मिलने पर कोटेदार के आग बबूला हो गया और पीड़िता के घर जाकर उसका अंत्योदय राशन कार्ड निरस्त कराने की धमकी भी दे डाली है। एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर को जांच कर आख्या मांगी है। वहीं उक्त मामले में जब पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर से दूरभाष द्वारा संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में है मैं जांच करवा कर अग्रिम कार्रवाई करूंगा।

## अज्ञात कारणों से लगी आग गृहस्थी का सारा सामान जलकर हुआ राख

**अयोध्या।** जनपद के तहसील मिल्कीपुर अंतर्गत विकासखंड हैरिंग्टनगंज निवासी दिनेश कुमार मिश्रा पुत्र मिथिला प्रसाद मिश्र ग्राम पंचायत उरुवा वैश्य पूरे गजराज मिश्र का पुरवा ( कहोली मिश्र का पुरवा ) जिनके घर में बीती रात समय लगभग 9ः00 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें पीड़ित का गृहस्ती का सारा सामान व संपूर्ण घर जलकर राख हो गया प्रत्यक्ष दर्शीयों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते संपूर्ण घर को अपनी आगोश में ले लिए जिससे पीड़िता का सारा सामान जल गया। ग्रामीणों के माध्यम से घटना की जानकारी चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज को दी गई चौकी प्रभारी अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए आग बुझाने में ग्रामीणों की मदद की।

## कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** पूर्व में लैटरल एंट्री के माध्यम से नियुक्त हुए व्यक्तियों को पद से हटाने और उन्हें दिए गए वेतन की वसूली की मांग के संदर्भ में कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर की नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि 17 अगस्त 2024 को भाजपा सरकार द्वारा जॉइंट सेक्रेटरी, डायरेक्टर और डेप्युटी डायरेक्टर पोस्ट के लिए 45 नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था।

जिसके बाद जननायक और नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने 19 अगस्त को इन नियुक्तियों को पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को मिले आरक्षण के संवैधानिक अधिकारों पर हमला बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की थी। उनकी इस मांग के बाद दूसरे दिन यानी 20 अगस्त को आपकी सरकार द्वारा लैटरल एंट्री के लिए जारी विज्ञापन को आरक्षण का प्रावधान न होने का हवाला देते हुए वापस लेने का स्वागत योग्य काम किया गया. लेकिन सवाल यह है कि 2019 से अब तक जिन 63 लोगों की लैटरल एंट्री के ज़रिये नियुक्तियां हुई हैं उन्हें भी क्यों नहीं पद से हटाया गया? जब यह योजना गैर संवैधानिक पाए जाने के कारण ही रद्द की गयी तो तार्किक तौर पर पूर्व में इस असंवैधानिक योजना से नौकरी पाए लोगों की नियुक्ति भी स्वतः अवैध हो जाती है. इन 63 में से 6 लोग तो सरकार से मोटी तनख़्वाह लेकर फ़िर से निजी सेक्टर में भाग चुके हैं।

ज्ञापन में जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर ने मांग की कि सरकार अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इन लोगों को पद से हटाएं और उन्हें दिये गए वेतन और अन्य भत्तों की तय समय सीमा में वसूली सुनिश्चित करें।

# दिनदहाड़े सर्राफा व्यवसायी के यहां लाखों की लूट

## नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने पुलिस को दिया चुनौती,व्यापारी वर्ग में रोष

➢ घटना की गम्भीरता को देखते हुए आईजी अयोध्या मंडल पहुंचे सुलतानपुर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** पुलिस को बदमाशों ने खुली चुनौती दी है। दिनदहाड़े करीब आधा दर्जन नकाब पोश बदमाशों ने असलहे की नोंक पर सर्राफ व्यवसाई के यहां लाखों के जेवरात और नगदी तो लूट ही लिए, साथ ही खुलेआम पिस्टल लहराते फरार हो गए। बदमाशों की इस घटना से इलाके के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस के इस्तकबाल पर भी सवाल उठ रहा है।

दरअसल ये मामला है नगर कोतवाली के ठठेरी बाजार का। यही पर भरत जी सर्राफकी ओम आर्नामेंट के नाम से दुकान है। आज भी प्रतिदिन की तरह दुकान में लोग खरीदारी कर रहे थे कि इसी दरम्यान दोपहर करीब 12.40 पर करीब आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश उसकी दुकान में दाखिल हुए इससे पहले कि भरत कुछ समझ पाते एक बदमाश ने असलहे के जोर पर उन्हें रोक दिया। अन्य बदमाश बैग लेकर सीधे तिजोरी के पास पहुंचे। तिजोरी खोलकर उसमें रखा सोने, चांदी का सारा आभूषण बदमाशों ने बैग में भर लिया। बगल काउंटर में सजाए हुए सारे आभूषण भी बदमाशों ने एक-एक करके उठा लिए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। बदमाशों के जाते ही सराफा व्यापारी ने शोर मचाया तो बड़ी संख्या में आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित व्यापारी भरत सोनी से बातचीत की। एसपी ने बताया कि अभी सराफा व्यापारी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। घटना के खुलासे के लिए छह टीमों का गठन किया गया है। पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग भी लगे हैं।








### सीसीटीवी फुटेज भी वायरल

चौक ठठेरीबाजार में हुई सनसनीखेज वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। फुटेज में एक के बाद एक करके पांच बदमाश दुकान में दाखिल होते हैं। असलहे के जोर पर सराफा व्यापारी व उनके पुत्र को एक ही स्थान पर बंधक बना लेते हैं। सभी बदमाश बहुत आसानी से तिजोरी व काउंटर में रखे जेवरात लेकर फरार हो जाते हैं।

### आईजी पहुँचे घटनास्थल पर, सर्राफ बाजार बंद

नगर कोतवाली में बैठकर आईजी ने मातहत अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली और वह चौक स्थित गोपाल सर्राफ व्यवसाई के यहां मामले की पड़ताल के लिए निकल गए। पिछली बार शहर के विनोवपुरी में एक्सईएन संतोष कुमार की हत्या के मामले में भी आईजी का सुल्तानपुर आना हुआ था, लेकिन वह बिना मीडिया से मुखातिब हुए गुपचुप वापस लौट गए थे। देखना यह है कि इस बड़ी लूटकांड की घटना में वह सुल्तानपुर आए तो हैं। वक्तव्य जारी करेंगे कि नहीं इसका सवाल कोई देने को तैयार नहीं है। इधर नाराज सर्राफ व्यवसायियों ने विरोध में दुकानें बन्द कर दी हैं। बीते वर्ष सितंबर माह में शहर के नामचीन सेठ ÷बाबा भूषण÷ की एक सर्राफ की दुकान जिसे अभिनव सेठ चलते हैं। वहां भी दिन दहाड़े बाइक सवार लुटेरो ने लाखों का माल लूट करके निकल गए थे। घटना की सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। लेकिन उस घटना पर आज तक पर्दा पड़ा हुआ है। सुल्तानपुर की पुलिस उस परीक्षा की घड़ी में भी फेल हुई है। मामले में तब भी कोई एक्शन नहीं हुआ था। फिलहाल लुटेरे ने पुलिस के लिए चौक के हृदयस्थली में घुसकर लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस को सीधी चुनौती दे डाली है।

# कर-करेत्तर और राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**जौनपुर।** बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार कर, आबकारी विभाग, परिवहन, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों से राजस्व प्राप्तियों की जानकारी ली और प्रगति बढाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को प्रगति लाने के साथ ही निर्देश दिया कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री न हो। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की प्रगति कम पाये जाने पर कैम्प लगाकर वसूली करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सिंचाई विभाग में वसूली तथा प्रवर्तन की कार्यवाही कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और अधिशासी अभियन्ता तथा अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई को नोटिस देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन करते हुए वसूली की कार्यवाही की जाए। जनपद के बड़े बकायेदारों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर वसूली कराई जाए। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने तहसीलों की मण्डी का औचक निरीक्षण करने और वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने तहसीलवार लम्बित कोर्ट वादो के स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अतिरिक्त उप जिलाधिकारी प्रथम और द्वितीय को निर्देश दिया कि अपने स्तर पर लम्बित 06 माह से पुराने मुकदमों का शत-प्रतिशत निस्तारण करें।पुराने मुकदमों के निस्तारण में उपजिलाधिकारी मड़ियाहूँ के स्तर पर



कम प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और सुधार लाये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को निर्देश दिया कि अपने अपने तहसीलों पर पुराने मुकदमों को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि पुराने वादों में 02 दिन से अधिक की सुनवाई तिथि न लगाई जाए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी और तहसीलदार, नायब तहसीलदारगण सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# हद है! बच्चे टाइम से पहुंचे स्कूल, लटका मिला ताला

## प्रधान और अभिभावकों ने जिलाधिकारी से की शिकायत



**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** बल्दीराय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रैंचा के प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को शिक्षकों के नहीं आने से मेन गेट का ताला ही नहीं खुला। नियमित समय से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राएं काफी समय तक गेट पर बैठ कर शिक्षकों का इंतजार करते रहे।

जब 8:30 बजे तक कोई अध्यापक नहीं आया। तब कुछ बच्चे निराश हो कर घर वापस लौट गए। जबकि शिक्षामित्र के साथ कुल चार अध्यापक हैं। वहीं छात्रों की संख्या 80 है। ग्राम प्रधान बिंद्रा यादव की मानें तो अध्यापकों के समय से नहीं आने की शिकायत हमेशा रहती है। इस बाबत अभिभावक और ग्राम प्रधान जब शिक्षको से बात किया तो वह बदसूलकी पूर्ण बात करते हुए कहते है कि आप से क्या मतलब है कि हम विद्यालय में कब पहुँचते है इससे आप को क्या मतलब है।इस तरह से डाँटते व धमकाते हुए विद्यालय से भगा देते है।

इस तरह से शिक्षको के मनमानी रवैया से बच्चों का भविष्य खराब करने में लगे हुए हैं। इस सम्बंध ने खण्ड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। उल्लेखनीय है कि बल्दीराय ब्लाक के शिक्षकों की मनमानी की कहानी कोई नई नहीं है।

ग्राम प्रधान विन्द्रा यादव, अभिभावक महेश कुमार, अनिल कुमार, सत्यम, राहुल कुमार, रंजीत आदि अभिभावकों ने जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से लिखित शिकायत की है।

### सुल्तानपुर में कानून व्यवस्था भगवान भरोसे: वरुण मिश्र

**सुलतानपुर।** शहर के ब्यस्ततम चौक घंटाघर में दिनदहाड़े हुई डकैती पर नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र ने सरकार पर हमला बोला है बयान जारी कर उन्होंने कहा कि जिले के कप्तान कानून ब्यवस्था कायम रखने में बुरी तरह फेल हैं उन्होंने कहा कि जनपद में कुछ ही दिनों के भीतर जिस तरह से अपराध का ग्राफ बढ़ा है ऐसा लगता है कि सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश के बाहर का जनपद है मुख्यमंत्री जी के बड़े बड़े दावे हैं कि अपराधी उत्तर प्रदेश के बाहर चले गए हैं फिर ये अपराध कौन कर रहा है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय को सुल्तानपुर जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा करने की आवश्यकता है जितना ध्यान प्रशासन का विपक्ष के आंदोलनों को दबाने में रहता है उतना यदि अपराध और अपराधियों पर रहे तो शायद जनता का कुछ हित हो जाये उन्होंने कहा कि जल्दी ही ध्वस्त कानून ब्यवस्था को लेकर जनपद के कांग्रेसजन सड़क पर उतरने का काम करेंगे।

# जरूरतमंद बेटियों एवं महिलाओं को हुनरमंद बनाना संस्था का मुख्य उद्देश्य- परवीन हुसैन

## रमवापुर गांव में सेवानिवृत्ति इंजीनियर की पहल से शुरू हुआ निशुल्क सिलाई कढ़ाई केंद्र

➪ 90 बेटियों एवं महिलाओं को दिया जा रहा निशुल के सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण

**बलरामपुर।** गरीब जरूरतमंद बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क फैशन डिजाइनिंग एवं सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह प्रशिक्षण तुलसीपुर के ख्याति प्राप्त चिकित्सक व रमवापुर ग्राम प्रधान डॉ मोहम्मद उमर खान एव समाजसेवी इंजीनियर मोहम्मद अयूब खान के सहयोग से आयोजित किया गया है।

समाजसेवी इंजीनियर मोहम्मद अयूब खान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की तराई के क्षेत्र में बेटियों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण रोजगार के अवसर सृजन के उद्देश्य से उन्हें फैशन डिजाइनिंग एवं ट्रेनिंग सेंटर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है समाजसेवी मोहम्मद अयूब ने कहा कि महिलाओं एवं बेटियों के लिए गांव में ही सुंदर फैशन डिजाइनिंग एवं ट्रेनिंग सेंटर संचालित किया गया है जो पूरी तरह से निशुल्क है इसका उद्देश्य गांव की बेटियों में महिलाओं को निशुल्क सिलाई एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण देना है इसके साथ-साथ उन्हें ब्यूटीशियन के कोर्स कर कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है ट्रेनिंग पूरा करने के बाद बेटियों एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर देना है। कार्यक्रम में जिले की समाजसेवा में अपनी पहचान बनाने वाली परवीन हुसैन ने शिरकत करते हुए महिलाओं एवं बेटियों को ब्यूटीशियन मैं रोजगार के अवसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि आज रोजगार के अवसर उन्हीं को मिल रहे हैं जिनके अंदर कोई ना कोई हुनर है यही हुनर बेटियों महिलाओं में पैदा करने के लिए समाजसेवी इंजीनियर मोहम्मद अयूब ने हुनर फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र शुभारंभ करके जरूरतमंद को रोजगार का अवसर दिया है उन्होंने कहा कि बेटियां प्रशिक्षण लेकर अपने पैरों पर आत्मनिर्भर होगी आप निर्भर होने के बाद ही हर समाज परिवार में उनका सम्मान होगा उन्होंने इंजीनियर मोहम्मद अयूब के इस पहल की सराहना करते हुए तराई के क्षेत्र इस प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई है। ईस्ट शिक्षा केंद्र पर गांव एवं आसपास के 90 बेटियां लगातार 6 महीने तक सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण लेकर निपुण होगी। समाजसेवी इंजीनियर मोहम्मद अयूब के इस पहल पर सिलाई कढ़ाई में विशेषज्ञ पूनम श्रीवास्तव एवं रश्मि श्रीवास्तव ने निस्वार्थ भाव से बेटियों को पारंगत करने में अपना योगदान देने का निर्णय लिया है। इनका कहना है कि यह हुनरमंद होगी तो यह अन्य जरूरतमंदों को हुनरमंद बनाएंगे।



### जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर मोस्ट ने लगाया प्रश्न चिन्ह

**सुलतानपुर।** शहर के व्यस्तम क्षेत्र चौक में भरत जी सोनी की दुकान से हुई लूट पर मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷ ने जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं व लूट को लेकर जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम को ट्वीट कर कहा है कि जिले में अराजकता की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है, थानों के दलालों की चमक बढ़ी है, लुटेरों माफिआओं से कांप रहा आम आदमी, गुण्डों-बदमाशों की हरकत से जिला हुआ असुरक्षित ! जब शहर के साहूकार व सरकारी सेवा देने वाले सुरक्षित नही तो गांव-देहात के गरीब दुखिया की सुरक्षा राम भरोसे !

# ओल्ड पेंशन स्कीम के सिवा कोई अन्य स्कीम मान्य नहीं- दिलीप

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बैठक कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**बलरामपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक कैंप कार्यालय धुसाह में आयोजित किया गया बैठक में मुख्य रूप से यूनिफाइड पेंशन स्कीम के मुद्दे पर वार्ता किया गया। संघ पदाधिकारी ने एनपीएस में बदलाव करते हुए सेवानिवृत्ति पर यूपीएस के तहत 50त्न गारंटी पेंशन देने के निर्णय का स्वागत किया है कर्मचारियों ने नेशनल पेंशन स्कीम से बेहतर यूनिफाइड पेंशन स्कीम को बताया है लेकिन केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली को ही सर्वोत्तम बताया है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे राज्य कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिलीप चौहान ने कहा कि देश एवं प्रदेश में कर्मचारी एवं शिक्षकों के लिए जब से नेशनल पेंशन स्कीम लागू हुआ है तब से लेकर पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई जारी है शिक्षक कर्मचारियों अधिकारियों की मांग पर सरकार में ओल्ड पेंशन स्कीम के स्थान पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम को लागू करने का निर्णय लिया है जिसे शिक्षक कर्मचारी उपयुक्त नहीं बता रहे हैं उनका कहना है उनका कहना है कि पुरानी पेंशन स्कीम सभी के लिए उपयुक्त है बैठक में विशेष बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शुक्ला एवं जिला मंत्री तुलाराम गिरी ने कहा कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम का शिक्षक कर्मचारी विरोध करेंगे पुरानी पेंशन के अतिरिक्त कोई भी स्कीम मान्य नहीं होगा। बैठक में शिक्षक कर्मचारी संगठन एनपीएस के विरोध में खड़े थे अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर भी एक राय नहीं है सभी का एक स्वर में मानना है कि ओल्ड पेंशन स्कीम ही सभी के लिए फायदेमंद है बैठक में मीडिया प्रभारी निर्मल द्विवेदी एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ उत्तमचंद गुप्ता ने कहा कि सरकार हम सबको गुमराह ना करें सिर्फ पुरानी पेंशन को बहाल करें ताकि बुढ़ापे के लाठी का सहारा सुरक्षित हो सके इस दौरान संयुक्त मंत्री विनोद चौहान राघवेंद्र प्रताप सिंह नीरज त्रिवेदी प्रदीप चौहान अन्य शिक्षक कर्मी मौजूद रहे हैं। सभी ने एक स्वर में केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन को बहाल करने की केंद्र सरकार से मांग है।



# स्मार्टफोन तकनीकी शिक्षा में छात्रों का बनेगा सहायक- केपी यादव

## स्नातक अंतिम वर्ष के 72 छात्र–छात्राओं को मिला स्मार्टफोन




**बलरामपुर।** बुधवार को विशुनापुर में संचालित सिटी मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के तहत बीए एवं बीएससी अंतिम वर्ष के 72 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया गया है। स्मार्टफोन मिलते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

स्मार्टफोन का वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस के मिश्रा एवं महाविद्यालय के संरक्षक केपी यादव रहे है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्जलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय संरक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण योगदान करता है द्य मोबाइल आपको सरकार के तरफ से प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किया जा रहा है सरकार की मंशा है कि आप सब आगे पढ़ाई करते रहें तरक्की करें उन्होंने कहा कि कर का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में भी आगे बढ़ाना है द्य महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉक्टर हरिशंकर सहाय चौधरी मैं छात्रों को खूब ईमानदारी से आगे की पढ़ाई करके तकनीकी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया है।कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट शशांक ने करते हुए कहा कि स्नातक के बीए एवं बीएससी अंतिम वर्ष के 72 छात्रों को स्मार्टफोन शासन से निशुल्क के प्रदान किया गया है।महाविद्यालय के अध्यापक पी. एन. शुक्ला अध्यापिका वंदना मिश्रा, कु. सौम्या मिश्रा, आँचल मिश्रा, अंजलि गुप्ता, आराधना सिंह, मानसी पांडेय आदि उपस्थित रहे ।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल

## मामले की जांच एसटीएफ से कराने की किया अपील



**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** सिकरारा थाना के खपरहां बाजार के व्यापारी कुंवर चन्द्र गुप्ता के ऊपर हुये जानलेवा हमला और 50 लाख रूपये की रंगदारी के विरोध में व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल की अगुवाई में व्यापारियों का एक दल सूबे के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर ज्ञापन दिया। इस मौके पर व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल ने जनपद में सिलसिलेवार आपराधिक घटना का वर्णन करते हुये कहा कि व्यापारी कुंवर चन्द्र गुप्ता के साथ हुई घटना को हुए लगभग एक महीने हो गये। जनपद जौनपुर की पुलिस चीर निद्रा में सोई हुई है। अत: उक्त घटना की जांच एसटीएफ से कराई जाए। ताकि व्यापारियों में कानून में विश्वास कायम रह सके। हम व्यापारी को न्याय दिलाने के लिये कोई भी कोर–कसर बाकी नहीं रखेंगे। अगर पुलिस प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दिया तो व्यापारी समूह आन्दोलन का रास्ता अपनाते हुये बड़ा निर्णय ले सकता है जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन और सरकार की होगी। व्यापारियों के साथ हो रहे अत्याचार लूट की अपराधी घटनाओं को लेकर व्यापारी नेता ने चिन्ता जताते हुये कहा कि व्यापारियों के साथ जितनी भी घटनाएं हो रही हैं, इसके लिये पुलिस ही जिम्मेदार है। व्यापारियों की व्यथा सुनकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री जी से बैठकर इस विषय पर बात करेंगे और व्यापारियों के इस अपील को मुख्यमंत्री जी तक पहुंचाने तथा इसको परिणाम में तब्दील करने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अमर चन्द्र गुप्ता, विजय चन्द्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, राजा साहू सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# रात में शब्बेदारी और सुबह निकाला जाएगा 72 ताबूत व अलम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** अपने वक्त के ख्यातिलब्ध शायर रघुपति सहाय/फिराक गोरखपुरी ने हज.ईमाम हुसैन की शान में बड़ा मशहूर शेर कहा था,÷काम आ गई फिराक् मुहब्बत हुसैन की, कलमा पढ़े बगैर मुसलमान हो गया÷। शहर से चंद किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग वाराणसी लखनऊ मार्ग स्थित अमहट में आज रात में ईमामबाड़ा बख्शी खां ताल्लुकेदार में शब्बेदारी और सुबह 72ताबूत व अलम बरामद होगा, जिसमें मुल्क के मशहूर व मारूफशिया धर्मगुरूओं की तकरीरें होंगी, दूसरी तरफ शब्बेदारी में पेशखानी चंदन फैजाबादी, सागर बनारसी और फखरी मेरठी करेंगें। पेशखानी के बाद मौलाना सै.गुलजार तारागढ़ अजमेर, मौलाना रविश शिराजी जौनपुर, मौलाना शब्बीर अली वारसी पश्चिम बंगाल, मौलाना मेराज मंगलौरी उत्तराखंड, मौलाना इमरान खांन, मौलाना जीशान जायसी, मौलाना शारिक अब्बास के द्वारा तकरीरें होगी,उक्त कार्यक्रम की जानकारी अंजुमन जीनतुल अजा रजि. अमहट के सद्र यहिया खान उर्फ कल्लन के द्वारा दी गई, उन्होंने बताया की शब्बेदारी में मशहूर नौहाख्वा महफूज सुल्तानपुरी नौहां पढेगें। अंजुमन के सद्र ने बताया कि रात में शब्बेदारी के दौरान आए हुए मोमनीनों के ठहरने व खाने-पीने का अंजुमन जीनतुल अजा के द्वारा इंतजाम किया जाता है, मोमनीनों को दिक्कतें ना हो इसलिए अंजुमन जीनतुल अजा के वॉलियंटरों को जिम्मेदारी दी गई है, उन्होनें बताया कि आज शाम से कल 29अगस्त दोपहर तक जिला प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम को सकुशल संपन्न किया जाएगा।

# केराकत ए की टीम ने खिताब पर किया कब्जा

**जौनपुर।** हॉकी के जादूगर स्व0 मेजर ध्यानचन्द जी के जन्म दिवस 29 अगस्त को उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 26 से 31 अगस्त, 2024 तक समस्त जनपदों में बृहद खेल प्रतियोगितायें आयोजित कराने के क्रम में 28 अगस्त 2024 को प्रातः 9.00 बजे से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर स्थित एकलव्य स्टेडियम में जनपद स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जिला प्रशिक्षण अधिकारी मनीष रघुवंशी ने विजेता, उप विजेता टीमों के साथ ही निर्णायकों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ0 अतुल सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी जौनपुर द्वारा अंगवस्त्रम प्रदान कर किया गया। पहला मैच टी0डी0 कालेज ''ए'' व केराकत ''बी'' के मध्य खेला गया जिसमें केराकत बी की टीम 3-0 से विजेता रही। दूसरा मैच मो0 हसन इण्टर कालेज व स्टेडियम जौनपुर के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम जौनपुर की टीम 2-0 से विजेता रही। तीसरा मैच केराकत ''ए'' व जनता जर्नादन इण्टर कालेज के मध्य खेला गया जिसमें केराकत ''ए'' की टीम 3-0 से विजेता रही। केराकत ए टीम की तरफ से सैफ कुरैशी ने 02 गोल तथा राजन निषाद ने 01 गोल कर अपनी टीम को विजेता बनाने में मुख्य भूमिका निभायी। चौथा मैच मॉ दुर्गा जी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल व टी0डी0 कालेज ''बी'' के मध्य खेला गया जिसमें टी0डी0 कालेज ''बी'' की टीम 7-0 से विजेता रही। टी0डी0 कालेज ''बी'' की टीम से यश ने 03 गोल, आर्य ने 02 गोल तथा अभिनव व उजैफा ने 01-01 गोलकर अपनी टीम के जीत के अन्तर को और बढ़ा दिया। पहला सेमीफाइनल मैच स्टेडियम जौनपुर व केराकत ''बी'' की टीम के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम जौनपुर की टीम 02-01 से विजेता हुई। स्टेडियम जौनपुर की टीम से दिव्यांश व राज ने 1-1 गोल किया वहीं केराकत ''बी'' की टीम से एकमात्र गोल आदित्य राव ने किया।

# थरवई पुलिस ने चोरी की चार मोटरसाइकिल तमंचे के साथ दो बदमाश गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** थरवई पुलिस ने पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई चंद्रपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम के कुशल पर्यवेक्षण में थरवई पुलिस टीम ने चोरी की चार अदद मोटरसाइकिल तमंचा जिन्दा कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है

बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे सर्विस लेन बेरुई गांव के समीप आवला बाग से चोरी की चार मोटरसाइकिल एक तमंचा कारतूस के साथ शिव कुमार बिन्द निवासी सहसों थाना सराय इनायत अभिषेक कुमार निवासी नदियानी थाना थरवई को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम पुलिस टीम के साथ बुधवार की सुबह जब दोनों अभियुक्त बाइक बेचने के फिराक में बाइक समेत वहां पहुंचे थे मुखबिर की सूचना पर थरवई पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर दोनों बदमाशों को पकड़ कर पूछताछ के बाद दोनों बदमाशों को बाइक समेत थरवई थाने पर लाकर कड़ाई से पूछताछ के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया पुलिस टीम में प्रमुख रूप से उप निरीक्षक अमित कुमार चौबे प्रशिक्षु उप निरीक्षक मोहित कुमार राधेश्याम संयम जायसवाल हेड कांस्टेबल प्रेम शंकर सिंह सत्येंद्र सिंह कमलेश्वर यादव राकेश यादव आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।

## आवास विकास कालोनी में बंदरों के आतंक

**झूंसी।** नगर निगम झूंसी के अंतर्गत आवास विकास कालोनी योजना 2 में बंदरों के आतंक से त्रस्त लोगो ने महापौर को प्रार्थना पत्र दे कर बंदरों के आतंक से निजात पाने की गुहार लगायी।आवास विकास कालोनी योजना 2 में बंदरों के आतंक से त्रस्त लोगो ने महापौर गणेश केशरवानी से उम्मीद लगाते हुए प्रार्थना पत्र दे कर अवगत कराया। वही स्थानीय निवासी दिवाकर चंद्र पाण्डेय ने प्रार्थना के माध्यम से अवगत कराया की हमारे व मुहल्ले के मकानों पर सुबह से लेकर शाम तक बंदरो ने आतंक मचाया है बच्चो को काटते हैं और छत पर रखे पानी की टंकी में पोटी, सुसु कर देने से पानी खराब हो जाता है लोग प्यासे ही रह जाते है गंभीर स्थिति को देखते हुए लोगो ने बंदरों को यहां से कही दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की।

## जिंदगी की कमाई दांव पर लगाकर वृद्ध लड़ रहा है सच और झूठ की लड़ाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव गाँव निवासी एक वृद्ध जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर अपने जीवन की सारी कमाई दोस्त पर विश्वास कर दांव पर लगाकर सच और झूठ की लड़ाई लड़ रहा है। आरोप है कि वृद्ध का जिगरी दोस्त ही दगा दे गया है। उसका दो मंजिला मकान लिखा कर उसे फूटी कौड़ी नहीं दिया और बेईमानी पर उतारू हो गया है। उतरांव थाना क्षेत्र के उतरांव बाजार निवासी 80 वर्षीय वृद्ध हरी लाल केशरवानी अपने जीवन भर की कमाई का वह दो मंजिला आलीशान मकान बनवाया। बेटी की शादी के लिए उसे पैसे की जरूरत पड़ी तो वह अपने जिगरी दोस्त निमिथरिया बाजार निवासी शंकर लाल केशरवानी के हाथ 12 जुलाई 2023 को 32 लाख रुपए में तय कर घर पर पैसा देने की बात कह कर बैनामा करा लिया गया। बैनामा कराने के बाद घर आने पर पैसा मांगने पर आज तक पैसा नहीं दिया गया। यहां तक की बैनामा में एक लाख रुपये का चेक देने का हवाला दिया गया वह चेक भी आज तक नहीं दिया गया है। इस सम्बन्ध में उतरांव थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी से पूछने पर बताया कि वृद्ध का प्रार्थना पत्र मिला है। जांच में वृद्ध का आरोप सही पाया जा रहा है। विधिक राय लेकर और अधिकारियों के आदेश पर कार्यवाही की जायेगी।

## बहरिया थाने में मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** सोमवार को बहरिया परिसर मे कृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से मनाया गया इस दौरान थाना परिसर में स्थित हनुमान मंदिर तथा पूरे थाना परिसर को गुब्बारे व भव्य लाइटों से सजाया गया था कार्यक्रम के आयोजक थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया इस दौरान आये हुये अतिथियों ने थाने की सजावट देख कर थानाध्यक्ष की भूरि भूरि प्रशंसा किया इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक धीरज तिवारी के गाये भजन से लोग मंत्रमुग्ध हो गये कार्यक्रम का संचालन बाल कलाकार अभयराज पटेल ने किया इसके बाद आचार्य पं गणेश प्रसाद मिश्रा व गिरिजा दत्त द्विवेदी के मंत्रों के बीच मंदिर में पूजा अर्चना चौकी प्रभारी सिकंदरा रवि कटियार अपने धर्मपत्नी के साथ की इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गंगा पार कविता पटेल, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा, राकेश कुमार शुक्ला,मुनीषानंद मिश्रा,दिलीप केसरवानी,रविनंदन , डाक्टर जेके पटेल , डाक्टर शिव कुमार थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह, उप निरीक्षक रईस अहमद अमित कुमार सिंह राजेंद्र यादव ममता यादव दीवान अमित कुमार शिवशरन, उर्दू अनुवादक जहांदार हुसैन व चालक रमेश कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे अंत में आये हुये लोगों का थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने आभार जताया।

## सहगल फाउंडेशन व वॉलमार्ट के अन्तर्गत किसानों को वितरित किये गये पेड़-पौधे



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** सहगल फाउंडेशन व वॉलमार्ट के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के माध्यम से कोड़ापुर एफपीओ के खानपुर डांडी सेन्टर पर सहगल फाउंडेशन के मैनेजमेंट टीम ने किसानों को निशुल्क पेड़ वितरण किया गया। साथ ही साथ किसानों को धरा को हराभरा बनाने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर कौशिक सिंह, बरसा दास, प्रवीण तिवारी,सुमित यादव और दिनेश कुमार मौर्या के साथ कोड़ापुर एफपीओ के बीओडी अनिल सिंह, रणजीत सिंह,एलआरपी सुनील सिंह, सत्येन्द्र सिंह व किसान बन्धु के साथ एक दिवसीय किसान बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को एफपीओ के माध्यम से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दिया गया। आने वाले दिनों में किसानों को और कैसे लाभ मिल सके एफपीओ के द्वारा इस पर भी बात-चीत किया गया। साथ ही कोड़ापुर एफपीओ द्वारा बनाए जा रहे प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग मोबाइल वैन (गाड़ी) के माध्यम से शहर शहर और खाद-बीज के दुकान से शेयर होल्डर किसानों को छूट व ट्रेनिंग,मीटिंग और एक्सपोजर विजिट इत्यादि के माध्यम से किसानों को खेती की तकनीकी जानकारी दी जाने की बात कहीं गयी।सहगल फाउंडेशन टीम के द्वारा कोड़ापुर एफपीओ सेन्टर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।पेड़-पौधों का जीवन में कितना महत्व है ये कोरोना काल के समय में सभी ने देखा भी, साथ ही सहगल फाउंडेशन टीम के द्वारा किसानों को निश्शुल्क 600 पेड़-पौधे खानपुर डांडी एफपीओ केन्द्र से वितरण किए गए।

## थरवई उत्तम गिरी की चकिया गांव में सड़क बनवाई जाने की मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र वार्ड संख्या 16 बहमलपुर का माजरा टीटिमपुर उत्तमगिरि की चकिया गांव मे लोगों के आवागमन के लिए ग्राम प्रधान द्वारा वर्ष 1985 में खड जा मार्ग बनाया गया था उसके बाद इस बस्ती मे किसी भी जनप्रतिनिधि ने ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य विधायक सांसद ने आवागमन के लिए किसी भी प्रकार का कोई रास्ता नहीं बनवाया गया और न हीं वर्ष 1985 में बने खड़ंजा मार्ग का मरम्मत कराया गया

जिससे इस बस्ती के लोगों को वर्तमान समय में आवागमन के लिए घोर परेशानी हो रही है प्राथमिक विद्यालय के बाद टूटा फूटा खड़ंजा मार्ग जगह-जगह बरसात में जल भराव लोगों के घरों का गंदा पानी मुख्य मार्ग पर जमा रहता है जिसके कारण इस बस्ती का लोगों का जीना मुहाल हो गया है इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता राजवंत यादव ने बताया कि आवागमन के लिए रास्ते के साथ-साथ सड़क के दोनों और नालियों का बनाया जाना बहुत जरूरी हो चुका है क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज व नगर आयुक्त प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवागमन हेतु सड़क बनवाई जाने की जोरदार मांग उठाई है

## सिठौली में खड़ंजा मार्ग को सुरक्षित रखने का एसडीएम ने दिया निर्देश, भू माफियाओं पर सख्त

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के सिठौली गाँव में एसडीएम हंडिया ने खड़ंजा मार्ग को सुरक्षित रखने का नायब तहसीलदार सैदाबाद को निर्देश दिया है। वही एसडीएम ने भू माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश भी दिया है। आपको बताते चलें कि ग्राम सभा सिठौली में कूड़ा घर पर आवागमन के लिए खड़ंजा मार्ग का निर्माण कराया गया है। जिसको सौरा गाँव के पन्नालाल यादव ने अपनी जमीन में खड़ंजा मार्ग जाने का आरोप लगाते हुए आत्म दाह की धमकी दी थी। जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया था। प्रधान फूल कली पटेल का आरोप है कि आत्मदाह की धमकी पर प्रतापपुर के नायब तहसीलदार द्वारा पैमाइश करके गलत रिपोर्ट दी गई जिससे विवाद तूल पकड़ लिया है। जबकि उक्त जमीन मिलजुलमा खाता है। भूखंड संख्या 233 मि0 4 बीघा 11 विश्वा सरकारी अभिलेख में नवीन प्रति जमीन है। प्रधान ने बताया कि गलत रिपोर्ट की वजह से उनके पति राम सेवक पटेल को भूमाफियाओं द्वारा गाली और जान मारने की धमकी दी जा रही है। प्रधान की फरियाद पर हंडिया एसडीएम के द्वारा खड़ंजा मार्ग को सुरक्षित रखने का निर्देश देते हुए सरकारी जमीन कब्जा करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

## बुआपुर की टीम ने मटकी फोड़कर जीती प्रतियोगिता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** मैलहा गांव में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को दही हांडी (मटकी फोड़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बारिश होने के बाद भी हजारों लोगों की भीड़ जुटी। कई राउंड के बाद सायं साढ़े छा बजे के करीब प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज मिश्रा मैलहा रहे।

इस प्रतियोगिता में कुल चार करनाईपुर, इस्माइलगंज, रघुनंदनपुर सहसों, बुआपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बुआपुर की टीम अपना अच्छा प्रदर्शन दिखाते हुए मटकी फोड़ कर विजेता बनी। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा रहे । मुख्य अतिथि ने आए हुए लोगों का आभार प्रकट करते हुए विजेता बुआपुर टीम के कप्तान को 51 हजार रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संचालन अखिलेश पटेल ने किया।

इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मौके पर मुख्य रूप से राकेश शुक्ला, कपिल नारायण मिश्रा, ग्राम प्रधान भुवर लाल यादव,शाश्वत त्रिपाठी, मुनीषा नंद मिश्र, विक्की मिश्रा, शिवम शुक्ला, प्रत्यक्ष द्विवेदी उर्फ गोलू आदि लोग रहे।

## डॉ. ओपी गुप्ता पर हमले से एएमए में आक्रोश



**प्रयागराज।** मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व गंगा नर्सिंग होम के संचालक डॉ. ओपी गुप्ता के साथ तीमारदारों की ओर से की गई मारपीट की घटना की इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) ने कड़ी निंदा की है। इस मामले को लेकर एएमए के अध्यक्ष डॉ. कमल सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पुलिस आयुक्त तरुण गाबा से मिला और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।अध्यक्ष ने कहा कि समाज में चिकित्सा सेवा से जुड़े पेशवरों के प्रति बढ़ती हिंसा चिंता का विषय है। डॉ. ओपी गुप्ता एक सम्मानित डॉक्टर हैं उनके साथ इस तरह का दुर्व्यवहार निंदनीय है। पुलिस आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। डॉ. सुजीत सिंह ने कहा कि एएमए अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सदस्यों के हितों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। संयुक्त सचिव डॉ. संतोष सिंह ने बर्बरतापूर्ण घटना की निंदा की।ज्ञात हो कि कर्नलगंज स्थित डॉ. ओपी गुप्ता के अस्पताल में रीवा के एक मरीज का इलाज चल रहा था। वह गंभीर बीमारी से पीड़ित था। 21 अगस्त को मरीज की मौत हो गई। मरीज की मौत से आक्रोशित होकर मृतक के बेटे ने 20-25 लोगों के साथ मिलकर अस्पताल में तोड़फोड़ की थी। साथ ही डॉ ओपी गुप्ता से मारपीट की थी, जिससे उनके चेहरे और आंख पर गहरी चोट लगी थी। डॉक्टर की ओर से दोषियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गयी थी। डॉ. गुप्ता के अनुसार अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## बहरिया गोली कांड में दर्ज क्रास रिपोर्ट की हाईकोर्ट में चुनौती

### नोटिस जारी कर कोर्ट ने मांगा जवाब, गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** मार्केट पर कब्जा करने को लेकर बहरिया गोली कांड में पांच दिन बाद दर्ज कराई गई क्रास रिपोर्ट को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने मामले में नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और 4 नवंबर तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बहरिया बाजार में धमौर मोड़ के पास बने मार्केट पर कब्जा करने को लेकर 30 जुलाई को मऊआइमा से जिला पंचायत सदस्य अभिषेक यादव और गमरहटा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शशीकांत यादव के बीच समर्थकों सहित भिड़ंत हो गई थी। जिसमें गोली चलने से शशीकांत की तरफ के सारीपट्टी निवासी मुलायम यादव की मौत हो गई थी। जबकि गोली लगने से अभईपुर निवासी बीडीसी सदस्य जितेंद्र यादव घायल हो गए। मामले में मृतक मुलायम यादव के पिता रामा यादव की तहरीर पर अभिषेक यादव भाई वीरसेन और उसके चाचा गजराज यादव सहित 10 लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने 2 अगस्त को नामजद गजराज यादव , राहुल यादव और विवेचना में नाम प्रकाशित होने पर अन्य चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। 3 अगस्त को पुलिस ने अभिषेक यादव की तरफ से मोहम्मदपुर सरायअली गांव निवासी अजय कुमार मौर्या की तहरीर पर शशी कांत यादव उसके भाई सुरेंद्र यादव समेत 9 लोगों के खिलाफ जान से मारने की नियत से फायरिंग करने सहित कई धाराओं में पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर शशिकांत के भाई सुरेंद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मुलायम यादव की हत्या में नामजद चंद्रसेन को राइफल सहित 7 अगस्त को गिरफ्तार कर के पुलिस ने जेल भेज दिया है। क्रास केस में नामजद खगिया निवासी रमाशंकर यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर क्रास रिपोर्ट को निष्प्रभावी करने की याचना की। मंगलवार को रमाशंकर यादव के अधिवक्ता को सुनने के बाद कोर्ट ने प्रतिवादी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। तब तक कोर्ट ने क्रास केस में नामजद रमाशंकर यादव की गिरफ्तारी पर 4 नवंबर तक रोक लगा दी है।

## काट दिया टेलीफोन का सरकारी खंबा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** चौक क्षेत्र में कुछ लोगों ने मंगलवार की शाम शहर कांग्रेस कमेटी के सामने लगा टेलीफोन का खंबा आरी से काट दिया। जब कांग्रेस कार्यालय सचिव ने इसका विरोध किया तो उन्होंने उन्हें बुरा भला कहा। इसकी जानकारी मिलते ही कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने पुलिस को एवं विभीगीय लोगों को सूचना दी।
कांग्रेस के संगठन सचिव विनय पांडेय के अनुसार मंगलवार की सायं 8~30 बजे 34 जवाहर स्क्वायर चौक कांग्रेस पार्टी के कार्यलय के पास लगे बी एस एन एल के खंभे को कटर से सिद्धार्थ जिंदल काट रहे थे। जब पार्टी के कार्यालय सचिव ने उधर से जाते हुए देखा तो ऐसा करने से मना किया। जिसपर गुस्से में जिंदल ने



उन्हें कहा कि यहां से भाग जाओ नहीं तो इसी कटर से तुम्हें भी काट देंगे। डरकर कार्यलय सचिव ने शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन को फोन पर सारी जानकारी दी।अंशुमन ने शहर सचिव इरशादउल्ला को फोन पर कहा कि जाकर देख लीजिए सिद्धार्थ जिंदल ऐसा क्यों कर रहे हैं। इरशाद उल्ला ने शहर अध्यक्ष से सिद्धार्थ जिंदल की बात कराई तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। फिर कार्यलय सचिव और शहर सचिव को अंशुमन जी ने जाने के लिए कहा। लेकिन उनके चले जाने पर सिद्धार्थ जिंदल ने सरकारी टेलीफोन के खंभे को काट दिया। जिसकी सूचना शहर अध्यक्ष ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को दे दिया है और साथ ही एफआईआर के लिए तहरीर भी दे दी गई है द्य पुलिस के अधिकारियों ने न्यायोचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इसकी सूचना भारतीय दूरसंचार विभाग को भी करा दिया गया है।

## इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी चैंपियन



**प्रयागराज।** इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी ने ब्वॉयज हाईस्कूल को 1-0 से हराकर इंडिपेंडेंस कप सेवन-ए-साइड फुटबाल प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया।
अकादमी के कोच शादाब रजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएचएस मैदान पर खेले गये खिताबी मुकाबले में इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी एक मात्र गोल विकल्प झा ने पहले हाफ में निखिल कुमार के पास पर किया। इससे पूर्व इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी संगम सिटी, जीटीए, इलाहाबाद विशविद्यालय और टाइटन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।
विजेता एवं उपविजेता टीम को बीएचएस के क्रीड़ा प्रभारी आशीष घोष ने पुरस्कार एवं नगद धनराशि प्रदान की। बीएचएस के अजय किस्पोटा को बेस्ट डिफेंडर, अकादमी के ईशान अग्रवाल को बेस्ट स्कोरर, विवेक कुमार को बेस्ट गोलकीपर और विकल्प झा को टूर्नामेंट का बेस्ट प्लेयर चुना गया।

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई अमान्य विद्यालय की शिकायत, खंड शिक्षा अधिकारी ने की कार्रवाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** विकास खंड होलागढ़ क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की शिकायत लोगों ने बीते दिनों मुख्यमंत्री पोर्टल पर की। उसका संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी लालजी शर्मा ने मां चंद्रकली शिक्षा निकेतन व भगवती नारायण विद्या मंदिर चौबारा सहित कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। उनकी जांच में पाया कि मां चंद्रकली शिक्षा निकेतन एक से पांच तक की मान्यता प्राप्त है, जबकि यहां 6 से 8 तक विद्यालय संचालित किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की बगल में ही भगवती नारायण विद्या मंदिर चौबारा में 6 से 8 तक मान्यता प्राप्त है।

जहां कक्षा 1 से 5 तक बिना मान्यता के ही विद्यालय संचालित किया जा रहा था। अधिकारी ने दोनों अमान्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक को तत्काल विद्यालय बंद करने का आदेश दिया।

## ईराक़ से आए अंजुमन के अलम की अकीदतमंदों ने की ज़ियारत

### अंजुमन गुलाजार–ए–क़ासिमी के मातम में आंखे हुई अश्कबार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** नवगठित अंजुमन गुलज़ार-ए-क़ासिमी की जानिब से करेली स्थित क़ादरी हाउस करेली इमाम हुसैन की शहादत की याद में मजलिस हुई। मजलिस को ख़िताब करते हुए मौलाना रज़ा अब्बास ज़ैदी ने हज़रत अब्बास अलम्बरदार के मसाएब पढ़े, बाद ए मजलिस नजफ (इराक़) से लाए गये अंजुमन का अलम (निशान) की अकीदतमंदों ने अलम की ज़ियारत की। अंजुमन गुलज़ार-ए-क़ासिमी के नौहाख्वानों ने नौहा पढ़ा और मातम पेश किया तो सभी अकीदतमंदों की आंखों मे आंसू आ गये। मजलिस मे शहर के विभिन्न क्षेत्र के सैकड़ों अज़ादारों ने हिस्सा लिया। मजलिस् में सोज़ख्वानी के फराएज़ कामरान रिज़्वी और असद अली ने अंजाम दिये। पेशखवानी ईशान कोरालवी,



अज़हर इलाहाबादी, दानियाल इलाहाबादी और शहीर रालवी ने की, आफ़ताबे निजामत (संचालन) नजीब इलाहाबादी ने की। नौहा ख्वानी व मातम के फराएज़ अंजुमन गुलज़ारे क़ासमी, इलाहाबाद के शादाब ज़मन, अस्करी अब्बास, शबीह अब्बास जाफरी, ज़हीर अब्बास, यासिर जैदी, एखलाक़ रज़ा, शबीह रिज़्वी, एजाज़ रिज़्वी, असद.अली, कामरान रिज़्वी, कुमैल आदि ने अंजाम दिए। मजलिस के बाद सभी के लिए नज़्रे मौला का भी एहतेमाम भी किया गया था।
मजलिस में नासिर ज़ैदी, ताशू रिज़्वी, अख्तर मेहदी, जावेद रिज़्वी करारवी, मौलाना अली गौहर, मौलाना जाबिर अब्बास, महमूद ज़ैदी, कमर अब्बास रिज़्वी, खुशनूद रिज़्वी आसिफ रज़ा, फ़िरोज़ आबिदी, डॉ. अज़ादार, हसन मुस्तफा रिज़्वी आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।

## मजबूत होगी भाजपा तो मजबूत बनेगा भारत- राजेश केसरवानी

**प्रयागराज।** सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा मुट्ठीगंज मंडल के कार्यकर्ताओं की बृहद बैठक मुट्ठीगंज नारायण वाटिका में आयोजित की गई।

इस अवसर बैठक के मुख्य वक्ता जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में 2 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। जो दो चरणों में होगा पहले चरण 2 सितंबर से 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा और 16 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता का अभियान होगा। जो कार्यकर्ता सौ प्राथमिक सदस्य बनाएगा वो ही सक्रिय सदस्य बनेगा वहीं आगे पदाधिकारी बनेगा।
उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 में हम कार्यकर्ताओं के बल पर ही



भारतीय जनता पार्टी ने विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बना जिसके 22 करोड़ सदस्य बने। जिसका परिणाम रहा कि हम केंद्र एवं प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सशक्त सरकार बना सके और भारत दुनिया के अंदर मजबूत हुआ है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ताओं की और भी जिम्मेदारी पड़ जाती है कि भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करें और घर-घर जाकर भाजपा की सदस्यता अभियान से उन्हें जोड़े।
बैठक की अध्यक्षता मंडल संयोजक अजय अग्रहरि ने किया। संचालन पिछड़ा प्रकोष्ठ मुट्ठीगंज मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न जायसवाल ने किया।
बैठक में प्रमुख रूप से किशन चंद्र जयसवाल, सुशील जैन, राजेश शर्मा, पद्माकर श्रीवास्तव, मुकेश जायसवाल, श्रेष्ठ कुमार, मधुर माथुर, प्रतीक मालवीय, नीरज केसरवानी, कमलेश गुप्ता, धीरज केसरवानी, विवेक जायसवाल, लल्लू लाल कुशवाहा, आदि मंडल के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।